RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 333
लखनऊ, मंगलवार, 28 सितम्बर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




एक अभिनेता के लिए पुनराविष्कार करना जरूरी है
विविध-12

# अंतिम समय में पाठ्यक्रम में बदलाव से सुप्रीम कोर्ट खफा

**नीट पीजी 2021**

- केंद्र को लगाई फटकार कहा- युवा डॉक्टरों को फुटबाल मत समझिए
- बदलाव का औचित्य नहीं समझ में आया तो करेंगे प्रतिकूल टिप्पणियां

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**नीट** सुपर स्पेशयाल्टि परीक्षा 2021 के सिलेबस (पाठ्यक्रम)में अंतिम समय में किए गए बदलाव पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र को तीखी फटकार लगाई और चेतावनी देते हुए कहा कि इस बदलाव के औचित्य से यदि वह संतुष्ट नहीं हुआ तो प्रतिकूल टिप्पणियां करेगा। शीर्ष अदालत ने कहा, ''युवा चिकित्सकों का सत्ता के खेल में फुटबॉल की तरह इस्तेमाल न करें।'' सुप्रीम कोर्ट ने जोर देते हुए कहा कि वह युवा डॉक्टरों को कुछ असंवेदनशील नौकरशाहों के हाथों में देने की अनुमति नहीं देगा तथा केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) और नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन (एनबीई) को 'अपना घर व्यवस्थित करने की नसीहत दी।'

न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना की पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी को एक सप्ताह के भीतर अन्य दो अधिकारियों के साथ बैठक करने को कहा। पीठ ने कहा, ''आप बेहतर कारण बताइये क्योंकि यदि हम संतुष्ट नहीं हुए तो आपके बारे में प्रतिकूल टिप्पणियां पारित करेंगे। पीठ ने कहा, ''सत्ता के खेल में इन युवा चिकित्सकों का फुटबॉल की तरह इस्तेमाल न करे। बैठक करें और अपने घर को दुरुस्त करें। हम इन युवा चिकित्सकों के जीवन को कुछ असंवेदशील नौकरशाहों के हाथों में नहीं आने देंगे।''

शीर्ष अदालत उन 41 स्नातकोत्तर चिकित्सकों की याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिन्होंने परीक्षा की अधिसूचना जारी होने के बाद पाठ्यक्रम में अंतिम समय में किए गए बदलाव को चुनौती दी थी। शुरुआत में युवा चिकित्सकों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने कहा कि उन्होंने इस मामले में एक लिखित दलील भी दाखिल की है। एनएमसी की ओर से पेश अधिवक्ता गौरव शर्मा ने कहा कि वे मामले में जवाब दाखिल करना चाहते हैं और एक सप्ताह के स्थगन का अनुरोध किया। पीठ ने कहा, 'श्री शर्मा, एनएमसी क्या कर रही है? हम उन युवा चिकित्सकों के जीवन के बारे में बात कर रहे हैं जो सुपर स्पेशियलिटी कोर्स करेंगे। आपने 23 जुलाई को परीक्षा के लिए अधिसूचना जारी की है और फिर 31 अगस्त को पाठ्यक्रम बदल दिया है। यह क्या है? उन्हें 13 और 14 नवंबर को परीक्षा में बैठना है।''

एनबीई की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने कहा कि उन्हें अगले सोमवार तक जवाब दाखिल करने का समय दिया जाए, क्योंकि बदलाव करने के लिए उपयुक्त कारण थे और अधिकारी छात्रों की कठिनाइयों से अच्छी तरह वाकिफ थे और संबंधित तीन प्राधिकारियों के अनुमोदन के बाद इसे मंजूरी दी गई थी।'' पीठ ने कहा, 'फिर श्री सिंह को परीक्षा के लिए अधिसूचना क्यों जारी की गई? अगले साल ऐसा क्यों नहीं हो सकता? आप देखिए, छात्र इन महत्वपूर्ण चिकित्सा पाठ्यक्रमों की तैयारी महीनों पहले से शुरू कर देते हैं। अंतिम समय में बदलाव की क्या ज़रूरत थी?' सिंह ने कहा कि पाठ्यक्रम में बदलाव काफी समय से चल रहा था और 2018 से तैयारी चल रही थी और संबंधित अधिकारियों ने कठिनाइयों का ध्यान रखने की कोशिश की है। उन्होंने कहा, ''कृपया हमें एक सप्ताह का समय दें, हम सब कुछ समझा देंगे।'' (शेष पेज 9)

# प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाएं: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



लखनऊ में पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित टूरिज्म कार्निवाल में मुख्यमंत्री ने इस क्षेत्र से जुड़े कई लोगों को सम्मानित भी किया

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में स्प्रिचुअल, हेरिटेज और ईको सहित पर्यटन के क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं। इन्हें जमीन पर उतारने के लिये प्रभावी प्रयास की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थलों को विकसित करने, सहेजने के साथ ही, देश-दुनिया के सामने और आकर्षक तथा नियोजित ढंग से प्रस्तुत किया जाए। मुख्यमंत्री विश्व पर्यटन दिवस के पर गोमती रिवर फ्रंट पर पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित टूरिज्म कार्निवाल में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। टूरिज्म कार्निवाल का आयोजन 27 से 29 सितम्बर तक किया जा रहा है। इस मौके पर दो टूरिस्ट बसों को नवाबगंज-कानपुर-बिठूर तथा अयोध्या-गोरखपुर-कुशीनगर के लिए झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। डिस्कवरी चैनल द्वारा वाराणसी पर बनायी गयी लघु फिल्म तथा उत्तर प्रदेश पर्यटन निगम के एप को लॉन्च किया। उन्होंने वाराणसी के पर्यटन स्थलों पर केन्द्रित पुस्तिका तथा उत्तर प्रदेश के व्यंजनों पर केन्द्रित पुस्तिकाओं का विमोचन किया।

लखनऊ मण्डल के आध्यात्मिक पर्यटन स्थलों चन्द्रिका देवी के सौन्दर्यीकरण कार्य का लोकार्पण तथा नैमिषारण्य के पर्यटन विकास से सम्बन्धित परियोजनाओं का शिलान्यास किया। प्रदेश में पर्यटन विकास के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान करने वाले 10 लोगों को सम्मानित किया। उप्र पर्यटन नीति 2018 के तहत एक उद्यमी को अनुदान धनराशि का प्रतीकात्मक चेक तथा दो उद्यमियों को पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किया। इससे पूर्वए मुख्यमंत्री ने गोमती रिवर फ्रण्ट पर फूड स्ट्रीट का उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को विश्व पर्यटन दिवस की बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की स्वदेश दर्शन योजना के तहत रामायण, स्प्रिचुअल, बौद्ध, हेरिटेज आदि सर्किट के माध्यम से प्रदेश के पर्यटक स्थलों का व्यवस्थित विकास कराया जा रहा है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक पर्यटन स्थल पर विभिन्न पर्यटन सुविधाओं के विकास के लिए मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजना लागू की गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन सुविधाओं के विकास के सम्बन्ध में सबसे पहला प्रयास सम्भवत: अन्त:करण के भाव को सम्मान देने के लिए स्प्रिचुअल पर्यटन के क्षेत्र में हुआ होगा। इस क्षेत्र में प्रदेश दुनिया के सबसे समृद्ध क्षेत्रों में है। यहां श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े अनेक स्थलए भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या, भगवान श्रीकृष्ण की लीलाभूमि मथुरा, भगवान विश्वनाथ की धरती तथा विश्व की प्राचीनतम नगरी काशी, दुनिया की सबसे पवित्र नदियों गंगा जी व यमुना जी के संगम के रूप में कुम्भ की धरती प्रयागराज, विभिन्न शक्ति केन्द्र, भगवान बुद्ध से जुड़े 6 प्रमुख स्थल, जैन परम्परा के तीर्थंकरों से सम्बन्धित अनेक पवित्र स्थल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हेरिटेज टूरिज्म से सम्बन्धित अनेक महत्वपूर्ण स्थल उत्तर प्रदेश में हैं। प्रथम स्वाधीनता समर का स्थल, महाराजा सुहेलदेव के शौर्य व पराक्रम का स्थल बहराइच सहित विभिन्न कालखण्ड के ऐतिहासिक स्थल यहां मौजूद हैं। महारानी लक्ष्मीबाई, मंगल पांडेय, पं. राम प्रसाद बिस्मिल अशफाक उल्ला खां, चन्द्रशेखर आजाद जैसे स्वाधीनता सेनानियों तथा क्रांतिकारियों से जुड़े स्थल, स्वतंत्रता संघर्ष से जुड़े स्थल जैसे लखनऊ में काकोरी, गोरखपुर में चौरी चौरा आदि यहां हैं। (शेष पेज 9)

# भारत बंद का रहा आंशिक असर

- हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त देश के अन्य भागों में सामान्य रहा जनजीवन

**एजेंसी।** नई दिल्ली



अमृतसर में भारत बंद के लिए रेल पटरियों पर बैठे किसान

**केंद्र** सरकार के तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ सोमवार को विभिन्न किसान यूनियन के 10 घंटे के भारत बंद के कारण देश के कुछ हिस्सों में, विशेष रूप से हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जनजीवन प्रभावित रहा। विभिन्न ट्रेनों के रद्द होने और राजमार्ग व प्रमुख सड़कों के बंद होने से हजारों यात्री फंसे रहे। देश के अन्य हिस्सों में जनजीवन लगभग सामान्य रहा। सुबह 6 बजे से शाम 4 बजे तक के भारत बंद के दौरान कई जगहों पर प्रदर्शन हुए, जो अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। इनमें किसी के घायल होने या गंभीर झड़पों की कोई खबर नहीं आई। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आसपास इसका सबसे अधिक असर दिखा, जो कृषि विरोध के केंद्र रहे हैं। इसके अलावा केरल, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के बड़े इलाकों में भी इसका असर दिखा। चालीस किसान संघों के छाता निकाय संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा बुलाए गए बंद के दौरान प्रदर्शनकारियों ने राजमार्गों और मुख्य सड़कों को अवरुद्ध कर दिया और सुबह से ही कई स्थानों पर ट्रेन पटरियों पर बैठ गए। नाकाबंदी शाम चार बजे खत्म हो गई। हालांकि भारत का बड़ा हिस्सा बंद से अछूते रहे। देशभर में लगभग 50 ट्रेनें प्रभावित रहीं। इसके अलावा यात्री वाहनों के साथ-साथ आवश्यक सामान ले जाने वाले ट्रकों की आवाजाही भी अवरुद्ध रही। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में गुड़गांव, गाजियाबाद और नोएडा विशेष रूप से प्रभावित रहे, जिनमें हर दिन हजारों लोग आवाजाही करते हैं। दिल्ली अधिकांशत: अप्रभावित रही, लेकिन इसकी सीमाओं पर ट्रैफिक जाम के कारण लोगों को कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ा। (शेष पेज 9)

# उप्र में एक दिन में 33 लाख टीकों का नया रिकॉर्ड

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



लखनऊ में एक केंद्र पर सोमवार को कोरोनारोधी टीका लगवाती महिला

**कोविड** संक्रमण जांच और टीकाकरण पर योगी सरकार रिकॉर्ड पर रिकॉर्ड बनाये जा रही है। एक दिन में 33 लाख लोगों का टीकाकरण करके सरकार ने नया रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहले बीते 25 सितम्बर को 10 करोड़ से अधिक डोज लगाकर सबसे अधिक टीका लगाने का रिकार्ड बनाया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टीके की दूसरी डोज के लिए पात्र लोगों का टीकाकरण समय से करने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने कहा है कि दूसरी खुराक के लिए पात्र लोगों से संवाद बनाकर यथाशीघ्र उन्हें टीकाकवर दिया जाए। सोमवार को मेगा वैक्सीनेशन ड्राइव के तहत प्रदेश में 16416 टीकाकरण केंद्र बनाए गए थे। खबर लिखे जाने तक 32 लाख 98 हजार 617 डोज लगाए जा चुके थे। सर्वाधिक टीकाकरण लखनऊ में हुआ जबकि गाजियाबाद और प्रयागराज क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। ताजा स्थिति के मुताबिक यूपी में कुल 10 करोड़ 33 लाख 49 हजार से अधिक खुराक दी जा चुकी है। इसमे 8 करोड़ 38 लाख लोगों पहली डोज लेने वाले हैं जबकि 1 करोड़ 95 लाख लोग कोविड के दोनों डोज पा चुके हैं। टीकाकरण की देशव्यापी स्थिति को देखें तो यूपी पहले पायदान पर बना हुआ है। दूसरे स्थान पर 8.55 करोड़ डोज लगाकर महाराष्ट्र है, जबकि मध्य प्रदेश, गुजरात और पश्चिम बंगाल, क्रमश: तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। एग्रेसिव ट्रेसिंग, टेस्टिंग और त्वरित ट्रीटमेंट के मंत्र से अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। विगत 24 घंटे में हुई 1 लाख 69 हजार 500 सैम्पल की टेस्टिंग में 71 जिलों में संक्रमण का एक भी नया केस नहीं पाया गया। गोरखपुर, चन्दौली और पीलीभीत में दो दो तथा मथुरा में एक व्यक्ति कोविड पॉजिटिव पाया गया। इसी अवधि में 6 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए। वर्तमान में प्रदेश में एक्टिव कोविड केस की संख्या 176 रह गई है।

**सर्वाधिक टीकाकरण वाले शीर्ष पांच राज्य**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | उत्तर प्रदेश | - 10.33 करोड़ |
| 2. | महाराष्ट्र | - 7.93 करोड़ |
| 3. | मध्य प्रदेश | - 6.21 करोड़ |
| 4. | गुजरात | - 6.00 करोड़ |
| 5. | पश्चिम बंगाल | - 5.62 करोड़ |

## प्रदेश में कोविड-19 के सिर्फ सात नए मामले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोविड-19 के सात नए मामले सामने आए। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने सोमवार को बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में कोविड-19 से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि इस दौरान संक्रमण के सात नए मामले सामने आए। हालांकि इसी अवधि में छह रोगी ठीक भी हुए हैं। प्रदेश में इस वक्त कोविड-19 के 176 मरीजों का इलाज चल रहा है जिनमें से 154 लोग अपने घर में पृथकवास कर इलाज करा रहे हैं। प्रसाद ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में कुल 169500 नमूनों की जांच की गई। प्रदेश में अब तक 77968360 नमूनों की जांच की जा चुकी है। (शेष पेज 9)

# योगी ने नए मंत्रियों को बांटे विभाग जितिन होंगे प्राविधिक शिक्षा मंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मंत्रिमंडल विस्तार के बाद सभी सात मंत्रियों के बीच काम-काज का बंटवारा कर दिया है। योगी ने जो विभाग आंवटित किए हैं उनमें कैबिनेट मंत्री बने जितिन प्रसाद को प्राविधिक शिक्षा मंत्री का दायित्व दिया गया है। अभी तक यह विभाग मुख्यमंत्री के पास था। इससे पहले यह विभाग पूर्व कैबिनेट मंत्री कमलारानी वरुण के पास था। कोविड से उनका देहांत हो जाने के कारण यह विभाग मुख्यमंत्री के पास चला गया था। कमला रानी वरुण को योगी सरकार ने अपने पहले मंत्रिमंडल के विस्तार में मंत्री बनाया था और प्राविधिक शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी सौपी थी। मुख्यमंत्री ने जो दायित्व राज्मंत्रियों को दिए हैं उनमें राज्यमंत्री पल्टूराम को सैनिक कल्याण, होमगार्ड, प्रांतीय रक्षक दल एवं नागरिक सुरक्षा, डॉ. संगीता बलवंत को सहकारिता विभाग, धर्मवीर प्रजापति को औद्योगिक विकास विभाग, छत्रपाल सिंह गंगवार को राजस्व विभाग, संजीव कुमार को समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग और राज्यमंत्री दिनेश खटिक को जल शक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग का का जिम्मा दिया है। मुख्यमंत्री ने यह जानकारी ट्वीट के माध्यम से देते हुए सभी मंत्रियों को बधाई देते हुए कहा है कि उप्र मंत्रिमंडल में कल शामिल हुए सभी नए सदस्यों को आज विभागों का दायित्व प्राप्त हो गया है। मुझे विश्वास है कि आप सभी के कुशल, अनुभवी एवं कर्मठ नेतृत्व में संबन्धित विभाग विकास की नई ऊंचाइयों को स्पर्श करेंगे।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,078 | ↑ | 29 | |
| निफ्टी | 17,855 | ↑ | 2 | |
| सोना | 45,110 | ↑ | 35 | /10g |
| चांदी | 59,138 | ↑ | 383 | /kg |

## क्विक न्यूज

**टीईटी 28 नवंबर को, 7 अक्टूबर से शुरू होंगे रजिस्ट्रेशन**

**लखनऊ।** प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में जाने से पूर्व नई शिक्षक भर्ती की घोषणा के मंसूबे में जुटी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के निर्देश पर सोमवार को उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपी टीईटी) 2021 का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। यूपी टीईटी के लिए रजिस्ट्रेशन सात अक्टूबर से शुरू होंगे। जबकि परीक्षा 28 नवम्बर को होगी। जारी कार्यक्रम के अनुसार चार अक्टूबर को यूपी टीईटी विज्ञापन जारी किया जाएगा। आनलाइन आवेदन के लिए सात अक्टूबर से रजिस्ट्रेशन शुरू होगा। जिसकी अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है। आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तारीख 26 अक्टूबर तय की गई है। आवेदन पूर्ण करने और उसका प्रिंट लेने की अंतिम तारीख 27 अक्टूबर है।

# प्रधानमंत्री ने आयुष्मान भारत-डिजिटल मिशन की शुरुआत की

- कहा, इसमें स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की है ताकत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को आयुष्मान भारत-डिजिटल मिशन की शुरुआत की और कहा कि इसमें स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की ताकत है। इस डिजिटल मिशन के तहत लोगों को डिजिटल स्वास्थ्य पहचान पत्र प्रदान किया जाएगा जिसमें उनका स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड दर्ज होगा। प्रधानमंत्री ने पिछले साल 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य अभियान की पायलट परियोजना की घोषणा की थी। वर्तमान में इस योजना को छह केंद्र शासित प्रदेशों में प्रारंभिक चरण में लागू किया जा रहा है।

आयुष्मान भारत-डिजिटल मिशन की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना ने गरीब के जीवन की बहुत बड़ी चिंता दूर की है। अभी तक दो करोड़ से अधिक देशवासियों ने इस योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा का लाभ उठाया है। इसमें भी आधी लाभार्थी, हमारी माताएं, बहनें, बेटियां हैं। उन्होंने कहा, आयुष्मान भारत-डिजिटल मिशन के तहत देशवासियों को अब एक डिजिटल हेल्थ आईडी मिलेगी। हर नागरिक का स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित रहेगा। मोदी ने कहा, आयुष्मान भारत- डिजिटल मिशन, अस्पतालों में प्रक्रियाओं को सरल बनाने के साथ ही रहन-सहन की सुगमता को भी बढ़ाएगा। उन्होंने कहा, वर्तमान में अस्पतालों में प्रौद्योगिकी का जो इस्तेमाल होता है, वो फिलहाल सिर्फ एक ही अस्पताल तक या एक ही समूह तक सीमित रहता है। नए अस्पताल या नए शहर में जब मरीज़ जाता है, तो उसको फिर से उसी प्रक्रिया से गुज़रना पड़ता है.... सभी नागरिकों को इस तरह की परेशानी से मुक्ति दिलाने में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन बड़ी भूमिका निभाएगा। उनके मुताबिक, इस मिशन का सबसे बड़ा लाभ देश के गरीबों और मध्यम वर्ग को होगा। एक सुविधा तो ए होगी कि मरीज़ को देश में कहीं पर भी ऐसा डॉक्टर ढूंढने में आसानी होगी, जो उसकी भाषा भी जानता और समझता है और उसकी बीमारी के उत्तम से उत्तम उपचार का वो अनुभवी है। इससे मरीजों को देश के किसी कोने में भी उपस्थित विशेषज्ञ चिकित्सक से संपर्क करने की सलूहियत बढ़ेगी। बेहतर जांच के लिए लैब और दवा दुकानों की भी पहचान आसानी से संभव हो पाएगी। (शेष पेज 9)

# अवैध धर्मांतरण गिरोह के तीनों आरोपी सात दिन की पुलिस रिमांड पर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एटीएस** द्वारा गिरफ्तार किए गए अवैध धर्मान्तरण का देशव्यापी सिंडिकेट चलाने व धर्मान्तरण के लिए विदेशों से हवाला के जरिए फंडिंग करने के तीनों आरोपियों की 7 दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड कोर्ट ने मंजूर कर दी है। सोमवार को इस मामले में सुनवाई करते हुए कोर्ट ने तीनों आरोपियों को 28 सितंबर की सुबह 10 बजे से 5 अक्टूबर की सुबह 10 बजे तक पुलिस कस्टडी रिमांड पर सौंपे जाने के आदेश दिए। आईजी एटीएस डॉ. गजेंद्र कुमार गोस्वामी ने बताया कि रिमांड की अवधि में तीनों अभियुक्तों से एटीएस की टीम द्वारा विस्तृत पूछताछ की जाएगी। जिससे इनके बैंक खातों में भारी मात्रा में आए धन और इनकी अर्जित संपत्ति के विषय में गहनता से पूछताछ की जाएगी। इनके अन्य सहयोगियों और इस अवैध धर्मान्तरण में संलिप्त अन्य लोगों के सम्बन्ध में भी विस्तृत पूछताछ की जाएगी। जिसके सम्बन्ध में अपर पुलिस अधीक्षक एटीएस के नेतृत्व में पूछताछ के लिए एटीएस मुख्यालय पर टीमों का गठन किया जा चुका है। एटीएस ने अवैध धर्मान्तरण गिरोह के मुख्य सरगना मौलाना कलीम सिद्दीकी निवासी फुलत, मुजफ्फरनगर को बीती 21 सितंबर को गिरफ्तार किया था। (शेष पेज 9)

## नरेंद्र गिरि मौत मामले में तीनों आरोपियों को सात दिन की सीबीआई रिमांड

**प्रयागराज।** अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि की कथित आत्महत्या के मामले में यहां की एक अदालत ने सोमवार को तीनों आरोपियों को सात दिन के सीबीआई रिमांड पर भेजने का आदेश दिया। जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) गुलाब चंद्र अग्रहरि ने पीटीआई-भाषा को बताया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने नैनी जेल में बंद आनंद गिरि, अद्या प्रसाद तिवारी और संदीप तिवारी को रिमांड पर लेने का प्रार्थना पत्र रविवार को रिमांड मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया था। अग्रहरि ने बताया कि सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए तीनों आरोपियों का पक्ष सुना गया जिन्होंने सीबीआई रिमांड को लेकर किसी तरह की आपत्ति नहीं की। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को सुनने के बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हरेंद्र नाथ ने तीनों आरोपियों को 28 सितंबर सुबह नौ बजे से चार अक्टूबर शाम पांच बजे तक सात दिन के लिए सीबीआई रिमांड पर भेजने का आदेश दिया। (शेष पेज 9)

# दूसरे राज्यों से आने वालों की जरूर हो कोविड जांच

## गोशालाओं में केयर टेकर तैनात कर गोवंश की अच्छी देखभाल की जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को सख्त नसीहत देते हुये कहा कि बाहरी राज्यों से प्रदेश में आने वाले सभी लोगों का कोविड टेस्ट अवश्य किया जाए। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण कमजोर भले हुआ है लेकिन अभी खत्म नहीं हुआ है। ऐसे में कहीं भी और किसी भी स्तर पर छोटी से लापरवाही की हमें बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है लिहाजा संक्रमण से बचाव और उपचार की व्यवस्थाओं को निरन्तर मजबूत बनाकर रखा जाए।

मुख्यमंत्री सोमवार को लोक भवन में प्रदेश में कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि पिछले 24 घण्टों में राज्य में कोरोना संक्रमण के 7 नए मामले सामने आए हैं। इस अवधि में 6 व्यक्तियों को सफल उपचार के बाद डिस्चार्ज किया गया। अलीगढ़, अमेठी, अमरोहा, औरैया, अयोध्या, आजमगढ़, बदायूं, बागपत, बलिया, बांदा, बहराइच, बिजनौर, फर्रुखाबाद, गाजीपुर, गोण्डा, हमीरपुर, हापुड़, हरदोई, हाथरस, कानपुर देहात, कासगंज, महोबा,



मीरजापुर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, रामपुर, संतकबीर नगर, शामली, श्रावस्ती, सीतापुर और सोनभद्र में कोविड का एक भी मरीज नहीं है। प्रदेश में कोरोना संक्रमण की रिकवरी दर 98.7 प्रतिशत है। मुख्यमंत्री ने कोविड वैक्सीनेशन कार्य को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश देते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव में कोविड टीकाकरण एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच है। वैक्सीन की पहली डोज ले चुके लोग समय से दूसरी डोज लें, इसके लिए उन्होंने विशेष अभियान चलाए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस दिशा में नियोजित कार्यवाही की जाए। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि प्रदेश में कोविड टीकाकरण की प्रक्रिया तीव्र गति से चल रही है। राज्य में गत दिवस तक 10 करोड़ 03 लाख 9 हजार से अधिक कोरोना वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि डेंगू व अन्य वायरल बीमारियों के सम्बन्ध में प्रदेशव्यापी सर्विलान्स कार्यक्रम को पूरी सक्रियता से संचालित किया जाए। बुखार व संक्रमण के अन्य लक्षणों के संदिग्ध मरीजों की पहचान कर उन्हें उचित परामर्श दिया जाए। अस्पतालों में बेड एवं दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनायी रखी जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, सैनिटाइजेशन तथा फॉगिंग का अभियान जारी रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी गो आश्रय स्थलों में आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। किसी भी गौशाला में कीचड़ या जल जमाव न होने पाए, सभी आश्रय स्थलों में शेड ठीक हों। चोकर व हरे चारे का पर्याप्त प्रबन्ध किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक गो आश्रय स्थल में एक केयर टेकर की तैनाती अवश्य हो। गोवंश के रख रखाव में स्थानीय जनसहभागिता को प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यापारियों तथा उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रभावी प्रयास किये जाएं। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रत्येक माह तथा मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में प्रत्येक दो माह में व्यापारिक व औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में रामलीला आयोजन की समृद्ध परम्परा है। नवरात्रि, दशहरा व दीपावली के पर्व समीप हैं। ऐसे में रामलीला कमेटियों की तैयारियां प्रारम्भ हो गई होंगी। सभी कमेटियों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें कोविड प्रोटोकॉल के अनुरूप आयोजन करने के लिए प्रेरित किया जाए। रामलीला का मंचन खुले मैदान में किया जाए।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आज मिलेंगे स्मार्टफोन

**लखनऊ।** कोविड की रोकथाम में अहम भूमिका निभाने वालीं आँगनबाड़ी कार्यकत्रियां अब स्मार्टफोन से लैस होंगी। कल मंगलवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 1 लाख 23 हजार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन वितरित करेंगे। इसके साथ ही नवजात बच्चों की वृद्धि का स्तर मापने के लिए प्रदेश के हर आँगनबाड़ी केंद्र को नवजात वृद्धि निगरानी यंत्र (इंफेंटोमीटर) भी प्रदान किया जाएगा। कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन मुहैया कराने के पीछे सरकार का प्रयास आंगनबाड़ी कार्यक्रमों को और पारदर्शी बनाना है। स्मार्टफोन से लैस होने के बाद बच्चों के पुष्टाहार और देखभाल समेत आंगनबाड़ी से संचालित होने वाली योजनाओं को ज्यादा प्रभावी तरीके से लागू किया जा सकेगा। इसका फायदा यह होगा कि डेटा रीयल टाइम अपडेट होगा और सरकार को पता रहेगा कि कहां क्या स्थिति है। वहीं इस स्मार्टफोन के माध्यम से भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगेगा। बता दें उत्तर प्रदेश में इस समय 1.89 लाख आंगनबाड़ी केंद्र चल रहे हैं।

# जमीन संबन्धी मसलों को अक्टूबर तक निस्तारित करें: मुख्य सचिव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में गठित हाईपावर कमेटी की बैठक में दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य की समीक्षा की गयी। मुख्य सचिव ने कहा कि निर्माण कार्यों में आ रही बाधाओं को जल्द से जल्द दूर करने तथा जमीन सम्बन्धी मुद्दों को अक्टूबर तक निस्तारित किया जाए। उन्होंने सरकारी जमीन के दर निर्धारण के लिए सक्षम स्तर से नीतिगत निर्णय के लिए प्रक्रिया में भी तेजी लाए जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कोविड-19 की अप्रत्याशित चुनौतियों के बावजूद पूरे आरआरटीएस कॉरिडोर में तेजी से चल रहे निर्माण कार्य के लिए एनसीआरटीसी की सराहना की। उन्होंने प्रोजेक्ट के लम्बे समय तक वित्तीय रूप से सतत् रहने के लिए एनसीआरटीसी द्वारा आरआरटीएस कॉरीडोर के आस-पास प्रोजेक्ट लिंक्ड व नॉन प्रोजेक्ट लिंक्ड भूमि के विकास द्वारा आय के नियमित स्रोत बनाने के लिए वैल्यू कैप्चर फाइनेंसिंग से जुड़े सभी शासकीय निर्देशों को बिना किसी विलम्ब के दिसम्बर मध्य तक जारी करने के निर्देश दिये। अधिकारियों ने बताया कि प्राथमिकता खण्ड साहिबाबाद से दुहाई जिसकी कुल लम्बाई लगभग 17 किलोमीटर है को मार्च 2023 में चालू कर दिया जायेगा और पूरी परियोजना को वर्ष 2025 तक पूरा कर लिया जायेगा।

# भाजपा सरकार ने समाज के हर वर्ग की चिंता की: स्वतंत्र देव

● पार्टी ने तेज किया घर-घर संपर्क अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार के साढ़े चार वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी द्वारा 26 सितम्बर से शुरू किये गये घर-घर संपर्क अभियान के तहत प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने सोमवार को लखनऊ के गोसाईगंज में रहमत नगर के बूथ संख्या 80-81 में निवास करने वालों लोगों से सीधा संवाद किया। उन्होंने आम जन को केंद्र व राज्य से सरकार की उपलब्धियां गिनायी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि योगी सरकार ने गन्ना खरीद में पच्चीस रूपये की बढ़ोत्तरी कर किसानों के हित में ऐतिहासिक कदम उठाया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने साढ़े चार वर्षों के कार्यकाल में प्रदेश को नई ऊंचाईयां प्रदान की है। समाज के हर वर्ग की चिंता की। केंद्र की मोदी



की सरकार से मिली प्रेरणा से साबित हुआ कि उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। कोरोना वैक्सीन के दस करोड़ का लक्ष्य हासिल कर उत्तर प्रदेश देश का पहला प्रदेश बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा को 2017 में लोगों की सेवा का अवसर मिला और सबसे बड़ा काम हुआ कि आम जीवन को भयभीत कर विकास में बाधक बना माफिया अब नेस्तानाबूत हो चुका है। अपराधी एवं गुंडा तत्व जेल की सलाखों के पीछे है। प्रदेश में सड़कों का जाल बिछ रहा है। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे और गंगा एक्सप्रेस-वे जैसी सड़कों की सौगात मिली है।

# प्रदेश सरकार ने अब तक 1,44,000 करोड़ गन्ना मूल्य का किया भुगतान

● बसपा व सपा सरकारों के दौरान चीनी मिलों को बंद करने का किया गया काम: सुरेश राणा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गन्ना** मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए पूरी तरह से संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि बसपा व सपा सरकारों के दौरान जिन चीनी मिलों को बंद कर दिया गया था उन चीनी मिलों को प्रदेश की योगी सरकार ने चालू करा कर ऐतिहासिक काम किया है। गन्ना मंत्री सुरेश राणा ने बताया कि योगी सरकार ने चार वर्ष में अब तक 1,44000 करोड़ रुपये का भुगतान गन्ना किसानों को करने का काम किया है। जोकि 20 वर्षों में सबसे अधिक किया गया भुगतान है। गन्ना मंत्री ने कहा कि अभी किसानों का 4900 करोड़ रुपये का भुगतान होना बाकी है जोकि पिछली सरकारों की देन है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार भुगतान करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है जो भुगतान शेष रह गया है उसको भी जल्द से जल्द पूरा करा दिया जाएगा। किसानों को 4000 करोड़ रुपये का फायदा होगा।

यह बात चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री सुरेश राणा ने सोमवार को लोकभवन में प्रेसप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016-17 में प्रदेश में शीघ्र पकने वाली प्रजाति का क्षेत्रफल 52.83 प्रतिशत, सामान्य पकने वाली प्रजातियों का क्षेत्रफल 37.44 प्रतिशत एवं अनुपयुक्त प्रजातियों का क्षेत्रफल 9.73 प्रतिशत था। वर्तमान सरकार द्वारा गन्ना कृषकों के हित में लिये गये निर्णयों से वर्ष 2021-22 हेतु शीघ्र पकने वाली प्रजातियों का क्षेत्रफल 97.92 प्रतिशत, सामान्य प्रजातियों का क्षेत्रफल 2.01 प्रतिशत एवं अनुपयुक्त प्रजातियों का मात्र 0.07 प्रतिशत हो गया है। गन्ना मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार के कार्यकाल में 04 वर्षों में कुल 4289.09 लाख टन गन्ने की पेराई की गयी जबकि इसके पूर्व के 04 वर्षों में मात्र 2918.53 लाख टन गन्ने की पेराई हुयी थी। इस प्रकार वर्तमान सरकार के कार्यकाल में चीनी मिलों द्वारा पूर्व के 04 वर्षों के मुकाबले 1370.56 लाख टन अधिक गन्ने की पेराई की गयी जिसे पूर्व के वर्षों में कृषक औने पौने दामों पर क्रेशर एवं कोल्हुओं पर बेचने हेतु मजबूर थे। वर्तमान सरकार के 04 वर्षों में औसत गन्ना पेराई 1072.27 लाख टन प्रति वर्ष रही है जो अपने आप में एक रिकार्ड है।



### पश्चिम यूपी में 20 अक्टूबर से शुरू होंगी चीनी मिलें

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 20 अक्टूबर से योगी सरकार चीनी मिलों की शुरुआत करने जा रही है। इसके साथ ही सरकार पिपराइच और बलरामपुर में गन्ने के रस से सीधे एथनॉल बनाने की प्रक्रिया भी शुरू करने जा रही है। गन्ना मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि जहां एक ओर महाराष्ट्र, राजस्थान और पंजाब की चीनी मिलें कोरोना काल में बंद रहीं वहीं हमने प्रदेश में एक भी चीनी मिल कोरोना काल में बंद नहीं होने दी। पिछली सरकारों में जहां 25 सालों से खाण्डसारी का एक भी लाइसेंस जारी नहीं हुआ था। वहीं योगी सरकार ने 270 खांडसारी इकाइयों को लाइसेंस दिया और इससे 50 हजार लोगों को रोजगार भी मिला।

# भाजपा राज में किसान और बुनकर दोनों तबाह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में किसान और बुनकर तबाह हैं। पहले किसानों के मान को गिराना फिर नाम भर के लिए दाम बढ़ा देना, भाजपा का ये चुनावी हथकंडा अब उत्तर प्रदेश में चलने वाला नहीं है। झूठ और नफरत के सहारे भटकाने बहकाने वाली भाजपा की चालाकी से जनता को सजग कराने के लिए समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को चाहिए कि घर-घर जाकर सघन अभियान में जुट जाएं। भाजपा का अन्याय अब बर्दाश्त नहीं होगा। किसानों द्वारा उत्पादित कपास और



बुनकरों द्वारा कपड़ा बनाकर बिक्री से भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। भाजपा के कारण दोनों वर्ग संकट में हैं। सरकार की नीतियों ने व्यापार को भी चौपट कर दिया है। महंगाई और भ्रष्टाचार से समाज का हर वर्ग परेशान है। नौजवान का भविष्य अंधकारमय है। सभी त्रस्त, आक्रोशित और आंदोलित हैं। अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के वादों को भी भुलाकर जनता के साथ छल किया है। किसान को एमएसपी नहीं मिली, आय दुगनी करने के वादे का कहीं अता पता नहीं। किसान तीन काले कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग को लेकर दस महीने से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। भाजपा सरकार उनकी बात नहीं सुन रही हैं बल्कि अपमानित कर रही है। बुनकरों की दशा भी दयनीय हो चली है। समाजवादी सरकार में उनको फिक्स बिजली चार्ज देना पड़ता था। भाजपा सरकार ने बिजली मंहगी कर दी है। खुद एक यूनिट बिजली उत्पादन न करने वाली भाजपा सरकार के समय लोग बिजली कटौती झेल रहे हैं।

# नए मंत्री जब तक अपने मंत्रालय समझेंगे, चुनाव आचार संहिता लागू हो जाएगी



**लखनऊ।** प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए राजनीतिक दल एक दूसरे पर हमला बोलने का कोई मौका नही छोड़ रहे हैं। बीते रविवार को बीजेपी ने कैबिनेट विस्तार कर 7 नए मंत्रियों को मंत्रिमंडल में शामिल किया है। इसको लेकर सभी पार्टियों के रिएक्शन आ रहे हैं और वाद-विवाद का सिलसिला जारी है। इसी बीच बसपा सुप्रीमो मायावती ने तंज कसते हुए कहा कि नए मंत्री जब तक अपने मंत्रालय समझेंगे, चुनाव आचार संहिता लागू हो जायेगी। सोमवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने लिखा कि बीजेपी ने कल यूपी में जातिगत आधार पर वोटों को साधने के लिए जिनको भी मंत्री बनाया है, बेहतर होता कि वे लोग इसे स्वीकार नहीं करते क्योंकि जब तक वे अपने अपने मंत्रालय को समझकर कुछ करना भी चाहेंगे तब तक यहाँ चुनाव आचार संहिता लागू हो जायेगी। उन्होंने आगे कहा कि जबकि इनके समाज के विकास व उत्थान के लिए अभी तक वर्तमान भाजपा सरकार ने कोई भी ठोस कदम नहीं उठाये हैं बल्कि इनके हितों में बीएसपी की रही सरकार ने जो भी कार्य शुरू किये थे, उन्हें भी अधिकांश बन्द कर दिया गया है।

# चुनावी तैयारियों का जायजा लेने लखनऊ पहुंचीं प्रियंका

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की तैयारियों का जायजा लेने के लिए कांग्रेस महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा सोमवार को लखनऊ पहुंच गई है। प्रियंका गांधी मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और चुनाव समिति के साथ पूरे दिन बैठकें करेंगी। प्रियंका इससे पहले इसी माह 9 तारीख को तीन दिवसीय दौरे पर यहां आई थीं। मंगलवार को दोपहर बाद अमौसी एयरपोर्ट पहुंची प्रियंका गांधी का प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय



कुमार लल्लू व अन्य नेताओं ने स्वागत किया। एयरपोर्ट से वह सीधे हजरतगंज स्थित कौल हाउस के लिए रवाना हो गईं। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव को लेकर जनता से सीधे तौर पर रूबरू होने के लिए प्रतिज्ञा यात्रा और प्रत्येक मंडल में एक जनसभा का जो प्लान कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपने पिछले दौरे के दौरान तैयार किया था उसे प्रदेश कांग्रेस अमलीजामा नहीं पहना पाई है। प्रतिज्ञा यात्रा व जनसभाएं फिलहाल टाल दी गई है। इसके पीछे कांग्रेस द्वारा कारण पितृ पक्ष को बताया जा रहा है जबकि पार्टी के भीतर ही अन्य प्रकार की भी चर्चाएं चल रही हैं। पार्टी नेताओं के बीच मनमुटाव को भी इन कार्यक्रमों के टलने का एक अहम कारण माना जा रहा है। लखनऊ में अपने प्रवास के दौरान प्रियंका गांधी एक बार फिर प्रतिज्ञा यात्रा और प्रदेश के विभिन्न मंडलों में अपनी जनसभाओं को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के साथ विस्तृत चर्चा करेंगी।

# बीजेपी 15 अक्टूबर से लगाएगी ग्राम किसान चौपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीजेपी** किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश के प्रदेश पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय अध्यक्षों की बैठक भाजपा प्रदेश कार्यालय में किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित करके सीएम योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद दिया गया कि उन्होंने गन्ना किसानों की आय की वृद्धि के लिए प्रतिकुन्तल गन्ना मूल्य को बढ़ाया है। प्रस्ताव में कहा गया कि देश की आजादी के बाद किसानों के हितों में सर्वाधिक निर्णय केंद्र में काम कर रही मोदी की सरकार व उत्तर प्रदेश में काम कर रही योगी की सरकार लिया है।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 15 से लेकर 30 अक्टूबर के बीच देश व प्रदेश सरकार की किसान हितैषी नीतियों को पहुंचाने



हेतु प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम किसान चौपाल का आयोजन किसान मोर्चा करेगा। इस ग्राम किसान चौपाल में किसान मोर्चा के पदाधिकारी गांव-गांव जायेंगे तथा केंद्र व प्रदेश सरकार के द्वारा किसानों के हितों में लिये गये निर्णयों की जानकारी प्रत्येक किसान को देंगे। ग्राम किसान चौपाल के माध्यम से किसान मोर्चा के कार्यकर्ता देश में चल रहे किसान विरोधी व किसान आन्दोलन का पर्दाफाश करेंगे। किसान मोर्चा किसानों को यह बतायेगा कि किसान विरोधी शक्तियों द्वारा वित्तपोषित तथाकथित किसान नेता देश के प्रधानमंत्री को बदनाम करने का कुत्सित प्रयास कर रहे है तथा ये लोग किसान आन्दोलन के नाम पर देश के विकास के मार्ग को अवरूद्ध कर रहे है। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 26 सितम्बर 2021 को लखनऊ में संपन्न हुआ विशाल किसान सम्मेलन इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश के किसानों का समर्थन केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों तथा मोदी-योगी के प्रति है। किसान सम्मेलन में आकर अपनी विराट उपस्थिति को दर्ज कराकर किसानों ने तथाकथित किसान नेताओं के आन्दोलन को करारा जबाब देने का काम किया है जिसके लिए किसान बधाई के पात्र हैं।

ग्राम किसान चौपाल का सुव्यवस्थित आयोजन करने के लिए भाजपा किसान मोर्चा के तीन सदस्यीय समिति का भी गठन किया गया है। इस समिति के संयोजक भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री घनश्याम पटेल हैं तथा भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री सुरेश मौर्या एवं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सह कार्यालय प्रभारी रामानन्द कटियार सदस्य होंगे।

# यूपी पुलिस का अधिकृत टेलीग्राम चैनल लांच

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डीजीपी** मुकुल गोयल द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस का अधिकृत टेलीग्राम चैनल लॉच किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म ट्विटर, फेसबुक, यू ट्यूब, इंस्टाग्राम एवं व्हाट्सएप पर सक्रिय उपस्थिति दर्ज करायी गयी है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए टेलीग्राम पर एक अधिकृत चैनल लांच किया गया है जिससे पुलिस द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्य एवं महत्वपूर्ण सूचनाएं अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। इस चैनल के जरिए उत्तर प्रदेश में सोशल मीडिया पर चलने वाली पुलिस से सम्बन्धित भ्रामक खबरों का भी खण्डन किया जायेगा। इस चैनल के माध्यम से आमजन को यूपीपुलिस से सम्बन्धित खबरों के बारे में निरन्तर अपडेट किया जायेगा।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैं बृजेश कुमार त्रिपाठी पुत्र रमारमन तिवारी निवासी-126/73 H- ब्लाक गोविंद नगर कानपुर ने अपना नाम बदलकर बृजेश तिवारी कर लिया है। भविष्य में मुझे बृजेश तिवारी के नाम से जाना जाये।

सूचना

मैं नुपुर छिन्द्रा D/o जितेन्द्र कुमार नि0 शिवनगर गुरूद्वारा रोड मोदीपुरम मेरठ मेरा फार्मेसी रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र व ग्रीन बुक क्र0सं0 108649 वास्तव में कहीं खो गया है, जिसका उपयोग वर्जित होगा।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम Ram Karan Tripathi था जो अब बदलकर Ram Karan हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। Ram Karan S/o Shyam Sundar Dhikuhi, Khemipur, Kunda, Pratapgarh, U.P.

सूचना

मेरा आर्मी नंबर-15420854F, Rank HAV - MV SURESH KUMAR S/O M ANJANEYULU, Unit-AMC Center and collage MT Coy, मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पुत्री का नाम गलती से Malayati Divya Charita लिख गया है जबकि उसका सही नाम Malayati Venkata Divi Druva Sree है Malayati Divya Charita और Malayati Venkata Divi Druva Sree दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं भविष्य में उसे इसी नाम से जाना पहचाना जाए

REQUIRED

JAHANGIRABAD EDUCATIONAL TRUST
GROUP OF INSTITUTIONS
(Faculty of Arts)
REQUIREMENT OF TEACHER FOR ARTS & COMMERCE FOR UNDERGRADUATE LEVEL TEACHING
Application are invited for the post of Principal and Assistant Professor for the following subjects Hindi, English, Urdu, Education, Political Science, Sociology & Ancient History, Commerce
SALARY AS PER EXISTING UNIVERSITY NORMS
Candidates meeting criteria as laid down in UGC Regulations 2016
You may send application via email or a hard copy at
Trustee JETGI
Jahangirabad Fort, Jahangirabad, Barabanki-225203, UP
Tel : 7380832222, 7380632222
Email ID : hr@jit.edu.in or careers @jit.edu.in

Sanjay Gandhi Post Graduate Institute Of Medical Sciences
Raebareli Road, Lucknow-226014, (INDIA)
Hospital Based Cancer Registry (HBCR)
National Cancer Registry Programme, ICMR
आत्मना सर्गो जितः

**Advertisement for short-term contract of staff**

Applications are invited for an interview for the contractual post of **Social Worker (01 post)** for the project titled **"Setting up of Hospital based Cancer Registries (HBCR) and Pattern of Care & Survival Studies on Cancer Breast, Cancer Cervix and Head & Neck Cancers under Regional Cancer Centres"** under the principal Investigator **Dr. Punita Lal, Head, Department of Radiotherapy, SGPGIMS, Lucknow.** For details please log on to **www.sgpgi.ac.in** and e-mail a soft copy of your CV and other credentials as mentioned in the advertisement. Last date for submission of application is **08th October 2021.**

Advt. No.R/24/2021-22 Principal Investigator

कार्यालय प्रभारी अधिकारी
नगर निगम वर्कशाप, फजलगंज, कानपुर

निविदा सूचना

नगर निगम कानपुर के फजलगंज स्थित वर्कशाप में विभिन्न प्रकार के वाहनों/उपकरणों की आवश्यक मरम्मत हेतु सामग्री जैसे लोहे की चादर, एंगल, पटिया, वेल्डिंग रॉड व पेन्ट आदि की आवश्यकता है। आवश्यक सामग्री को क्रय करने हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्मों से सील बन्द आफर आमन्त्रित किये जाते हैं।

आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण व शर्तें निविदा प्रपत्र पर देखी जा सकती हैं। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में फजलगंज वर्कशाप से रूपया 500+जी.एस.टी. 12 प्रतिशत के साथ नकद जमा कर प्राप्त किये जा सके हैं। जो वापस देय न होगा।

उपरोक्त कार्यो हेतु इच्छुक अनुभवी फर्मों से सील्ड बन्द आफर दिनांक 8.10.21 को प्रभारी अधिकारी (वर्कशाप) के फजलगंज स्थित कार्यालय में रखे निविदा बाक्स में सायं 3.30 बजे तक डाल सकते हैं। जिन्हें उसी दिन सायं 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में फजलगंज वर्कशाप स्थित कार्यालय से की जा सकती है।

प्रभारी अधिकारी (वर्कशाप) अपर नगर आयुक्त (प्रथम)

कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जोन-8, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक : 441/EE-8/2021-22 दिनांक : 27.09.2021

(अति-अल्पकालीन निविदा-सूचना)

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 4.10.2021 को अपराह्न 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-8 के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते हैं। सील्ड निविदाएं दिनांक 4.10.2021 को अधिशासी अभियन्ता, जोन-8 के कार्यालय में अपराह्न 3:30 बजे तक सील्ड टेन्डर बॉक्स में प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदाएं दिनांक 4.10.2021 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे जोन-8 के कार्यालय में खोली जायेंगी।

1. वृन्दावन सेक्टर-4 में पम्प नं0-1 व 2 पर 12.5 एच0पी0 के0आर0टी0यू0 सीवरेज पम्पसेट की मरम्मत का कार्य, धरोहर राशि रु० 3200/- एवं निविदा मूल्य रु० 150/-

अधिशासी अभियन्ता, जोन-8
जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

कार्यालय नगर पालिका परिषद-सीतापुर

पत्रांक-926/सं0अनु0/न0पा0परि0सी0/2021-22 दिनांक : 27-09-2021

नीलामी सूचना

मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा अनुमोदनानुसार नगर पालिका परिषद सीतापुर सीमा अन्तर्गत निम्नलिखित पेड़ो को नीलाम दिनांक 05-10-2021 समय 12.00 बजे नगर पालिका परिषद के कार्यालय प्रांगण में नीलाम कमेटी के समक्ष कमेटी द्वारा पेड़ों का मूल्यांकन (कीमत) निर्धारित किया, जाएगा व जिन पेड़ों का वन विभाग से मूल्यांकन प्राप्त हो गया है, के आधार पर व कमेटी द्वारा निर्धारित शर्तों के अधीन नीलाम किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि व समय में वन विभाग मूल्यांकन व कमेटी द्वारा मूल्यांकन की धनराशि का 1/4 अंश व आधार/पहचान पत्र सहित जमा करते हुए, नीलामी में भाग ले सकते है। उच्चतम बोलीदाता को नीलाम धन उसी दिन जमा करना होगा नीलामी स्वीकृति/अस्वीकृति करने .का अधिकार मा0 अध्यक्ष महोदय में निहित होगा। नीलाम किये जाने वाले पेड़ों का विवरण निम्नवत् :-

1- सरोजनी वाटिका में-दो आम कलमी, एक पेड़ पतला कटहल
2- पी0डब्लू0डी गेस्ट हाउस के सामने एसपी साहब के आवास के उत्तर एक पेड़ आम देशी
3- कमल बैजल के आवास के आगे रोड पटरी उत्तर ओर -एक पेड़ यूक्लेप्टस
4- आंख अस्पताल गांधी पार्क के अन्दर पीपल
5- कोतवाली चौराहे के निकट पीपल आधा सूखा व आधा हरा
6- एक पेड़ नीम मोहल्ला बटसगंज हरा वन विभाग द्वारा प्राप्त मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर
7- मोहल्ला सिविललाइन स्थित पी0डब्लू0डी आफिस के निकट 03 पेड़ यूक्येलिप्टस प्रान्तीय खण्ड सीतापुर के मुख्य द्वार
8- दो पेड़ जलकल प्रांगण में कलमी सूखे
9- दो पेड़ यूक्येलिप्टस गिरे हुए टाउनहाल

अधिशासी अधिकारी-।
नगर पालिका परिषद-सीतापुर

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# फिर बना रिकॉर्ड, 1,85,390 को लगा कोरोना का टीका

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कोरोना** के खिलाफ लड़ाई में निर्णायक बने कोविड वैक्सीनेशन अभियान के तहत सोमवार को राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश भर में चलाए गए मेगा ड्राइव अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग ने लगभग 32 लाख 98 हजार 617 की संख्या में वैक्सीन की डोज लगाई। वहीं राजधानी में लक्ष्य से ज्यादा 1,85,390 का टीकाकरण किया गया। शहर में टीकाकरण का जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया।

सोमवार को राजधानी में टीकाकरण का फिर कीर्तिमान बना और आंकड़ा दो लाख के करीब पहुंच गया। खबर लिखे जाने तक प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक 1,85,390 लोगों का टीकाकरण हो चुका था। जब कि ग्रामीण क्षेत्र में इण्टरनेट की धीमी गति के कारण डाटा फीडिंग का कार्य अभी जारी है। शहर के टीकाकरण कैम्प का जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। लखनऊ ने इस टीकाकरण अभियान में लखनऊ मण्डल में दोबारा प्रथम और प्रदेश में लगातार पांचवी बार प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार जनपद लखनऊ में प्रारम्भ से अभी तक कुल 37,35,630 लाभार्थियों का डाटा पोर्टल पर अपलोड हो चुका है, जबकि कुल 37,45,790 टीकाकरण जनपद लखनऊ द्वारा किया जा चुका है, जो टीकाकरण में प्रदेश में प्रथम स्थान रखता है। इस अभियान में आज कुल टीकाकृत लाभार्थियों में से 18 से 44 आयु वर्ग के लगभग 48 प्रतिशत लाभार्थियों ने विशेष रूचि दिखाते हुए टीकाकरण को सफल बनाने में अपनी अद्वितीय भूमिका निभायी साथ ही 45 से 60 आयु वर्ग के लगभग 34 प्रतिशत और 60 से अधिक आयु वर्ग के लगभग 18 प्रतिशत लोगों ने सहभागिता निभायी। जनपद में सभी टीकाकरण केंद्रों पर दिन भर उत्साह का माहौल बना रहा इस मेगा टीकाकरण अभियान में ग्रामीण क्षेत्रों में 1000-1000 व्यक्तियों के क्लस्टर बनाकर उनमें स्वयं सहायता समूहों, जन प्रतिनिधियों, ग्राम स्तरीय शासकीय कार्मिकों लेखपाल, पंचायत सचिव, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती आदि का सहयोग लेते हुए राजस्व निरीक्षक, एडीओ पंचायत एवं राजस्व, विकास एवं शिक्षा विभाग के खण्ड स्तरीय एवं तहसील स्तरीय अधिकारियों के सघन निरीक्षण एवं कुशल नेतृत्व में मेगा टीकाकरण अभियान को सफल बनाया गया।

**एलयू के दोनों परिसर में लगा वैक्सीनेशन कैंप:** लखनऊ विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों में सोमवार को कोविड.19 वैक्सीन के लिए कैंप का आयोजन किया गया था। मुख्य परिसर में यह आयोजन सेवा भारती, स्वास्थ्य विभाग एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के संयुक्त प्रयास से किया गया। इस कार्यक्रम को प्रारंभ करने के लिए लखनऊ की मेयर संयुक्ता भाटिया उपस्थित थी। कुलसचिव डॉ विनोद कुमार सिंह भी उपस्थित थे। कैंप में लगभग 500 लोगों को टीका लगाया गया। इसको आयोजित करने में विशेष रूप से रिंकू राय, पूर्व अध्यक्ष कर्मचारी परिषद एव राकेश यादव अध्यक्ष कर्मचारी परिषद का योगदान रहा। द्वितीय परिसर के आई एम एस में प्रोफेसर मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में इस कैंप का आयोजन किया गया। वहां पर लगभग 600 लोगों को कोविड.19 का वैक्सीन लगाया गया।

**500 से अधिक लोगों का हुआ टीकाकरण:** लखनऊ। चिनहट क्षेत्र के मल्हौर स्टेशन रोड स्थित एक लॉन में सोमवार को भाजपा महिला मोर्चा की चिनहट मंडल अध्यक्ष अनुराधा जायसवाल की ओर से वैक्सीनेशन कैंप लगवाया गया। इस कैंप में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से 500 से अधिक लोगों को कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीन लगाई गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक, अविनाश त्रिवेदी, यूपीसीएलडीएफके चेयरमैन वीरेंद्र तिवारी, व्यापारी कल्याण प्रकोष्ठ के चेयरमैन मनीष गुप्ता एवं प्रदेश के कानून मंत्री बृजेश पाठक की पत्नी नम्रता पाठक, रेनू भाटिया, नगर मंत्री मधुबाला त्रिपाठी, महिलामोर्चा की नगर अध्यक्ष सीता नेगी एवं क्षेत्र के सविनय गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, विवेक चौधरी,हरिराम जायसवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**अमौसी में 204 का हुआ टीकाकरण:** सरोजनीनगर। मेगा वैक्सीनेशन कैंप के तहत सोमवार को सरोजनीनगर प्रथम वार्ड स्थित अमौसी गांव में अटल बिहारी वाजपेई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया। पार्षद राम नरेश रावत के नेतृत्व में आयोजित इस कैंप में भारी संख्या में लोगों ने कोरोना वैक्सीन की डोज लगवाई। वहीं अमौसी स्थित हिंदुस्तान पैट्रोलियम तेल डिपो में भी वैक्सीनेशन कैंप आयोजित किया गया।

## कई वैक्सीनेशन कैंपों पर पहुंचीं मेयर, किया उत्साहवर्द्धन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**महापौर** द्वारा मेगा वैक्सीनेशन के दौरान कई वैक्सीनेशन कैम्पों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वैक्सीनेशन टीम और आयोजको को सम्मानित किया। यही नहीं कैम्प में वैक्सीनेशन कराने आये लोगों का उत्साहवर्धन किया। सोमवार को मेगा वैक्सीनेशन का महापौर संयुक्ता भाटिया ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान हिन्द नगर में लखनऊ केमिस्ट एसोसिएशन, सेवा भारती, आरोग्य भारती, सेंट जोसफ स्कूल सहित भाजपा कार्यकर्ताओं, पार्षदों एवं अन्य सामाजिक संगठनों के सहयोग से आयोजित वैक्सीनेशन कैंपो का निरीक्षण कर लोगो का उत्साहवर्धन किया और वैक्सीनेशन टीम एवं आयोजको को पुष्पगुच्छ देकर एवं माला पहनाकर सम्मानित भी किया। इस दौरान महापौर ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का आभार जताती हूँ जिन्होंने इस वैश्विक माहमारी से जनता की जान बचाने के लिए वृहद स्तर पर मुफ्त वैक्सीनेशन प्रदान की है। महापौर ने आगे कहा कि प्रारम्भ में कुछ लोगो ने निजी राजनैतिक स्वार्थों के चलते वैक्सीन पर प्रश्न उठाकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया था। आज उत्तर प्रदेश में 10 करोड़ से भी ज्यादा लोगों ने वैक्सीन लगवाकरए जनता ने उनको करारा जबाब दिया है।

## महिला के साथ गैंगरेप करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी की आलमबाग पुलिस ने महिला के साथ गैंग रेप के मामले में फरार चल रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर आलमबाग ने बताया कि गत दिनों एक महिला के साथ गैंग रेप कर फरार चल रहे चार आरोपियों को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों का नाम बीजी कालोनी आलमबाग निवासी शिव नंदन सोने लाल अशोक कुमार व उपरोक्त निवासी गिरिजेश कुमार बताया पुलिस का कहना है की पकड़े गए आरोपियों ने महिला के साथ गैंग रेप किया था और फरार हो गए थे।

## गोमांस सप्लाई करने वाला वाहन समेत गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी की अमीनाबाद पुलिस ने गोमांस की तस्करी करने वाले शातिर को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर अमीनाबाद सूर्य बलि पांडेय ने बताया कि काफी समय से सूचना मिल रही थी कि इलाके में एक युवक गोमांस सप्लाई करता है जो आज अपने अपार्टमेंट में मौजूद है पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भरोसा किया और तत्काल मौके पर पहुंचकर दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मॉडल हाउस निवासी कलीम कुरैशी उर्फगुड्डू बताया पुलिस का कहना है की आरोपी अपने वाहन में गोमांस रखकर सप्लाई करता था।

## 8143 छात्रों ने की च्वाइस फिलिंग

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक प्रवेश प्रक्रिया 2021-22 के अन्तर्गत सोमवार को विविध पाठ्यक्रमों में 8143 छात्र छात्राओं ने च्वाइस फिल कर दी है। सबसे ज्यादा बीकॉम चार वर्षीय एवं बीकॉम आनर्स में 3710 अभ्यर्थियों ने च्वाइस फिल की है। इसके साथ ही बीजेएमसी में 34, बीएससी एग्रीकल्चर में 234, बीसीए में 610, एलएलबी पांच वर्षीय पाठ्यक्रम में 1634, बीएलएड में 618, बीवीए-बीएफए में 343 एवं बीबीए पाठ्यक्रम के लिए 960 अभ्यर्थी में काउंसलिंग के अन्तर्गत च्वाइस फिलिंग प्रक्रिया पूरी की गई है।

## फर्जी आरटीपीसीआर रिपोर्ट के आधार पर मुलाकात करने आई महिलाओं को पुलिस ने भेजा जेल

**लखनऊ।** आतंकवादी गतिविधि के आरोप में जिला कारागार लखनऊ में बंद विचाराधीन बंदी अंसाद बदरुद्दीन तथा बंदी फिरोज खान से रविवार को मुलाकात करने पहुंची चार महिलाओं में से तीन महिलाओं की आरटीपीसीआर रिपोर्ट फर्जी पाई गई। जिसके बाद जेलर अजय राय ने से संदिग्ध समझ कर इसकी सूचना गोसाइंगज पुलिस को दी। तथा तीनो महिलाओं को गोसाईंगंज पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इस मामले की जानकारी देने से इंस्पेक्टर गोसाईंगंज नकारते रहे। आखिर में पुलिस के मामले को दर्ज कर लिया। एसीपी गोसाईंगंज के मुताबिक अंसाद की पत्नी नसीम व निशाए अमीमा जोकि फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत कर रविवार को मिलाई करने जिला जेल लखनऊ आई थी, चेकिंग के दौरान सभी दस्तावेज फर्जी पाए जाने पर जेल प्रशासन द्वारा थाने पर सूचना की गई थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई जिसके आधार पर सोमवार को महिलाओ को जेल भेजा गया।

## सत्रह माह बाद लोकबंधु में ऑपरेशन शुरू

लखनऊ। कोरोना दौर में पूर्णतया कोविड हॉस्पिटल के तौर पर होने के नाते लोकबंधु अस्पताल में बंद आपरेशन की प्रक्रिया फिर से शुरू हो चुकी है। इससे पूर्व तकरीबन 17 माह तक माह तक आपरेशन बन्द थे। अब रोजाना सात से आठ ऑपरेशन होने लगे हैं। इसमें हड्डी, गॉल ब्लेडर की पथरी, हार्निया, आंख, प्रसव व सामान्य ऑपरेशन शामिल हैं। लोक बन्धु अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ अजय शंकर त्रिपाठी के मुताबिक जल्द ही आंख के मरीजों के लिए फेको विधि से ऑपरेशन शुरू होंगे। उन्होंने बताया कि अस्पताल में पांच माड्यूलर ऑपरेशन थियेटर क्रियाशील हैं। इनमें एक इमरजेंसी ओटी, आंख, हड्डी, सर्जरी में हॉर्निया, गालब्लेडर, हाइड्रोसील व महिलाओं के प्रसव के लिए दो ऑपरेशन थियेटर हैं।

## बीएडः आवंटन लेटर डाउनलोड नहीं किया तो आवंटन हो सकता है निरस्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीएड** कक्षाओं में दाखिले को लेकर चल रही ऑनलाइन काउंसिलिंग में सीट आवंटन के पश्चात जिन महाविद्यालयों की आवंटन राशि 5 हजार से कम है, उन कालेजों के आवंटित स्टूडेंट्स को लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लॉगिन कर आवंटन-सह पुष्टिपत्र डाउनलोड करना अनिवार्य होगा। अन्यथा प्रक्रिया में असफल रहने वाले छात्रों का आवंटन निरस्त कर दिया जाएगा। सोमवार को यह जानकारी प्रवेश समन्वयक बीएड प्रो अमिता बाजपेयी ने दी है। प्रवेश समन्वयक के मुताबिक उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2021-23 की काउंसलिंग के प्रथम चक्र में जिन अभ्यर्थियों को सीट आवंटित हुई है वे 29 सितंबर तक अपना सीट कन्फर्मेशन शुल्क जमा कर सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों की आबंटित महाविद्यालय फीस रुपए 5000 रुपये से कम है उन्हें लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लॉगिन कर आवंटन-सह पुष्टिपत्र डाउनलोड कर लेना होगा। अन्य आवंटित अभ्यर्थियों को लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लॉगिन कर शेष महाविद्यालय शुल्क राशि जमा कर अपना आवंटन-सह पुष्टिपत्र अवश्य डाउनलोड करना होगा। इस प्रक्रिया में असफल रहने पर अभ्यर्थियों का सीट आवंटन निरस्त हो जायेगा। अभ्यर्थियों को अपने आवंटन पत्र तथा मूल प्रमाण पत्रों के साथ आवंटित महाविद्यालय में 3 दिनों के अंदर संपर्क कर रिपोर्टिंग करना होगा। उन्होंने बताया कि प्रथम काउंसलिंग के द्वितीय चक्र (स्टेट रैंक 75,001 से 2,00,000 तक) हेतु पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जो 28 सितंबर तक चलेगी। इसका आवंटन परिणाम 30 सितंबर को लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को चाहिए कि वे च्वाइस फिलिंग प्रक्रिया में महाविद्यालय चयन के पूर्व वेबसाइट पर उपलब्ध महाविद्यालयों की सूची से अपनी पसंद के महाविद्यालयों के कोड नोट कर लें तथा उन्हें अपनी रूचि के क्रम में अधिकाधिक संख्या में भरें जिससे वे अपनी पसंद के बीएड महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त कर सकें। साथ ही अपने विकल्प सावधानी से भरें। एक बार विकल्प लॉक हो जाने पर उनमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन संभव नहीं होगा।

## मनी लांड्रिंग मामले में गायत्री की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**जिला** जज व ईडी के विशेष जज सर्वेश कुमार ने मनी लांड्रिंग के एक मामले में निरुद्ध पूर्व काबीना मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने जमानत के लिए पेश किए गए तर्को को खारिज करते हुए प्रथम दृष्टया मुल्जिम के अपराध को गंभीर करार दिया है। आठ अप्रैल 2021 को इस मामले में गायत्री के खिलाफ 3/4 पीएमएलए एक्ट के तहत आरोप पत्र दाखिल हुआ था। ईडी के विशेष वकील कुलदीप श्रीवास्तव ने जमानत अर्जी का जोरदार विरोध करते हुए कहा कि आठ फरवरी 2021 को मुल्जिम को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था। इसके बाद तय मियाद में आरोप पत्र दाखिल कर दिया गया। इससे पूर्व मुल्जिम की ओर कहा गया कि निर्धारित अवधि में आरोप पत्र दाखिल नहीं किया गया है।

बताते चलें कि 26 अक्टूबर 2020 को विजिलेंस ने गायत्री के खिलाफ आय से अधिक संपति का मामला दर्ज किया था। 14 जनवरीए 2021 को इसी आधार पर ईडी ने भी जांच शुरु की थी। ईडी की प्रारम्भिक जांच में पता चला कि बतौर खनन मंत्री गायत्री ने अपनी आय से अधिक संपति अर्जित की है। ईडी ने जांच के दौरान गायत्री की 37 करोड़ की संपति जब्त की। ये संपति मोहनलालगंज, अमेठी, कानपुर व लोनावला में है।

### अपहरण व रंगदारी के मामले में 30 सितंबर को आएगा फैसला

**लखनऊ( विसं )।** एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष जज पवन कुमार राय ने अपहरण के एक मामले में अमनमणि त्रिपाठी व अन्य मुल्जिमों के मुकदमे की सुनवाई पूरी कर फैसले के लिए 30 सितंबर की तारीख मुकर्रर की है। अमनमणि महाराजगंज के नौतनवां से निर्दलीय विधायक है। बताते चलें कि छह अगस्त 2014 को इस मामले की एफआईआर गोरखपुर के ठेकेदार ऋषि कुमार पांडेय ने दर्ज कराई थी। जिसमें अमनमणि व उसके दो साथी संदीप त्रिपाठी व रवि शुक्ला पर अपहरण कर फिरौती मांगने व जानमाल की धमकी देने का भी इल्जाम लगाया था। विवेचना के बाद मुल्जिमों के खिलाफ आईपीसी की धारा 364, 386, 504 व 506 के तहत आरोप पत्र दाखिल किया गया। 28 जुलाई 2017 को अदालत ने अमनमणि समेत तीनों मुल्जिमों पर आरोप तय किया था।

## मानहानि के एक मामले में श्रीकांत शर्मा ने अदालत में दर्ज कराई गवाही

● उप्र कांग्रेस के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के खिलाफ दाखिल किया था परिवाद

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**एमपी**-एमएलए कोर्ट के विशेष जज पवन कुमार राय ने मानहानि के एक मामले में सोमवार को सूबे के उर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा की गवाही दर्ज करते हुए मुल्जिम की ओर से बहस के लिए चार अक्टूबर की तारीख मुकर्रर की है। उन्होंने तय तारीख पर श्रीकांत शर्मा को अदालत में उपस्थित रहने का आदेश दिया है। श्रीकांत शर्मा ने उप्र कांग्रेस के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के खिलाफ मानहानि के इस मामले में परिवाद दाखिल किया था। सात फरवरी 2020 को विशेष अदालत ने इस परिवाद पर संज्ञान लेते हुए बतौर मुल्जिम अजय कुमार लल्लू को आईपीसी की धारा 500 के तहत अपराध के विचारण के लिए जरिए समन तलब किया था।

**यह है मामला:** परिवाद में आरोप लगाया गया है कि चार नवंबर 2019 को विधान परिषद सदस्य व उप्र कांग्रेस के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने प्रिन्ट व इलेक्टानिक मीडिया में उनके खिलाफ असत्य दुर्भावनापूर्ण व भ्रामक बयान जारी किया था। जो विभिन्न न्यूज चैनलों पर प्रसारित हुआ। साथ ही अगले दिन अनेक सामाचार पत्रों में भी उनका बयान प्रकाशित हुआ। जिसे आमजनमानस द्वारा देखा व पढ़ा गया। परिवाद के मुताबिक अजय कुमार लल्लू ने कहा था कि गरीब जनता की बिजली कुछ सौ और हजार रुपए के बकाए पर कटवा देने वाली मंत्री जी विभाग के खजाने से हजारो करोड़ रुपए देश द्रोहियों दाउद इब्राहिम व इकबाल मिर्ची से जुड़ी कम्पनियों को देते हैं। इस बात की जांच की जानी चाहिए कि सितंबर व अक्टूबर 2017 में उर्जा मंत्री किस प्रयोजन से दुबई गए थे और वहां किन किन लोगों से मुलाकात की।

### जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ ( विसं )।** विशेष जज महेश चन्द्र वर्मा ने फर्जी आईबी आफीसर बताकर होटल में ठहरे यात्रियों से डॉलर, यूरो व रुपए आदि लूटने के एक आपराधिक मामले में निरुद्ध मुल्जिम आशीष सिंधिया की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने प्रथम दृष्टया मुल्जिम के अपराध को गंभीर करार दिया है। 23 जून 2021 को इस मामले की एफआईआर सुनील कुमार ने थाना नाका हिण्डोला में दर्ज कराई थी। विशेष लोक अभियोजक अशोक श्रीवास्तव के मुताबिक यह अपने साथियों के साथ होटल शान्ता इन में यूरोप जाने के लिए ठहरे थे। इन सबके पास 1900 डॉलर व 750 यूरो था। विवेचना के दौरान मुल्जिम को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था।

### जेल अधीक्षक को नोटिस जारी

**लखनऊ ( विसं )।** विशेष जज विनय कुमार सिंह ने अपहरण व हत्या के एक मामले में दोषी करार दिए मुल्जिमों की सजा के बिन्दू पर सुनवाई के लिए उन्हें अदालत नहीं भेजने पर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने इस मामले में जेल अधीक्षक को नोटिस जारी कर मुल्जिमों 28 सितंबर को पेश करने का आदेश दिया है। लेकिन साथ ही यह भी कहा है कि यदि मुल्जिमों को पेश नहीं किया जाता हैए तो किसी प्रतिकूल प्रभाव या आदेश की दशा में समस्त जिम्मेदारी उनकी होगी। बीते 24 सितंबर को अदालत ने थाना वजीरगंज से संबधित इस मामले में मुल्जिम हरबंश मिश्रा व कृष्णा गोस्वामी उर्फ गुड़िया को दोषी करार दिया था। साथ ही इनकी सजा के बिन्दू पर सुनवाई के लिए 27 सितंबर की तारीख मुकर्रर की थी।

### संसार चंद व उनकी पत्नी की गिरफ्तारी पर रोक

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**सीजीएसटी** कानपुर निदेशालय के आयुक्त रहे संसार चंद व उसकी पत्नी अविनाश कौर की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने रोक लगा दी है। पीठ ने इसके साथ ही सीबीआई से जवाबी हलफनामा भी तलब किया है। जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस सरोज यादव की पीठ ने यह आदेश संसार चंद व उनकी पत्नी की याचिका पर दिया है। याचिका में 23 मार्चए 2021 को सीबीआई द्वारा उनके खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर को चुनौती दी गई है। सीबीआई ने इनके खिलाफ आईपीसी व भ्रष्टाचार की धाराओं में एफआईआर दर्ज किया है।

## अवध बार एसोसिएशन का चुनाव परिणाम

## राकेश चौधरी अध्यक्ष व अमरेंद्र नाथ त्रिपाठी महासचिव

● आनंद मणि त्रिपाठी ने की पुनर्गणना की मांग

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**अवध** बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर राकेश चौधरी विजयी हुए हैं। जबकि महासचिव पद पर अमरेंद्र नाथ त्रिपाठी ने जीत हासिल की है। बीते शनिवार को हुए मतदान में 2368 वकील मतदाताओं ने अपने मत का इस्तेमाल किया था।

हालांकि अध्यक्ष पद पर राकेश चौधरी की एक वोट से जीत पर विवाद खड़ा हो गया है। अध्यक्ष पद पर दूसरे नंबर पर रहे उम्मीदवार आनंद मणि त्रिपाठी ने पुनर्मतगणना की मांग की है। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन अशोक निगम ने इस मसले पर चुनाव अधिकारी आईबी सिंह से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। जिस पर एल्डर्स कमेटी विचार करेगी और उसके बाद ही विजयी उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। इस दरम्यान आनंद मणि त्रिपाठी ने हाईकोर्ट में एक अर्जी पेश कर पुनर्मतगणना की मांग की। लेकिन उचित पीठ के उपलब्ध नहीं होने से सुनवाई नहीं हो सकी।

इधरए रविवार की देर रात तक चली मतगणना के बाद वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर शैलेंद्र सिंह राजावत, मध्य उपाध्यक्ष के दो पदों पर प्रतुल गुप्ता व प्रभात उपाध्याय, कनिष्ठ उपाध्याय के पद पर कृष्ण मोहन श्रीवास्तव व कोषाध्यक्ष के पद पर सुरेश चंद्र पांडे विजयी हुए हैं। जबकि संयुक्त सचिव के तीन पदों पर प्रमोद पांडेय, प्रखर मिश्रा व पंकज धीर सिंह राणा ने जीत हासिल किया है। वरिष्ठ कार्यकारिणी के छह पदों पर प्रेम चंद्र राय, अजय सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह, रमाकांत दीक्षित, नंदिनी पांडेय व अयोध्या प्रसाद शुक्ला विजयी हुए हैं। जबकि कनिष्ठ कार्यकारिणी के इतने ही पदों पर बृजेंद्र मिश्रा, प्रीति श्रीवास्तव, मोनिका सिंह बिसेन, राकेश यादव, मीना सिंह कठायत व आशीष श्रीवास्तव ने जीत हासिल की है।

## पेड़ से लटकता मिला युवक का शव परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**बीकेटी।** कठवारा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के बाहर आम के पेंड से युवक का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला। सूचना पर पहुचीं पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया हैं। वही मृतक के परिजनों ने हत्याकर शव लटकाने का अरोप लगाया हैं। चंद्रिका देवी मंदिर के चौकी प्रभारी द्वारिका प्रसाद प्रजापति के मुताबिक कठवारा निवासी टुल्ली (45) का शव सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने आम के पेड़ से लटकता देखा तो उसकी सूचना पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस को जांच के दौरान परिजनों ने बताया कि रविवार की देर रात तक मृतक टुल्ली ने पड़ोसी सुखदेव के साथ शराब पी व उसके घर में खाना खाया था।

## खस्ताहाल अमौसी रोड से परेशान टैंकर चालकों ने किया चक्का जाम

● दो दर्जन से अधिक जिलों में एलपीजी गैस व पेट्रोलियम पदार्थो की नहीं हो सकी आपूर्ति

**संवाददाता।** सरोजनीनगर

**कानपुर** रोड से अमौसी रेलवे स्टेशन को जाने वाली सड़क पिछले करीब तीन माह से खस्ताहाल है। इससे परेशान होकर अमौसी पेट्रोलियम तेल डिपो के टैंकर चालकों और इंडेन एलपीजी गैस बॉटलिंग प्लांट के टैंकर व ट्रक चालकों ने सोमवार सुबह से ही अपनी गाड़ियों के चक्का जाम कर हड़ताल शुरू कर दी। इस चक्का जाम से राजधानी लखनऊ सहित आसपास करीब दो दर्जन जिलों की पेट्रोल पंपों पर पेट्रोलियम तेल और घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति ठप हो गई। जानकारी पाकर पहुंचे सरोजनीनगर एसडीएम ने चालकों को काफी समझाने की कोशिश की, लेकिन वह बिना सड़क की मरम्मत के कुछ भी मानने को तैयार नहीं हुए। बाद में इसकी सूचना लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को दी गई। मौके पर पहुंचे लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड-2 के अवर अभियंता विशाल सिंह यादव ने तुरंत सड़क का मरम्मत कार्य शुरू कराया। वहीं उन्होंने बताया कि इस सड़क की विशेष मरम्मत के लिए बीती तीन सितंबर को इसका एस्टीमेट शासन को प्रेषित किया जा चुका है और वित्तीय स्वीकृति मिलते ही खराब पड़ी सड़क का निर्माण विशेष स्तर पर करा दिया जाएगा। फिलहाल अवर अभियंता विशाल सिंह यादव के आश्वासन के बाद सुबह सात बजे से शुरू हुई हड़ताल करीब 11 घंटे बाद शाम चार बजे समाप्त हो गई और टैंकर व ट्रक चालकों ने तेल व गैस सिलेंडरों की उठान शुरू कर दी। उधर बाद में पीडब्ल्यूडी द्वारा गड्ढों में मलबा भरने का काम भी शुरू कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि सरोजनीनगर में कानपुर रोड स्थित नादरगंज तिराहे से अमौसी रेलवे स्टेशन होते हुए आगरा एक्सप्रेस को जोड़ने वाली इस रोड पर निंदन खेड़ा से अमौसी रेलवे स्टेशन के बीच तीन जगह (गिंदन खेड़ा स्थित नहर के पास, मेहराब ऑटो मूवर्स वर्कशॉप के पास और बेहटवा स्थित नहर के पास) काफी बड़े-बड़े तालाब रुपी कई गड्ढे हैं।

## एयरपोर्ट पर विदेशी मुद्रा के साथ महिला यात्री गिरफ्तार

**सरोजनीनगर।** राजस्व सूचना निदेशालय के अधिकारियों की सूचना पर सोमवार को राजधानी के चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर एक महिला को विदेशी मुद्रा के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। एयरपोर्ट अधिकारियों ने महिला यात्री के कब्जे से भारतीय रुपए के हिसाब से 25 लाख से अधिक की रकम बरामद करने का दावा किया है। महिला के पास से बरामद विदेशी मुद्रा को जब्त करने के साथ ही महिला से पूछतांछ की जा रही है। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक सोमवार को राजस्व निदेशालय के अधिकारियों को सूचना मिली कि लखनऊ से दुबई जाने वाली एक महिला यात्री विदेशी मुद्रा तस्करी कर ले जा रही है। खुफिया जानकारी मिलते ही एयरपोर्ट अधिकारियों ने महिला को रंगे हाथ पकड़ने के लिए एक टीम गठित कर उसे एयरपोर्ट पर रोक लिया। महिला से पूछताछ करने के साथ ही एयरपोर्ट पर तैनात सुरक्षा अधिकारियों ने उसके सामान की तलाशी ली। जांच अधिकारियों को उसके सामान से 500 रियाल के 246 नोट बरामद हुए। यह रकम 600 धीरम के बराबर है। एयरपोर्ट पर तैनात सुरक्षाकर्मियों के मुताबिक भारतीय मुद्रा में इसकी कीमत 25 लाख 03 हजार 140 रूपये है। एयरपोर्ट के सुरक्षा अधिकारियों ने सीमा शुल्क अधिनियम 1962 के तहत महिला यात्री के कब्जे से बरामद विदेशी मुद्रा को जब्त कर लिया।

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक (भारत सरकार का उपक्रम)
INDIAN OVERSEAS BANK (A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)

क्षेत्रीय कार्यालय-लखनऊ | केन्द्रीय कार्यालय-चेन्नई

कब्ज़ा नोटिस [नियम 8(1)]

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002, (अचल सम्पत्ति हेतु)

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने इण्डियन ओवरसीज़ बैंक का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (12) के सपठित नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचनापत्र से यहाँ विस्तृत रूप से नीचे दी गयी राशि 60 दिनों के भीतर लौटाने के लिए निर्गमित किया।

ऋणी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर **ऋणी / बंधककर्ता / ज़मानतकर्ता** और सर्वसाधारण को एतद्वारा सूचना दी जाती है की अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में निम्नलिखित सम्पत्तियों का प्रतीकात्मक आधिपत्य ग्रहण कर लिया गया है।

**ऋणी / बंधककर्ता / ज़मानतकर्ता** को विशिष्ट रूप से और सर्व-साधारण को सामान्य रूप से एतद्वारा संपत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त संपत्ति का किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय **इण्डियन ओवरसीज़ बैंक,** के प्रभारों के अधीन होगा, जैसा कि बकाया राशि व ब्याज़ खातें के सामने उल्लिखित हैं।

**ऋणी / बंधककर्ता / ज़मानतकर्ता का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।**

विवरण निम्नुसार हैं:-

| क्र. सं. | ऋणी / बंधककर्ता / ज़मानतकर्ता का नाम एवं पता | अचल सम्पत्तियों का विवरण | डिमाण्ड नोटिस की तिथि / कब्ज़ा की तिथि / बकाया धनराशि |
|---|---|---|---|
| शाखाः अलीगंज शाखा, 35ए चन्द्रलोक कॉलोनी, कपूरथला, अलीगंज, लखनऊ ई-मेलः iob1574@iob.in | | | |
| 1. | 1. ऋणीः मेसर्स ड्यूरेक्स इंजीनियर्स एंड एसोसिएट्स प्रोप. श्री विनोद कंसल पुत्र श्री एस.के. कंसल निवासी 9/32, इंदिरा नगर, लखनऊ- 226016 2. जमानतकर्ताः श्रीमती मीता कंसल पत्नी श्री विनोद कंसल, निवासी- 9/32, इंदिरा नगर, लखनऊ-226016 3. जमानतकर्ताः सुश्री राशि कंसल पुत्री श्री विनोद कंसल, निवासी 9/32, इंदिरा नगर, लखनऊ-226016 4. बंधककर्ताः श्री विनोद कंसल पुत्र श्री एस.के. कंसल, निवासी 9/32, इंदिरा नगर, लखनऊ-226016 5. बंधककर्ताः श्रीमती मीता कंसल पत्नी श्री विनोद कंसल, निवासी-9/32, इंदिरा नगर, लखनऊ- 226016 | 1. आवासीय सम्पत्ति स्थित मकान नं. 9/32, सेक्टर 9, इन्दिरा नगर, लखनऊ, जमानतकर्ता / बंधककर्ता श्रीमती मीता कंसल पत्नी श्री विनोद कंसल के नाम पर, क्षेत्रफल-242.00 वर्ग मीटर, चौहद्दी-बिक्री विलेख सं. 3874/2000 दिनांक 19.07.2000 के अनुसारः- पूर्व-मकान नं. 9/53, पश्चिम- 9.00 मी. चौड़ी रोड, उत्तर- मकान नं. 9/31, दक्षिण-मकान नं. 9/33 कुल क्षेत्रफल-242.00 वर्ग मीटर *** उपर्युक्त संपत्ति श्री विनोद कंसल पुत्र एस.के. व श्रीमती मीता कंसल पत्नी श्री विनोद कंसल के नाम पर अन्य ऋण खाता (आवास ऋण) में भी बंधक है।*** 2. फ्लैट नं. 1402, 13वां तल, ब्लॉक 14, क्लोज नॉर्थ निर्वाण कंट्री,, सेक्टर-50, गुड़गांव, हरियाणा, जमानतकर्ता / बंधककर्ता श्री विनोद कंसल पुत्र एस.के. व श्रीमती मीता कंसल पत्नी श्री विनोद कंसल के नाम पर, क्षेत्रफल-3034 वर्ग फीट या 281.86 वर्ग मीटर, स्थानान्तरण विलेख संख्या 10745 दिनांक 18.12.2018 के अनुसार चौहद्दी (निकटतम डीड नं. स्थानांतरण से पहले ब्लड संबंध में विलेख दिनांक 26.05.2011) :- पूर्व-खुला, पश्चिम-खुला, उत्तर-प्रवेश, दक्षिण-खुला कुल क्षेत्रफल-281.86 वर्ग मीटर, 3. सम्पत्ति भूमि स्थित प्लॉट नं. 573 क, क्षेत्रफल-0.345 हेक्टेयर, प्लॉट नं. 573 ख, क्षेत्रफल-0.345 हेक्टेयर का 1/2 भाग एवं प्लॉट नं. 568, क्षेत्रफल-12 बिस्वा 6 बिस्वानी (0.156 हेक्टेयर) स्थित ग्राम-बहरौली, तहसील-फतेहपुर, जिला-बाराबंकी, चौहद्दीः- पूर्व-छोटी नगह, पश्चिम- लखनऊ से महमूदाबाद रोड, उत्तर- राम नरेश की सम्पत्ति, दक्षिण-खसरा नं. 569 की भूमि कुल क्षेत्रफल-6735 वर्ग मीटर, | 10.05.2021 / 24.09.2021 / रू. 9,09,38,254.00 + भविष्य का ब्याज संविदात्मक दर पर एवं अन्य खर्चे आदि |
| 2. | 1. ऋणीः श्री विनोद कंसल पुत्र श्री एस.के. कंसल व श्रीमती मीता कंसल पत्नी श्री विनोद कंसल निवासी 9/32, इंदिरा नगर, लखनऊ-226016 2. बंधककर्ताः श्रीमती मीता कंसल पत्नी श्री विनोद कंसल, निवासी- 9/32, इंदिरा नगर, लखनऊ-226016 | आवासीय सम्पत्ति स्थित मकान नं. 9/32, सेक्टर 9, इन्दिरा नगर, लखनऊ, जमानतकर्ता / बंधककर्ता श्रीमती मीता कंसल पत्नी श्री विनोद कंसल के नाम पर, क्षेत्रफल-242.00 वर्ग मीटर, चौहद्दी-बिक्री विलेख सं. 3874/2000 दिनांक 19.07.2000 के अनुसारः- पूर्व-मकान नं. 9/53, पश्चिम- 9.00 मी. चौड़ी रोड, उत्तर- मकान नं. 9/31, दक्षिण-मकान नं. 9/33 कुल क्षेत्रफल-242.00 वर्ग मीटर *** उपर्युक्त संपत्ति मेसर्स ड्यूरेक्स इंजीनियर्स एंड एसोसिएट्स प्रोप. श्री विनोद कंसल पुत्र श्री एस.के. कंसल के नाम पर अन्य ऋण खाता में भी बंधक है।*** | 19.05.2021 / 24.09.2021 / रू. 6,60,222.01 + भविष्य का ब्याज संविदात्मक दर पर एवं अन्य खर्चे आदि |

दिनांकः 24.09.2021 स्थानः लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, इण्डियन ओवरसीज़ बैंक

## छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** गोसाईंगंज पुलिस ने सोमवार को कई दिनों से फरार चल रहे छेड़छाड़ के आरोपी को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक बीते 11 सितंबर को क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने सिटकिया कला गांव निवासी विजय कुमार पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए गोसाईंगंज थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी। मुखबिर की सूचना पर सोमवार को गोसाईंगंज पुलिस ने आरोपी विजय कुमार को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## कार्यालय लाइसेंस प्राधिकारी/ कलेक्टर, बाराबंकी

संख्या :– 747 /आब0दुकान/दैनिक आधार/2021–22/बाराबंकी, दिनांक : सितम्बर, 27. 2021

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद बाराबंकी में निलम्बित चल रही देशी/विदेशी मदिरा दुकान को दैनिक आधार पर आफर मांग कर अन्तरिम व्यवस्थापन कराया जाना है, जिनका विवरण निम्नवत है :–

| क्र0 सं0 | दुकान का नाम व प्रकार | अवधि जिस हेतु अन्तरिम व्यवस्थापन कराया जाना है। | आफर प्रस्तुत करने की निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | भानपुर चौराहा (देशी मदिरा दुकान) | दि0–30.09.2021 से एक बार में न्यूनतम चौदह दिनों की अवधि या नियमित व्यवस्थापन के दिनांक, जो पहले हो | दि0–29.09.2021 को प्रातः 10.00 बजे से 12:00 बजे तक |
| 2 | सहावपुर (विदेशी मदिरा दुकान) | दि0–01.10.2021 से एक बार में न्यूनतम चौदह दिनों की अवधि या नियमित व्यवस्थापन के दिनांक, जो पहले हो | दि0–29.09.2021 को प्रातः 10.00 बजे से 12.00 बजे तक |

इसके लिए आवेदन/आफर उपरोक्तानुसार कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, बाराबंकी में जमा कर सकते हैं। एक दुकान के लिये दो या दो से अधिक समान आफर प्राप्त होने पर, सार्वजनिक लाटरी के माध्यम से आफर प्रस्तुत करने की निर्धारित तिथि को सायं 04:00 बजे व्यवस्थापन कराया जायेगा। उपरोक्त दुकानों की बेसिक लाइसेंस फीस/लाइसेंस फीस इत्यादि की जानकारी क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक तथा कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, बाराबंकी से प्राप्त किया जा सकता है।

**जिला आबकारी अधिकारी, बाराबंकी।**
**लाइसेंस प्राधिकारी/कलेक्टर, बाराबंकी।**

# यूपी बना सबसे अधिक एलपीजी उपभोक्ताओं वाला राज्य

**● सूबे में एलपीजी उपभोक्ताओं की संख्या चार करोड़ से अधिक हुई**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश अब देश में सबसे अधिक एलपीजी उपभोक्ताओं वाला राज्य बन गया है। नियोजन विभाग की समीक्षा के अनुसार राज्य में सब्सिडी कनेक्शन वाले एलपीजी उपभोक्ताओं की संख्या 4,26,33,197 हो गई है। इनमें से 4,07,10,440 सब्सिडी कनेक्शन वाले एलपीजी उपभोक्ताओं को डिजिटाइज्ड डाटाबेस से जोड़ दिया गया है। यह नया रिकार्ड है क्योंकि सूबे के 4,26,33,197 सब्सिडी कनेक्शन वाले एलपीजी उपभोक्ताओं में से 95.49 फीसद एलपीजी उपभोक्ता अब डिजिटाइज्ड डाटाबेस से जुड़ गए हैं। इनती बड़ी संख्या में देश के किसी अन्य राज्य में अभी तक सब्सिडी कनेक्शन वाले एलपीजी उपभोक्ताओं को डिजिटाइज्ड डाटाबेस से नहीं जोड़ा जा सका है। इसके साथ ही प्रदेश सरकार ने उज्वला 2.0 योजना के तहत 20 लाख लोगों को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने की मुहिम को तेज किया है।

गौरतलब है कि करीब पांच वर्ष पूर्व राज्य में रसोई गैस की समस्या से हर कोई जूझ रहा था। लोगों को रसोई गैस के कनेक्शन से लेकर उसे रिफिल कराने के लिए तमाम समस्याओं से जूझना पड़ता था, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। सूबे में गरीबों और जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के लिये प्रदेश सरकार ने जहां एक तरफ राशन वितरण की व्यवस्था को भ्रष्टाचार रहित बनाते हुए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम योजना के तहत नए राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया को तेज किया है। वही दूसरी तरफ रसोई गैस को लेकर होने वाली दुश्वारियों को केंद्र तथा राज्य सरकार ने मिल कर खत्म किया है। इसके लिए लोगों को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने के साथ ही उज्वला योजना का लाभ गांव गांव तक पहुंचाया जा रहा। सरकार के ऐसे प्रयासों से ही प्रदेश में सब्सिडी कनेक्शन वाले एलपीजी उपभोक्ताओं की संख्या 4.26 करोड़ हो गई है। जबकि वर्ष 2014 में प्रदेश में एलपीजी उपभोक्ताओं की संख्या 1.67 करोड़ थी। प्रदेश में सिर्फ कनेक्शन में बढ़ोतरी नहीं हुई है बल्कि एलपीजी कवरेज एरिया में भी बढोतरी हुई है। प्रदेश में अप्रैल 2016 में एलपीजी कवरेज 55.6 प्रतिशत था जो इस साल अप्रैल तक बढ़कर 106.8 प्रतिशत हो गया है। यह भी एक रिकॉर्ड है। कोरोना संकट के दौरान भी सरकार ने गरीबों और जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के लिये गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए हैं।

# औद्योगिक क्षेत्रों से हटाए जाएं अतिक्रमण:डीएम

**● उद्योग बन्धु समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जिलाधिकारी** द्वारा जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक में तुलसीदास मार्ग निकट बालाजी मंदिर के पहले बनी पुरानी पुलिया के चौड़ीकरण का कार्य इसी माह पूरा कराने के निर्देश दिये गए। साथ ही औद्योगिक क्षेत्र चिनहट, नादरगंज, राजकीय औद्योगिक संस्थान व अन्य इलाके के अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिए। सोमवार को जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक हुई। बैठक में जनपद में स्थापित औद्योगिक क्षेत्रों के उद्यमी संगठन के पदाधिकारियों, उद्यमियों, उप्र व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्यों एवं जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि तुलसीदास मार्ग निकट बालाजी मंदिर के पहले बनी पुरानी पुलिया के चौड़ीकरण के सम्बन्ध में अध्यक्ष द्वारा इसी माह पूरा कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र चिनहट, नादरगंज, राजकीय औद्योगिक आस्थान, तालकटोरा रोड एवं मटियारी चौराहा एवं देवा रोड पर भारी वाहनों के अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नगर निगम, यूपीसीडा, पीडब्लूडी, पुलिस विभाग से अतिक्रमण हटाओं विशेष अभियान चलाकर अतिक्रमण को हटवाने का निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि उद्यमियों से सम्बन्धित जो प्रकरण लम्बित हो उसे सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों द्वारा उद्यमी हित में समस्याओं का यथाशीघ्र निस्तारण कराया जाय।

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मोहनलालगंज, लखनऊ

पत्रांक : 1665/15वाँ/पंचम रा0०वि0/क्षे0पं0/टेण्डर दिनांक : 25.9.2021

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

निविदा फार्म प्राप्त करने की अन्तिम तिथि व समय : दिनांक– 05.10.2021 प्रातः 11.00 बजे से तक
निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय : दिनांक– 05.10.2021 प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 1.00 बजे तक
निविदा फार्म खोलने की तिथि एवं समय : 05.10.2021 अपरान्ह 3.00 बजे

निविदा फार्म खोलने का स्थान कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मोहनलालगंज विकास खण्ड मोहनलालगंज में पन्द्रहवाँ वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित कार्यों हेतु विकास खण्ड मोहनलालगंज के पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र 100 रूपये के जनरल स्टैम्प पेपर जो निविदाकर्ता फर्म के नाम पर ही 1 रूपये की रसीदी टिकट लगाकर जमा होंगे। निविदायें दिनांक–05.10.2024 को अपरान्ह 1.00 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। उसी तिथि को अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित ठेकेदारों एवं अधोहस्ताक्षरी/गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी निविदा स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी एवं गठित समिति में निहित होगा। जिसके विरूद्ध कोई भी वाद न्यायालय में नहीं चलाया जा सकता है।

कार्य का प्राक्कलन/आगणन नियम व शर्तें कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मोहनलालगंज लखनऊ में किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

**निविदा नियम व शर्तें –**

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | मद का नाम | कार्य का नाम | मात्रा | वित्तीय स्वीकृति (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा मूल्य जी0एस0टी0 सहित | कार्य पूर्ण पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15वाँ रा0वि0 | अनटाईड कार्य | हसनपुर पाटन देवी मन्दिर के पास इण्टरलाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 9.63 | 0.20 | 500+300+ 100+ | तीन माह |
| 2 | ,, | ,, | उदयपुर सुन्दर कोरी के घर से दयाराम के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 8.50 | 0.17 | 500+300+ 100+ | तीन माह |
| 3 | ,, | ,, | कनकहा बदलूखेड़ा गांव से बड़ी बाग तक इण्टरलाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 9.98 | 0.20 | 500+300+ 100+ | तीन माह |
| 4 | ,, | ,, | बाजपेई खेड़ा जागेश्वर बाबा मन्दिर के पास इण्टरलाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 9.60 | 0.19 | 500+300+ 100+ | तीन माह |
| 5 | ,, | ,, | कनेरी मुख्य मार्ग से आलदेव बाबा मन्दिर के पास इण्टरलाकिंग कार्य । | प्राक्कलन के अनुसार | 9.84 | 0.20 | 500+300+ 100+ | तीन माह |
| 6 | ,, | ,, | निगोंहा बाबूखेड़ा रोड पर डामर रोड से शहीद स्थल तक इण्टरलाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 5.36 | 0.11 | 500+300+ 100+ | तीन माह |
| 7 | ,, | ,, | पुरहिया सूर्यबलीखेड़ा बृजमोहन के घर से रामबहादुर के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 6.69 | 0.13 | 500+300+ 100+ | तीन माह |
| 8 | ,, | टाईड कार्य | कुढ़ा अशोक यादव के दरवाजे से गांव के बाहर तक नाला निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 9.91 | 0.20 | 500+300+ 100+ | तीन माह |
| 9 | ,, | ,, | निगोंहा बेनीगंज मार्ग से बहरवार बाबा मन्दिर तक नाला निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 9.93 | 0.20 | 500+300+ 100+ | तीन माह |
| 10 | ,, | ,, | कनकहा हीरालाल के घर के सामने से मेड़गाडा तालाब तक नाला निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 8.65 | 0.17 | 500+300+ 100+ | तीन माह |
| 11 | पंचम रा0वि0 | अनटाईड कार्य | बाजपेईखेड़ा हीरालाल के दरवाजे से जागेश्वर मन्दिर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 9.98 | 0.20 | 500+300+ 100+ | तीन माह |
| 12 | पंचम रा0वि0 | अनटाईड कार्य | खण्ड विकास अधिकारी एवं प्रमुख जी कक्ष का शौचालाय एवं विश्राम कक्ष का जीर्णोद्धार | प्राक्कलन के अनुसार | 3.50 | 0.07 | 500+300+ 100+ | तीन माह |
| 13 | ,, | ,, | कनकहा फत्तेखेड़ा मंगल प्रसाद के घर से शंकर यादव के तक इण्टरलाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 9.94 | 0.20 | 500+300+ 100+ | तीन माह |
| 14 | ,, | ,, | कुशमौरा हरीओम के घर से बागेपाल के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य । | प्राक्कलन के अनुसार | 9.99 | 0.20 | 500+300+ 100+ | तीन माह |
| 15 | ,, | ,, | देवती रामपाल के घर से सजीवन के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य । | प्राक्कलन के अनुसार | 9.93 | 0.20 | 500+300+ 100+ | तीन माह |
| 16 | ,, | ,, | भसण्डा शिवदास के घर से रामेश्वर मास्टर के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 9.98 | 0.20 | 500+300+ 100+ | तीन माह |
| 17 | ,, | ,, | नन्दौली सम्पर्क मार्ग से जवाहर खेड़ा मार्ग तक खडण्जा निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 9.98 | 0.20 | 500+300+ 100+ | तीन माह |
| | | | **योग** | | **151.39** | | | |

1. कोई भी निविदादाता राज्य सरकार की काली सूची में दर्ज है तो निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेगा, तथा भविष्य में ज्ञात होने पर उसकी निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
2. निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल का निरीक्षण निविदादाता द्वारा कर लिया जायें अन्यथा की स्थिति में कोई दावा मान्य नही होगा।
3. निविदादाता का दो बन्द लिफाफे में टेण्डर डाले जायेंगे। जिसमें एक लिफाफे में जमानत की धनराशि दूसरे लिफाफे में निविदा प्रपत्र रखा जायेगा। जिस पर बड़े–बड़े अक्षरों में निविदादाता का नाम एवं कार्य का नाम अंकित किया जायेगा। प्रत्येक कार्य के लिए अलग–अलग निविदा कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी।
4. स्वीकृत निविदाओं को कार्यादेश के पूर्व नोटरी शपथ पत्र देना होगा।
5. निविदा प्रपत्र डालने के साथ पंजीकरण पत्र की मूल प्रति संलग्न करना होगा।
6. भुगतान के समय नियमानुसार कटौतियों की जायेगी।
7. प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने की समयावधि कॉलम 07 में वर्णित है।
8. कराये जाने कार्य स्थल की कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व कार्य होते समय एवं कार्य पूर्ण की फोटोग्राफ भुगतान के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
9. कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व कार्य स्थल पर संकेत पट (साइन बोर्ड) लगाना आवश्यक होगा। जो स्वीकृत लागत में सम्मिलित है।
10. कार्य पूर्ण होने की अवधि की बढोत्तरी अथवा घटोत्तरी का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
11. भुगतान तकनीकी प्रभारी जे0ई0 (आर0ई0डी0) के मापन एवं संस्तुति पर व्यय होगा।
12. रॉयल्टी हेतु वांछित अभिलेख देना होगा। अन्यथा कटौती बिल से की जायेगी।

**खण्ड विकास अधिकारी, मोहनलालगंज, लखनऊ।**

# भाजपा सांसद संगम लाल गुप्ता के साथ अभद्रता नहीं हुई: प्रमोद तिवारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रतापगढ़** में हुई घटना के संबंध में वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों के सामने अपना पक्ष रखा। इस मौके पर उन्होंने कहा की घटना के संबंध में भाजपा सांसद संगम लाल गुप्ता ने झूठ बोला है और उनके साथ कोई अभद्रता नहीं हुई। इस संबंध में उन्होंने कार्यक्रम से संबंधित कुछ वीडियो भी दिखाए।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में भाजपा सांसद संगम लाल गुप्ता के आने के बाद आराधना मिश्रा मोना ने उनके लिए कुर्सी खाली कर दी और अपने लिए दूसरी कुर्सी मंगाई। मैं स्वयं भी खड़ा होकर उनका स्वागत व अभिनन्दन करता हूं परन्तु उनके साथ आए हुए लगभग 14–15 समर्थक, जो वीडियो में दिख रहे हैं, वे हाल में न आकर सीधे मंच पर चले जाते हैं। उनमें से एक अभिषेक पाण्डेय सरकारी कार्यक्रम के संचालनकर्ता से माइक छीन लेते हैं और मंच पर माईक से सांसद के नारे लगाने लगते हैं, प्रत्युत्तर में मैं नीचे बैठे लोग मेरे एवं आराधना मिश्रा के नारे लगाते हैं। सांसद के साथ आए अभिषेक पाण्डेय ने माईक तोड़ डाला और संचालनकर्ता को धक्का दिया, जिसकी एफआइ आर थाना सांगीपुर, प्रतापगढ़ में दर्ज करायी गयी। हंगामा बढ़ने पर सांसद चलते हुए वीडियो में दिखाई देते हैं और एक क्षण के लिये भी कैमरा बन्द नहीं हुआ है, वे बाहर निकलते है। उनके सुरक्षाकर्मी उन्हें सुरक्षित कार तक पहुंचाते हैं। वीडियों में एक भी क्षण अभद्रता का नहीं है। प्रमोद तिवारी ने कहा कि एक ही घटना की नियम विरुद्ध ढंग से 5 एफआईआर दर्ज कराई गईं। तिवारी ने कहा कि आज तक मेरे ऊपर एक भी मुकदमा नहीं है।

# पुलिस कर्मियों के लिए शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य आवश्यक: डीजीपी

**● ऑनलाइन कार्यशाला में पुलिस कर्मियों को कार्डियक अरेस्ट के खतरों के प्रति किया गया जागरूक**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पुलिस** मुख्यालय में सोमवार को पुलिस कर्मियों को कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) का प्रशिक्षण प्रदान करने और कार्डियक अरेस्ट पर जागरूकता के लिए ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ डीजीपी मुकुल गोयल ने किया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन आई केयर मुंबई प्रो आदित्य कपूर, हेड , कार्डियोलॉजी विभाग, संजय गांधी पीजीआईएमएस और प्रो सुधांशु द्विवेदी, हेड , कार्डियोलॉजी विभाग ,केजीएमयू लखनऊ के साथ किया गया ।

सेमिनार को सम्बोधित करते हुए डीजीपी मुकुल गोयल ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि आज के भाग दौड़ भरे जीवन में, पुलिस कर्मियों के लिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों आवश्यक हैं । इसके साथ ही साथ फर्स्ट रिस्पाण्डर होने के नाते प्रत्येक पुलिस कार्मिकों को अनिवार्य रूप से कार्डियक अरेस्ट के खतरों से अच्छी तरह जागरूक होना चाहिए और सीपीआर में प्रशिक्षित होना चाहिए। उन्होंने अपने दृढ़ विश्वास को दोहराया कि प्राथमिक चिकित्सा प्रक्रियाओं और सीपीआर को समझकर, पुलिस कर्मी अपने कार्य स्थल पर जनता एवं सहकर्मियों की आकस्मिकता की स्थिति में मदद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में प्रदेश के प्रत्येक जोन एवं रेन्ज में इस तरह की कार्यशाला आयोजित की जाएंगी।

उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमीशन कारपारेशन लिमिटेड **ई–निविदा संख्या–51–63–ई0टी0 सी0(प्र0) ए0/2021–2022** प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो हेतु ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं । निविदायें उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन की वेबसाइड www.upptcl.org से डाउनलोड की जायेंगी। **(1) अल्पकालिक निविदा संख्या–51–ई0टी0सी0प्र0ए0/2021–2022** :– विद्युत प्रेषण खण्ड–प्रतापगढ़ के लिए एक अद्द डीजल चलित वाहन 09 माह की अवधि हेतु, **(2) अल्पकालिक निविदा संख्या–52–ई0टी0सी0प्र0ए0/2021–2022** :– विद्युत प्रेषण खण्ड–फतेहपुर के लिए एक अद्द डीजल चलित वाहन 10 माह की अवधि हेतु, निविदा सं० 51 एवं 52 दिनांक 13–10–2021 को 13.00 बजे खोली जायेगी निविदा जमा करने की तिथि तक विवरण के लिए/डाउनलोड के लिए/किसी प्रकार के सुधार/संशोधन/परिवर्तन के लिए कृपया उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन की वेबसाइड www.upptcl.org से प्राप्त करें। **(3) ई–निविदा संख्या–53–ई0टी0सी0प्र0ए0/2021–2022** :– 132 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र कुण्डा प्रतापगढ़ पर 33 के/वी0 सिंगल मूज कनडक्टर बस बार को डबल ए0सी0एस0आर0 मूज कन्डक्टर से बदलने के कार्य हेतु, **ई–निविदा सं0 53 दिनांक 24–10–2021 को 13:00 बजे खोली जायेगी।** निविदा जमा करने की तिथि तक विवरण के लिए/डाउनलोड के लिए किसी प्रकार के सुधार/संशोधन/ परिवर्तन के लिए कृपया उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट www.etender.up.nic.in से प्राप्त करें। **अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत प्रेषण मण्डल–प्रथम, 57–जार्ज टाउन, प्रयागराज।** पत्रांक–2833 दिनांक :– 27.9.2021 ''राष्ट्र हित में बिजली बचायें''।

# चेहल्लुम को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**लखनऊ।** पुलिस आयुक्त डीके ठाकुर द्वारा आगामी चेहल्लुम के त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान चप्पे–चप्पे पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। चेहल्लुम के सभी अंजुमनों से वार्ता कर ली गई है और कोविड 19 के दृष्टिगत शासन द्वारा जारी गाइडलाइन से उन्हें पूरी तरह अवगत करा दिया गया है। इस वर्ष कोविड के दृष्टिगत जुलूस नहीं निकाला जाएगा लेकिन कदीमी मजलिस जो नाजिम साहेब के इमामबाड़े में होती है, वह होगी परंतु उसमें अधिकतम सौ लोग हिस्सा लेंगे। शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे ज़्वाद ने भी जुलूस न निकालने की अपील की है। वहीं 14 अपर पुलिस अधीक्षक, 29 उप पुलिस अधीक्षक, 25 प्रभारी निरीक्षक, 7 अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक, 170 उपनिरीक्षक, 17 महिला उपनिरीक्षक, 120 मुख्य आरक्षी, 690 आरक्षी, 180 महिला आरक्षी, 10 कंपनी पीएसी एवं एक कंपनी रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती की गई है ।

## क्विक न्यूज

### वर्ष 2022 में 300 से अधिक सीटों के साथ भाजपा ही बनाएगी सरकार: केशव

**लखनऊ।** राजधानी में आयोजित एक निजी चैनल के कार्यक्रम में प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने नीलेन्द्रांस कंस्ट्रक्शन के निदेशक आकाश पांडेय को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।गोमतीनगर स्थित पांच सितारा होटल ताज महल में आयोजित कार्यक्रम में यूपी विधान सभा चुनाव 2022 के एक प्रश्न पर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा 2017 और 2022 में कोई अंतर नहीं होगा। बीजेपी भारी बहुमत से 300 से अधिक सीटें हासिल कर भाजपा फिर से सरकार बनाएगी। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश या उत्तर प्रदेश ही नहीं पूरे विश्व के सबसे लोकप्रिय राजनीतिक चहेते हैं। जब श्री मौर्य से पूछा गया कि 2022 का उत्तर प्रदेश चुनाव उनके और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चेहरे पर लड़ा जाएगा। उन्होंने कहा इसके अलावा हमारे संगठन की भी ताकत बहुत है। संगठन व सरकार के लोग मिलकर चुनाव लड़ेंगे और भारी बहुमत से जीतेंगे। इस मौके पर आकाश पांडेय ने कहा कोविड-19 काल के 2020 और 202 में हम लोगों ने व्यक्तिगत व सार्वजनिक के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर लोगों की सेवाएं की। दवाओं के पैकेट बनाकर निःशुल्क वितरित किए। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सस्ते घर बनाकर लोगों को देना हमारा प्रथम लक्ष्य है जिससे पीएम मोदी के सभी वर्गों के आवास का सपना साकार करने के लिए पूरा किया जा सके। इन आवास परिसर में पर्यावरण का खास ख्याल रखते हैं।

### पहली अक्टूबर से आंगनबाड़ी केंद्रों पर लग सकती हैं प्री. प्राइमरी की कक्षाएं

**लखनऊ।** सूबे के 1.85 लाख आंगनबाड़ी केन्द्रों में पहली अक्तूबर से पढ़ाई शुरू हो सकती है। इस बाबत बाल विकास पुष्टाहार विभाग ने प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिया है। इन केन्द्रों पर तीन से छह वर्ष तक की उम्र के बच्चों के लिए प्री प्राइमरी की कक्षाएं लगेंगी। भेजे गए प्रस्ताव को लेकर विभागीय अधिकारियों का कहना है कि पहले चरण में 1.15 लाख उन केन्द्रों से शुरुआत होगी जहां केन्द्र स्कूल परिसर में बने हुए हैं। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग प्री प्राइमरी के लिए एक प्राइमरी शिक्षक को नोडल बनाएगा। यह शिक्षक अपनी कक्षाएं देखने के साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रों में चल रही पढ़ाई पर भी नजर रखेगा। इसके लिए समग्र शिक्षा अभियान, बेसिक शिक्षा विभाग व बाल विकास पुष्टाहार विभाग मिल कर तैयारी कर रहे हैं। पढ़ाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है और प्ले वे किट की खरीद भी हो चुकी है।

### सीएमएस चौक कैम्पस के चार छात्रों को 16 लाख की स्कॉलरशिप



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, चौक कैम्पस के चार मेधावी छात्रों मृत्युंजय पाण्डेय, ओम मेहरोत्रा, साद फुरकान एवं याशफीन शहरन को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 16 लाख रूपये की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है, तथापि प्रत्येक छात्र को चार लाख रूपये मिलेंगे। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि सीएमएस छात्रों को यह स्कॉलरशिप विज्ञान विषय में उच्च स्तरीय शिक्षा हेतु प्रदान की जायेगी, सीएमएस के इन मेधावी छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षकों के अलावा सीएमएस के शैक्षिक वातावरण को दिया है। सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने इन होनहार छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### संदिग्ध हालात में घर के अन्दर पड़ा मिला मजदूर का शव

**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक किसान का शव संदिग्ध अवस्था में उसके घर के अंदर ही बिस्तर पर पड़ा मिला। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का सही पता चल सकेगा। पुलिस के मुताबिक सरोजनीनगर के अमौसी गांव निवासी महेश लोधी 30 की शादी 10 वर्ष पहले हुई थी, लेकिन किन्ही कारणों से उसकी पत्नी शादी के दो माह बाद ही उसे छोड़कर अपने मायके चली गई। तब से महेश अकेले ही घर पर रहता था। सोमवार सुबह गांव का ही रहने वाला महेश का दोस्त मिथलेश गौतम उससे मिलने महेश के घर पहुंचा तो घर का दरवाजा खुला मिला। अंदर पहुंच कर उसने कई बार आवाज लगाई, लेकिन महेश अपने बिस्तर से नहीं उठा। बाद में मिथिलेश ने जब उसे हिलाया डुलाया तो उसके होश उड़ गए। महेश मृत अवस्था में तखत पर पड़ा था।

### बंथरा पुलिस ने दो वाहन चोर दबोचे, दो बाइक बरामद

**सरोजनीनगर।** बंथरा पुलिस ने रविवार को वाहन चेकिंग के दौरान दो शातिर वाहन चोरो को दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गये इन वाहनों चोरो के पास से चोरी की दो मोटर साइकिले बरामद करने का दावा किया है। बंथरा इंस्पेक्टर जितेन्द्र प्रताप सिंह के मुताबिक रविवार को गष्त के दौरान थाना क्षेत्र के मेमौरा के पास सड़क किनारे खड़े दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। आषंका होने पर पुलिसकर्मियों ने उन्हें दौड़ा कर पकड़ लिया। पुलिस ने इन दोनो से कड़ाई से पूछंतांछ की तो पकड़े गये युवको ने वाहन चोरी कर बेचने की बात कबूली। दोनो युवको ने अपने को थाना क्षेत्र के शिवदत्तखेड़ा में रहने वाला इंदल गौतम व किशुनपुर-कौड़ियों में रहने वाला चन्द्रशेखर बताया।

### किसानों ने कटी बगिया में दिया धरना, ज्ञापन सौंपा

**सरोजनीनगर।** भारतीय किसान यूनियन (लोक शक्ति) के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को भारत बंद का समर्थन करते हुए बंथरा इलाके के कटी बगिया में एक दिवसीय धरना दिया। इस दौरान उन्होंने किसान विरोधी अधिनियम एवं निजी करण का विरोध करते हुए सरोजनीनगर एसडीएम के जरिए राष्ट्रपति को संबोधित नौ सूत्रीय ज्ञापन भी बंथरा इंस्पेक्टर जितेंद्र प्रताप सिंह को सौंपा। संगठन के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव हरनाम सिंह के नेतृत्व में आयोजित धरने में ज्ञापन सौंपते हुए कार्यकर्ताओं ने विभिन्न समस्याओं को दूर कराने की मांग की। इस मौके पर संगठन के अनुराग गुप्ता, डीपी रावत, रामपाल प्रधान, उमेश कश्यप, संदीप कुमार साहू, राजेंद्र रावत, वीरेंद्र सिंह पटेल, राकेश कुमार, दयाशंकर, सुनील कुमार, इस्लाम, पुत्ती लाल और रामबालक सहित संगठन के तमाम कार्यकर्ता व किसान मौजूद रहे।

### कांग्रेस का प्रदेश व्यापी प्रदर्शन आज

**लखनऊ।** प्रतापगढ़ जिले में बीती 25 सितंबर को सांगीपुर ब्लाक में गरीब कल्याण मेले के दौरान हुई घटना की न्यायिक जांच और कांग्रेसी नेताओं पर दर्ज किए मुकदमे वापस लिए जाने की मांग को लेकर मंगलवार को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर कांग्रेस प्रदर्शन करेगी। अपनी मांगों के संबंध में कांग्रेस नेता प्रत्येक जिले में जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भी सौंपेंगे।पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता शुचि विश्वास श्रीवास्तव ने बताया कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता एवं स्थानीय विधायक आराधना मिश्रा मोना व पूर्व सांसद प्रमोद तिवारी और उनके समर्थकों के ऊपर प्रशासन व सरकार द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया।

# श्रीराम जन्मभूमि क्षेत्र को चमकाने की मुहिम तेज

## अब मंडलायुक्त ने संभाला मोर्चा, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर किया गहन मंथन

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त एमपी अग्रवाल ने आज आयुक्त कक्ष में श्रीराम जन्मभूमि के आस.पास प्रस्तावित निर्माणाधीन विकास कार्यो के साथ अन्य निर्माण कार्यो की समीक्षा की गई। बैठक में संबंधित विभागो के अधिकारियो के साथ.साथ कार्यदायी संस्थाओ के प्रतिनिधि एवं मुख्य विकास अधिकारी अयोध्या ने प्रतिभाग किया। मण्डलायुक्त ने बताया कि विगत दिवस मुख्य सचिव द्वारा श्रीराम जन्मभूमि के साथ.साथ आस.पास के कार्यो की समीक्षा की गई जिसमें उनके द्वारा निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्यो को गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाये तथा जो निर्माण कार्य पूर्ण होने की स्थिति में है उनके लोकापर्ण के लिए रिर्पोट प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही की जाये। अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि के आसपास के सड़क निर्माण मरम्मत पेयजल व सीवरेज संबंधी कार्य मार्गो का सौन्दर्यीकरण घाटो की मरम्मत आदि अनेक कार्य चलाये जा रहे है जिसमें मुख्य रूप से नगर निगम जल निगम सिचाई विभाग पर्यटन लोक निर्माण संस्कृति विभाग पुलिस विभाग आदि के महत्वपूर्ण कार्य है। इन कार्यो को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के साथ ही अन्य जो अयोध्या जनपद के कार्य है उस पर भी प्राथमिकता से कार्य किया जाये।



मण्डलायुक्त ने कहा कि अयोध्या के विकास कार्यो की दो रिपोर्ट तैयार की जाय पहली जनपद अयोध्या की जिसमें लगभग 150 छोटी बड़ी परियोजनाएं शमिल है तथा दूसरी श्रीराम जन्मभूमि के आसपास जिसमें लगभग 75 परियोजनाएं सम्मिलित है ताकि उनकी अलग.अलग समीक्षा की जा सकें। जिसमें अयोध्या के विकास तथा पंचकोसी मार्गए चैदह कोसी मार्ग एवं चैरासी कोसी मार्ग प्रमुख है। जिसमें केन्द्र के स्वदेश दर्शन योजना पर्यटन विभाग संस्कृति विभाग नगर निगम जल निगम विद्युत निगम लोक निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग आदि की परियोजना है। उसकी अलग से समीक्षा की जाय। इसका मुख्य उद्देश्य अयोध्या के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देना है। यह परियोजना मा0मुख्यमंत्री जी के प्राथमिकता के कार्यो में प्रमुख है तथा उनके द्वारा इसकी नियमित समीक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि इसकी रिपोर्ट सम्बंधित कार्यदायी संस्थानामित संस्था से तैयार कराते हुये जिलाधिकारी अयोध्या के स्तर से परार्मश कराते हुये कल तक प्रस्तुत करने को कहा। इसकी समीक्षा मा0 मुख्य सचिव जी द्वारा की जानी है। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादव सहित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में दो सगे भाइयों सहित तीन लोगों की मौत, 19 घायल

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही से एक वृद्ध के शव को लेकर अंतिम संस्कार के लिए मिर्ज़ापुर के भोगांव घाट जा रहा एक वाहन दूसरे वाहन को ओवरटेक करने के प्रयास में पलटकर सड़क से दस 2398ुट नीचे गिर गया जिससे दो सगे भाइयों सहित तीन लोगों की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी राम लखन मिश्रा ने बताया कि यह हादसा रविवार अपराह्न औराई थाना क्षेत्र के बभनौटी गांव के पास हुआ उस समय हुआ जब जिले के ही चौरी थाना क्षेत्र के भाला गांव निवासी एक वृद्ध के शव का अंतिम संस्कार करने के लिए लोग एक वाहन से मिर्ज़ापुर के भोगांव घाट जा रहे थे। उन्होंने कहा कि इस हादसे में रामेश्वर चौहान (45) की मौके पर ही मौत हो गई तथा सोमवार सुबह उनके भाई संवर लाल चौहान (35) तथा दोपहर बाद कन्हैया (60) की उपचार के दौरान मौत हो गई। मिश्रा ने बताया कि सभी घायलों को शहर के महाराजा बलवंत सिंह सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिनमें से सात की हालत गंभीर होने पर उन्हें शहर के दो निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। उन्होंने कहा कि बीती देर रात तीन घायलों को वाराणसी के ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया।अधिकारी ने कहा कि शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए गए हैं।

## मथुरा में नहीं दिखा भारत बंद का असर खुले रहे बाजार

**मथुरा।** भारतीय किसान यूनियन सहित विभिन्न किसान संगठनों के आह्वान पर केंद्र के नए कृषि कानूनों के विरोध में सोमवार को आहूत किए गए भारत बंद का मथुरा जनपद कोई खास असर देखने को नहीं मिला। किसान नेताओं ने जिन क्षेत्रों में अपने प्रयासों से बाजार बंद कराए, वे उनके जाने के बाद दोबारा खुल गए।जिला प्रशासन ने भी संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर आहूत भारत बंद का कोई खास असर न हो पाने पर राहत की सांस ली। अधिकारियों का कहना है कि जिले में रेल मार्ग सहित यमुना एक्सप्रेस-वे और राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों का आवागमन निर्बाध गति से जारी रहा और कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की कोई सूचना नहीं मिली है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीश चंद्र ने कहा कि जिले में किसानों के भारत बंद का कहीं भी कोई विशेष प्रभाव नहीं हुआ और जहां किसानों ने एक्सप्रेस-वे तथा हाईवे पर बंद लगाने का प्रयास किया, वहां उन्हें पुलिस ने ऊपर ही नहीं चढ़ने दिया। उन्होंने कहा कि किसानों के प्रभाव वाले सभी स्थानों पर देर रात से ही भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि बलदेव-मथुरा, राया-मांट, राया-अलीगढ़, मांट-मथुरा व बाजना में स्थानीय मार्गों पर धरना प्रदर्शन कर किसान संगठनों के नेताओं ने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे।

## बांदा में 74 हजार के नकली नोटों के साथ दो युवक गिरफ्तार

बांदा। उत्तर प्रदेश के बांदा जिले की चिल्ला थाना पुलिस ने सोमवार सुबह दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से 74 हजार के नकली नोट बरामद किए हैं। जिले के अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्रा ने बताया कि सोमवार सुबह चिल्ला थाने के प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह और विशेष अभियान दल (एसओजी) सड़क मार्ग में वाहन जांच कर रहे थे, तभी दो युवकों की तलाशी में उन्हें पांच सौ, दो सौ और एक सौ के 74 हजार के नकली नोट बरामद हुए। सिंह ने बताया कि पकड़े गए युवकों में से एक महोबा जिले के कबरई और दूसरा बांदा जिले के नरी गांव का रहने वाला है। पुलिस युवकों से पूछताछ कर रही है।

## प्रतापगढ़ में तीस लाख रुपए की अवैध हेरोइन जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जिले की आसपुर देवसरा थाना पुलिस ने ढकवा बाजार स्थित एक ढाबे से तीस लाख रुपए के मूल्य की हेरोईन जब्त होने के बाद दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक (क्षेत्राधिकारी) पट्टी दिलीप सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस चेकिंग के दौरानसुलतानपुर-वाराणसी हाइवे पर स्थित ढकवा बाज़ार के निकट एक ढाबे से रविवार को दो तस्करों विजेंद्र कुमार ई2398ी मोनू मौर्या और विनोद सिंह के पास से तीस लाख रुपए के मूल्य की नब्बे ग्राम हेरोईन और बाइक बरामद होने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

## थानेदार को हटवाने के लिए धरने पर बैठे भाजपा नेता

### कार्यशैली को लेकर जताई सख्त नाराजगी

संवाददाता। सकरन सीतापुर




**सकरन थानाध्यक्ष** की कार्यशैली को लेकर सोमवार को भाजपा नेता अपने समर्थकों के साथ धरने पर बैठ गये भाजपा नेता ने बताया कि सरकार की छवि को धूमिल करने वाले इस थानेदार पर जब तक कार्यवाही नही होगी तब वह धरने से नही उठेगें। भाजपा के युवा नेता दीपक सिंह सोमवार को अपने एक सैकडा भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों के साथ सकरन थाने के सामने धरने पर बैठ गये भाजपा नेता का आरोप है कि एसओ पुष्पराज कुशवाहा मनमानी करते हुये जनता व पार्टी कार्यकर्ताओं को परेशान करते है तथा इनके संरक्षण में क्षेत्र में अवैध बालू खनन व अवैध लकडी का कारोबार चरम पर किया जा रहा है बालू की प्रति ट्राली पर एक हजार रूपये पुलिस द्वारा सुबिधा शुल्क लिया जाता है इस अवैध कार्य में कुछ क्षेत्रीय लोगों का संरक्षण प्राप्त है भाजपा नेता का आरोप है कि किसी जायज काम के लिये अगर एसओ को फोन किया जाता है तो वह पहले पद पूछते है पद के हिसाब से नाप तौल कर बात की जाती है यह एसओ सरकार की छवि धूमिल कर रहे है तथा एसओ द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं का शोषण किया जा रहा ह।

## बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका के लिए निरुद्धि अवैध होना जरूरी: हाईकोर्ट

### पिता के कब्जे से बेटे की मुक्ति की मांग को लेकर दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका विशेष स्थिति में ही जारी की जा सकती है। जिसके लिए अवैध निरुद्धि होना आवश्यक है। जब निरुद्धि वैध है या अवैध जांच का विषय हो तो बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका जारी करने से इंकार किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि आपसी सहमति से पति पत्नी में तलाक हुआ। परिवार न्यायालय के आदेश से स्पष्ट नहीं कि बच्चा मां के साथ रहेगा। ऐसे में यदि पिता बच्चे को अपने साथ ले गया है तो गार्जियन एण्ड वार्ड एक्ट के तहत सिविल कोर्ट से अभिरक्षा की मांग की जा सकती है। इसके लिए बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका जारी नहीं की जा सकती। कोर्ट ने चार साल के बेटे पार्थ को उसके पिता की अवैध निरुद्धि से मुक्त कराने की मांग में मां द्वारा दाखिल याचिका खारिज कर दी है। यह आदेश इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति डा गौतम चौधरी ने दिया है। याची का कहना था कि पति पत्नी में विवाद के कारण आपसी सहमति से प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय फिरोजाबाद ने तलाक मंजूर कर लिया और सहमति बनी थी कि बेटा मां के साथ ही रहेगा। जब वह घर से बाहर थी तो पिता बेटे को जबरन उठा ले गया। सरकारी अधिवक्ता ने कहा कि अपहरण की एफआई आर दर्ज कराई गई है। याची ने स्वयं ही बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका तीन माह बाद दाखिल की है। वह बच्चे की अभिरक्षा के लिए सिविल कोर्ट जा सकती है। बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पोषणीय नहीं है।

### इविवि के एसोसिएट प्रोफेसर की बर्खास्तगी पर लगाई रोक



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय के साइंस एंड सोसाइटी विभाग में कार्यरत एसोसिएट प्रोफेसर डा रोहित कुमार मिश्रा की बर्खास्तगी पर रोक लगा दी है तथा उनको नियमानुसार काम करने देने व वेतन भुगतान का आदेश दिया है। रोहित मिश्र की याचिका पर न्यायमूर्ति पंकज भाटिया ने यह आदेश दिया है। याची का कहना था कि 17 अगस्त 2021 को उसके खिलाफएकतरफा कार्रवाई करते हुए सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। याची की बर्खास्तगी में न तो किसी प्रक्रिया का पालन किया गया और न ही उसे अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया। याची पर आरोप है कि वह पद की अहर्ता के अनुरूप अनुभव व योग्यता नहीं रखता है और ना ही वह इससे संबंधित कोई प्रमाण दे सका। इन आरोपों में उसके विरुद्ध बर्खास्तगी की कार्रवाई की गई। याची का कहना था कि उसे सुनवाई का अवसर नहीं दिया गया। कोर्ट ने 17 अगस्त का आदेश रद्द करते हुए विश्वविद्यालय से कहा है कि यदि भविष्य में याची के विरुद्ध कोई आदेश पारित होता है तो वह विधि अनुसार होना चाहिए और याची को सुनवाई का अवसर देते हुए उसकी सफाई पर विचार करने के बाद ही कार्रवाई की जाए। कोर्ट ने कहा कि जिन दस्तावेजों के आधार पर याची के विरुद्ध कार्रवाई की गई है उसे याची को उपलब्ध कराया जाए।

## उन्नाव में 371 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास

संवाददाता। उन्नाव

**सरकार** का संकल्प सड़कों का हो कायाकल्प को साकार करने के उद्देश्य से आज उत्तर प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या द्वारा जनपद के लोक निर्माण विभाग की लगभग 371 करोड से अधिक लागत की विभिन्न छोटी.बड़ी लगभग 119 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। जिसमें 07 करोड़ 90 लाख की परियोजनाओं का लोकार्पण व 263 करोड़ की परियोजनाओं के शिलान्यास सम्मिलित हैं। डिप्टी सीएम श्री मौर्य का जनपद उन्नाव के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान आज सर्वप्रथम स्थानीय निराला प्रेक्षागृह में लोक निर्माण विभागए राजकीय निर्माण निगमए सेतु निगम के विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास बटन दबाकर किया गया। जनपद के विधानसभा वार परियोजनाओं के तहत कराई गई सड़कों एवं पुलों के निर्माण पर विस्तार से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में बिना भेदभाव के सड़कों एवं पुलों की सौगात दी है।उन्होंने कहा प्रदेश सरकार विगत साढे 4 वर्षों में पानीए बिजलीए सड़कए स्वास्थ्यए शिक्षा एवं जनकल्याणकारी योजनाओं में ऐतिहासिक विकास कर जनता को अधिकाधिक लाभान्वित करने का कार्य किया गया है। प्रतिभाशाली छात्रध्छात्राओं को उनके आवास तक ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम के नाम से सड़कों का निर्माणए शहीद वीर पथ बनानेए खिलाड़ियों के सम्मान में मेजर ध्यान चंद्रए पर्यावरण के क्षेत्र में प्लास्टिक कचरा से सड़क निर्माण जैसे जनकल्याणकारी योजनाओं को



वृहद स्तर पर चला कर आमजन को लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।उन्होंने प्रदेश के विभिन्न विधानसभाए विधानसभा क्षेत्रों के लिए 467 करोड़ के नए कार्यों की घोषणा की। उन्होंने कहा जनपद में व प्रदेश में चहुंमुखी व बहुमुखी विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन परियोजनाओं की घोषणा की गई हैए उनके निर्माण कार्य भी शीघ्र से शीघ्र प्रारंभ होंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन परियोजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण आज किए गए हैंए सम्बन्धित अधिकारी तत्काल संबंधित स्थल पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में लगवायें। उन्होंने अपने सारगर्भित संबोधन में कहा कि कोरोना संक्रमण के संकट काल के बावजूद भी प्रदेश के समस्त जिलों में समान रूप से बिना किसी भेदभाव के विकास किया जा रहा है तथा सबका साथ. सबका विकास . सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ विकास योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जा रहा है।

## प्रो रामसेवक दुबे इविवि संस्कृत विभाग के अध्यक्ष नियुक्त, दायित्व संभाला



**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष और अखिल भारतीय केंद्रीय विश्वविद्यालय महासंघ के उपाध्यक्ष प्रोफेसर डा रामसेवक दुबे को संस्कृत विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय का विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने विभाग पहुंचकर अपना दायित्व भी संभाल लिया। वह पिछले 2009 से संस्कृत विभाग में आचार्य पद पर कार्यरत हैं। प्रो डा रामसेवक दुबे पूर्व में मार्च 2017 से फरवरी 2020 तक मुख्य कुलानुशासक 16 वर्ष तक सहायक कुलानुशासक केपीयूसी छात्रावास के प्रिंसिपल और वार्डेन रहे। साथ ही वह सर पंडित गंगनाथ झा छात्रावास के अधीक्षक इलाहाबाद विश्वविद्यालय में सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण और राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी भी रहे हैं। प्रोफेसर डा रामसेवक दुबे छात्र छात्राओं में अत्यंत लोकप्रिय शिक्षक के रूप में शुमार हैं। इलाहाबाद विश्वविद्यालय संस्कृत विभाग के पुरा छात्र डा पीयूष मिश्र ने बताया कि करीब 37 वर्ष के अध्यापन का अनुभव रखने वाले प्रो दुबे के शोध निर्देशन में 39 शोध छात्र पंजीकृत हो चुके हैं। जिसमें से 32 शोध छात्रों की पीएचडी की उपाधि पूरी हो चुकी है। वर्तमान समय में 07 छात्र शोधरत हैं। प्रो दुबे शैक्षणिक क्षेत्र में अब तक कुल 63 अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय सेमिनार एवं कार्यशालाओं में सहभागिता कर चुके हैं। वह संस्कृत सम्मेलन में श्रीमद्भागवत पर व्याख्यान भी दे चुके हैं। प्रो दुबे ने स्नातक 1978 परास्नातक 1980 और डी फिल की उपाधि 1985 में यहीं इलाहाबाद विश्वविद्यालय से प्राप्त की है। प्रो दुबे की नियुक्ति वरिष्ठ प्रवक्ता के रूप में 1996 में संस्कृत विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय में हुई थी। वह 2003 में एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किये गए। प्रो दुबे को विषय विशेषज्ञता की दृष्टि से अद्वैत वेदांत और वेदांत के क्षेत्र में विशेष प्रतिष्ठा प्राप्त है। पुरा छात्र डा पीयूष मिश्र ने बताया कि प्रो दुबे की 03 पुस्तकें प्रकाशित एवम एक प्रकाशनाधीन है। उनके अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत एवं जर्नल्स में 60 प्रकाशित शोध पत्र हैं। संस्कृत विभाग का अध्यक्ष बनाये जाने पर उनके तमाम छात्र और पुरा छात्र बधाई देने के लिए विभाग पहुंचे। सभी ने प्रोफेसर डा रामसेवक दुबे का माल्यार्पण कर बधाई और शुभकामनाएं दीं। साथ ही इलाहाबाद विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर संगीता श्रीवास्तव के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर डा पीयूष मिश्र डा ब्रम्हदेव द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

## कायस्थ पाठशाला के उपाध्यक्ष गिरीश चंद श्रीवास्तव का निधन

**प्रयागराज।** कायस्थ पाठशाला के उपाध्यक्ष गिरीश चंद श्रीवास्तव का निधन हो गया। कायस्थ पाठशाला के अध्यक्ष चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह की अध्यक्षता में आज शाम एक शोक सभा कायस्थ पाठशाला मुख्यालय में हुई। शोक सभा को संबोधित करते हुए चौधरी जितेंद्र सिंह ने कहा कि कायस्थ पाठशाला गिरीश चंद श्रीवास्तव को खोकर अत्यंत दुखी है। सभी ने ईश्वर से कामना की है कि ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें। उनके परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। चौधरी जितेंद्र सिंह ने कहा गिरीश चंद्र श्रीवास्तव को शिक्षा अकाउंट एवं अन्य विषयों का अच्छा ज्ञान था। जिससे हम लोगों को समय समय पर मार्गदर्शन मिलता था। उनके निधन से कायस्थ पाठशाला को अपूरणीय क्षति हुई है।शोकसभा में एस डी कौटिल्य अनिल कुमार श्रीवास्तव रवि श्रीवास्तव अखिलेश श्रीवास्तव कुलदीप नारायण श्रीवास्तव अन्नू श्रीवास्तव नवीन चंद्र श्रीवास्तव राकेश श्रीवास्तव प्रिंसिपल केपी गर्ल्स इंटर कॉलेज सीपी श्रीवास्तव अमिता सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

## अनुशासित जीवन जिएं महिलाएं: डा. शांति

**प्रयागराज।** महिला सेवा सदन डिग्री कॉलेज प्रयागराज में सोमवार को मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित हुआ। रोल मॉडल के साथ संवाद की मुख्य अतिथि डा शान्ति चौधरी ने महाविद्यालय की छात्राओं को चरित्र निर्माण हेतु विभिन्न बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने अनुशासित जीवन जीने को कहा। साथ ही सार्वजनिक जीवन में ईमानदार बनने पर भी ज़ोर दिया। कहा कि समय प्रबन्धन को सफलता हेतु जीवन का महत्त्वपूर्ण अंग बनाया जाए। जिससे छात्राएं अवश्य लाभान्वित होंगी। अन्त में प्रश्नोत्तर सत्र में मुख्य अतिथि डा शांति चौधरी ने छात्राओं से प्रश्न पूछे और छात्राओं की जिज्ञासा का भी समाधान किया। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या डा पार्वती सिंह के निर्देशन तथा डा रूबी वर्मा विभागाध्यक्षा संस्कृत विभाग डा इच्छा नायर विभागाध्यक्षा संगीत विभाग तथा आराधना कुमारी विभागाध्यक्षा इतिहास विभाग के सहयोग से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भारत बंद पर जगह-जगह हुई सभाएं

### ● केंद्र सरकार के काले कानूनों के विरोध में किसानों ने बुलन्द की आवाज, राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

**प्रयागराज।** नए कृषि कानूनों के एक साल पूरा होने पर किसान संगठनों को सोमवार को भारत बंद सफल रहा। संयुक्त किसान मोर्चा के आहवान पर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की ओर से किसानों ने सुलेमसराय में सुबह से लेकर शाम तक भीषण चक्काजाम किया। सुलेम सराय में कानून को लेकर किसानों ने आज आवाज बुलंद की। सरकार से कानून को वापस किये जाने को लेकर नारे लगाए। सभा और चक्काजाम की अगुवाई भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष अनुज सिंह ने की। अनुज सिंह के नेतृत्व में सात सूत्रीय मांगों का राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन इलाहाबाद के डीएम को दिया। चक्काजाम के साथ किसानों ने वहीं पर सभा भी की। घंटों जाम रहने से यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। संयुक्त किसान मोर्चा के बैनरतले आयोजित भारत बंद को चालीस किसान संगठनों अधिकतर विपक्षी दलों और बैंक संगठनों ने समर्थन दिया। बन्द के दौरान सड़कें और बाजार बंद रहे। इसके लिए संगठनों की ओर से चेताया गया था।




संयुक्त किसान मोर्चा के बैनरतले भाकियू ने ज्ञापन के जरिये मांग की है कि केंद्र सरकार द्वारा तीनों काले कृषि कानूनों का तत्काल रद्द किया जाए। न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी पे भारत सरकार द्वारा शीघ्र कानून बनाया जाए। जिससे देश के किसानों का अनाज उचित दाम पर बिक सके। बिजली विभाग द्वारा किसानों का लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। इसे बन्द किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसानों की हर माह बिजली विभाग के अशिकारियों के साथ एक बैठक हो जिससे उनकी समस्याओं का निस्तारण यथासंभव किया जा सके। अनुज सिंह ने कहा कि इन मांगों को फौरन मान लिया जाएगा तो संविधान और लोकतंत्र दोनों की रक्षा हो सकेगी। भारत बंद के दौरान पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। सभी रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा बढ़ा दी गयी थी। आरपीएफ जीआरपी के अधिकारियों को गश्त के निर्देश दिए गए थे। इसी तरह भारत बंद को लेकर एयरपोर्ट पर सुरक्षा बढ़ा दी गयी थी। शहर में प्रवेश करने वालों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। भाकियू के जिलाध्यक्ष अनुज सिंह ने बताया कि सुलेम सराय जीटी रोड पर शंकरगढ़ बाजार कोरांव तहसील के सामने बहरिया ब्लाक के सामने सराय ममरेज बाजार में सुबह से लेकर शाम तक चक्काजाम किया गया।

## प्रभावशाली व्यक्तित्व

### मोदी की अमेरिका यात्रा

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा समाप्त कर अब भारत वापस आ गए हैं। अमेरिका में उन्होंने व्यक्तिगत रूप से पहली बार क्वाड बैठक में हिस्सा लिया, अन्य विश्व नेताओं से मुलाकात की तथा प्रथम वक्ता के रूप में संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया। यह यात्रा पहले की यात्राओं के एकदम उलट है जिनमें काफी शोर-शराबा, उत्सवी माहौल तथा तड़क-भड़क होती थी। इस बार अमेरिका की राजनीतिक अवस्थापना बदल गई है, जबकि ट्रंप प्रशासन से उनकी मैत्री ज्यादा थी। मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति कमला हैरिस, आस्ट्रेलियाई समकक्ष स्काट मोरीसन, जापानी प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा तथा पांच बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सीईओ से मुलाकात की। आस्ट्रेलिया व जापान के प्रधानमंत्री क्वाड शिखर बैठक के लिए अमेरिका में थे जिसका वर्चुअल सम्मेलन इस साल मार्च में हुआ था। इस राजनयिक व सैनिक गठजोड़ को मुख्यत: चीन की उभरती आर्थिक व सैनिक शक्ति की प्रतिक्रिया के रूप में देखा जाता है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि क्वाड 'वैश्विक भलाई की शक्ति' के रूप में काम करेगा तथा 'दुनिया में शांति व समृद्धि स्थापित करेगा।' यात्रा की समाप्ति प्रधानमंत्री के संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधन से हुई जो काफी बड़बोलेपन से भरा था, पर उसमें चीन और पाकिस्तान पर सटीक निशाना लगाया गया था। मोदी ने अफगानिस्तान की स्थिति पर बात की और बिना पाकिस्तान का नाम लिए उसे अफगानिस्तान में मुसीबत पैदा करने के खिलाफचेतावनी दी। मोदी ने कहा, 'प्रतिगामी सोच



आतंकवाद को राजनीतिक अर्थ प्रदान कर रही है।' इस बयान को इस तरह समझा जा सकता है कि 'आतंकवाद का प्रयोग राजनय के उपकरण तथा क्षेत्र की भू-राजनीति बदलने के लिए न करें।' अच्छे असर के लिए उन्होंने रेखांकित किया कि किसी ऐसे देश से सावधान रहने की आवश्यकता है जो अफगानिस्तान की संकटपूर्ण स्थिति का प्रयोग 'स्वार्थी हितों' के लिए कर सकता है।

यह संदर्भ सीधे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के लिए था जिन्होंने सीधे-सीधे भारत पर करारा हमला बोलते हुए जोर दिया था कि दो नाभिकीय शक्तियों को 'जिम्मेदारी से व्यवहार करना चाहिए, नहीं तो नतीजे गंभीर होंगे।' मोदी ने बिना चीन या पाकिस्तान का नाम लिए संकेत दिया कि राज्य नीति के रूप में आतंकवाद का प्रयोग अच्छा विचार नहीं है ओर देशों को ऐसा करने से बचना चाहिए। उन्होंने पिछले महीने संरा. सुरक्षा परिषद की भारत द्वारा अध्यक्षता की उपलब्धियों का उल्लेख भी किया। मोदी ने 'कोविड वायरस के जन्म' का मामला उठाते हुए विश्व बैंक की 'बिजनेस सुगमता सूचकांक' रद्द करने की घोषणा की बात कही। इन दोनों मुद्दों से विश्व संस्थाओं में पारदर्शिता की कमी से चीन पर निशाना लगाया गया है। उन्होंने यह कहते हुए सहयोग पर जोर दिया कि भारत 'सभी लोकतंत्रों की माता' है। पहले कमला हैरिस के साथ बैठक में दोनों पक्षों ने संबंधित देशों में लोकतांत्रिक मूल्यों व मानवाधिकारों को महत्व देने पर जोर दिया था। मोदी ने वैश्विक महामारी में मारे गए लोगों के प्रति शोक भी प्रकट किया। कुल मिला कर यह भाषण बहुत अच्छी तरह तैयार किया गया था, हालांकि उनके 'चायवाला' संदर्भ से बचना ज्यादा अच्छा होता। हालांकि, मोदी ने राष्ट्रपति जो बाइडेन से भी मुलाकात की, पर इसका संबंध किसी अन्य चीज की तुलना में प्रोटोकाल से अधिक था। दोनों नेताओं के बीच व्यक्तिगत केमेस्ट्री स्पष्ट रूप से गायब थी।

# क्वाड पर पड़ेगी आकुस की छाया

चीन के खिलाफ प्रतिरोध पैदा करने तथा अंतरराष्ट्रीय समुद्रों में स्वतंत्रता सुनिश्चित करने वाले आकुस की छाया निसंदेह क्वाड पर पड़ेगी।



**निष्ठा कौशिकी**
(लेखिका पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, भटिंडा में सह प्रोफेसर हैं)



अफगानिस्तान से अमेरिका की वापसी के दो सप्ताह बाद आकुस गठित करने का फैसला किया गया। इससे अमेरिका की भू-राजनीतिक प्रतिबद्धता प्रकट होती है कि वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीनी खतरे का सामना करना चाहता है जो हर गुजरते दिन के साथ बढ़ता जा रहा है। आकुस रणनीतिक और टैक्टिकल रूप से क्वाड को हाशिए पर धकेल सकता है, लेकिन ऐसा नहीं होगा। हालांकि, दोनों का घोषित या अघोषित उद्देश्य समान है। चीनी विस्तारवाद ने इस अधपकेसैनिक गठजोड़ को जन्म दिया है, पर रणनीतिक रूप से देखने पर क्वाड और आकुस एक दूसरे केपूरक लगते हैं। भारत और जापान केशामिल होने केकारण चीनी खतरे का मुकाबला करने में कठिनाई हो रही है। इसकेसाथ ही चीन केसाथ भौगोलिक निकटता को देखते हुए दोनों संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद केस्थाई सदस्य बनने केइच्छुक हैं।

इस कारण चीन से प्रत्यक्ष सैनिक टकराव से उनकी उम्मीदों को झटका लग सकता है। इसकेसाथ ही भारत को चीन, पाकिस्तान व तालिबान केअपवित्र गठजोड़ से भी निपटना है। इसकेसाथ ही उसे रूसी विदेश नीति में चीन-पाक गठजोड़ को मिलने वाली प्राथमिकता से भी चिन्ता है। दूसरी ओर जापान को कच्चे माल व खाद्य सप्लाई की निर्भरता केसाथ ही बुढ़ाते कामगारों की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसकेसाथ ही अनुच्छेद 9 टोकियो केपुन: सैन्यीकरण का निषेध करता है। यह उभरती व्यवस्था दुनिया केसमक्ष एक रक्षा चक्र पेश करती है तथा चीनी विस्तारवाद केखिलाफ भावी बहुपक्षीय गठबंधनों का रास्ता खोलती है। समुद्रों केमानचित्र पर नजर डालने से स्पष्ट है कि दक्षिण चीन सागर-एससीएस, प्रशांत महासागर तथा हिंद महासागर केबारे में साझा समझदारी विकसित करना दोनों शक्तियों केलिए कठिन है। इस कारण मजबूत रक्षा केलिए अनेक सुरक्षा व्यवस्थायें बनानी होंगी। वर्तमान स्थितियों में यदि भारत और जापान अमेरिका केसाथ सैनिक गठबंधन बनाना चाहें तो बीजिंग एससीएस या भारत-चीन सीमा पर आक्रामकता बढ़ा देगा जिससे यह उद्देश्य विफल हो जाएगा।

अत: रणनीतिक लचीलेपन को देखते हुए यह एक समाधान है। भारत व जापान चीन को किसी अन्य सैनिक गठबंधन से मिल कर भी पीछे धकेल सकते हैं और वह उसकी वर्चस्ववादी राजनय पर भी लगाम लगा सकता है। इसी कारण भारत की संयुक्त युद्धक कमानों को जल्द ही सक्रिय किया जाना चाहिए। संस्थाबद्धता की अनुपस्थिति में भारत और जापान को अपनी सैनिक शक्ति केआधुनिकीकरण का भी अवसर मिलेगा। भारत को खासकर अपने बलों केबीच समन्वय बढ़ाना होगा। ऐसी स्थिति में अन्य यूरोपीय देशों केसाथ ही फ्रांस और इस्राइल भारत व जापान केलिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। जापान धीरे-धीरे उस स्थिति से निकल रहा है जिसने टोकियो को 'शांति संविधान' स्वीकारने पर मजबूर किया था। बीजिंग से प्रभावी रूप से निपटने केलिए अब 'आत्मरक्षा' केबजाय उसे 'समुद्री रक्षा' की रणनीति अपनानी पड़ेगी। हालांकि, इस कदम से दक्षिण कोरिया जैसी कुछ शक्तियों को टोकियो-विरोधी दृष्टिकोण अपनाना पड़ सकता है। बदलते समय की मांग को देखते हुए परस्पर विरोधी देश भी रणनीतिक मतभेद दूर कर साझा उद्देश्यों केलिए काम कर सकते हैं, खासकर यदि उनकेअस्तित्व पर खतरा हो और उनको अमेरिकी सुरक्षा छतरी मिल जाए। इस प्रकार विस्तारवादी चीन उनको अपने मतभेद दूर करने तथा साझा लक्ष्य केलिए काम करने पर मजबूर करेगा।

ब्रिटिश व अमेरिकी पनडुब्बियां, पोत-रोधी मिसाइल तथा अन्य आक्रामक क्षमतायें चीन को इन देशों को धमकी देने से रोकेंगी। गंभीर उकसावे तथा खुले संघर्ष की स्थिति में आकुस की दूसरी सुरक्षा सतह एक प्रतिरोधक तथा रक्षात्मक काम कर सकती है। इससे प्रशांत महासागर व दक्षिण चीन सागर से होकर दक्षिणी व पूर्वी हिंद महासागर केआवश्यक समुद्री मार्गों को सुरक्षा मिलेगी। यह मलक्का खाड़ी में भारत या जापान केखिलाफआक्रामकता को जन्म दे सकता है, लेकिन वहां भारतीय नौसेना की मजबूत उपस्थिति है और 'मलक्का विरोधाभास' यथार्थ में नहीं बदल पाएगा। इसकेसाथ ही 'फाइव आईज़' की खुफिया सूचना साझा व्यवस्था भी चीन की चिन्ता बढ़ाएगी। लेकिन बिना किसी संस्थागत ध्रुवीकरण व्यवस्था केचीन भारत और जापान जैसे देशों के'गैर-सैनिक ध्रुवीकरण' केखिलाफ पहला कदम नहीं उठा सकेगा क्योंकि इससे और जटिलतायें पैदा होंगी। गंभीर खतरों तथा संभावित हमलों की स्थिति में दोनों देश औपचारिक रूप से आकुस में शामिल होने से नहीं हिचकेंगे।

आने वाली बहुआयामी सुरक्षा व्यवस्थाओं में संयुक्त समुद्री प्रतिरोधक रणनीतियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस प्रकार पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शक्तियों केध्रुवीकरण की नई व्यवस्था बनेगी जिसमें प्रत्येक पक्ष अपनी भूमिका व जिम्मेदारी भलीभांति समझेगा। इसी कारण भारत और जापान ने आकुस केनए गठबंधन का स्वागत किया है। उल्लेखनीय है कि 2010 में चीन केतत्कालीन विदेश मंत्री यांग जिची ने हनोई में एशियान शिखर सम्मेलन में कहा था, 'चीन एक बड़ा देश है और तुम छोटे देश हो, यह एक तथ्य है।' आज समय आ गया है कि 'बड़ी मछली बनाम छोटी मछली' की अवधारणा उलट दी जाए। चीन ने जोर दिया है कि क्वाड को एशिया प्रशांत देशों से कोई समर्थन नहीं मिलेगा। बीजिंग को शायद भय है कि क्वाड में अन्य लोकतांत्रिक तथा 'समान सोच वाले देश', जैसे वियतनाम, फ्लिीपीन्स, दक्षिण कोरिया और ताइवान शामिल हो सकते हैं। ये सभी तटीय क्षेत्र वाले देश हैं और चीन लंबे समय से उनको परेशान कर रहा है। अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे चीन द्वारा अवैध मछली पकड़ना, जलवायु परिवर्तन तथा प्राकृतिक आपदायें हैं जो अन्य देशों की सुरक्षा चिन्ताओं में शामिल हैं। इस प्रकार क्वाड प्लस फोर की कल्पना की जा सकती है। विभिन्न क्षेत्रेत्तर शक्तियों केसमर्थन से छोटे देश अलिखित बहुआयामी सुरक्षा व्यवस्थाओं में शामिल हो सकते हैं।

विस्तारित क्वाड की संभावना में संयुक्त तकनीकी सहयोग तथा सैनिक अभ्यास शामिल हैं जिनसे शक्तियों केबीच समन्वय स्थापित होगा और वे सैनिक चुनौतियों का सामना करने केलिए बेहतर रूप से तैयार होंगे। राज्यों केबीच सुरक्षा व आर्थिक समन्वय बढ़ने से चीन को 'रणनीतिक घेरे' में लेने की समझदारी विकसित हो कर उसे अनेक मोर्चों पर घेर सकती है। ऐसी स्थिति में क्वाड समुद्री स्वतंत्रता का रणनीतिक केन्द्र बन जाएगा तथा 'खुले, मुक्त, पारदर्शी व समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र' को सुनिश्चित करेगा। इसकेसाथ ही जलवायु परिवर्तन व कृत्रिम बुद्धि-एआई जैसे क्षेत्रों में ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। इस प्रकार भारत और जापान भविष्य में ज्यादा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगे। अफगानिस्तान केघटनाक्रम, चीन-पाकिस्तान द्वारा तालिबान को बिना शर्त समर्थन तथा एशियान क्षेत्र में बदलते गठजोड़ संकेत करते हैं कि आने वाला समय बहुआयामी पुन:-ध्रुवीकरणों तथा नया यथार्थ स्वीकारने का होगा। आकुस इसमें अपनी भूमिका निभाएगा तथा औपचारिक संधि वाले 'संस्थाबद्ध सुरक्षा गठजोड़' का स्थान लेगा जो स्थितियों केअनुसार प्रतिरोधक या इससे अधिक भूमिका निभाने केलिए तैयार होगा। 'मित्र' नाभिकीय पनडुब्बियां चीनी नाभिकीय पनडुब्बियों का पता लगा कर हिंद-प्रशांत समुद्र में आवश्यक डेटा एकत्र करेंगी। इस दिशा में क्वाड व आकुस पूरी तरह एक दूसरे केसहयोगी हैं। समुद्रों की स्वतंत्रता तथा चीनी चुनौती केखिलाफ साझा प्रतिरोध की समझ केकारण कोई संदेह नहीं है कि आकुस की क्वाड पर छाया पड़ेगी। इस नए दृष्टिकोण केबारे में चीनी चश्मे से आशंकायें पैदा की जाएंगी। लेकिन इसे एक समग्र राजनय केरूप में देखा जाना चाहिए जो न केवल चीन की आक्रामक 'कैबेज पालिसी' का विरोध करेगी, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र तथा इसकेबाहर भी शांति सुनिश्चित करेगी।

# सेवा और समर्पण से अंत्योदय व आत्मनिर्भर भारत तक

> "जनता का उत्साह यह बताने के लिये पर्याप्त है कि मोदी के राष्ट्र निर्माण के आह्वान पर देश की जनता भारत के विश्व का सर्वश्रेष्ठ देश बनाने के संकल्प को आत्मसात कर चुकी है।"

**हरीश चंद्र श्रीवास्तव**
(लेखक भाजपा प्रवक्ता हैं)



भारत का उत्थान, भारत के लोगों का कल्याण और भारत राष्ट्र का हित, यही और केवल यही भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंन्द्र दामोदर दास मोदी का दर्शन व मंत्र है। यही दर्शन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का राजनीति का आधार भी है। मोदी व भाजपा ने अपने रचनात्मक व प्रगतिमूलक राजनीति से संसार में स्थापित किया कि राजनीति भोग का साधन नहीं, अपितु जनता की सेवा व कल्याण एवं देश की प्रगति का माध्यम है। प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्म दिन पर भारत ने एक दिन में ढाई करोड़ कोविड लगाकर जो नया विश्व रिकार्ड बनाया, वह प्रमाण है कि भारत की जनता अब देश की प्रगति, विकास व जनकल्याण के संकल्प में मोदी जी के साथ है और सहभागी की भूमिका निभाने हुए मोदी जी के नेतृत्व में सशक्त भारत के निर्माण की ओर चल पड़ी है। मोदी जी के जन्मदिन 17 सितंबर से प्रारंभ भाजपा के सेवा एवं समर्पण अभियान 7 अक्टूबर तक चलेगा। इस अभियान में गांव-गांव, घर-घर तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पहुंचकर संपर्क व संवाद में अपार जनभागीदारी और जनता का उत्साह यह बताने के लिये पर्याप्त है कि प्रधानमंत्री मोदी जी के राष्ट्र निर्माण के आह्वान पर देश की जनता भारत के विश्व का सर्वश्रेष्ठ देश बनाने के संकल्प को आत्मसात् कर चुकी है।

सेवा एवं समर्पण अभियान के अंतर्गत किसान मोर्चा द्वारा देशभर में किसान सम्मान दिवस आयोजन कर किसानों और जवानों को सम्मानित किये जाने का जो कार्यक्रम किया जा रहा है, वह देश की सुरक्षा व विकास की रीढ़ को सशक्त करने की भाजपा व मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भाजपा के सेवा एवं समर्पण अभियान में महिला मोर्चा द्वारा कोरोना काल में सेवा कार्य करने वाली देश भर की महिलाओं को सम्मानित करने का कार्य नये भारत में नारी सम्मान व सशक्तिकरण के मिशन को अग्रसर करने वाला है। इसके अतिरिक्त पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती 25 सितंबर की पूर्व संध्या पर 24 सितंबर को देश में अंत्योदय दिवस मनाकर गरीब कल्याण के प्रति समर्पित मोदी सरकार की नीतियों व कार्यक्रम को और तीव्रता से जन-जन तक पहुंचाकर लोक सशक्तिकरण की गति को और



सुदृढ़ करने का परिचायक है। सेवा एवं समर्पण अभियान के अंतर्गत गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर को देश भर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वच्छता के कार्यक्रम आयोजित करके स्वच्छ भारत अभियान के जनांदोलन को और धार देने का श्रेष्ठ प्रयास है। मोदी सरकार देश की 135 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए सुरक्षित, समृद्ध, सशक्त, समुन्नत व आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को सिद्धि में परिवर्तित करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए जिस प्रकार नये भारत का निर्माण हो रहा है, वह भारत के इतिहास में अभूतपूर्व है। 'लक्ष्य अंत्योदय, प्रण अंत्योदय और पथ अंत्योदय' के लक्ष्य को साधते हुए आपदा को अवसर में परिवर्तित कर भारत के उत्थान को जो प्रयास मोदी सरकार ने किया है, वह भारत और भारत के लोगों की सफलता की कथा का अप्रतिम उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास' मंत्र के साथ आगे बढ़े और आज उनकी सरकार की प्रतिबद्धता का परिणाम है कि विश्व में भारत आज निवेशकों का दूसरा सबसे आकर्षक गंतव्य बन चुका है। चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीने में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश में 112 प्रतिशत की वृद्धि हुई और अप्रैल-जुलाई 2021 के बीच देश में 20.42 अरब डॉलर का विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) आया। जब विश्व के विकसित देश कोरोना के कारण आर्थिक मोर्चे पर धराशायी होने की स्थिति में पहुंज गये हैं और चीन की आर्थिक विकास दर नीचे चली गई है, तो ऐसे में भारत के आर्थिक विकास का चमकता चित्र मोदी सरकार की नीतियों की सफलता का वर्णन कर रहा है। इन चार महीनों में कुल विदेशी प्रत्यक्ष निवेश 27.37 बिलियन डॉलर हो गया।

1 से 17 सितंबर तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय बाजारों में 11,287 करोड़ रूपये शेयर तथा 5,018 करोड़ रूपये ऋण या बंधपत्र बाजार में डाला है। इससे पहले अगस्त में एफपीआई ने भारतीय बाजारों में 16,459 करोड़ रूपये का निवेश किया। देश ने 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में ऊंची छलांग लगाई है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने न केवब स्वदेशी कोविड टीका का सफलतापूर्वक विकसित किया और 26 सितम्बर तक देश में 86 करोड़ से अधिक टीके की डोज लगाई जा चुकी है। कोरोना से निपटने के लिये भारत प्रदेश की रणनीति की विश्व स्वास्थ्य संगठन ने प्रशंसा की। अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा में जिस प्रकार वैश्विक राजनीति में भारत की धमक और नेतृत्व का प्रभाव दिखा, वह यह बताने के लिये पर्याप्त है कि मोदी सरकार की सेवा और समर्पण से अंत्योदय व आत्मनिर्भर भारत का संकल्प सिद्धि का प्रभाव दिख रहा है और देश विश्व का अग्रणी देश बना है। प्रधानमंत्री मोदी ने अमरीका में विश्व की बड़ी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों से भेंट की। मोदी सरकार जिस सफलता से भारत को वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित कर रही है, वह भाजपा के राजनीतिक दर्शन का परिणाम है। लोकसशक्तिकरण के लिये राजनीति की भाजपा की परंपरा समर्थ भारत और आत्मनिर्भर भारत की स्थापना करेगी, यह जन विश्वास बन चुका है।

यही जन विश्वास जनता के राष्ट्र निर्माण में सहभागी बना रही है, और यह प्रेरणा और आगे ले जायी जानी चाहिए।

## आप की बात

### अनैतिक रास्ता

**किसी** मुकाम को हासिल करने हेतु अनैतिक रास्ता अपनाना बेहद गलत है। हमारी कोशिशो मे मेहनत झलकनी चाहिए न कि नकल और जालसाज़ी; सुखमय जीवन व्यतीत करने हेतु हमे इन बातो का इल्म होना जरुरी है। बीते कुछ दिनों में कई खबरे समाने आई है जहां नकल और जालसाजी के सहारे परीक्षाओ को अंजाम दिया गया है। जहां एक ओर कुछ परीक्षार्थी अपना सब कुछ झोक परीक्षाओ में मेहनत से पास होना चाहते हैं वही दूसरी ओर कुछ परीक्षार्थी पैसो की ताकत से परीक्षा में किसी भी तरह से पास होना चाहते हैं। उदाहरण के रुप मे अंडरग्रेजुएट मेडिकल एंट्रेंस परीक्षा (नीट) जो इस साल विवादों का विषय रहा क्योंकि परीक्षा होने से पहले ही, रिपोर्टों में दावा किया गया था कि परीक्षा का पेपर लीक हो गया है। ऐसे ही कई वाकया इन दिनो सुनने में आए है, लेकिन ये कोई नई बात भी नहीं है। बीते सालो में पेपर लीक, नकल व्यवस्था जैसी वारदाते खूब उभर कर सामने आई है। क्या इसे रोका नहीं जा सकता? प्रशासन द्वारा ठोस कदम उठाने की जरूरत है, आज के आधुनिक युग में कई उपकरण मौजूद है जिससे पेपर लीक और नकल जैसी परेशानियां रोकी जा सकती है अत: यही पथ कारगर है।

– **निखिल रस्तोगी**, कुरुक्षेत्र विवि

### आतंक के धन का स्रोत

**गुजरात** के मुद्रा पोर्ट से 3000किग्रा हेरोइन जो टेलकम पाउडर के नाम से थी, जब्त करने से पहले भी बड़ी मात्रा में हेरोइन तस्करी के संकेत मिल रहे है। टेलकम पाउडर के नाम से आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा जिले की एक कम्पनी को अफगानिस्तान से पूर्व में भी 25 हजार किग्रा टेलकम पाउडर का आयात किया था जिसे हेरोइन ही माना जा रहा है। जिसकी कीमत 25 हजार करोड़ से अधिक थी। ड्रग्स तस्करी के पर्दाफाश से देश की खुफिया एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। ड्रग्स का कारोबार युवाओं और उनके परिवार को तबाह ही नहीं कर रहा बल्कि देश के अलगाववादियों और आतंकवादियों को फंडिंग का भी मुख्य स्रोत है। नशे के कारोबारियों का रैकेट सारे देश मे फैला हुआ है। पाकिस्तान के रास्ते पंजाब, कश्मीर के रास्ते मादक पदार्थो की तस्करी पहले सड़क मार्ग से अब ड्रोन द्वारा हो रही है। जिसे सजग सीमा प्रहरियों द्वारा पकड़ा गया। पाक गुप्तचर एजेंसी भारत देश को तबाह करने के लिये हर खेल खेल रही है। लेकिन उसे तीन बार मिली हार और हर जगह असफलता के बावजूद भी वह नीच कृत्यों से बाज नही आ रहा है। हमारे देश की सरकार को जल थल और वायु सीमा की निगरानी में आधुनिक तकनीक का उपयोग करना चाहिये।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### गुजरात में बदलाव

**यह** पत्र गुजरात में परिवर्तन की प्रक्रिया के संदर्भ मे है। गुजरात की छवि एक प्रगती प्रधान विकास की राह मे अग्रसर प्रदेश की रही है तो ऐसे मे जिस तरह से पहली बार के एमएलए भूपेंद्र पटेल को नया मुख्यमंत्री चुना गया वह निश्चित रूप से चौंकाने वाला था। उससे ज़्यादा चौंकाने वाला यह रहा कि मंत्रिमंडल मे भी थोक में बदलाव देखने को मिला। पाटीदार समुदाय भाजपा से नाराज चल रहा था तो मुख्यमंत्री से लेकर मंत्रियों तक इस समुदाय के काफी लोगों का चुना जाना इस समुदाय को साधने की ओर निशाना है। इस से संकेत ज़रूर कुछ अलग मिलते हैं लेकिन भाजपा के लिए यह प्रदेश सबसे बड़ी प्रतिष्ठा वाला प्रदेश है और उसने जातिगत समीकरणों का सहारा लेकर एक बड़ा दांव खेला है जिससे एस राज्य की बागडोर उनके पास ही रहे। लेकिन यह तय है की भूपेंद्र पटेल और उनके अनुभवहीन मंत्रियों की राह कँटो भारी होने वाली है और उन्हे काफी संघर्ष करना पड़ेगा भाजपा को दोबारा इस चुनाव मे विजयी बनवाने के लिए और अपने आपको राज्य की जनता की कसौटी पर खरे उतरने के लिए।

– **बाल गोविंद**, सेक्टर44, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**हमें** अपनी बैंकिंग का आकार बढ़ाने की आवश्यकता है। हमें एसबीआइ के आकार के चार-पांच और बैंकों की आवश्यकता है।

– **निर्मला सीतारमण**
वित्तमंत्री



**हमारे** पास जलवायु परिवर्तन के बुरे प्रभावों को रोकने का अवसर है, लेकिन हमें अभी कार्रवाई करनी होगी। हमें अपना बिल्ड बैक बेटर एजेंडा त्यागना होगा।

– **जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**भाजपा** सरकार के पास बताने को इसका एक भी तर्कसंगत कारण नहीं है कि वह जाति आधारित जनगणना के खिलाफ क्यों है?

– **तेजस्वी यादव**
राजद नेता

# सूचना और साइबर युद्ध पर भी बढ़त बनाने को तैयार रहें सेनाएं : नायडू

**भाषा।** जैसलमेर-जोधपुर

**उपराष्ट्रपति** एम वेंकैया नायडू ने सोमवार को कहा कि देश की सेनाएं सूचना और साइबर युद्ध जैसे नए क्षेत्रों में भी बढ़त बनाए रखने के लिए तैयार रहें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सेनाओं ने देश की संप्रभुता को चुनौती देने वाली हर ताकत को मुंह तोड़ जवाब दिया है। नायडू ने सीमावर्ती जैसलमेर में भारतीय सेना के अधिकारियों और जवानों से मुलाकात के दौरान यह बात कही। आधिकारिक बयान के अनुसार, इस दौरान नायडू ने कहा, देश के आसपास की भू-राजनीतिक स्थिति तेजी से अनिश्चितता में बदल रही है और हम अंदर तथा बाहर दोनों तरफ से प्रकट और छद्म खतरों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने सशस्त्र बलों से कहा कि वे न केवल पारंपरिक युद्ध की तैयारी में अपनी बढ़त बनाए रखें, बल्कि युद्ध के नए क्षेत्रों जैसे सूचना और साइबर क्षेत्र में भी अपना वर्चस्व स्थापित करने के लिए तैयार रहें तथा युद्ध क्षेत्र में रोबोटिक्स एवं ड्रोन के बढ़ते प्रयोग के लिए भी तैयारी करें।



उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने जैसलमेर युद्ध संग्रहालय में प्रदर्शनियों को देखा

उपराष्ट्रपति ने शांति को विकास के लिए आवश्यक शर्त बताया और कहा, हमारी सेनाओं पर देश की सीमाओं पर और देश के अंदर भी, शांति और स्थिरता बनाए रखने की महती जिम्मेदारी है। भारतीय सेना के शौर्य की प्रशंसा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, देश की संप्रभुता को चुनौती देने वाली किसी भी ताकत को हमारी सेनाओं ने मुंहतोड़ जवाब दिया है। उपराष्ट्रपति राजस्थान की पांच दिवसीय यात्रा पर हैं। आज उन्होंने जैसलमेर युद्ध संग्रहालय देखा, जहां उनका स्वागत मेजर जनरल अजीत सिंह गहलोत ने किया। उपराष्ट्रपति ने थार रेगिस्तान की गर्म और कठिन परिस्थितियों में भी देश की सीमाओं की सुरक्षा करने के लिए भारतीय सेना की सराहना की।

## इंदौर की केंद्रीय जेल में 500 से ज्यादा कैदियों ने किया पितरों का श्राद्ध

**इंदौर ( मप्र )।** इंदौर की केंद्रीय जेल में सोमवार को उस समय अनूठा दृश्य नजर आया जब 30 महिला बंदियों समेत 500 से ज्यादा कैदियों ने वैदिक विधि-विधान से अपने पितरों का श्राद्ध करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। जेल अधीक्षक अल्का सोनकर ने पीटीआई-भाषा से कहा, इस कारागार के इतिहास में पहली बार कैदियों ने अपने पितरों का श्राद्ध किया। इस दौरान 30 महिला बंदियों और 500 पुरुष कैदियों ने धार्मिक रस्में निभाईं। इनमें सजायाफ्ता और विचाराधीन, दोनों प्रकार के कैदी शामिल थे। उन्होंने कहा कि जेल प्रशासन के सामने कई कैदियों ने अपने पितरों का श्राद्ध करने की इच्छा जताई थी। श्राद्ध के कर्मकांडों के लिए उज्जैन के एक पुरोहित को खास तौर पर जेल में बुलाया गया था और इंदौर के पास स्थित इस धार्मिक नगरी से पवित्र मिट्टी भी लाई गई थी।


हैदराबाद के सिद्धियांबर बाजार में भारी बारिश के बाद जलभराव वाली सड़क से गुजरते वाहन

### महाराष्ट्र : 8000 किलो बीफ जब्त, ठाणे से दो गिरफ्तार

**ठाणे।** पुलिस ने महाराष्ट्र के ठाणे शहर में प्रतिबंधित पशु मांस की तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है और 8000 किलोग्राम बीफ जब्त किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। कलवा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने शनिवार को नासिक-मुंबई राजमार्ग पर खरेगांव टोल नाका पर एक टैंपो को रोका। उन्होंने बताया कि पुलिस को वाहन मे बीफ मिला और पूछताछ के दौरान उन्हें पता चला कि मांस को पड़ोसी नासिक जिले के मालेगांव से मुंबई मे कुर्ला ले जाया जा रहा था।

### चेन्नई हवाई अड्डे पर 1,588 ग्राम सोना बरामद

**चेन्नई।** सीमा शुल्क अधिकारियों ने सोमवार को यहां हवाईअड्डे पर दुबई और कुवैत से लाया गया लगभग।,588 ग्राम सोना बरामद किया। अधिकारियों ने बताया कि बरामद सोने की कीमत लगभग 66.34 लाख रुपए है। उन्होंने बताया कि कुवैत से शीशे के ढांचे मे और दुबई से लोहे के हथौड़े मे छिपाकर यह सोना लाया गया। इस सिलसिले मे दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पहली घटना मे, दुबई से यहां पहुंचे एक यात्री को खुफिया सूचनाओं के आधार पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने निकास द्वार पर रोक लिया। छानबीन और जांच करने पर उसके बैग मे सोने के साथ एक लोहे का हथौड़ा छिपा हुआ मिला।

### केरल हाईकोर्ट ने ऑनलाइन रमी पर प्रतिबंध लगाने का राज्य सरकार का फैसला खारिज

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने ऑनलाइन रमी पर प्रतिबंध लगाने का राज्य सरकार का फैसला सोमवार को निरस्त कर दिया। अदालत ने कहा कि इस खेल को जुआ नही माना जाएगा, जैसा कि राज्य की वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) ने दावा किया था। न्यायमूर्ति टी आर रवि की एकल पीठ ने केरल सरकार के फैसले को मनमाना और असंवैधानिक बताते हुए खारिज कर दिया। अदालत ने ऑनलाइन रमी पर प्रतिबंध लगाने की राज्य सरकार की अधिसूचना के खिलाफ कई ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों की याचिकाओं पर यह आदेश दिया है।

### धोखाधड़ी के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार, 23 कारें बरामद

**ठाणे।** नवी मुंबई पुलिस ने सोमवार को कहा कि किराए पर वाहन देने वाली एक कंपनी को धोखा देने के आरोपी एक व्यक्ति से 72.90 लाख रुपए मूल्य की 23 कारें बरामद की गई है। पुलिस आयुक्त बिपिन कुमार सिंह ने कहा कि खारघर के निवासी संदीप रघु शेट्टी को वाशी पुलिस थाने के एक दल ने मुंबई हवाई अड्डे से उस समय पकड़ा जब वह दुबई भागने का प्रयास कर रहा था।

## शिक्षा से महिलाओं के सशक्तीकरण पर जोर दिया जाए : भाजपा अध्यक्ष नड्डा

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी महिलाओं को शिक्षा के माध्यम से तथा उन्हें स्वतंत्र बनाकर सशक्त करने के पक्ष में है। भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि उद्योग जगत से लेकर खेल और अंतरिक्ष तक, सभी जगह महिलाएं अपनी छाप छोड़ रही हैं। नड्डा ने कहा कि हाल में संपन्न तोक्यो ओलंपिक में भी महिलाओं ने अपनी क्षमता साबित की। उन्होंने कहा कि महिलाओं को



देश के समग्र विकास के लिए राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों में अहम भूमिका निभानी चाहिए। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, हम भारतीय महिलाओं को शिक्षित करके और उन्हें स्वतंत्र बनाकर सशक्त करने के पक्ष में हैं। नरेंद्र मोदी की सरकार में यह दिखाई देता है जहां महिलाओं की भूमिका और संख्या बढ़ गई है। उन्होंने कहा, केंद्रीय मंत्रिमंडल में 12 महिला मंत्री हैं जो कुल मंत्रियों की 14 प्रतिशत हैं। यह भारत के इतिहास में एक रिकॉर्ड है। नड्डा ने कहा कि रक्षा, विदेश, वित्त और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय महिला मंत्रियों को दिए गए हैं। भारतीय वायु सेना ने लड़ाकू भूमिकाओं के लिए महिलाओं के लिए अपने दरवाजे खोले। सरकार ने सीआरपीएफ और सीआईएसएफ में कांस्टेबल पदों पर महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की।

## हरदीप पुरी ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 की शुरुआत की

**भाषा।** नई दिल्ली




**केंद्रीय** आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण का सातवां संस्करण स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 की शुरुआत की जिसके तहत पहली बार जिलों की रैंकिंग होगी। इस साल के सर्वेक्षण से छोटे शहरों के लिए आबादी की दो श्रेणियों-15,000 से कम और 15,000-25,000 की शुरुआत करने से एक समान अवसर पैदा होगा। मंत्रालय के अनुसार सर्वेक्षण का दायरा बढ़ाकर अब 100 प्रतिशत वार्डों को नमूने के लिए शामिल किया गया है, जबकि पिछले वर्षों में यह 40 प्रतिशत था। कार्यक्रम में पुरी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन देश का एक महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी कार्यक्रम है, जिसने जमीनी स्तर पर सभी हितधारकों की भागीदारी के कारण सफलता हासिल की है। प्रधानमंत्री ने अपने नेतृत्व के जरिए इसे एक जन आंदोलन में परिवर्तित करके महात्मा गांधी के दृष्टिकोण को वास्तविकता में बदलने का काम किया है।

## क्विक न्यूज

### राज्यसभा उपचुनाव : भाजपा ने उम्मीदवार हटाया, कांग्रेस प्रत्याशी का निर्विरोध निर्वाचन तय

**मुंबई।** महाराष्ट्र में अगले महीने होने वाले राज्यसभा उपचुनाव के लिए सोमवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा अपना उम्मीदवार वापस लेने के बाद कांग्रेस की वरिष्ठ नेता रजनी पाटिल का संसद के उच्च सदन के लिए निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है। मई में कांग्रेस सांसद राजीव सातव के निधन के बाद इस सीट पर उप चुनाव कराना आवश्यक हो गया था। उच्च सदन में उनका कार्यकाल दो अप्रैल 2026 तक था। अगले महीने की चार तारीख को होने वाले उप चुनाव के लिए नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि सोमवार (27 सितंबर) थी। भारतीय जनता पार्टी ने इस उप चुनाव के लिए संजय उपाध्याय को मैदान में उतारा था और अब चुनाव मैदान से उन्हें हटा लिया गया है। इसके बाद पाटिल (62) के निर्विरोध निर्वाचन का रास्ता खुल गया है। इस सीट के लिए दो ही उम्मीदवार थे।

### पर्यटन क्षेत्र के पुनरुत्थान के लिए टीकाकरण अहम है : केंद्रीय पर्यटन मंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी ने पर्यटन क्षेत्र के पुनरुत्थान के लिए टीकाकरण को अहम बताते हुए सोमवार को कहा कि उनका मंत्रालय कोविड-19 महामारी से प्रभावित हुए इस क्षेत्र की स्थिति में सुधार के लिए विभिन्न हितधारकों से बात कर रहा है। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने यहां समावेशी विकास के लिए पर्यटन विषय पर एक सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मुख्य अतिथि थे। रेड्डी ने इस अवसर पर कहा कि वैश्विक महामारी के कारण पर्यटन क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा, सरकार ने इसके पुनरुत्थान और इसकी स्थिति में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं, जिनमें विदेशी पर्यटकों के लिए पांच लाख मुफ्त वीजा दिया जाना शामिल है। मंत्री ने कहा कि केंद्र ने इस क्षेत्र के लिए विभिन्न पैकेज और छूट की भी घोषणा की है। उन्होंने पर्यटन क्षेत्र के सभी हितधारकों से महामारी के मद्देनजर स्वास्थ्य और सुरक्षा के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा।

### अदालत की अवमानना से न डरें अधिकारी, पुलिस मेरे नियंत्रण में है: बिप्लब देब

**अगरतला।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब ने सरकारी अधिकारियों से कहा है कि वे अदालत की अवमानना के बारे में चिंता न करें क्योंकि पुलिस उनके नियंत्रण में है और ऐसे में किसी को जेल भेजना आसान नहीं है। देब ने त्रिपुरा सिविल सर्विस ऑफिसर्स एसोसिएशन के द्विवार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा था कि अधिकारियों का एक वर्ग इस तरह अदालत की अवमानना का हवाला दे रहा है जैसे कि यह अवमानना कोई बाघ हो, लेकिन वास्तव में मैं बाघ हूं। देब की इस टिप्पणी पर विवाद खड़ा हो गया है। विपक्ष ने कहा कि उनके शासन में लोकतंत्र दांव पर है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को रवींद्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में कहा, आजकल, अधिकारियों का एक वर्ग अदालत की अवमानना से डरता है। वे अदालत की अवमानना का हवाला देते हुए यह कहकर किसी फाइल को नहीं छूते हैं कि परेशानी खड़ी हो जाएगी। अगर मैं ऐसा करता हूं तो मुझे अदालत की अवमानना के लिए जेल भेजा जाएगा।

### भारत-अमेरिका सहयोग वैश्विक स्वास्थ्य खतरों के प्रबंधन को आगे बढ़ाएगा : केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार ने सोमवार को कहा कि भारत-अमेरिका सहयोग वैश्विक स्वास्थ्य खतरों के प्रबंधन तथा वैज्ञानिक खोज को आगे बढ़ाएगा। पवार स्वास्थ्य मंत्रालय में भारत द्वारा आयोजित चौथे भारत-अमेरिका स्वास्थ्य संवाद के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रही थीं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस कार्यक्रम के लिए अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अमेरिका के स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग में वैश्विक मामलों के कार्यालय की निदेशक लॉयस पेस कर रही हैं। मंत्रालय ने बयान में कहा कि दो दिवसीय संवाद कार्यक्रम को स्वास्थ्य क्षेत्र में दोनों देशों के बीच चल रहे विभिन्न सहयोगों पर विचार-विमर्श के लिए एक मंच के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि इस कार्यक्रम में होने वाले विचार-विमर्श के मुद्दों में महामारी विज्ञान अनुसंधान और निगरानी, टीका विकास कि एक स्वास्थ्यै नजरिया, स्वास्थ्य प्रणालियों और स्वास्थ्य नीतियों आदि को मजबूत बनाने से संबंधित क्षेत्र शामिल हैं।

## स्टालिन के आवास के नजदीक व्यक्ति ने खुद को आग लगाई

**चेन्नई।** तूतीकोरिन जिले में ग्रामीण निकाय चुनाव लड़ने के लिए एक व्यक्ति का नामांकन पत्र खारिज किए जाने के बाद उसने सोमवार को यहां मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन के आवास के नजदीक खुद को आग लगा ली। व्यक्ति की पहचान ए. वेटरीमारन के रूप में हुई है जो चित्तरंजन सलाई में स्टालिन के घर के नजदीक पहुंचा और ग्रामीण पंचायत अध्यक्ष के पद के लिए नामांकन स्वीकार करने का दबाव बनाने की खातिर यह कदम उठाया। आसपास तैनात पुलिस कर्मियों ने आग बुझाई और उसे सरकारी किलपॉक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया।

## कोविड-19 से बचाव के कई स्तर वाले उपायों को अपनाते हुए खोले जाएं स्कूल: विशेषज्ञ

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय आयुर्विज्ञान** अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के विशेषज्ञों के अनुसार, कोविड-19 से बचाव के कई स्तर वाले उपायों को अपनाते हुए स्कूलों में प्राथमिक कक्षाओं से शुरू करते हुए उन्हें चरणबद्ध तरीके से पुनः खोला जाना चाहिए। द इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च में प्रकाशित एक विचार आलेख में विशेषज्ञों ने यूनेस्को की एक रिपोर्ट का हवाला दिया है जिसमें कहा गया है कि भारत में 500 दिन से ज्यादा समय से स्कूल बंद रहने से 32 करोड़ से अधिक छात्र प्रभावित हुए हैं।

उक्त आलेख में स्कूलों को खोलने के मुद्दे पर भारत और विदेश से प्राप्त वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर विशेषज्ञों ने कहा है कि स्कूलों में संक्रमण की जांच करने से वायरस को फैलने से रोका जा सकता है। तनु आनंद, बलराम भार्गव और समीरन पांडा के अनुसार साक्ष्य इस बात की ओर इंगित करते हैं कोविड पूर्व काल की तरह ही शिक्षा प्रणाली के कामकाज को यथाशीघ्र बहाल करना वर्तमान भारतीय परिप्रेक्ष्य में बुद्धिमत्तापूर्ण प्रतीत होते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार स्कूली अध्यापक, कर्मचारी और बच्चों को लाने-ले जाने में शामिल लोगों का टीकाकरण होना चाहिए और उन्हें टीके की खुरा मिल जाने के बाद भी मास्क का उपयोग करना चाहिए।



कांगड़ा जिले के बैजनाथ मंदिर में जुटे दर्शनार्थी

## नए कृषि कानूनों ने किसान का अदालत जाने का मौलिक अधिकार छीना : दिग्विजय सिंह

**भोपाल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने केंद्र द्वारा लाए गए नए कृषि कानूनों का विरोध करते हुए सोमवार को कहा कि ब्रिटिश हुकूमत में भी चंपारण आंदोलन के समय किसानों को अपनी शिकायत के साथ अदालत में जाने का अधिकार था, लेकिन नए कृषि कानूनों में किसानों से अदालत जाने का मौलिक अधिकार छीन लिया गया है। सिंह ने नए कृषि कानूनों के खिलाफ किसान संगठनों द्वारा आहूत भारत बंद के तहत यहां प्रदर्शन कर रहे किसानों को संबोधित करते हुए कहा, अंग्रेजी हुकूमत में भी जब चंपारण का आंदोलन गांधी जी कर रहे थे, तब भी किसानों को अदालत में जाने का अधिकार था लेकिन इन तीनों कानूनों में यदि कोई किसान का माल खरीदकर पैसा नहीं देता तो किसान अदालत में नहीं जा सकता है। एसडीएम साहब के पास जाओ, अदालत में नहीं जाना। सिंह ने आगे कहा, मतलब आपने (सरकार) हमारा मौलिक अधिकार छीना है। इसलिए हम उसका (कृषि कानूनों) का विरोध करते हैं।

## एनसीपीसीआर ने शिशु मंदिर पर टिप्पणी को लेकर दिग्विजय से जवाब मांगा

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय बाल** अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने सरस्वती शिशु मंदिर के संदर्भ में की गई कथित विवादित टिप्पणी के मामले में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से जवाब मांगा है।

एनसीपीसीआर ने मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को भी पत्र लिखकर इस मामले की जांच करने और सात दिनों के भीतर रिपोर्ट देने के लिए कहा है। आयोग की अध्यक्ष प्रियंका कानूनगो ने एक शिकायत का



संज्ञान लेते हुए सिंह को नोटिस भेजकर कहा कि वह इस मामले में तीन दिनों के भीतर जवाब दें। उन्होंने कहा, आपके द्वारा की गई टिप्पणी प्रथम दृष्टया भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन प्रतीत होती है। इसके साथ ही यह किशोर न्याय कानून के सिद्धांतों के भी विपरीत प्रतीत होता है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने रविवार को दावा किया कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर (स्कूल) बचपन से ही बच्चों के दिल और दिमाग में दूसरे धर्मों के खिलाफ नफरत के बीज बोते हैं। सिंह ने एक कार्यक्रम में कहा, सरस्वती शिशु मंदिर बचपन से लोगों के दिल और दिमाग में दूसरे धर्मों के खिलाफ नफरत का बीज बोते हैं।



बोनियार बारामूला में आर्मी गुडविल स्कूल के डिजिटाइजेशन के उद्घाटन समारोह के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल डीपी पांडे

## कश्मीर के लोग चिंतित न हों : सैन्य अधिकारी

**भाषा।** श्रीनगर

● नियंत्रण रेखा पर हालात को लेकर दिया बयान

**सेना के एक** वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को कहा कि कश्मीर के लोगों को नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर हालात को लेकर चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि सेना हर प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। सेना की 15वीं कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल डी. पी. पांडेय ने जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के बोनियार में संवाददाताओं से कहा, (नियंत्रण रेखा के पास) स्थिति काफी अच्छी है।

हम अपने सैनिकों की तैनाती और नियंत्रण के साथ पूरी तरह तैयार हैं। नियंत्रण रेखा पर जो कुछ हो रहा है, उसे लेकर हमें चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, कश्मीर के लोगों को चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि छोटी-मोटी घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन कश्मीर में हालात व्यापक रूप से अच्छे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल पांडेय ने कहा, यहां बड़ी संख्या में पर्यटक आ रहे हैं। लोगों को कमरे नहीं मिल रहे हैं। कश्मीर के लोग खुश हैं। उन्हें अलगाववादियों का खेल समझ में आ गया है। अब कोई भी उनके (अलगाववादियों के) साथ नहीं है। हमें प्रार्थना करनी चाहिए कि हालात शांतिपूर्ण बने रहें। इससे पहले कोर कमांडर ने कश्मीर के 10 आर्मी गुडविल स्कूलों में डिजिटल कक्षाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों ने कहा, जीवन के सभी क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी के आने और उसके प्रभाव के मद्देनजर भारतीय सेना ने आर्मी गुडविल स्कूलों में मौजूदा शिक्षण पद्धतियों में नवोन्मेषी परिवर्तन किए हैं। ऐसे ही एक प्रयास के तहत भारतीय सेना ने पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पीजीसीआईएल) के सहयोग से बारामूला, कुपवाड़ा, बांदीपुरा और अनंतनाग जिलों में कश्मीर संभाग के 10 आर्मी गुडविल स्कूलों में कक्षाओं का उन्नयन और डिजिटलीकरण करने के लिए एक परियोजना शुरू की है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के जरिए 128 कक्षाओं को स्मार्ट कक्षाओं में बदलना शामिल है, जिससे शिक्षण प्रक्रिया में बड़ा बदलाव आएगा। कुल 3.1 करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना के लिए पीजीसीआईएल ने अपनी सीएसआर (कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी) पहल के तहत वित्तीय मदद दी है और गुरुग्राम स्थित आईड्रीम्स लिमिटेड इसे निष्पादित कर रही है। परियोजना पर काम मार्च 2020 में शुरू हो गया था, लेकिन कोविड-19 के कारण इसे पिछले साल अप्रैल से सितंबर तक रोक दिया गया था। अधिकारियों ने कहा, अब तक कुल 28 में से 16 आर्मी गुडविल स्कूलों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। हमें उम्मीद है कि शेष 12 स्कूलों का भी डिजिटलीकरण जल्द हो जाएगा। इससे कश्मीर घाटी के इन स्कूलों में पढ़ने वाले सभी बच्चे नवीनतम शिक्षण तकनीकों का लाभ उठा सकेंगे।

● सेना हर प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार

### एम्स-भोपाल के उप निदेशक के यहां से 2.65 करोड़ से अधिक की संपत्ति मिली: सीबीआई

**भाषा।** नई दिल्ली

सीबीआई ने सोमवार को दावा किया कि एम्स, भोपाल के उप निदेशक धीरेंद्र सिंह के परिसरों की तलाशी के दौरान 2.65 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति मिली है, जिन्हें दो लाख रुपए की रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया जा चुका है। एजेंसी ने कहा कि उसने (लगभग) 6.75 लाख रुपए नकद, आरोपी और उसके परिवार के सदस्यों के नाम पर खोले गए खातों से 1.11 करोड़ रुपए बरामद किए हैं। साथ ही म्यूचुअल फंड और 79.20 लाख रुपए के शेयर मिले हैं। अधिकारियों ने कहा कि इसके अलावा एजेंसी ने सोने के सिक्के और (वर्तमान दरों के अनुसार लगभग) 21 लाख रुपए से अधिक मूल्य के 465 ग्राम के बार व संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज भी जब्त किए हैं।

# अनुच्छेद 370 रद्द करने का लाभ धीरे-धीरे मिलेगा: आठवले

**भाषा।** जम्मू

**केंद्रीय** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 को निरस्त किया जाना जम्मू-कश्मीर के लोगों के हित में है, जिसका लाभ उन्हें धीरे-धीरे और चुपचाप मिलेगा। उन्होंने पिछले महीने अफगानिस्तान पर कब्जा करने वाले तालिबान के साथ किसी भी प्रकार की वार्ता का विरोध किया और कहा कि उस देश के लोगों को न्याय मुहैया कराने के लिए तालिबान को सत्ता से बाहर करने की आवश्यकता है।

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राष्ट्रीय अध्यक्ष आठवले अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करने और अपने मंत्रालय की योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लेने यहां आए। उन्होंने एक कार्यक्रम के इतर संवाददाताओं से कहा, अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35ए को रद्द किया जाना जम्मू-कश्मीर के लोगों के हित में है, क्योंकि केंद्रशासित प्रदेश में अपनी इकाइयां लाने और जमीन खरीदने के लिए बाहर के निवेशकों के सामने यह सबसे बड़ी बाधा थी। उन्होंने कहा, सरकार के इस साहसिक कदम से लोग जम्मू-कश्मीर में निवेश करेंगे और स्थानीय युवाओं के लिए नौकरियां पैदा करेंगे। स्थानीय युवा आतंकवाद से दूर रहेंगे और आतंकवाद जल्द ही स्वत: समाप्त हो जाएगा। आठवले ने कहा कि अनुच्छेद 370 को रद्द करके भाजपा नीत सरकार को कोई लाभ नहीं हुआ, लेकिन जम्मू-कश्मीर के लोगों को इससे लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि इस कदम के कारण व्यापक स्तर पर विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है और आगामी समय में लोगों को धीरे-धीरे और चुपचाप इसका लाभ मिलेगा।

मंत्री ने कहा, सरकार जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ खड़ी है और केंद्र शासित प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मदद कर रही



है। उन्होंने कहा कि उनका मंत्रालय उपराज्यपाल के नेतृत्व वाले जम्मू-कश्मीर प्रशासन को अपना पूरा समर्थन देगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सभी केंद्र प्रायोजित योजनाएं जनता तक पहुंचे। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला द्वारा अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के साथ बातचीत करने का केंद्र को सुझाव देने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, वह (अब्दुल्ला) जम्मू-कश्मीर के एक सम्मानित वरिष्ठ नेता हैं, जो पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री भी थे, लेकिन हम उनके बयान का समर्थन नहीं करते।

आठवले ने कहा, तालिबान एक आतंकवादी समूह है जिसने अफगानिस्तान पर जबरन कब्जा कर लिया है। मुझे लगता है कि उनका समर्थन करना उचित नहीं है और उन्हें वहां से हटा दिया जाना चाहिए क्योंकि लोग उनके शासन में अन्याय एवं मानवाधिकार हनन का सामना कर रहे हैं। एआईएमआईएम (ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने टिप्पणी की थी कि उत्तर प्रदेश में आबादी का 19 प्रतिशत हिस्सा होने के बावजूद राज्य में मुसलमानों की राजनीतिक स्थिति एक शादी में बैंड पार्टी की तरह है। आवैसी की इस टिप्पणी के संबंध में सवाल किए जाने पर आठवले ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी को सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के नारे के तहत साथ लेकर चल रही है।

## राज्यपाल ने सेला सुरंग परियोजना का निरीक्षण किया

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल ब्रिगेडियर डॉ बी डी मिश्रा (सेवानिवृत्त) ने सेला सुरंग परियोजना के कामकाज का निरीक्षण करते समय सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की तकनीकी दक्षता की सराहना की। परियोजना के पूरा होने के बाद इससे तवांग और अग्रिम क्षेत्रों तक हर मौसम में संपर्क की सुविधा रहेगी। रविवार को तवांग की यात्रा के दौरान राज्यपाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश के लोगों को राज्य के पश्चिमी भाग तक सालभर हर मौसम में चलने वाली सड़क की सुविधा मिलेगी। राज भवन से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। मिश्रा ने कहा, चिकित्सा आपदा में यह वरदान सिद्ध होगा और आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान लोगों को दिया गया एक अनुपम तोहफा होगा। राज्यपाल तवांग के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नौ फरवरी 2019 को इस सुरंग की आधारशिला रखी थी और एक अप्रैल को इसका निर्माण शुरू हुआ था।



गुवाहाटी में केन्द्रीय मंत्री सर्वानन्द सोनेवाल को राज्यसभा सीट पर विजयी होने के बाद सम्मानित करते हुए मुख्यमंत्री बिसवा।

# लोनावाला स्टेशन पर इंदौर ट्रेन पटरी से उतरी कोई हताहत नही

**मुंबई।** इंदौर-दौंड विशेष ट्रेन के दो डिब्बे सोमवार सुबह महाराष्ट्र के पुणे जिले में लोनावाला स्टेशन पर पटरी से उतर गए। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस मार्ग पर ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ और करीब पांच घंटे के बाद इस मार्ग पर यातायात बहाल किया जा सका। उन्होंने बताया कि विशेष ट्रेन के लोनावाला में आज सुबह पटरी से उतरने से मुंबई पुणे दक्कन एक्सप्रेस समेत कुछ गाड़ियों के आवागमन में देरी हुई। अधिकारियों ने बताया कि मुंबई से 80 किलोमीटर दूर स्थित लोनावला स्टेशन पर सुबह करीब सात बजकर 50 मिनट पर जब ट्रेन प्रवेश कर रही थी तब उसके दूसरे और तीसरे डिब्बे पटरी से उतर गए। उनके अनुसार दोनों डिब्बों की एक एक ट्रॉली (पहियों का सेट) पटरी से उतरी। मध्य रेलवे के प्रमुख जनसंपर्क अधिकारी शिवाजी सुतार ने कहा, ट्रेन के सभी यात्री सुरक्षित हैं। कोई घायल नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि ट्रेन मध्य प्रदेश के इंदौर से आ रही थी और पुणे जिले के दौंड जा रही थी। सुतार ने बताया कि राहत वाहनों को घटनास्थल पर भेजा गया है। उन्होंने बताया कि पटरी से उतरे दो डिब्बों को अलग करके ट्रेन को नौ बजकर 27 मिनट पर गंतव्य के लिए रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि दोनों डिब्बों को क्रमश: 10:25 बजे और 11:44 बजे ठीक कर लिया गया और उन्हें 12:20 बजे मौके से रवाना किया गया। सुतार ने बताया कि अप एवं डाउन लाइनों पर ट्रेनों का परिचालन हो रहा है और किसी भी ट्रेन को नहीं रोका गया है। अधिकारी ने बताया कि हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है और माना जा रहा है कि मध्य रेलवे इस घटना की वरिष्ठ अधिकारी से जांच कराने की घोषणा करेगी।

## 2023 के विधानसभा चुनाव कर्नाटक में नए युग की शुरुआत करेंगे: कुमारस्वामी

**बेंगलुरू।** जनता दल के नेता एच डी कुमारस्वामी ने सोमवार को कहा कि 2023 के विधानसभा चुनाव कर्नाटक में नए युग की शुरुआत करेंगे और कन्नडिगा (कन्नड लोगों) की अपनी पार्टी राज्य की सत्ता में आएगी। कुमारस्वामी ने 224 सदस्ईय विधानसभा में कम से कम 123 सीटें जीतने का लक्ष्य रखते हुए कहा, हम अगले 17 महीने कड़ी मेहनत करेंगे और बिना रुके पार्टी की अनेक गतिविधियां चलाएंगे। हम 2023 में ऐसी सरकार लाने को लेकर विश्वस्त हैं जो कन्नडिगा के द्वारा और कन्नडिगा के लिए होगी और जदएस के माध्यम से बनेगी। जदएस ने 2023 में सत्ता में आने के उद्देश्य से बेंगलुरू के नजदीक पार्टी नेताओं के लिए चार दिन की कार्यशाला जनता पर्व 1.0 का आयोजन किया है जिसका उद्घाटन पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा ने किया। कार्यशाला से इतर संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा, हमारी पार्टी का उद्देश्य 2023 में 123 सीटें जीतने का है।

# जोजिला सुरंग जम्मू-कश्मीर, लद्दाख के विकास के लिए अहम: केंद्रीय मंत्री

**श्रीनगर।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि जोजिला सुरंग राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू कश्मीर और लद्दाख में विकास और पर्यटन के लिए भी अहम है क्योंकि यह साल भर संपर्क सुनिश्चित करेगी। सुरंग का काम जोरों पर है और एनएचआईडीसीएल सर्दियों के महीनों में भी निर्माण जारी रखने के लिए तैयार है। लद्दाख तक हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए सुरंग की परिकल्पना की गई है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री केंद्र के जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय दौरे पर शनिवार शाम मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले के सोनमर्ग पहुंचे। ठाकुर ने जोजिला और जेड-मोड़ सुरंग परियोजनाओं का निरीक्षण किया।

मंत्री ने समय सीमा से पहले परियोजनाओं को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करने पर जोर दिया। परियोजनाओं में हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि जोजिला सुरंग राष्ट्रीय सुरक्षा, विकास और पर्यटन के संबंध में जम्मू कश्मीर और लद्दाख दोनों के लिए अहम है कारगिल और लेह को पूरे साल कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।उन्होंने महत्वपूर्ण सुरंग, रेल और सड़क परियोजनाओं पर भी प्रकाश डाला, जिन्हें विकास के साथ-साथ सीमा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने किचपोरा कंगन का भी दौरा किया जहां उन्होंने क्षेत्रीय शारीरिक शिक्षा कार्यालय और क्षेत्रीय स्तर के खेल के एक मैदान की आधारशिला रखी। एक सभा को संबोधित करते हुए ठाकुर ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, लेकिन इसे दिशा देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के युवाओं को सुविधाओं की जरूरत है और केंद्र सरकार उनके लिए सहूलियतें सुनिश्चित करेगी।

## बंगाल कोयला घोटाले में सीबीआई ने चार लोगों को गिरफ्तार किया

**कोलकाता।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपए के कोयला चोरी घोटाले में कथित संलिप्तता के मामले में सोमवार को चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। जांच एजेंसी के सूत्रों ने यह जानकारी दी। चारों गिरफ्तार किए गए आरोपी अनूप माझी उर्फ लाला के करीबी सहयोगी बताए जाते हैं। लाला पश्चिम बर्द्धमान जिले के आसनसोल में ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) से कोयले की कथित चोरी का अहम सरगना बताया जाता है। सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने चारों को कोलकाता में एजेंसी के दफ्तर में अधिकारियों के सामने पेश होने को कहा था। उन्हें संक्षिप्त पूछताछ के बाद हिरासत में ले लिया गया। इससे पहले सीबीआई ने तृणमूल कांग्रेस के युवा नेता बिनय मिश्रा के भाई विकास मिश्रा को मामले में गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने लाला के खिलाफ पिछले साल नवंबर में प्राथमिकी दर्ज की थी।

## क्विक न्यूज

### पुलिसकर्मी के मारे जाने के विरोध में कैंडल मार्च निकाला

**जम्मू।** जम्मू में स्थित जागती शिविर में सैकड़ों कश्मीरी पंडितों ने सोमवार को कैंडल मार्च किया और कुपवाड़ा में एक सहयोगी के हाथों पहचान न पाने के कारण चलाई गई गोली से मारे गए पुलिसकर्मी के मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस विभाग में कार्यरत और हंदवारा में तैनात अजय धर की 22 सितंबर को तड़के मौत हो गई। उन्होंने बताया कि एक मंदिर की सुरक्षा में तैनात एक संतरी ने धर को आतंकी समझ कर गोली मार दी। जम्मू शहर के बाहरी इलाके में विस्थापित शिविर में प्रदर्शन करते हुए, प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मामले में हस्तक्षेप करने तथा सीबीआई अथवा एनआईए से मामले की जांच कराने की मांग की। जागती निवासी मोहन लाल ने कहा, यह एक हत्या है। पुलिस इसे छिपा रही है। उन्होंने कहा कि मामले की उच्चस्तरीय जांच से ही प्रशासन एवं पुलिस में कश्मीरी पंडितों का भरोसा सुनिश्चित हो पाएगा। प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि कश्मीर घाटी में भाजपा शासन के दौरान कश्मीरी पंडितों की हत्या हुई लेकिन सरकार ने जांच के आदेश नही दिए हैं। दिवंगत पुलिसकर्मी के परिजनों ने भी मामले में सीबीआई अथवा उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। जम्मू कश्मीर भाजपा एवं कुछ अन्य कश्मीरी पंडितों ने परिवार की मांग का समर्थन किया है।

### धामी ने की ज्ञानवाणी चैनल की शुरुआत

**देहरादून।** उत्तराखंड में छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन शिक्षण माध्यम से जोड़ने के लिए राज्य के शिक्षा विभाग और टेलीकॉम कंपनी जियो के संयुक्त प्रयास से स्थापित ज्ञानवाणी चैनल की सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुरुआत की। यहां ज्ञानवाणी चैनल की वर्चुअल शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने इसे एक अच्छा प्रयास बताया और कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि बच्चों के लिए ऑनलाइन शिक्षण के उद्देश्य से तैयार किए गए इस शिक्षा चैनल का लाभ प्रदेश के सभी बच्चों को मिले। धामी ने कहा कि ज्ञानवाणी चैनल की सार्थकता तभी होगी जब समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंचे। बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में स्कूलों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल में ऑनलाइन शिक्षण के लिए अनेक सराहनीय प्रयास किए गए और स्कूलों में कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सभी शैक्षणिक गतिविधियां चल रही हैं। वही, प्रदेश के शिक्षा मंत्री अरविन्द पाण्डेय ने कहा कि कोविड के दौरान ऑनलाइन शिक्षण का प्रचलन शुरू हुआ और आज ऑनलाइन माध्यम से अनेक शैक्षणिक गतिविधियां की जा रही है। इस अवसर पर शिक्षा सचिव राधिका झा ने कहा कि स्कूलों में शिक्षण के साथ ही बच्चों को ऑनलाइन माध्यम से भी शैक्षणिक गतिविधियों से जोड़ने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ज्ञानवाणी-1 चैनल प्राथमिक कक्षाओं एवं ज्ञानवाणी- 2 चैनल माध्यमिक कक्षाओं के लिए चलाया जा रहा है। जियो के प्रदेश के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विशाल अग्रवाल ने कहा कि समग्र शिक्षा अभियान से जुड़े सभी गैर सरकारी संगठन भी शिक्षा विभाग के माध्यम से ज्ञानवाणी में सामग्री का प्रसारण कर सकते हैं।

### पंचायत चुनाव को लेकर गोलीबारी में दो लोगों की मौत

**खगड़िया (बिहार)।** जिले के बेलदौर थाना क्षेत्र के रोहियमा गांव में कथित रूप से पंचायत चुनाव को लेकर सोमवार को हुई गोलीबारी मे दो लोगो की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक अमितेश कुमार ने बताया कि आरोपियो की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा छापेमारी की जा रही है। बेलदौर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि मृतकों की पहचान किशुनदेव चौधरी और हरिबोल यादव के रूप में हुई है। दोनो शवो को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। हरिबोल यादव के परिजनो का कहना है कि पंचायत चुनाव के लिए 24 अक्टूबर को होने वाले मतदान को लेकर गांव के दो गुटो के बीच आपसी विवाद के दौरान गोलियां चली। घटना मे किशुनदेव चौधरी की मौत मौके पर ही हो गई जबकि हरिबोल यादव बुरी तरह जख्मी हो गया। इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते मे हरिबोल की भी मौत हो गई।

### पुडुचेरी से भाजपा उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित

**पुडुचेरी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार एस. सेल्वागणपति सोमवार को पुडुचेरी से राज्यसभा की एकमात्र सीट पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। केंद्र शासित प्रदेश के सचिव आर. मौनीसामी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सेल्वागणपति को सीट से निर्विरोध निर्वाचित कर लिया गया, जो छह अक्टूबर को खाली हुई थी। पुडुचेरी से भाजपा का पहली बार ऊपरी सदन में प्रतिनिधित्व हो रहा है। नामांकन वापस लेने की आज अंतिम तिथि थी। नामांकन पत्रों की जांच में केवल सेल्वागणपति का नामांकन वैध पाया गया, जबकि पांच अन्य उम्मीदवारो (निर्दलीय) का नामांकन खारिज कर दिया गया क्योंकि उनके पास प्रस्तावकों की आवश्यक संख्या नही थी। सेल्वागणपति 1962 के बाद पुडुचेरी से राज्यसभा के लिए दसवें सदस्य हैं। उन्होंने एआईएनआरसी के समर्थन से नामांकन दाखिल किया जो पुडुचेरी मे गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रही है।



नादिया में दुर्गा पूजा पर्व के लिए दुर्गा जी की प्रतिमा को बनाता हुआ कारीगर

## केरल में भारी बारिश तीन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी

**कोच्चि।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने भारी बारिश के कारण सोमवार को केरल के तीन जिलों में ऑरेंज अलर्ट और राज्य के अन्य सभी जिलों के लिए एलो अलर्ट जारी किया। साथ ही बाढ़ की स्थिति को देखते हुए मछुआरों को समुद्र में नहीं जाने को कहा गया है। इडुक्की, एर्नाकुलम और त्रिशूर जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी ने कहा कि राज्य में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून जोरदार रहा है और पिछले 24 घंटों में भारी बारिश हुई है। अलाप्पुझा जिले के कायमकुलम में 17 सेंटीमीटर से अधिक बारिश हुई है। इसके अलावा तिरुवनंतपुरम जिले के नेय्यत्तिनकारा और वेल्लयानी, कोल्लम के आर्यनकावु और पथनमथिट्टा के सीताथोड में 13 सेमी बारिश हुई है। आईएमडी की वेबसाइट पर कहा गया है, केरल-लक्षद्वीप तटों पर हवा की गति 40-50 किमी प्रति घंटे तक पहुंचने की संभावना है। मछुआरों को सलाह दी जाती है कि वे 27 और 28 सितंबर को समुद्र में न जाएं।

# किस अस्पताल में वधावन के लिए पेसमेकर लगाने की सुविधा है

**भाषा।** मुंबई

**बंबई उच्च न्यायालय ने सरकार से मांगी जानकारी**

**बंबई** उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र सरकार से अदालत को यह जानकारी देने को कहा है कि मुंबई के किसी भी सरकारी अस्पताल में पेसमेकर लगाने की सुविधा है व्यवसाई राकेश वधावन को मुहैया कराई जा सके। वधावन पंजाब एवं महाराष्ट्र सहकारी बैंक धोखाधड़ी मामला में धनशोधन के आरोपी हैं।

न्यायमूर्ति भारती डांगरे की अध्यक्षता वाली एकल पीठ ने एक आदेश में राज्य के जेल अधिकारियों को 28 सितंबर तक इसकी सूचना देने को कहा। पीठ ने कहा कि अगर किसी सरकारी अस्पताल में यह सुविधा उपलब्ध नहीं है तो वधावन को अपनी पसंद के निजी अस्पताल में इस तरह की प्रक्रिया से गुजरने का विकल्प देना होगा और इसका खर्च उन्हें उठाना होगा। अदालत ने शहर के केईएम अस्पताल और निजी अस्पताल के एक डॉक्टर द्वारा पेश मेडिकल रिपोर्टों पर गौर करने के बाद निर्देश जारी किए। वधावन अभी केईएम अस्पताल में भर्ती हैं और अदालत की अनुमति के बाद निजी अस्पताल के एक डॉक्टर अस्पताल में वधावन को देखने गए थे। वधावन के वकील अबाद पोंडा ने अदालत से कहा कि चिकित्सा रिपोर्टों के अनुसार वधावन कई बीमारियों से पीड़ित हैं जिनमें हृदय की बीमारी भी शामिल है। हृदय की स्थिति को देखते हुए वधावन को पेसमेकर लगाने के लिए एंजियोप्लास्टी की जरूरत है। आदेश के अनुसार, केईएम अधिकारियों ने अदालत से कहा कि उनके अस्पताल में ऐसी सुविधा उपलब्ध नहीं थी। अदालत ने गौर किया कि वधावन के हृदय की स्थिति गंभीर है। प्रवर्तन निदेशालय ने वधावन को 2019 में कथित पीएमसी बैंक घोटाले के सिलसिले में धनशोधन के आरोप में गिरफ्तार किया था।

# गहलोत के बड़े भाई धन शोधन मामले में ईडी के सामने पेश हुए

**नई दिल्ली।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बड़े भाई अग्रसेन गहलोत अपने और अन्य के खिलाफ उर्वरक निर्यात में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले की जांच में पूछताछ के लिए सोमवार को यहां ईडी के सामने पेश हुए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि अग्रसेन का बयान धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया गया। अग्रसेन एक वकील के साथ करीब साढ़े ग्यारह बजे ईडी के सामने पेश हुए। इस मामले में अग्रसेन गहलोत से पहले भी पूछताछ हो चुकी है लेकिन उन्होंने ईडी की कार्वाई से राहत का अनुरोध करते हुए अदालत का रुख किया था।

राजस्थान उच्च न्यायालय ने हाल में अग्रसेन को जांच में एजेंसी के साथ सहयोग करने और ईडी को उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्वाई नहीं करने का निर्देश दिया था। एजेंसी ने पिछले साल जुलाई में राजस्थान में अग्रसेन के कारोबार से जुड़े परिसरों पर छापा मारा था। यह छापेमारी तब हुई जब राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और तत्कालीन उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच सियासी घमासान चल रहा था। राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी कांग्रेस ने कहा था कि वह केंद्रीय जांच एजेंसियों द्वारा की गई ऐसी कार्वाइयों से नहीं डरेगी। इस मामले में अग्रसेन गहलोत के बेटे अनुपम ने भी एजेंसी के सामने अपना पक्ष रखा था। ईडी ने सीमा शुल्क विभाग के 2007-09 के एक मामले के आधार पर पीएमएलए के तहत एक आपराधिक मामला दर्ज करने के बाद पिछले साल कार्वाई की थी। सीमा शुल्क विभाग के मामले में आरोप लगाया गया था कि किसानों के लिए सब्सिडी वाले म्यूरेट ऑफ पोटाश (एमओपी) की खरीद और निर्यात में अनियमितताएं हुईं और 2013 में इस मामले की जांच को अंतिम रूप दिया गया था।

# तमिलनाडु निर्वाचन आयोग को निकाय चुनाव कराने के लिए चार महीने का समय मिला

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने सोमवार को तमिलनाडु राज्य निर्वाचन आयोग (टीएनएसईसी) को राज्य में शहरी स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर चुनाव प्रक्रिया के समापन के लिए चार महीने का समय दिया। शीर्ष अदालत ने 22 जून को टीएनएसईसी को इस साल 15 सितंबर तक तमिलनाडु के चार मौजूदा जिलों से अलग कर बनाए गए नौ नए जिलों में स्थानीय निकाय चुनाव कराने का मौका दिया था और निर्देशों का पालन नहीं होने पर अवमानना कार्वाई की चेतावनी दी थी। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने इन निवेदनों पर ध्यान दिया कि अब छह और नगर निगम तथा 28 नई नगर पालिकाएं जोड़ी गई हैं तथा चुनाव संबंधी औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए कुछ और समय की आवश्यकता होगी।

पीठ ने कहा कि भले ही ए बहुत बड़े कारण नहीं है लेकिन समय दिया जाता है। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से पीठ ने पूछा कि वह टीएनएसईसी के लिए कितना समय चाहते हैं। रोहतगी ने कहा, कृपया अगले वर्ष के अप्रैल अंत तक का समय दें। प्रधान न्यायाधीश ने चार महीने का समय दिया जिसे राज्य निर्वाचन आयोग ने स्वीकार लिया।

संक्षिप्त सुनवाई के दौरान, पीठ ने जनहित याचिका दायर करने वाले एस. शंकर की सहमति पर भी आश्चर्य व्यक्त किया, जिन्होंने स्थानीय निकाय चुनाव कराने के संबंध में निर्वाचन आयोग को अतिरिक्त समय देने के लिए याचिका दायर की थी। पीठ ने कहा, (पी) विल्सन (वरिष्ठ अधिवक्ता) आपने चुनाव के लिए यह याचिका दायर की है। अब आप समय और स्थगन के लिए सहमत हैं। वरिष्ठ अधिवक्त विल्सन ने कहा कि निर्वाचन आयोग को 600 से अधिक शहरी निकायों के लिए चुनाव कराना है और अब, छह नगर निगम, 28 नगर पालिकाओं का गठन किया गया है तथा इससे राज्य में मौजूदा 528 नगर पंचायतों की संख्या में कमी आएगी।

इससे पहले, पीठ ने स्थानीय निकाय चुनावों से संबंधित प्रक्रियाओं के समापन के लिए छह से सात महीने और दिए जाने के अनुरोध वाली टीएनएसईसी की याचिका पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा था कि सरकार स्थानीय निकायों को छोड़कर सभी चुनाव करवा सकती है। पीठ ने कहा था, सरकार कुछ भी कर सकती है जो वह करना चाहती है। लेकिन जब भी स्थानीय निकाय चुनाव का मुद्दा आता है, तो वे कहते हैं, नहीं।



मुंबई में लोगों कोविड-19 वैक्सीन की डोज लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया

# सेंसेक्स, निफ्टी नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचे

## वाहन कंपनियों के शेयर चढ़े


**भाषा।** मुंबई

**रिलायंस इंडस्ट्रीज,** एचडीएफसी बैंक और मारुति के शेयरों में लाभ से सोमवार को सेंसेक्स और निफ्टी मामूली बढ़त के साथ अपने नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। हालांकि, बाजार ने कारोबार के दौरान अपना अधिकांश शुरुआती लाभ गंवा दिया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स दिन में कारोबार के दौरान 60,412.32 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर तक गया। कारोबार की समाप्ति पर अंत में यह 29.41 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ अपने नए रिकॉर्ड स्तर 60,077.88 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में लाभ दर्ज हुआ।

इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 1.90 अंक यानी 0.01 प्रतिशत के लाभ से अपने नए सर्वकालिक उच्चस्तर 17,855.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में मारुति का शेयर सबसे अधिक 6.53 प्रतिशत चढ़ गया। महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज ऑटो, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं दूसरी ओर एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व और इन्फोसिस, एलएंडटी, नेस्ले इंडिया और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों में गिरावट आई। सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में 17 नुकसान में रहे जबकि 13 में लाभ रहा। रिलायंस सिक्योरिटीज के रणनीति प्रमुख विनोद मोदी ने कहा, वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख के बीच घरेलू बाजारों में सीमित दायरे में कारोबार हुआ। आईटी तथा फार्मा कंपनियों में मुनाफावसूली से वाहन कंपनियों के शेयरों में तेज बढ़त का लाभ सिमट गया। उन्होंने कहा कि अक्टूबर से मांग में सुधार की उम्मीद से वाहन कंपनियों के शेयरों में जोरदार लाभ रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, आईटी, फार्मा और एफएमसीजी कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार अपनी बढ़त को कायम नहीं रख पाया और स्थिर रुख के साथ बंद हुआ।

### बीएसई सेंसेक्स सितंबर 2021 27

60,077.88




| टॉप गेनर | | टॉप लूजर | |
|---|---|---|---|
| मारुति सुजुकी | 6.53 | एचसीएल टेक | -4.58 |
| महिन्द्रा-महिन्द्रा | 4.14 | टेक महिन्द्रा | -3.30 |
| बजाज ऑटो | 2.77 | बजाज फिनसर्व | -2.64 |
| एनटीपीसी | 2.09 | इन्फोसिस | -2.35 |
| रिलायंस | 1.70 | लार्सन-टूब्रो | -1.58 |

### एनएसई निफ्टी सितंबर 2021 27

17,855.10




| टॉप गेनर | | टॉप लूजर | |
|---|---|---|---|
| मारुति सुजुकी | 6.44 | एचसीएल टेक | -4.36 |
| महिन्द्रा-महिन्द्रा | 4.30 | टेक महिन्द्रा | -3.28 |
| टाटा मोटर्स | 4.10 | विप्रो | -3.23 |
| ओएनजीसी | 2.83 | Divis Lab | -3.22 |
| हीरो मोटोकॉर्प | 2.75 | बजाज फिनसर्व | -2.57 |

पीटीआई ग्राफिक

## यूरोपीय संघ के खिलाफ अपनी मुक्त प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करने वाले मामले में अदालत का रुख करेगी गूगल

**लंदन।** गूगल, एंड्रयड प्रणाली के वर्चस्व के जरिए प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करने के लिए यूरोपीय संघ द्वारा लगाए गए रिकॉर्ड जुमाने के खिलाफ अपील करने की खातिर सोमवार को यूरोपीय संघ की एक शीर्ष अदालत का रुख करेगी। गूगल, यूरोपीय संघ के कार्यकारी आयोग के 2018 के उस फैसले को चुनौती दे रही है जिसमें कंपनी पर 4.34 अरब यूरो (पांच अरब डॉलर) का जुर्माना लगाया गया था – जो मुक्त प्रतिस्पर्धा विरोधी अभ्यासों के चलते किसी कंपनी पर यूरोपीय संघ द्वारा लगाया गया अब तक का सबसे बड़ा जुर्माना है। कार्यकारी आयोग ने कंपनी पर 2017 से 2019 के बीच तीन मामलों में कुल मिलाकर आठ अरब डॉलर से ज्यादा का जुर्माना लगाया है और 2018 में लगाया गया यह जुर्माना उसमें से सबसे बड़ा है। बाकी मामले शॉपिंग और सर्च से जुड़े हैं और शीर्ष प्रौद्योगिकी कंपनी तीनों को चुनौती दे रही है।

## क्विक न्यूज

### प्रमुख शहरों में 2021 में घर खरीदने की क्षमता में सुधार: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** संपत्ति सलाहकार जेएलएल इंडिया के अनुसार इस साल प्रमुख शहरों में घर खरीदने की क्षमता में सुधार हुआ है। वर्ष 2020 के निम्न आधार के मुकाबले इस साल घरेलू आय में आए सुधार, आवास ऋण पर निम्न ब्याज दर और आवास कीमतों में स्थिरता से यह सुधार आता दिखा है। जेएलएल इंडिया ने सोमवार को अपना वार्षिक गृह खरीद क्षमता सूचकांक (जेएलएल एचपीएआई 2021) पेश किया। सूचकांक से पता चलता है कि 2013 और 2021 के बीच प्रमुख भारतीय शहरों - दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, पुणे, हैदराबाद और बेंगलुरु में घर खरीदने की क्षमता में लगातार बढ़ोतरी हुई है। जेएलएल ने कहा कि चालू वर्ष के दौरान घरेलू आय में 7-9 प्रतिशत (2020 के निचले आधार से) की दर से वृद्धि देखी गई। सलाहकार कंपनी ने कहा कि वहीं इस दौरान हैदराबाद को छोड़कर भारत के सभी प्रमुख आवासीय बाजारों में घर की कीमतें स्थिर रहीं। जेएलएल ने कहा कि इसके अलावा इस समय ब्याज दरें 15 साल के अपने सबसे निचले स्तर पर है, जिससे घर खरीदारों के लिए ईएमआई कम हो गई है। इसका घर खरीदने योग्य क्षमता पर सकारात्मक असर हुआ है। जेएलएल के एचपीएआई 2021 के मुताबिक देश की सबसे महंगे आवास बाजार मुंबई में इस दौरान आवास खरीद सूचकांक में सबसे ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई। मुंबई का सूचकांक इस मामले में 100 के आंकड़े से आगे निकल गया। वहीं आवास खरीद क्षमता के मामले में कोलकाता सबसे बेहतर बाजार रहा है। इस साल आवास खरीद क्षमता सूचकांक में हैदराबाद के 200 के अंक को पार कर लेने की उम्मीद है जबकि पुणे उसके काफी करीब होगा।

### एचडीएफसी ने बॉन्ड के जरिए 6,000 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बनाई

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े आवास ऋणदाता हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन (एचडीएफसी) ने अपने दीर्घकालिक संसाधनों को बढ़ाने के लिए निजी नियोजन के आधार पर बांड जारी कर 6,000 करोड़ रुपए तक जुटाने की योजना बनाई है। एचडीएफसी ने सोमवार को शेयर बाजार को बताया कि सुरक्षित भुनानेयोग्य गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र (एनसीडी) वाले बांड का निर्गम आकार 3,000 करोड़ रुपए है, जिसमें 3,000 करोड़ रुपए तक अतिरिक्त अभिदान का विकल्प भी मौजूद है। एचडीएफसी ने कहा, इस निर्गम का उद्देश्य निगम के दीर्घकालिक संसाधनों को बढ़ाना है। निर्गम से हुई आय का उपयोग निगम की आवास वित्त व्यवसाय संबंधी जरूरतों के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा। क्रिसिल और इक्रा ने इन बॉन्ड के लिए एएए रेटिंग दी है और तीन साल की अवधि वाले ए बॉन्ड 30 सितंबर 2024 को भुनाए जा सकेंगे। निर्गम के लिए बोलियां 29 सितंबर 2021 को खुलेंगी और उसी दिन बंद होंगी।

### फर्जी हस्ताक्षर कर उप्र के मंत्री को कंपनी का शेयरधारक बनाने का मामला सामने आया


**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के नाती सिद्धार्थनाथ सिंह का फर्जी हस्ताक्षर कर उन्हें परमहंस नाम की एक कंपनी में शेयरधारक बनाने का मामला सामने आया है। इस मामले में मंत्री ने नोएडा सेक्टर 39 थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन 1) रणविजय सिंह ने बताया कि सेक्टर 39 थाना क्षेत्र के सेक्टर 39 इलाके में रहने वाले सिद्धार्थनाथ सिंह ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसमें कहा गया कि कुछ दिन पहले एक वरिष्ठ पत्रकार की तरफ से उन्हें एक ई-मेल मिला। उसमें उन्हें जानकारी मिली कि परमहंस टेक्नोलॉजीज कंपनी जिसका रजिस्टर्ड पता जोर बाग, दिल्ली है, इस कंपनी में वह शेयरधारक हैं। प्राथमिकी के अनुसार भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक हरिमोहन सर्राफ इस कंपनी के संचालक हैं। मंत्री ने एक चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) के माध्यम से पता किया तो खुलासा हुआ कि उनका फर्जी हस्ताक्षर कर उन्हे कंपनी में शेयरधारक बनाया गया है। कंपनी के पंजीकरण और शेयरधारिता के संबंध में दस्तावेज और बैंक लेनदेन से इस फर्जीवाड़े का पता चला। पुलिस ने मंत्री की प्राथमिकी के आधार पर कंपनी और उसके संचालक के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471 के तहत मामला दर्ज किया है और मामले की जांच कर रही है।

### सेबी ने एनएसईएल के दो ब्रोकर का पंजीकरण प्रमाणन रद्द किया

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने दो ब्रोकर ... जोन्ड़े कमोडिटीज लि. और प्रज्ञा कमोडिटी ब्रोकर्स प्राइवेट लि. का पंजीकरण प्रमाणन रद्द कर दिया। नियामक ने यह कदम इन ब्रोकरों के उपयुक्त मानदंड पर खरा नही उतरने को लेकर उठाया है। इन ब्रोकर ने अपने ग्राहकों को नेशनल स्पॉट एक्सचेंज लि. (एनएसईएल) में अवैध अनुबंधों में कारोबार की अनुमति दी थी। ये ब्रोकर एनएसईएल के सदस्य है। इन्होंने एनएसईल के मंच पर जोड़े वाले अनुबंध की सुविधा प्रदान की थी। इसके तहत एक ही जिंस के लिए दो अलग अलग अनुबंध के तहत खरीद और बिक्री के सौदे किए जा सकते है। इसमें निवेशक अल्पावधि निपटान का अनुबंध खरीदकर एक दीर्घकालिक निपटान अनुबंध में बेच सकता है। ऐसा सौदा अनुबंध इसके उलट भी हो सकतस है। एनएसईएल ने सितंबर, 2009 में युगल अनुबंधों की अवधारणा पेश की थी। इस तरह अनुबंध बिना किसी जांच के अवैध थे और एनएसईएल ऐसे युगल अनुबंधों के नाम पर निश्चित रिटर्न के वित्तीय लेनदेन को सुनिश्चित कर रहा था। जोन्ड़े और प्रज्ञा कमोडिटीज एनएसईएल के सदस्य थे और उन्होंने उसके मंच पर युगल अनुबंधों में भागीदारी की। सेबी ने उनके खिलाफ जांच शुरू की और इन ब्रोकरों के उपयुक्त मानदंड का पता लगाने को अधिकृत प्राधिकरण की नियुक्ति की। प्राधिकरण ने अपने निष्कर्ष में कहा कि ए ब्रोकर स्टॉक ब्रोकर नियमन के तहत पंजीकरण के उपयुक्त नही है।

### दुबई एक्सपो में भारत अपनी उपलब्धियों और सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन करेगा: अधिकारी

**दुबई।** भारत एक अक्टूबर से शुरू हो रहे दुबई एक्सपो 2020 में अपनी कला, संस्कृति और व्यंजनों के साथ ही अपनी प्रमुख उपलब्धियों का प्रदर्शन करेगा। भारतीय दूतावास ने यह जानकारी दी। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारत के राजदूत पवन कपूर ने कहा, यह बहुत स्पष्ट है कि हमारी जनसंख्या के अनुपात के आधार पर, यहां हमारे जिस तरह के संपर्क हैं, हम दुबई एक्सपो में सबसे बड़े भागीदार होंगे। यह आयोजन 183 दिन तक चलेगा और 31 मार्च 2022 को खत्म होगा। इस दौरान भारतीय मंडप में दुनिया को भारत की सांस्कृतिक विविधता, प्राचीन धरोहर, व्यावसायिक उपलब्धियों और अत्याधुनिक तकनीकों से परिचित कराया जाएगा। भारतीय मंडप दुबई एक्सपो 2020 में सबसे बड़े मंडपों में से एक है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, भारतीय मंडप में दुनिया देश की सांस्कृतिक विविधता, प्राचीन धरोहर, व्यावसायिक उपलब्धियों और अत्याधुनिक तकनीकों के साथ अग्रणी अवसरों का अनुभव करेगी। इसमें एक आधुनिक भारत के साथ ही भारतीय कला, संस्कृति और व्यंजनों को प्रदर्शित किया जाएगा। यह कार्यक्रम 183 दिन तक चलेगा। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग तथा कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल एक अक्टूबर को भारतीय दीर्घा का उद्घाटन करेंगे।



पीटीआई ग्राफिक

## जीएसटी से छूट की सूची की समीक्षा, कर चोरी के स्रोतों की पहचान करने के लिए दो मंत्री समूह गठित

**भाषा।** नई दिल्ली

**वित्त मंत्रालय** ने करों के मौजूदा स्लैब और जीएसटी से छूट वाली वस्तुओं की समीक्षा करने, कर चोरी के स्रोतों की पहचान करने और आयकर प्रणालियों में बदलाव का सुझाव देने के लिए राज्यों के वित्त मंत्रियों की दो समितियां गठित की हैं। दर युक्तिकरण संबंधी मंत्रियों का समूह (जीओएम) उल्टी शुल्क संरचना की समीक्षा करेगा और कर की दरों के स्लैब के विलय सहित युक्तिकरण उपायों की सिफारिश करेगा। सात सदस्ईय समिति दो महीने में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई इसके अध्यक्ष होंगे और इसमें पश्चिम बंगाल के वित्त मंत्री अमित मित्रा, केरल के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल, बिहार के उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद सहित अन्य शामिल होंगे।

यह कर आधार का विस्तार करने और इनपुट टैक्स क्रेडिट (वस्तु विनिर्माताओं को सरकार से मिलने वाली एक तरह की छूट) श्रृंखला का टूटना खत्म करने के उद्देश्य से माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत छूट प्राप्त वस्तुओं तथा सेवाओं की आपूर्ति की भी समीक्षा करेगा। वहीं जीएसटी प्रणाली सुधारों से जुड़ा मंत्री समूह (जीओएम) कर चोरी के संभावित स्रोतों की पहचान करेगा और राजस्व में कमी को रोकने के लिए व्यावसायिक प्रक्रियाओं तथा आईटी प्रणालियों में बदलाव का सुझाव देगा। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की अध्यक्षता वाली इस आठ सदस्ईय समिति में दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, तमिलनाडु के वित्त मंत्री पी टी राजन और छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री टी एस सिंह देव शामिल होंगे। समिति करदाताओं के पास उपलब्ध आयकर साधनों एवं इंटरफेस की समीक्षा करेगी तथा उन्हें और ज्यादा कारगर बनाने के तरीके सुझाएगी, बेहतर कर अनुपालन के लिए डेटा विश्लेषण के संभावित इस्तेमाल की पहचान करेगी तथा केंद्रीय एवं राज्य कर अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय के तरीके सुझाएगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद ने गत 17 सितंबर को इन दो मंत्री समूहों का गठन करने का फैसला किया था।

## इक्रा ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर नौ प्रतिशत किया

**भाषा।** मुंबई

**रेटिंग एजेंसी** इक्रा ने सोमवार को भारत के लिए अपने 2021-22 के वास्तविक जीडीपी वृद्धि के अनुमान में बदलाव करते हुए उसे पहले के 8.5 प्रतिशत से बढ़ाकर नौ प्रतिशत कर दिया। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि कोविड-19 टीकाकरण में तेजी, खरीफ (गर्मी की) फसल के स्वस्थ अग्रिम अनुमान और सरकारी खर्च में तेजी ऐसे कारक हैं जिनकी वजह से यह बदलाव किया गया।

गौरतलब है कि 2020-21 में 7.3 प्रतिशत के संकुचन के बाद, 2021-22 में बेहतर वृद्धि के आंकड़े की उम्मीद की जा रही है। हालांकि, वित्त वर्ष की शुरुआत में कोविड-19 संक्रमण की दूसरी लहर ने विश्लेषकों को अधिक चौकस कर दिया। महामारी की दूसरी लहर से देश के ग्रामीण इलाके भी प्रभावित हुए। भारतीय रिजर्व बैंक को उम्मीद है कि अर्थव्यवस्था 9.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। इक्रा ने सोमवार को कहा कि उसे उम्मीद है कि वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में बेहतर संभावनाएं होंगी। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, कोविड-19 टीकों के व्यापक कवरेज से विश्वास बढ़ने की संभावना है, जो संपर्क-गहन सेवाओं की मांग को फिर से सक्रिय करेगा। इससे महामारी से सबसे अधिक प्रभावित अर्थव्यवस्था के हिस्से के पुनरुद्धार में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि मजबूत खरीफ फसल से कृषि क्षेत्र से खपत की मांग को बनाए रखने की संभावना है, जबकि पहले के नकद प्रबंधन दिशानिर्देशों को वापस लेने के बाद केंद्र सरकार के खर्च में अपेक्षित तेजी समग्र मांग के इस क्षेत्र में नई ऊर्जा डाल देगी। अर्थशास्त्री ने कहा कि नौ प्रतिशत जीडीपी वृद्धि के नए अनुमान पर मुख्य रूप से संभावित तीसरी लहर और मौजूदा टीके के कोरोना विषाणु के नए उत्परिवर्तन (म्यूटेशन) के खिलाफ अप्रभावी होने पर असर पड़ सकता है।

## टीपीसीआई ने भारत-मिस्र खाद्य प्रसंस्करण, पैकेजिंग प्रौद्योगिकी बैठक का आयोजन किया

**नई दिल्ली।** भारतीय व्यापार संवर्धन परिषद (टीपीसीआई) ने सोमवार को कहा कि उसने भारत और मिस्र के बीच खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के दोतरफा वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए पिछले सप्ताह काहिरा में भारत-मिस्र खाद्य प्रसंस्करण और पैकेजिंग प्रौद्योगिकी बैठक का आयोजन किया। मिस्र में भारत के राजदूत अजीत गुप्ते ने इस खरीदार-विक्रेता बैठक का उद्घाटन किया। गुप्ते ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि मिस्र खाद्य और पेय पदार्थ, डेयरी एवं खाद्य तेल प्रसंस्करण के लिए एक बढ़ता हुआ बाजार है। टीपीसीआई के अनुसार राजदूत ने कहा, "प्रसंस्कृत खाद्य की बढ़ती बाजार मांग के साथ, खाद्य, पेय पदार्थ, डेयरी, खाद्य तेल, प्रसंस्करण और पैकेजिंग समाधान के लिए प्रौद्योगिकियों की मांग होगी। भारतीय मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) को मिस्र में बाजार से जुड़े शानदार अवसर मिलेंगे। बैठक में हिस्सा लेने वाले भारतीय प्रतिनिधिमंडल में खाद्य एवं पेय पदार्थ, डेयरी, खाद्य तेल और पैकेजिंग प्रौद्योगिकी क्षेत्र की 15 प्रमुख कंपनियां शामिल थीं।

## सरकार मौजूदा विदेश व्यापार नीति को मार्च 2022 तक जारी रखेगी: पीयूष गोयल



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि मौजूदा विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) अगले साल 31 मार्च तक चलती रहेगी। सरकार ने इससे पहले कोविड-19 संकट के कारण एफटीपी 2015-20 को इस साल 30 सितंबर तक बढ़ा दिया था।

विदेश व्यापार नीति आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसर तैयार करने के लिए निर्यात बढ़ाने को लेकर दिशानिर्देश उपलब्ध कराती है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, हम इसे आज शाम या कल अधिसूचित कर रहे हैं। हमने 31 मार्च (2022) तक नीति का विस्तार करने का फैसला किया है ... और (नए) वित्त वर्ष में हम नई नीति के साथ शुरुआत कर सकते हैं। गोयल ने उम्मीद जताई कि उस समय तक कोविड-19 की समस्या का समाधान हो जाएगा। सरकार ने इससे पहले 31 मार्च 2020 को कोरोना वायरस महामारी के प्रकोप और लॉकडाउन के बीच विदेश व्यापार नीति 2015-20 को 31 मार्च 2021 तक बढ़ा दिया था। इसके बाद अब इसका कार्यकाल एक साल और मार्च 2022 तक के लिए बढ़ा दिया गया है। गोयल ने कहा कि अप्रैल- 21 सितंबर, 2021 की अवधि में देश का निर्यात 185 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक रहा है।

## छुट्टियां बिताने के लिए जयपुर, गोवा हैं भारतीयों के पसंदीदा स्थल : रिपोर्ट

**मुंबई।** भारतीयों के बीच जयपुर और गोवा छुट्टियां बिताने के लिए सबसे पसंदीदा स्थल हैं। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्यों में कोविड-19 को लेकर लगाए गए अंकुश में ढील के बाद जयपुर और गोवा के लिए सबसे अधिक बुकिंग मिल रही हैं। प्रतिबंधों में ढील के बाद देश के पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र की स्थिति में सुधार की उम्मीद है। ओयो की अनलॉकिंग ट्रैवल रिपोर्ट-2021 के अनुसार, भारत में गोवा, जयपुर, मनाली, ऊटी और मैसूर लोगों के लिए सबसे पसंदीदा स्थल के रूप में उभरकर सामने आए हैं। यह रिपोर्ट ओयो के मंच पर अगस्त-सितंबर, 2021 के दौरान हुई वास्तविक बुकिंग और अक्टूबर 2021 से जनवरी, 2022 के लिए अग्रिम बुकिंग पर आधारित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ज्यादातर भारतीय लंबे सप्ताहांत के दौरान छुट्टियां बिताने के लिए बुकिंग करा रहे हैं। जन्माष्टमी और गणेश चतुर्थी पर बुकिंग में काफी तेज बढ़ोतरी देखने को मिली थी।

## नाबार्ड ग्राम सेवा सहकारी संस्थाओं को मजबूत बनाने में सहयोग करे: गहलोत

**भाषा।** जयपुर



**राजस्थान के** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में सहकारिता आंदोलन को गति देने तथा सहकारी संस्थाओं को मजबूत बनाने में नाबार्ड से और अधिक सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने कहा है कि सहकारिता के माध्यम से राज्य के विकास से जुड़ी परियोजनाओं में नाबार्ड और अधिक सशक्त एवं सक्रिय भागीदारी निभा सकता है।

नाबार्ड के चेयरमैन डा जीआर चिंतला ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर गहलोत से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में सहकारी संस्थाओं को बढ़ावा देने तथा उनके वित्तीय सशक्तीकरण के लिए लगातार प्रयास कर रही है। चिंतला ने राज्य में ग्राम सेवा सहकारी संस्थाओं के विस्तार तथा उनके कम्प्यूटरीकरण में सहयोग के लिए कहा। साथ ही, ग्राम सेवा सहकारी समितियों के कार्य विविधिकरण पर जोर देते हुए इन्हें अन्य नवीन गतिविधियों जैसे कृषि प्रसंस्करण एवं मार्केटिंग आदि से जोड़ने के लिए नाबार्ड की योजनाओं के तहत लाभान्वित करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने नाबार्ड का आह्वान किया कि हस्तशिल्प से जुड़े लोगों एवं मसाला उत्पादकों को अपने उत्पादों का उपयुक्त दाम दिलाने के लिए राष्ट्रीय व अर्न्ताष्ट्रीय स्तर पर बाजार संपर्क उपलब्ध कराने में नाबार्ड सहयोग करे। गहलोत ने इस दौरान नाबार्ड से प्रदेश के लिए आधारभूत संरचनाओं के विकास हेतु प्रदत्त ऋण लक्ष्यों को 1800 करोड़ रूपए वार्षिक से बढ़ाकर 10 हजार करोड़ रूपए वार्षिक तक करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे राज्य सरकार को सड़क, कृषि, पशुपालन एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में मदद मिलेगी। साथ ही, एफपीओ, स्वयंसेवा सहायता समूहों को सशक्त बनाने तथा उद्यमिता विकास के लिए ऋण एवं अनुदान सहायता प्रदान करने पर भी चर्चा हुई।

## वाणिज्यिक खनन: सरकार ने 11 कोयला खदानों की नीलामी प्रक्रिया का दूसरा प्रयास शुरू किया

**नई दिल्ली।** केंद्र ने वाणिज्यिक खनन के लिए 11 कोयला खदानों की नीलामी प्रक्रिया के लिए दूसरा प्रयास शुरू करने की घोषणा की। कोयला मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि ए वे खदानें हैं जिन्हें इस साल 25 मार्च को शुरू किए गए पहले प्रयास में पेश किया गया था और उनके लिए एकल बोली मिली थी। इसमें कहा गया, कोयला मंत्रालय के मनोनीत प्राधिकरण ने आज 11 कोयला खदानों (कोयला खदान (विशेष प्रावधान) अधिनियम की किश्त-12 के तहत चार खदानें और खनिज एवं धातु विकास एवं विनियमन अधिनियम की किश्त दो के तहत सात खदानें) की बिक्री के लिए नीलामी प्रक्रिया का दूसरा प्रयास शुरू किया है। यह बिक्री इन अधिनियमों के तहत निर्धारित नियमों के अनुसार होगी। इन 11 खदानों में से छह का पूरी तरह से अन्वेषण हो चुका है और पांच का आंशिक अन्वेषण हुआ है। इनकी बिक्री के लिए ऑनलाइन नीलामी की जाएगी।

# पेज एक का शेष

## अंतिम समय में...

याचिका में कहा गया है कि परीक्षा के प्रचलित प्रारूप के अनुसार अति विशिष्टता पाठ्यक्रम के प्रश्नों पर 60 प्रतिशत अंक दिए जाते हैं जबकि 40 प्रतिशत अंक अन्य पाठ्यक्रमों से दिए जाते हैं। याचिका में दावा किया गया है कि सूचना बुलेटिन के मुताबिक प्रवेश परीक्षा को 'पूरी तरह से बदल दिया' गया और एनबीई ने कहा है कि परीक्षा 'स्नातकोत्तर की निकास परीक्षा के स्तर' की होगी।

## प्रदेश में पर्यटन की...

मुख्यमंत्री ने कहा कि ईको टूरिज्म के लिए भी राज्य में व्यापक सम्भावनाएं हैं। इन सम्भावनाओं को विकसित करने के लिए वन एवं पर्यटन विभाग को सामूहिक प्रयास करने चाहिए। प्रदेश में तराई के क्षेत्र में ईको.टूरिज्म की असीम सम्भावना है। जून माह में भी इस क्षेत्र में तापमान समीपवर्ती जनपदों के तापमान से काफी कम होता है। विन्ध्य और बुन्देलखण्ड क्षेत्र का सौन्दर्य आध्यात्मिकता से ओतप्रोत कर देने वाला है। मुख्यमंत्री ने कहा पर्यटन लोगों में उत्साह उमंग तथा सृजनात्मक शक्ति का संचार करने के साथ ही रोजगार सृजन का भी बड़ा माध्यम है। यह पूरे अर्थ तंत्र को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का माध्यम बनता है। पर्यटन का विकास अनेक प्रकार के रोजगार लेकर आता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्यटन विकास की अनेक परियोजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं। अयोध्या एवं काशी में कई परियोजनाएं चल रही हैं। काशी में संचालित परियोजनाएं इस प्राचीनतम नगरी की पुरातन काया को बनाए रखते हुए नये कलेवर में विकसित कर रही हैं। इससे हर व्यक्ति अभिभूत होता और गौरव करता है। चित्रकूट पर्यटन के नक्शे पर स्थान बना रहा है। विन्ध्यवासिनी धाम में हो रहा पर्यटन विकास शाक्त परम्परा के श्रद्धालुओं के लिए इस पवित्र स्थल को सुविधापूर्ण और आकर्षक बनाएंगे। नगर विकास मंत्री आशुतोष टण्डन ने कहा कि पर्यटन दुनिया के सबसे बड़े उद्योगों में से एक है। पर्यटन गतिविधियों से विभिन्न प्रकार के उद्यम फलते-फूलते हैं। इससे पूरे क्षेत्र का अर्थशास्त्र सुदृढ़ होता है। इस अवसर पर जल शक्ति मंत्री डॉ. महेन्द्र सिंह, लखनऊ की महापौर संयुक्ता भाटिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम, मण्डलायुक्त लखनऊ रंजन कुमार एवं शासन प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी तथा अन्य नागरिक उपस्थित थे।

## भारत बंद का रहा...

लोगों को दफ्तर, कॉलेज और डॉक्टर के पास जाने में देरी हुई। सड़कों पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें देखी गईं। किसानों ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गाजीपुर सहित राष्ट्रीय राजधानी में जाने वाली अन्य सड़कों को अवरुद्ध कर दिया। इसके अलावा हरियाणा के सोनीपत में कुछ दूर, कुछ किसान पटरियों पर बैठ गए। पंजाब के पटियाला में भी, बीकेयू-उग्राहन के सदस्य अपना विरोध दर्ज कराने के लिए पटरियों पर बैठ गए।

## प्रदेश में कोविड-19 के...

उन्होंने बताया कि राज्य में अब तक कोविड-19 रोधी टीके की 8,16,08,288 पहली खुराक तथा 1,87,01,290 दूसरी खुराक दी जा चुकी हैं। प्रसाद ने कहा कि अन्य प्रदेशों में कोविड बढ़ रहा है, इसलिए सभी लोग सतर्क रहें और टीकाकरण के बाद भी कोविड प्रोटोकॉल का पालन अवश्य करें। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में त्योहारों के दौरान लोगों का आवागमन ज्यादा होगा, इसलिए ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है और निगरानी समितियां भी अपने अपने स्तर पर सतर्क रहें।

## प्रधानमंत्री ने आयुष्मान...

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा, अब भारत में एक ऐसे स्वास्थ्य मॉडल पर काम जारी है जो समग्र हो और समावेशी भी हो। एक ऐसा मॉडल, जिसमें बीमारियों से बचाव पर जोर हो, - यानी रोकथाम संबंधी स्वास्थ्य सेवा हो, बीमारी की स्थिति में इलाज सुलभ हो, सस्ता हो और उस तक सबकी पहुंच हो। उन्होंने कहा, भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए चिकित्सा शिक्षा में भी अभूतपूर्व सुधार हो रहे हैं। 7-8 साल पहले की तुलना में आज अधिक चिकित्सक और पैरामेडिकल कर्मी देश में तैयार हो रहे हैं। प्रधानमंत्री के अनुसार, बीते सात वर्षों में, देश की स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने का जो अभियान चल रहा है, वह आज से एक नए चरण में प्रवेश कर रहा है। आज एक ऐसे मिशन की शुरुआत हो रही है, जिसमें भारत की स्वास्थ्य सुविधाओं में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने की ताकत है।

उन्होंने कहा, 130 करोड़ आधार नंबर, 118 करोड़ मोबाइल उपभोक्ता, लगभग 80 करोड़ इंटरनेट उपयोगकर्ता, करीब 43 करोड़ जनधन बैंक खाते, इतनी बड़ी एकीकृत आधारभूत अवसंरचना दुनिया में कहीं नहीं है। मोदी ने कहा कि यह डिजिटल आधारभूत अवसंरचना राशन से लेकर प्रशासन तक को तेज, पारदर्शी तरीके से सामान्य भारतीय तक पहुंचा रही है। उन्होंने कहा, आरोग्य सेतु ऐप से कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने में बहुत मदद मिली। सबको टीका, मुफ्त टीका अभियान के तहत भारत आज टीके की करीब-करीब 90 करोड़ खुराक लगा पाया है तो इसमें को-विन ऐप की बहुत बड़ी भूमिका है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा, स्वास्थ्य का पर्यटन के साथ एक बड़ा मजबूत रिश्ता है क्योंकि जब हमारा स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचा एकीकृत होता है, मजबूत होता है, तो उसका प्रभाव पर्यटन क्षेत्र पर भी पड़ता है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने स्वतंत्रता दिवस, 2020 पर लालकिले की प्राचीर से राष्ट्र के नाम प्रधानमंत्री के संबोधन को याद करते हुए कहा, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का यह कदम स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को बदल देगा और सभी नागरिकों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा।

## अवैध धर्मांतरण गिरोह...

वहीं अब तक 14 व्यक्तियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है । मौलाना कलीम के तीन साथी हाफिज इदरीस, मोहम्मद सलीम और कुनाल चौधरी उर्फ आतिफको यूपी एटीएस द्वारा 26 सितंबर 21 को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर 7 दिवस के पुलिस कस्टडी रिमांड के लिए अनुरोध किया गया था जो न्यायालय में विचाराधीन था। विवेचक की ओर से यह कहा गया कि तीनों अभियुक्तों द्वारा गैर मुस्लिमों का अवैधानिक तरीके से मुस्लिम धर्म में परिवर्तन का कार्य कराया जाता है । अभियुक्त गण अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर कई लोगों का धर्म परिवर्तन कर चुके है और ऐसे लोगों का धर्मांतरण प्रमाण पत्र और दस्तावेज बनवाने का कार्य करते हैं। अभियुक्तों ने अपने बयानों में बताया है कि गैर मुस्लिमों या मुस्लिम धर्म में धर्मांतरण कराने के लिए उनके पास विदेश से पैसा आता है। अधिकांशत: यह पैसा बहरीन, सऊदी अरब व दुबई से आता है। विवेचना के क्रम में उपरोक्त अभियुक्तों के पास से बरामद मोबाइल व सिम कार्ड के डाटा एक्स्ट्रेशन संबंधित तथ्यों की छानबीन और गहन पूछताछ कर बरामदगी की जानी है। अभियुक्तों के बैंक खातों का विश्लेषण कर उनके बारे में विस्तृत पूछताछ की जानी है। अभियुक्तों को उनके द्वारा जिन स्थानों पर दावाह की दावत का कार्यक्रम कर लोगों को धर्मांतरण के लिए प्रेरित किया गया है, उन स्थानों पर ले जाकर उन व्यक्तियों की शिनाख्त तथा उनसे अवैधानिक धर्म परिवर्तन से संबंधित अभिलेखों की बरामदगी करनी है। विवेचनात्मक कार्यवाही और साक्ष्य संकलन के लिए अभियुक्तों को मेरठए मुजफ्फरनगर, दिल्ली व अन्य स्थानों पर ले जाना है। इस अनुरोध पर सुनवाई करते हुए विशेष न्यायालय अपर जिला एवं सत्र तृतीय ने तीनों अभियुक्तों का 7 दिवसीय पुलिस कस्टडी रिमाण्ड 28 सितंबर 21 की प्रात: 10 बजे से स्वीकृत किया है।

## नरेंद्र गिरि मौत मामले...

उल्लेखनीय है कि 20 सितंबर, 2021 को महंत नरेंद्र गिरि अपने मठ बाघंबरी गद्दी में मृत पाए गए थे। पुलिस के मुताबिक, गिरि ने कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी जिनके कथित सुसाइड नोट में उक्त तीन आरोपियों को जिम्मेदार बताया गया था। घटना के अगले ही दिन 21 सितंबर को दो आरोपियों- आनंद गिरि और अद्या प्रसाद तिवारी को गिरफ्तार कर लिया गया था जिन्हें 22 सितंबर को अदालत में पेश किया गया। वहीं, तीसरे आरोपी संदीप तिवारी को 22 सितंबर को गिरफ्तार किया गया और 23 सितंबर को अदालत में पेश किया गया। इन तीनों आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था।

# जेसन-विलियमसन ने दिया रायल्स को झटका

● सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान को सात विकेट से हराया

● दूसरी जीत दर्ज की, सैमसन की पारी बेकार

भाषा। दुबई

**सलामी बल्लेबाज** जेसन रॉय और कप्तान केन विलियमसन की अर्धशतकीय पारियों के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में सोमवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को सात विकेट से शिकस्त दी। पूर्व कप्तान डेविड वार्नर की जगह टीम में शामिल हुए रॉय ने 42 गेंद की पारी में एक छक्का और आठ चौके जड़े।
उन्होंने पहले विकेट के लिए ऋद्धिमान साहा (18) और दूसरे विकेट के लिए कप्तान विलियमसन के साथ 57-57 रन की साझेदारी कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। विलियमसन से 41 गेंद में नाबाद 51 रन की पारी के दौरान पांच चौके और एक छक्का जड़ा। उन्होंने अभिषेक शर्मा (नाबाद 21) के साथ चौथे विकेट के लिए 48 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को 10 मैचों में दूसरी सफलता दिलवाई। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान संजू सैमसन की 82 रन की शानदार पारी से पांच विकेट पर 164 रन बनाए थे। हैदराबाद ने हालांकि 18.3 ओवर में तीन विकेट गवां कर 167 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस हार से प्लेऑफ में पहुंचने की राजस्थान की उम्मीदों को झटका लगा है। सैमसन ने इस दौरान शिखर धवन को पछाड़कर ऑरेंज कप अपने नाम किया। मौजूदा सत्र में उनके नाम 10 मैचों में 433 रन है जबकि धवन ने इतने ही मैच में 430 रन के साथ दूसरे स्थान पर है। लक्ष्य का पीछा करते हुए साहा और रॉय ने शुरुआती पांच ओवरों में 57 रन जोड़कर सनराइजर्स को शानदार शुरुआत दिलाई। हैदराबाद के लिए अपने पहले मैच में रॉय शुरुआती तीन ओवरों में संघर्ष कर रहे थे लेकिन इस दौरान साहा ने पारी के पहले और तीसरे ओवर में जयदेव उनादकट के खिलाफ दो चौका और एक छक्का लगाया। रॉय ने इसके बाद चौथे ओवर में मुस्ताफिजुर रहमान के खिलाफ दो और पांचवें ओवर में


जेसन ने बनाए 60 रन

क्रिस मौरिस के खिलाफ तीन चौके जड़ टीम के अर्धशतक को पूरा किया। महिपाल लोमरोर ने हालांकि छठे ओवर की पहली गेंद पर साहा को सैमसन के हाथों स्टंप करवा दिया। राजस्थान के गेंदबाज हालांकि इसके बाद रनों पर अंकुश लगाने में कुछ हद तक सफल रहे लेकिन विलियमसन ने 10वें ओवर में लोमरोर की गेंद को दर्शकों के पास भेज कर हाथ खोला। इसके अगले ओवर में गेंदबाजी के लिए राहुल तेवतिया के खिलाफ रॉय ने छक्का और फिर तीन चौके जड़े। इस ओवर से 21 रन आए और मैच का रुख हैदराबाद की ओर मुड़ गया। सैमसन ने खतरनाक होती इस साझेदारी को तोड़ने के लिए चेतन सकारिया को गेंद थमाई और उन्होंने रॉय को आउट कर इस फैसले को सही साबित किया।
गले ओवर में मुस्ताफिजुर रहमान ने प्रियम गर्ग को खाता खोले बगैर अपनी गेंद खुद कैच पकड़ कर पवेलियन भेजा। विलियमसन और अभिषेक शर्मा ने हालांकि इसके बाद संभल कर बल्लेबाजी करते हुए टीम को लक्ष्य के करीब ले गए। विलियमसन ने 19वें ओवर की दूसरी और तीसरी गेंद पर मुस्ताफिजुर के खिलाफ लगातार दो चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा करने के साथ टीम को जीत दिला दी।
इससे पहले सैमसन ने 57 गेंद की अपनी पारी में सात चौके और तीन छक्के की मदद से 82 रन बनाए। उन्हें युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (23 गेंद में 36 रन) और महिपाल लोमरोर (28 गेंद में नाबाद 29 रन) का अच्छा साथ मिला। सैमसन और लोमरोर ने चौथे विकेट के लिए 84 रन जोड़े।

## स्कोरबोर्ड

**राजस्थान रॉयल्स पारी:** इविन लुईस का समद बो भुवनेश्वर 06, यशस्वी बो संदीप 36, सैमसन का होल्डर बो सिद्धार्थ 82, लिविंगस्टोन का समद बो राशिद 04, लोमरोर नाबाद 29, पराग का रॉय बो सिद्धार्थ 00, तेवतिया नाबाद 00, **अतिरिक्त:** (बाई: 01 लेग बाई: 03 , वाइड: 03) 07, **कुल योग:** (20 ओवर में पांच विकेट पर) 164 रन, **विकेट पतन:** 1-11, 2-67, 3-77, 4-161, 5-162, **गेंदबाजी:** संदीप 3-0-30-1, भुवनेश्वर 4-1-28-1, होल्डर 4-0-27-0, कौल4-0-36-2, खान 4-0-31-1, अभिषेक 1-0-8-0

**सनराइजर्स हैदराबाद पारी:** जेसन का सैमसन बो सिकारिया 60, साहा स्टं. सैमसन बो लोमरोर 18, विलियमसन नाबाद 51, गर्ग का एवं बो मुस्ताफिजुर 00, अभिषेक शर्मा नाबाद 21, अतिरिक्त: (बाई: 04 , लेग बाई:04, वाइड:09) 17, **कुल योग:** (18.3 ओवर में तीन विकेट पर) 167 रन, **विकेट पतन** : 1-57, 2-114, 3-119, **गेंदबाजी:** उनादकट2-0-20-0, मौरिश 3-0-27-0, रहमान 3.3-0-26-1, लोमरोर 3-0-22-1,तेवतिया 3-0-32-0,सकारिया 4-0-32-1

## घुटने की चोट के बाद यूएई से स्वदेश लौटे कुलदीप, अधिकांश घरेलू सत्र से रह सकते हैं बाहर



**नई दिल्ली।** बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को घुटने में गंभीर चोट लगी है और यूएई में इंडियन प्रीमियर लीग के बीच से लौटने के बाद उनके अधिकांश घरेलू सत्र से भी बाहर रहने की संभावना है। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से खेलने वाले कुलदीप भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं और प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी से पहले उन्हें लंबी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजरना होगा। आईपीएल टीमों से जुड़े मामलों को देखने वाले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर पीटीआई को बताया, हां, हमें सूचना मिली है कि यूएई में अभ्यास सत्र के दौरान कुलदीप को घुटने में गंभीर चोट लगी है। संभवत: क्षेत्ररक्षण के दौरान उसका घुटना मुड़ गया और उस समय चोट गंभीर थी। उन्होंने कहा, कोई संभावना नहीं थी कि वह आईपीएल में आगे हिस्सा ले पाएगा और इसलिए उसे भारत वापस भेज दिया गया।

## चयन मेरे हाथ मे नही है , विश्व कप टीम मे जगह नही मिलने पर बोले हर्षल



**दुबई।** इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार अच्छे प्रदर्शन के बावजूद टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिलने से भी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल विचलित नहीं है और उनका कहना है कि चयन उनके हाथ में नहीं हैं। मुझे कभी पछतावा नहीं रहा। मैने अपने जीवन में समय के अनुसार अपनी ओर से सबसे सही फैसले लेने की कोशिश की हैं। जहां तक चयन की बात है तो वह मेरे हाथ में नहीं है। मैं क्लब टीम के लिए खेलूं या आईपीएल टीम के लिए या देश के लिए या फिर हरियाणा के लिए , मैं बल्ले और गेंद से सकारात्मक योगदान देना चाहता हूं। यह मेरा लक्ष्य है और जब तक क्रिकेट खेल रहा हूं, तब तक रहेगा। मुंबई इंडियंस के खिलाफ हैट्रिक लगाने वाले हर्षल ने कहा , मैने अपने जीवन में पहली हैट्रिक ली है। अभी स्कूल के मैच में भी नहीं ली। आईपीएल में छठी बार हैट्रिक के पास पहुंचा और पहली बार कामयाब रहा।

## क्विक न्यूज

### युवेंटस की संघर्षपूर्ण जीत

**मिलान।** सैंपडोरिया के खिलाफ सीरि ए फुटबॉल मुकाबले में 3-2 से मिली संघर्षपूर्ण जीत में युवेंटस के लिए गोल करने वाले स्ट्राइकर पाउलो डायबाला चोटिल होने के बाद रोते हुए मैदान से निकले। कुछ सालों से लगातार फिटनेस समस्याओं के शिकार डायबाला को इस मैच मे फिर चोट लगी। वह चल नही पा रहे थे और साथी खिलाड़ियों का सहारा लेना पड़ा। युवेंटस के कोच मासिमिलानो अलेग्री ने मैच के बाद कहा कि डायबाला और अलवारो मोराटा चेलसी के खिलाफ बुधवार को चैम्पियंस लीग का मैच और शनिवार को सीरि ए मे तोरिनो के खिलाफ मैच नही खेल सकेंगे।

### आर्सनल ने टोटेनहम को हराया

**लंदन।** पिछली नाकामियों से उबरते हुए आर्सनल ने प्रीमियर लीग फुटबॉल के मैच मे टोटेनहम को 3-1 से हराया। मिकेल अर्टेटा की टीम ने प्रीमियर लीग में पहली बार पहले 34 मिनट के भीतर तीन गोल दागे। उसके लिए एमिले स्मिथ रोव, पियरे एमरिक और बुकायो साका ने गोल किए। एक महीने पहले ही अगस्त में आर्सनल की शुरूआत लगातार तीन हार के साथ हुई थी। उसे गत चैम्पियन मैनचेस्टर सिटी ने भी बुरी तरह से हराया था। उसके बाद से आर्सनल ने सत्र बहाल होने पर लगातार तीन मैच जीते। दूसरी ओर टोटेनहम की यह लगातार तीसरी हार थी।

### मार्शेले की हार, मोनाको जीता

**पेरिस।** मार्शेले को फ्रेंच फुटबॉल लीग के मौजूदा सत्र में पहली पराजय का सामना करना पड़ा जिसे रोमांचक मैच में लेंस ने 3-2 से हराया। दिमित्री पाएत के दो गोल की मदद से मार्शेले ने ब्रेक तक स्कोर 2-2 से बराबर कर लिया था लेकिन लेंस के स्थानापन्न खिलाड़ी वेसले सैड ने निर्णायक गोल करके टीम को जीत दिलाई। लेंस के लिए पहले दो गोल फ्लोरियन सोटोका और जेमीस्लाव फ्रेंकोवज्की ने किए।

### टेस्ट से संन्यास लेंगे मोईन अली

**लंदन।** इंग्लैड के अनुभवी हरफनमौला खिलाड़ी मोईन अली सीमित ओवरो के क्रिकेट में अपने कैरियर को विस्तार देने के लिए टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेंगे। ब्रिटिश मीडिया की खबरो मे यह दावा किया गया। मोईन कप्तान जो रूट और मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड को अपने फैसले से अवगत करा चुके है। उन्होंने 64 टेस्ट में 28 . 29 की औसत से 2914 रन बनाए और 36 . 66 की औसत से 195 विकेट लिए है। वह 2019 एशेज श्रृंखला के बाद से टेस्ट क्रिकेट नही खेले थे लेकिन भारत के खिलाफ हाल ही में घरेलू श्रृंखला के लिए उनकी टेस्ट टीम मे वापसी हुई। ूरे करने वाले 15वें टेस्ट क्रिकेटर बनने की दहलीज पर थे।

### बॉल-टु-बॉल कमेंटरी होगी

**बेंगलुरु।** आगामी क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए आठ भारतीय भाषाओं में स्कोरबोर्ड और बॉल-टु-बॉल कमेंटरी को साथ मिलाया जाएगा। उसके लिए डिजिटल प्लेटफार्म पर शेयरचैट ने योजना बनाई है। अपने ऑडियो चैटरूम फीचर का लाभ उठाते प्रमुख खिलाड़ियों के साथ सेशन आयोजित क रेबा। इन खिलाड़ियों में वीरेंदर सहवाग,रविचंद्रन अश्विन, गौतम गम्भीर, शिखर धवन, अजित अगरकरए और आकाश चोपड़ा के नाम शामिल हैं जो सोशल क्रिकेट का संपूर्ण अनुभव प्रदान करेंगे। इसमें लाखों लोग जुड़े हैं और इन सभी को अपने मनपसंद खिलाड़ियों के साथ सबसे चहेते और निरंतर क्रिकेट आयोजनों के मैचों प्रदर्शन और अन्य प्रमुख घटनाओं पर चर्चा में शामिल होने का मौका मिलेगा। इसलिए ये फीचर्स आठ अलग-अलग भाषाओं तमिल, तेलुगु, कन्नड़, , बांग्ला, मराठी, पंजाबी और मलयालम में उपलब्ध होंगे। ये नया फीचर सम्पूर्ण भारत के लोगों को जोड़ेगा। सीनियर डायरेक्टर कटेंट स्ट्रेटेजी और ऑपरेशंस, शशांक शेखर ने इस एकीकरण के बारे में कहा कि हमारा लक्ष्य हमेशा ही नवोन्मेषी व सामाजिक अनुभवों के साथ अपने यूजर्स का मनोरंजन करना रहा है।

### महिला फुटबॉल टीम का ऐलान

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम के मुख्य कोच थॉमस डेनेर्बी ने यूएई और बहरीन के खिलाफ आगामी दोस्ताना मैचो के लिए 23 सदस्ईय भारतीय टीम की घोषणा की है। टीम इस समय जमशेदपुर मे शिविर मे है जो दो अक्टूबर को संयुक्त अरब अमीरात और चार अक्टूबर को ट्यूनीशिया की राष्ट्रीय टीमो के खिलाफ मैच खेलेगी। इसके बाद भारतीय टीम बहरीन में दस अक्टूबर को मेजबान के खिलाफ और 13 अक्टूबर को चीनी ताइपै के खिलाफ मैच खेलेगी। डेनेर्बी ने कहा , एक महीने झारखंड मे अभ्यास के बाद हमे बहुत खुशी है कि हम यूएई और बहरीन मे खेलने जा रहे है।

# केकेआर को हराकर प्लेआफ में जगह पक्की करना चाहेगी दिल्ली कैपिटल्स




भाषा। शारजाह

**शानदार** फॉर्म में चल रही दिल्ली कैपिटल्स इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर प्लेआफ में जगह पक्की करना चाहेगी। दिल्ली के लिए अच्छी बात यह भी है कि केकेआर के आक्रामक हरफनमौला खिलाड़ी आंद्रे रसेल का चोट के कारण इस मैच में खेलना अनिश्चित है। पहला आईपीएल खिताब जीतने की कोशिश में जुटी दिल्ली ने इस सत्र में आक्रामक खेल दिखाया है और उसकी नजरें सिर्फ प्लेआफ में जगह बनाने पर नहीं बल्कि पिछले साल से बेहतर प्रदर्शन करने पर है। पिछले सत्र में फाइनल में उसे मुंबई इंडियंस ने हराया था। दिल्ली दस मैचों में आठ जीत के साथ 16 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है जबकि केकेआर छह हार और चार जीत के बाद चौथे स्थान पर है। दिल्ली ने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स को हराया जबकि केकेआर को चेन्नई सुपर किंग्स के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा। हैमस्ट्रिंग चोट के कारण तीन ओवर फेंकने के बाद रसेल मैदान से बाहर चले गए जिनकी कमी केकेआर को खली। उनकी गैर मौजूदगी में प्रसिद्ध कृष्णा को 19वां ओवर फेंकने की जिम्मेदारी दी गई लेकिन वह रविंद्र जडेजा को रोक नहीं सके। इयोन मोर्गन और उनकी टीम को बखूबी पता है कि दिल्ली जैसी फॉर्म में चल रही टीम के खिलाफ वे कोई गलती नहीं कर सकते। प्लेआफ में जगह बनाने के लिए यह मैच उनके लिए काफी अहम होगा। उन्हें ऋषभ पंत की अगुवाई वाली दिल्ली जैसी मजबूत टीम के खिलाफ हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। मोर्गन, दिनेश कार्तिक, नीतिश राणा, वेंकटेश अय्यर और शुभमन गिल सभी को मिलकर रन बनाने होंगे। चेन्नई के खिलाफ 45 रन बनाने वाले राहुल त्रिपाठी उस फॉर्म को बरकरार रखना चाहेंगे। दूसरी ओर दिल्ली की स्थिति मजबूत है जिसने रॉयल्स के खिलाफ उम्दा खेल दिखाया। पंत, श्रेयस धवन, पृथ्वी और हेटमाएर जैसे मजबूत बल्लेबाज उसके पास है। वहीं गेंदबाजी में रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल को तेज गेंदबाजों एनरिच नोर्किया, कैगिसो रबाडा और आवेश खान से अच्छा सहयोग मिला है।

## अय्यर की वापसी से आदर्श गेंदबाजी आक्रमण उतार पा रहे हैं: होप्स



**शारजाह।** दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स ने सोमवार को कहा कि सीनियर बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की वापसी से उनकी टीम आदर्श गेंदबाजी आक्रमण उतार पा रही है जिसका फायदा उन्हे इंडियन प्रीमियर लीग के बहाल होने के बाद मिल रहा है।आईपीएल के पहले चरण में अय्यर कंधे की चोट के कारण नही खेल पाए थे और ऐसे में दिल्ली को स्टीव स्मिथ के रूप में विशेषज्ञ विदेशी बल्लेबाज के साथ उतरना पड़ रहा था। तेज गेंदबाज एनरिच नोर्त्जे को ऐसे में अंतिम एकादश में मौका नही मिल रहा था। वह टूर्नामेंट के शुरुआती हिस्से में कोविड-19 से संक्रमित भी थे।अय्यर की मौजूदगी से नोर्त्जे को अंतिम एकादश मे मौका मिला है और उन्होने दक्षिण अफ्रीका टीम के अपने साथी तेज गेंदबाज कागिसो रबादा के साथ मिलकर आईपीएल के सबसे मजबूत गेंदबाजी आक्रमण में से एक बनाया है। टीम मे एक अन्य तेज गेंदबाज के रूप मे आवेश खान खेल रहे है जबकि दो स्पिनरो की भूमिका अक्षर पटेल और रविचंद्रन अश्विन निभा रहे है।

# गलतियों को सुधार कर मुंबई को उतरना होगा सामना अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम पंजाब से

● खराब फार्म से जूझ रही है रोहित की टीम : मुकाबला आज

भाषा। अबुधाबी

**लगातार तीन** पराजयों के बाद गत चैम्पियन मुंबई इंडियंस के धुरंधर शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को मंगलवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल के मैच में अपनी गलतियों में सुधार करके जीत की राह पर लौटना ही होगा अन्यथा बहुत देर हो जाएगी। यूएई में आईपीएल की बहाली के बाद से मुंबई तीनों मैच हारकर सातवें स्थान पर खिसक गई है।
उसके 10 मैचों में आठ अंक हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ वह लक्ष्य का पीछा नहीं कर सकी जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करके हार गई। पांच बार की चैम्पियन टीम के बल्लेबाजों ने निराश किया है।सूर्यकुमार यादव और ईशान किशन जैसे युवा बल्लेबाज फॉर्म में नहीं है।कप्तान रोहित शर्मा ने पिछले दो मैचों में 33 और 43 रन बनाए लेकिन अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल सके। पहले दो मैचों से बाहर रहने के बाद हार्दिक पंड्या फिट होकर टीम में लौटे लेकिन कोई कमाल नहीं कर सके। ए खिलाड़ी टी20 विश्व कप में भारतीय टीम का भी हिस्सा हैं और इनका खराब फॉर्म चिंता का विषय है। आईपीएल के ठीक बाद यूएई और ओमान में टी20 विश्व कप खेला जाना है। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ने तीन मैचों में आठ विकेट लिए हैं लेकिन ट्रेंट बोल्ट और एडम मिल्ने को तीन तीन विकेट ही मिल सके। स्पिनर राहुल चाहर और कृणाल पंड्या ने निराश



किया है। दूसरी ओर पंजाब पांचवें स्थान पर है जिसने पिछले मैच में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद को हराया। उसके भी दस मैचों में आठ अंक है और वह आने वाले मैचों में कोई कोताही बरतने की स्थिति में नहीं है। पंजाब के पास आला दर्जे के विदेशी और भारतीय खिलाड़ी हैं लेकिन यह टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन कभी नहीं कर सकी। पंजाब की टीम राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आखिरी ओवर में चार रन नहीं बना पाई। उसके बाद पिछले मैच में तीन बदलाव किए और जीत मिली। कप्तान केएल राहुल की अगुवाई में पंजाब के पास अच्छे बल्लेबाज हैं। राहुल और मयंक अग्रवाल के अलावा क्रिस गेल, एडेन मार्कराम और निकोलस पूरन के रहते बल्लेबाजी मजबूत दिखती है। पिछले मैच में हालांकि ए शारजाह की धीमी पिच के अनुकूल ढल नहीं सके जिसके बाद राहुल ने पिच के अनुसार बल्लेबाजी का शऊर सीखने की ताकीद भी की। गेंदबाजी में मोहम्मद शमी और अर्शदीप सिंह ने अच्छा प्रदर्शन किया जबकि पिछले मैच में टीम में शामिल किए गए स्पिनर रवि बिश्नोई ने तीन विकेट लेकर मौके को भुनाया।

# क्वार्टर फाइनल के दौड़ से भारतीय शटलर बाहर

● सुदीरमन कप : चीन ने 0-5 से हराया

भाषा। वानता (फिनलैंड)

**बड़े खिलाड़ियों** के बिना खेल रही भारतीय बैडमिंटन टीम सुदीरमन कप के मैच में चीन से 0-5 की करारी शिकस्त के बाद सोमवार को क्वार्टर फाइनल की दौड़ से बाहर हो गई है। ग्रुप ए में यह भारत की लगातार दूसरी हार है, इससे पहले टीम को शुरुआती मुकाबले में थाईलैंड के खिलाफ 1-4 से पराजय का सामना करना पड़ा था। इस हार के साथ भारतीय टीम के लिए बुधवार को फिनलैंड के खिलाफ होने वाले मुकाबले का महत्व खत्म हो गया है। भारत के खिलाफ 11 बार के चैंपियन चीन को पहले से ही जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा था। भारतीय खिलाड़ियों के लिए हालांकि सबसे बड़ी निराशा यह रही कि वे एक भी मैच नहीं जीत सके। भारतीय बैडमिंटन में बेंच स्ट्रेंथ की कमजोरी पूरी तरह उजागर हो गई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू, लंदन खेलों की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल और पुरुष युगल जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की अनुपस्थिति का खामियाजा भारतीय टीम को भुगतना पड़ा। इस मुकाबले के पहले मैच में एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की पुरुष युगल जोड़ी ने लियू चेंग और झोउ हाओ डोंग की जोड़ी को कड़ी टक्कर दी लेकिन सीधे गेमों में 20-22, 17-21 से पिछड़ गए। युवा अदिति भट्ट इसके बाद ओलंपिक चैंपियन चेन यू फी के खिलाफ दमखम दिखाने में असफल रही और चीन की खिलाड़ी ने 21-9, 21-8 से आसान जीत दर्ज कर टीम को 2-0 की बढ़त दिला दी।



# बीच टेनिस की सालाना कार्यकारणी की बैठक संपन्न

**लखनऊ।** इंडियन बीच टेनिस की सालाना कार्यकारणी की बैठक साइबर हाइट गोमतीनगर लखनऊ उत्तर प्रदेश में की गई। फेडरेशन के वरिष्ट उपाध्यक्ष स्वर्गीय श्री चंद्र प्रकाश त्यागी के हुए आकस्मिक निधन होने पर समस्त पदाधिकारियों ने 2 मिनट मौन खड़े होकर मीटिंग की शुरुआत की। अध्यक्षता उत्तर प्रदेश बीच टेनिस के चैयरमैन एहसान ज़ैदी ने की। मीटिंग में जम्मू कश्मीर, गोआ,उत्तराखण्ड, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, पंजाब, चंडीगढ़ व पॉन्डिचेरी के प्रतिनिधियों ने भाग



लिया और आने वाले सत्र में इण्डियन बीच टेनिस की नई रूपरेखा की तैयार की गई। इस सबंध में अधिक जानकारी देते हुए फेडरेशन के सलाहकार पी एस गिल ने बताया कि इस सत्र में लखनऊ में राष्ट्रीय सेमिनार अक्टूबर में और उसके बाद राष्ट्रीय प्रतियोगिता चैन्नई में दिसम्बर में होना तय हुआ है। इस मीटिंग में बीच टेनिस के सचिव मुशाहिद खान, कोषाध्यक्ष अनुराधा तथा उत्तर प्रदेश बीच टेनिस के अध्यक्ष विनोद सोनकर ने मीटिंग में आये हुए समस्त पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया।

## बीसीसीआई के घरेलू सत्र की शुरुआत में विलंब

भाषा। नई दिल्ली

**दक्षिण ओडिशा** और उत्तरी आंध्र प्रदेश के तटीय क्षेत्रों में चक्रवात की चेतावनी के कारण लड़कों और लड़कियों के लिए अंडर -19 की घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत को दो दिनों के लिए टालना पड़ा। बीसीसीआई के घरेलू सत्र का आगाज लड़कों के अंडर-19 वीनू मांकड़ ट्रॉफी और महिलाओं के अंडर-19 एकदिवसीय टूर्नामेंट से मंगलवार को होना था लेकिन इसे दो दिनों के लिए टाल दिया गया है। इन टूर्नामेंटों के मैच सात स्थलों पर खेले जाएंगे। हैदराबाद और भुवनेश्वर में भारी बारिश की उम्मीद है, तो वहीं इंदौर, विजाग, सूरत, राजकोट और नागपुर भी मेजबान शहरों में शामिल हैं। बीसीसीआई के महाप्रबंधक (खेल विकास) धीरज मल्होत्रा ने सात मेजबान संघों को भेजे अपने पत्र में ये लिखा है।

## बेंगलुरू यूनाईटेड को हराकर मोहम्मडन स्पोर्टिंग डूरंड कप के फाइनल में

भाषा। कोलकाता

**मोहम्मडन स्पोर्टिंग** ने अतिरिक्त समय में दो गोल दागकर सोमवार को यहां कड़े मुकाबले में एफसी बेंगलुरू यूनाईटेड को 4-2 से हराकर डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। नियमित समय के बाद स्कोर 2-2 से बराबर थी और बेंगलुरू की टीम 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रही थी। स्थानापन्न खिलाड़ी ब्रेंडन वानलालरेमडिका (103वें मिनट) ने इसके बाद मोहम्मडन को बढ़त दिलाई जबकि सात मिनट बाद सर्बियाई कप्तान निकोला स्टोजेनोविच ने एक और गोल दागकर टीम को कुल पांचवीं और 2013 से पहली बार फाइनल में जगह दिला दी।

## विश्व शतरंज में भारत ने अजरबेजान के साथ ड्रॉ खेला

**सिटगेस ( स्पेन )।** डी हरिका और आर वैशाली की जीत की बदौलत भारत ने सोमवार को यहां फिडे विश्व महिला टीम शतरंज चैंपियनशिप के पूल ए के अपने पहले मैच में अजरबैजान से 2-2 से ड्रॉ खेला। कोनेरू हंपी की गैरमौजूदगी में शीर्ष भारतीय खिलाड़ी हरिका ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करते हुए पहले बोर्ड में गुनाय मामादजादा को हराया। युवा स्टार आर प्रग्नानंदा की बहन युवा आर वैशाली ने चौथे बोर्ड में गुल्नार मामादोवा को हराकर भारत को एक और अंक दिलाया। तानिया सचदेव और भक्ति कुलकणी को हालांकि अजरबेजान की अपनी विरोधियों के खिलाफ हार झेलनी पड़ी जिससे मुकाबला बराबरी पर छूटा। तानिया को उल्विया फतालिएवा ने हराया जबकि भक्ति को तुर्कन मामेदजारोवा ने शिकस्त दी।

## मिताली भारतीय टीम की सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, स्ट्राइक रेट को लेकर आलोचना गैरजरूरी: शांता



**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान शांता रंगास्वामी ने कहा कि स्ट्राइक रेट के लिए मिताली राज की लगातार आलोचना गैरजरूरी है क्योंकि वह अब भी भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं।
भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की शीर्ष परिषद की भी सदस्य शांता ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भारत के प्रदर्शन की सराहना की। भारत ने श्रृंखला 1-2 से गंवाई लेकिन अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया। भारत ने तीसरे एक दिवसीय मुकाबले में जीत के साथ आस्ट्रेलिया के लगातार 26 मैचों के जीत के क्रम को भी तोड़ दिया। शांता ने पीटीआई से कहा, वह भारत की सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज है और अब भी सर्वश्रेष्ठ है। उसे पता है कि तेजी से रन बनाने हैं और अगर दूसरे छोर पर विकेट गिर रहे हैं तो स्ट्राइक रेट मायने नहीं रखता। वह ब्रिटेन में अच्छा खेली और इस श्रृंखला में भी। उन्होंने कहा, यहां तक कि झूलन (गोस्वामी) ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। इन दोनों ने अच्छा प्रदर्शन करके दिखा दिया है कि उम्र सिर्फ एक संख्या है (38 साल की उम्र में)।

## झूलन की तरह यॉर्कर फेंकना चाहती हैं निकोला



**गोल्ड कोस्ट।** आस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम की तेज गेंदबाजी आलराउंडर निकोला कैरी भारत की झूलन गोस्वामी से प्रभावित हैं और इस दिग्गज भारतीय तेज गेंदबाज की तरह यॉर्कर फेंकना चाहती हैं। कैरी ने चुनिंदा भारतीय संवाददाताओं के साथ बातचीत के दौरान कहा, वह काफी प्रभावशाली है, तीनों महिला एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में उसने नई गेंद से काफी अच्छी गेंदबाजी की, भारत के लिए कुछ अहम विकेट चटकाए। और फिर डेथ ओवर में उसने यॉर्कर फेंके। मैं गोस्वामी की तरह यॉर्कर फेंकना चाहती हूं क्योंकि पारी के अंत में उसने काफी प्रभावी गेंदबाजी की। उसका करियर शानदार रहा है और वह अब भी पहले ही तरह शानदार गेंदबाजी कर रही है, यह काफी प्रभावशाली है और मैं गोस्वामी की तरह यॉर्कर फेंकना चाहती हूं, यह मेरा लक्ष्य है। अपने करियर के 15वें साल में खेल रही झूलन ने 11 महिला टेस्ट, 192 एक दिवसीय और 68 टी20 मैचों में क्रमश: 41, 240 और 56 विकेट चटकाए हैं। आस्ट्रेलिया के लिए 20 वनडे और 18 टी20 खेलने वाले कैरी ने भारत के बल्लेबाजी क्रम को खतरनाक करार दिया। वे (भारतीय खिलाड़ी) बेहतरीन खिलाड़ी हैं। मिताली राज अनुभवी है, उसने ढेरों रन बनाए हैं, काफी प्रतिबद्ध बल्लेबाजी क्रम, इसलिए वे कई तरीके से खतरनाक हैं, इसलिए हमने उनके लिए योजनाएं बनाई है। कैरी ने कहा, और जैसा कि आपने कहा कि गुलाबी गेंद का मैच (दिन-रात्रि टेस्ट) होने वाला है जो थोड़ा अलग होगा। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच दिन-रात्रि टेस्ट 3ह सितंबर से तीन अक्टूबर तक खेला जाएगा।

# सोशल डेमोक्रेट पार्टी ने मर्केल के ब्लॉक को हराया

## ● जर्मनी आम चुनाव

**एपी।** बर्लिन



**जर्मनी के** आम चुनाव में मध्यमार्गी वामपंथी सोशल डेमोक्रेट पार्टी ने सर्वाधिक मत हासिल किए हैं और बेहद करीबी मुकाबले में निर्वतमान चांसलर एंजेला मर्केल की दक्षिणपंथी झुकाव वाले यूनियन ब्लॉक को हरा दिया। यह चुनाव सुनिश्चत करेगा कि यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश में लंबे समय से नेता रहीं मर्केल का उत्तराधिकारी कौन होगा।

सोशल डेमोक्रेट पार्टी के उम्मीदवार एवं निवर्तमान वाइस चांसलर एवं वित्त मंत्री ओलाफ शोल्ज ने कहा, चुनाव के नतीजे बेहद स्पष्ट जनादेश को दर्शाते हैं जो अब यह सुनिश्चित करेगा कि हम मिलकर जर्मनी में एक बेहतर, व्यावहारिक सरकार का गठन करें। संघीय चुनाव में अब तक के सबसे खराब प्रदर्शन के बावजूद मर्केल के यूनियन ब्लॉक ने कहा है कि वह सरकार गठन के लिए छोटे दलों से संपर्क करेगा, जबकि नए चांसलर के शपथ लेने तक मर्केल कार्यवाहक चांसलर बनी रहेंगी।निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि सोमवार सुबह सभी 299 सीटों की मतगणना में सोशल डेमोक्रेट ने 25.9 प्रतिशत वोट प्राप्त किए जबकि यूनियन ब्लॉक को 24.1 प्रतिशत वोट मिले। पर्यावरणविदों की ग्रीन पार्टी 14.8 प्रतिशत वोट के साथ तीसरी बड़ी पार्टी बनकर उभरी। इसके बाद कारोबार सुगमता की पक्षधर फ्री डेमोक्रेट्स को 11.5 प्रतिशत वोट मिले। दोनों दल पहले ही इस बात के संकेत दे चुके हैं कि वे नई सरकार के गठन में सहयोग कर सकते हैं। हालांकि जर्मनी में अब तक हुए आम चुनाव में किसी भी पार्टी को 31 प्रतिशत से कम वोट नहीं मिले थे।यूनियन ब्लॉक का नेतृत्व मर्केल से अपने हाथ में लेने वाले नॉर्थ राइने-वेस्टफालिया प्रांत के गवर्नर आरमिन लैशेट अपनी पार्टी का जनाधार में जोश भरने में नाकाम रहे। उन्होंने कई गलत कदम भी उठाए। लैशेट ने कहा, बेशक यह वोटों का नुकसान है जो अच्छा नहीं है। लैशेट ने समर्थकों से कहा कि यूनियन के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए हम हर संभव प्रयास करेंगे क्योंकि जर्मनी को भविष्य के लिए एक ऐसे गठबंधन की आवश्यकता है जो हमारे देश का आधुनिकीकरण करे। लैशेट और शोल्ज दोनों को ही ग्रीन पार्टी और फ्री डेमोक्रेट्स के समर्थन की उम्मीद कर रहे हैं। रविवार को हुई मतगणना में धुर दक्षिणपंथी आल्टर्नेटिव फॉर जर्मनी 10.3 प्रतिशत वोट के साथ चौथे स्थान पर रही जबकि वाम दल को 4.9 प्रतिशत वोट मिले।अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 1949 के बाद यह पहली बार है जब डैनिश अल्पसंख्यक पार्टी एसएसडब्ल्यू संसद में एक सीट जीत पाई है। नतीजों से ऐसा प्रतीत होता है कि नई सरकार के गठन में काफी जोड़ तोड़ करना होगा।

## बलोचिस्तान में हुए विस्फोट में पाकिस्तान के संस्थापक जिन्ना की प्रतिमा नष्ट

**कराची।** अशांत बलोचिस्तान प्रांत के तटीय शहर ग्वादर में बलोच आतंकवादियों ने पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना की एक प्रतिमा को बम धमाके में नष्ट कर दिया।डॉन समाचार पत्र में सोमवार को प्रकाशित खबर के मुताबिक, सुरक्षित क्षेत्र माने जाने वाले मरीन ड्राइव पर जून में स्थापित की गई प्रतिमा को रविवार की सुबह प्रतिमा के नीचे विस्फोटक रखकर उड़ा दिया गया।खबर के अनुसार विस्फोट में प्रतिमा पूरी तरह से नष्ट हो गई।बीबीसी उर्दू की खबर के अनुसार, प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन बलोच रिपब्लिकन आर्मी के प्रवक्ता बबगर बलोच ने ट्विटर पर विस्फोट की जिम्मेदारी ली है।बीबीसी उर्दू ने ग्वादर के उपायुक्त मेजर (सेवानिवृत्त) अब्दुल कबीर खान के हवाले से कहा कि मामले की उच्चतम स्तर पर जांच की जा रही है।उन्होंने कहा कि विस्फोटक लगाकर जिन्ना की प्रतिमा को नष्ट करने वाले आतंकवादी पर्यटकों के रूप में क्षेत्र में घुसे थे।

## क्विक न्यूज

### अमेरिका में सिख नौसैनिक को ड्यूटी के दौरान पगड़ी पहनने की अनुमति मिली

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के एक 26 वर्षीय सिख-अमेरिकी नौसैनिक अधिकारी को कुछ सीमाओं के साथ पगड़ी पहनने की इजाजत दी गई है। मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई। वह इस प्रतिष्ठित बल के 246 साल के इतिहास में ऐसा करने की अनुमति पाने वाला वह पहला व्यक्ति है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर मे कहा गया है, लगभग पांच साल से हर सुबह लेफ्टिनेंट सुखबीर तूर अमेरिकी नौसैनिक कोर की वर्दी धारण करते आए है और बृहस्पतिवार को, सिर पर सिख पगड़ी पहनने की उनकी तमन्ना भी पूरी हो गई। खबर में कहा गया है कि मरीन कोर के 246 साल के इतिहास मे तूर पहले व्यक्ति है, जिन्हे पगड़ी पहनने की अनुमति मिली है। तूर ने एक साक्षात्कार में कहा, आखिरकार मुझे मेरे विश्वास और देश में से किसी एक को चुनने की नौबत नही आई। मै जैसा हूं, वैसा ही रहते हुए दोनो का सम्मान करता हूं। तूर ने इस अधिकार को प्राप्त करने के लिए संघर्ष किया है। इस साल जब वह पदोन्नति पाकर कैप्टन बने तो उन्होंने अपील का फैसला किया। खबर के अनुसार यह इतने लंबे समय तक चला इस तरह का पहला मामला था। वाशिंगटन और ओहायो में पले-बढ़े भारतीय प्रवासी के बेटे तूर को कुछ सीमाओं के साथ ड्यूटी पर पगड़ी पहनने की अनुमति मिली है। वह सामान्य ड्यूटी के दौरान पगड़ी पहन सकते है, लेकिन युद्ध क्षेत्र में तैनात होने पर वह ऐसा नही कर सकते। एनवाईटी की खबर मे कहा गया है कि तूर ने मरीन कोर कमांडेंट के प्रतिबंधात्मक निर्णय के खिलाफ अपील की है, और उनका कहना है कि अगर उन्हे सभी जगह पगड़ी पहनने की अनुमति नही मिलती है तो वह कोर के विरुद्ध मुकदमा करेंगे।

### सिंगापुर में कोरोना वायरस संक्रमण के 1,939 नए मामले, दो संक्रमितों की मौत

सिंगापुर, 27 सितंबर (भाषा) सिंगापुर मे रविवार को कोरोना वायरस संक्रमण के1,939 नए मामले सामने आए तथा दो संक्रमितो की मौत हो गई। सिंगापुर के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बताया गया कि इन नए मामलो में से।,536 स्थानीय समुदाय से है और पांच मामले विदेश से लौटे लोगो के संक्रमित पाए जाने पर सामने आए। यहां के सामूहिक आवासो (डॉर्मिटरी क्लस्टर) मे संक्रमण के मामले लगातार सामने आ रहे है। प्रवासी कामगारो के सामूहिक आवास ब्लू स्टार्स डॉर्मिटरी मे 40 नए मामले सामने आने के साथ संक्रमण के मामले 283 हो गए। वुडलैंड्स डॉर्मिटरी मे अब संक्रमण के कुल 104 मामले, एवरी लॉज में कुल 238 मामले तथा नॉर्थ कोस्ट लॉज मे संक्रमण के आठ नए मामले सामने आने के साथ कुल 247 मामले हो गए। सिंगापुर फूड एजेंसी की ओर से बताया गया कि पासिर पानजांग थोक बाजार में रविवार को कोरोना वायरस के 64 नए मामले सामने आए जिसके बाद इस केंद्र को तीन दिन के लिए बंद कर दिया गया। सिंगापुर मे रविवार को।,203 मरीज उपचाराधीन थे जिनमे से 172 की हालत गंभीर है। यहां अब तक संक्रमण के कुल 87,892 मामले सामने आ चुके है जबकि 78 लोगों की मौत हो चुकी है।

### थाईलैंड में मानसून की बारिश से और बिगड़ सकती है स्थिति

**बैंकाक।** थाईलैड मे लगभग एक तिहाई हिस्सा बाढ़ से प्रभावित है और मानसून की बारिश के कारण हालात और बिगड़ सकते है। नुकसान से बचने के लिए बाढ़ द्वारो और पंपिग स्टेशन का इस्तेमाल किया जा रहा है।आपदा निवारण एवं शमन विभाग ने बताया कि सप्ताहांत में आए एक उष्णकटिबंधीय तूफान से अचानक यहां बाढ़ आ गई। बाढ़ से 58,977 परिवार प्रभावित हुए है। विभाग के महानिदेशक बोंथम लेर्टसुक्केसम ने पत्रकारो को बताया कि बैंकॉक और पुरानी राजधानी अयुत्थाया सहित चाओ फ्राया नदी के किनारे बसे 12 प्रांतो को बाढ़ के लिए तैयार रहना चाहिए। अगले कुछ दिनो मे चाओ फ्राया बांध मे जल स्तर 30 सेंटीमीटर बढ़कर एक मीटर (1-3 फुट) हो जाएगा। बैंकॉक मे गवर्नर अस्विन क्वानमुआंग ने फेसबुक पर कहा कि बैंकॉक में स्थिति अभी गंभीर नही है और शहर बाढ़ द्वारो और पंपिग स्टेशन का इस्तेमाल सावधानी से कर रहा है। प्रधानमंत्री प्रयुत चान-ओचा और मंत्रिमंडल के कई सदस्यो ने बाढ़ से प्रभावित लोगो से सुखोथाई प्रांत मे रविवार को मुलाकात की थी। थाईलैड मे उष्णकटिबंधीय जलवायु है और यहां अक्सर बाढ़ आती है, जिससे जुलाई से अक्टूबर तक मानसून के मौसम मे लाखो डॉलर का नुकसान भी होता है।

### अफगानिस्तान, म्यामां संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित नहीं करेंगे: अधिकारी

**संयुक्त राष्ट्र।** अफगानिस्तान और म्यामां सोमवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्चस्तरीय आम चर्चा को संबोधित नही करेंगे। संयुक्त राष्ट्र के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 76वे सत्र की उच्चस्तरीय आम चर्चा (जनरल डिबेट) के आखिरी दिन के वक्ताओ की ताजा सूची के अनुसार अफगानिस्तान तथा म्यामां के नाम सूची में नही है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शुक्रवार को कहा था कि सोमवार के लिए फिलहाल सूची मे अफगानिस्तान के प्रतिनिधि के तौर पर गुलाम एम इसकजई का नाम है। म्यामां में सत्ता हस्तांतरण के बाद उसके सैन्य शासको ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र में म्यामां के राजदूत क्यॉ मुई तुन को हटा दिया गया है और वे चाहते है कि उनकी जगह आंग थुरीन को बनाया जाए। तालिबान ने पिछले सप्ताह संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस को पत्र लिखकर कहा था कि उनके प्रवक्ता सुहैल शाहीन को संयुक्त राष्ट्र मे अफगानिस्तान का राजदूत बनाया जाए।


### पेलोसी ने एक खरब अमेरिकी डॉलर के बुनियादी ढांचा विधेयक को इस सप्ताह पारित कराने का किया संकल्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के घरेलू एजेंडे पर मंडरा रहे खतरे के बीच प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी ने रविवार को संकल्प किया कि वह इस सप्ताह एक खरब अमेरिकी डॉलर के बुनियादी ढांचा विधेयक को पारित कराएंगी। नाम उजागर ना करने की शर्त पर व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि बाइडन ने सप्ताहांत में सांसदो के साथ बातचीत की थी। समर्थन जुटाने के लिए पर्दे के पीछे व्यापक स्तर पर जद्दोजहद जारी है। पेलोसी के पास एक खरब अमेरिकी डॉलर के बुनियादी ढांचा विधेयक को पारित कराने के लिए पर्याप्त वोट होने के सवाल पर बाइडन ने रविवार को व्हाइट हाउस में पत्रकारो से कहा कि इस संबंध में इस सप्ताह कदम उठाया जाएगा। पेलोसी बुनियादी ढांचे के विधेयक पर पहले सोमवार तक वोट कराना चाहती थी, लेकिन रविवार को उन्होंने सहयोगियो को लिखे एक पत्र में कहा कि इस पर अब बृहस्पतिवार को वोट होगा। साथ ही, इस पर चर्चा के लिए अतिरिक्त समय के अनुरोध को अनुमति दी। सीनेट ने पिछले महीने एक खबर के अमेरिकी डॉलर के बुनियादी ढांचा विधेयक का पारित किया था। पेलोसी ने रविवार को एबीसी के दिस वीक कार्यक्रम में कहा, मैं कहना चाहती हूं कि हम इस सप्ताह विधेयक पारित करेंगे। मै ऐसे विधेयक को कभी पेश नही करूंगी, जिसे पारित कराने के लिए पर्याप्त वोट ना हो। आप इसके लिए तारीख तय नही कर सकते। जब आपके पास वोट होंगे आप तब ही इसे पेश करेंगे और हम ऐसा ही करेंगे।

## जापान की राजकुमारी से शादी करने के लिए वापस लौटे उनके मंगेतर

**तोक्यो,एपी।** जापान की राजकुमारी माको के मंगेतर अपनी शादी के लिए सोमवार को जापान लौट आए। यह शादी कोमुरो की मां से जुड़े वित्तीय विवाद के कारण तीन साल से अधिक समय के लिए रोक दी गई थी।उनतीस वर्षीय केई कोमुरो न्यूयॉर्क से यहां पहुंचे। उन्होंने न्यूयॉर्क में कानून की पढ़ाई की है और एक वकील के रूप में काम करने की योजना बनाई है। माको (29) सम्राट नारुहितो की भतीजी हैं। माको और कोमुरो दोनों ने तोक्यो की इंटरनेशनल क्रिश्चन यूनिवर्सिटी में पढ़ाई की थी। सितंबर 2017 में इनकी शादी की घोषणा की गई थी, लेकिन इसके दो महीने बाद वित्तीय विवाद खड़ा हो गया था, जिसके चलते शादी को टाल दिया गया था। यह वित्तीय विवाद 40 लाख एन अर्थात 36,000 डॉलर का था। कोमुरो की मां को यह राशि उनके पूर्व प्रेमी से मिली जिसे उन्होंने कोमुरो की पढ़ाई पर खर्च किया। इस बात को लेकर विवाद उठा कि कोमुरो की मां को यह राशि बतौर उपहार मिली या ऋण के रूप में मिली।

# जयशंकर सिंगापुर के अपने समकक्ष से मिले, हिंद-प्रशांत एवं कोविड-19 पर की चर्चा



**भाषा।** न्यूयॉर्क (अमेरिका)

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने सिंगापुर के अपने समकक्ष विवियन बालाकृष्णन से यहां मुलाकात के दौरान रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर बातचीत की तथा कोविड-19 से निपटने पर विचार साझा किए। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 76वें सत्र के इतर कई द्विपक्षीय बैठकें कीं। वह रविवार को मेक्सिको के लिए रवाना हो गए।

जयशंकर ने एक ट्वीट में बालाकृष्णन को अपना एक पुराना मित्र बताया। उन्होंने भारतीय मूल के सिंगापुरी नेता के साथ अपनी बैठक के बारे में रविवार को ट्वीट किया, एक पुराने मित्र के साथ सहज वार्ता हुई। सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन के साथ हिंद-प्रशांत संबंधी घटनाक्रम पर वार्ता की। कोविड-19 की चुनौती से निपटने पर विचार साझा किए। हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य मौजूदगी की पृष्ठभूमि ने भारत, अमेरिका और विश्व के कई अन्य नेता मुक्त, खुला एवं सम्पन्न क्षेत्र सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर चर्चा कर रहे हैं।चीन लगभग पूरे विवादित दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा करता है, जबकि ताइवान, फिलिपीन, ब्रुनेई, मलेशिया और वियतनाम भी इस पर अपना दावा करते हैं। चीन ने दक्षिण चीन सागर में कई कृत्रिम द्वीप और सैन्य प्रतिष्ठान बनाए हैं। जयशंकर और बालाकृष्णन की इस बैठक से एक महीने पहले भारत और सिंगापुर ने हिंद-प्रशांत में सहयोग के तरीकों पर चर्चा की थी और क्षेत्र में मौजूद अंतरराष्ट्रीय एवं रणनीतिक महत्व के मामलों पर विचार साझा किए थे। दोनों पक्षों ने 11 अगस्त को डिजिटल माध्यम से आयोजित हुए 15वें भारत-सिंगापुर विदेश कार्यालय परामर्श के दौरान वार्ता की थी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और इस बात पर संतुष्टि जताई कि कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के बावजूद खासकर व्यापार एवं रक्षा क्षेत्रों में इन संबंधों का विस्तार हुआ है।सिंगापुर ने 2021-2024 तक तीन साल की अवधि के लिए आसियान (दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संगठन) में भारत के लिए समन्वयक देश की जिम्मेदारी संभाली है।जयशंकर मेक्सिको के अपने समकक्ष मार्सेलो एब्रार्ड कैसाबोन के आमंत्रण पर मेक्सिको गए हैं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि विदेश मंत्री के रूप में मेक्सिको की अपनी पहली यात्रा के दौरान जयशंकर मेक्सिको की आजादी की 200 वीं वर्षगांठ के विभिन्न कार्यक्रमों में विश्व के अन्य नेताओं के साथ भाग लेंगे। वह कैसाबोन के साथ अपनी बैठक के अलावा मेक्सिको के राष्ट्रपति मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर से भी मुलाकात करेंगे और मेक्सिको की प्रमुख कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और व्यापारिक समुदाय के साथ बातचीत करेंगे, जो वर्तमान में लातिन अमेरिका में भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है।

## भारत ने 150 से अधिक प्राचीन वस्तुएं लौटाने के लिए अमेरिका का आभार जताया

**न्यूयॉर्क।** भारत सरकार ने 150 से अधिक प्राचीन कलाकृतियां लौटने में उत्कृष्ट समर्थन के लिए न्यूयॉर्क जिला अटॉर्नी कार्यालय को धन्यवाद दिया है और बेशकीमती प्राचीन कलाकृतियों की वापसी के माध्यम से भारत-अमेरिका के लोगों के बीच संबंधों और सांस्कृतिक समझ को बढ़ाने के लिए इसकी भूमिका की सराहना की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान अमेरिका ने भारत को 157 कलाकृतियां और प्राचीन वस्तुएं सौंपी, जिन्हें मोदी भारत वापस लाए। मोदी और राष्ट्रपति जो बाइडन, दोनों ने चोरी, अवैध व्यापार और सांस्कृतिक वस्तुओं की तस्करी से निपटने के प्रयासों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को कहा गया कि लगभग आधी कलाकृतियां (71) सांस्कृतिक हैं, जबकि अन्य आधी में हिंदू धर्म (60), बौद्ध धर्म (16) और जैन धर्म (9) से संबंधित लघु मूर्तियां हैं। भारत को प्राचीन कलाकृतियां एवं वस्तुएं सौंपे जाने के लिए मोदी ने अमेरिका की सराहना की। भारत के महावाणिज्य दूतावास की ओर से रविवार को ट्वीट किया गया, भारत सरकार की ओर से न्यूयॉर्क के जिला अटॉर्नी कार्यालय और उनके दल को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने भारत को प्राचीन वस्तुएं लौटने में शानदार समर्थन दिया। इन 157 प्राचीन वस्तुओं में 12वीं सदी की नटराज की कांस्य मूर्ती भी शामिल है।



इकोथिपिया में मसकल त्योहार के दौरान जुटे लोग

# चीन: कैदियों की अदला-बदली के तहत कनाडा के दो नागरिक रिहा

**एपी।** ताइपे

**चीन में** 2019 के अंत में हिरासत में लिए गए कनाडा के दो नागरिकों को कैदियों की अदला बदली के तहत स्वास्थ्य आधार पर जमानत पर रिहा कर दिया गया है।चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बीजिंग में कनाडाई नागरिकों को रिहा करने और इसके बदले में हुवैई टेक्नोलॉजी की अधिकारी की रिहाई के बीच संबंध को नकारने की कोशिश की। कंपनी की अधिकारी लंबे समय से कनाडा की हिरासत में थीं। कनाडा के नागरिक माइकल स्पावोर और माइकल कोवरिग को दिसंबर 2019 में हिरासत में लिया गया था। इससे कुछ दिन पहले ही हुवैई की मुख्य वित्त अधिकारी मेंग वांझुओ को कनाडा में अमेरिकी अधिकारियों के आग्रह पर गिरफ्तार किया गया था। कई देशों ने चीन की कार्वाई को बंधक राजनीति बताया था जबकि चीन ने कनाडा पर मनमाने तरीके से उसके नागरिक को हिरासत में लेने का आरोप लगाया था। कनाडा के नागरिकों को एक हजार से ज्यादा दिन जेल में गुजारने पड़े हैं।वांझुओ ने कनाडा से प्रत्यर्पण की अमेरिका की मांग का विरोध किया था। वह शनिवार को चीन पहुंच गईं। इससे पहले अमेरिका के न्याय विभाग के साथ एक समझौता हुआ था जिसके बाद कैदियों की अदला बदली हुई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता हुआ चुनइंग ने सोमवार को पत्रकारों बताया कि वांझुओ और स्पावोर और कोवरिग के मामले पूरी तरह से अलग अलग प्रकृति के हैं। हुआ ने कहा कि दोनों व्यक्तियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने का संदेह है। स्पावोर एक उद्यमी हैं और उन्हें जासूसी के आरोप में 11 साल की जेल की सज़ा सुनाई गई थी। हुआ ने कहा कि एक चिकित्सा संस्थान के पेशेवरों ने कनाडा के दोनों नागरिकों का परीक्षण किया था जिसके बाद चीन में कनाडा के राजदूत की गारंटी पर उन्हें जमानत पर रिहा किया है। हुआ ने पत्रकारों के इन सवालों का जवाब नहीं दिया कि क्या कैदियों की रिहाई का आपस में पूरी तरह से कोई संबंध नहीं है और स्वास्थ्य कारण क्या थे?वांझुओ का अमेरिका संघीय अभियोजक के साथ समझौता हुआ है जिसके तहत उनके खिलाफ लगे धोखाधड़ी के आरोप हटा लिए जाएंगे। इसके बदले में वह ईरान में कंपनी के कारोबार को गलत तरीके से प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी लेंगी। उनकी चीन वापसी का टीवी चैनल सीसीटीवी पर सीधा प्रसारण किया गया और उन्होंने लाल रंग की चीन के झंडे से मिली जुलती पोशाक पहनी हुई थी। उन्होंने देश के नेता शी चिनफिंग और सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी का आभार व्यक्त किया है।

# क्रीत द्वीप में तेज भूकंप एक व्यक्ति की मौत, नौ अन्य घायल

**एपी।** एथेंस

**यूनान के** क्रीत द्वीप में सोमवार को आए कम से कम 5.8 तीव्रता के भूकंप में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हो गए। भूकंप के झटके से कई मकानों और चर्च को नुकसान पहुंचा है और कई जगहों पर भूस्खलन हुआ है। भूकंप के कारण हेराकलायन शहर में लोग सड़कों पर निकल आए और स्कूलों को खाली करा दिया गया। वहीं, बार-बार आए भूकंप के पहले बड़े झटके के बाद उससे कम तीव्रता के कई अन्य झटके कुछ-कुछ देर में महसूस हुए जिसने केन्द्र के पास स्थित गांवों को बहुत नुकसान पहुंचाया है। हेराकलायन के मेयर वसिलिस लामब्रिनोस ने निजी एंटेना टीवी से कहा, भूकंप का झटका तेज और काफी देर तक महसूस हुआ। एथेंस जियोडायनेमिक संस्थान ने बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह नौ बजकर 17 मिनट पर आया, जिसका केन्द्र यूनान की राजधानी एथेंस से 246 किलोमीटर दूर दक्षिण-पूर्व में पर था। यूनान के सरकारी प्रसारक ईआरटी पर भूकंपविज्ञानी गेरासिमोस पापाडोपोलोस ने कहा, यह घटना अचानक नहीं हुई। हम पिछले कुछ महीने से क्षेत्र में कुछ गतिविधियां देख रहे थे। यह बहुत शक्तिशाली भूकंप था, इसका केन्द्र समुद्र के भीतर नहीं, जमीन के नीचे था और इससे आबादी वाले कई क्षेत्र प्रभावित हुए हैं। यूरोपीय-भूमध्य भूकंप केन्द्र और अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण ने भूकंप की शुरुआती तीव्रता 6.0 बताई है जिसका केन्द्र थराप्सनो गांव से उत्तर में सात किलोमीटर की दूरी पर था। गौरतलब है कि भूकंप का झटका महसूस होने के कुछ घंटे बाद से लेकर अगले कुछ दिन तक विभिन्न संस्थानों का माप अलग-अलग होना स्वभाविक है। यूनान के जलवायु संकट और नागरिक सुरक्षा मंत्रालय ने कहा कि अभी तक एक व्यक्ति के मरने और नौ लोगों के घायल होने की सूचना है। अधिकारियों ने बताया कि जिस व्यक्ति की मौत हुई है, उसका शव भूकंप में आंशिक रूप से ढहे चर्च के मलबे से निकाला गया।सरकार के प्रवक्ता जियानिस ओईकोनोमोउ ने भूकंप आने के तीन घंटे बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा, ऐसा लगता है कि फिलहाल कोई व्यक्ति कहीं फंसा हुआ नहीं है। यूनान के भूकंप योजना और संरक्षा संगठन के प्रमुख भूकंप विज्ञानी ई. लेक्कास ने बताया कि स्कूलों और अस्पतालों जैसी महत्वपूर्ण इमारतों के निरीक्षण का काम शुरू हो गया है। क्रीत से लेक्कास ने कहा, हम पुराने मकानों में रहने वाले लोगों से अभी बाहर ही रहने की अपील कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम 1970 के पहले बनी इमारतों की बात कर रहे हैं। 1985 के बाद बनी इमारतें बेहतर गुणवत्ता वाली हैं और भूकंप का झटका बर्दाश्त कर सकती हैं।

## दक्षिण पश्चिम वर्जीनिया में विमान दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

**लांसिंग (अमेरिका)।** अमेरिका के दक्षिण पश्चिम वर्जीनिया में रविवार को एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें सवार वर्जीनिया के तीन लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने एक बयान में बताया कि एकल इंजन वाला बीचक्राफ्ट सी 23 स्थानीय समयानुसार पूर्वाह्न करीब 11 बजे फाएटेविले में फाएटे हवाई अड्डे से उड़ान भरने के बाद नीचे गिर गया। राज्य पुलिस के कैप्टन आर ए मैडी ने बताया कि विमान का मलबा चार्ल्सटन के करीब 50 मील (80 किलोमीटर) दक्षिण पूर्व में न्यू रीवर जॉर्ज ब्रिज से कुछ दूरी पर लांसिंग के एक ग्रामीण इलाके में एक बाड़े के पास मिला। शव विमान के अंदर मिले। राज्य पुलिस ने मरने वालों की पहचान निक फ्लेचर (38), माइकल टैपहाउस (36) और वेसली फार्ली (39) के तौर पर की है। ए सभी वर्जीनिया में चेसापीक इलाके से थे। एफएए और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड मामले में जांच कर रहे हैं।

# जापान में दो महिलाओं समेत चार उम्मीदवार प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में शामिल

**एपी।** तोक्यो

**जापान का** अगला प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में शामिल चार उम्मीदवारों में से दो महिलाओं का होना लैंगिक भेदभाव के कारण कुख्यात देश की राजनीति के लिए एक बड़ा कदम होगा। साने ताकाइची और सेको नोडा पिछले 13 साल में देश की पहली महिलाएं हैं, जिन्होंने प्रधानमंत्री पद के चुनाव में सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के नेतृत्व के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। यह चुनाव बुधवार को होगा। विजेता का अगला प्रधानमंत्री बनना निश्चित है, क्योंकि एलडीपी और इसके गठबंधन साझेदारों के पास संसदीय बहुमत है।

भले ही ए दोनों महिला नेता एलडीपी सदस्य हैं, लेकिन वे कई तरीकों से राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं। अति-रूढ़िवादी ताकाइची एक तरह के पितृसत्तात्मक राष्ट्रवाद और एक मजबूत सेना की वकालत करती हैं, जबकि उदारवादी नोडा महिलाओं की उन्नति और लैंगिक विविधता की समर्थक हैं।

ओसाका यूनिवर्सिटी ऑफ आर्ट्स में समाज एवं राजनीति में महिलाओं की भूमिकाओं के विषय की विशेषज्ञ मायूमी तानिगुची ने कहा, जापान की राजनीति में महिलाओं की संख्या बहुत कम है। उनके पास राजनीति में बने रहने और सफल होने के तरीकों के सीमित विकल्प हैं। वे पुरुषों के समूह की राजनीति का मुकाबला कर सकती हैं या वे उनके प्रति वफादार रह सकती हैं। उन्होंने कहा कि ताकाइची ने स्पष्ट रूप से पुरुषों के प्रति वफादारी को चुना, जबकि नोडा मुख्यधारा से परे जाकर किंतु टकराव के बिना काम करती प्रतीत होती हैं और वे दोनों एक दूसरे से काफी अलग हैं। निवर्तमान प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा का उत्तराधिकारी बनने के लिए इन महिलाओं के सामने टीकाकरण मंत्री तारो कोनो और पूर्व विदेश मंत्री फुमिओ किशिदा की चुनौती है। कोनो और किशिदा को दमदार उम्मीदवार माना जा रहा है। ए दोनों ही जाने-माने राजनीतिक परिवारों से संबंध रखते हैं और पार्टी के शक्तिशाली धड़ों से संबंधित हैं, लेकिन कुछ लोग ताकाइची को तेजी से उभरती उम्मीदवार के तौर पर देख रहे हैं, जिन्हें पूर्व नेता शिंजो आबे का समर्थन प्राप्त है।

पार्टी सांसदों को लेकर किया गया मीडिया का ताजा सर्वेक्षण दर्शाता है कि उन्हें पार्टी के रूढ़िवादियों का समर्थन मिलना आरंभ हो गया है, जबकि नोडा चौथे स्थान पर हैं। इससे पहले जापान में एकमात्र महिला उम्मीदवार युरिको कोइके थीं, जो 2008 के चुनाव में उम्मीदवार थीं। वह इस समय तोक्यो की गवर्नर हैं। हालांकि ताकाइची या नोडा के प्रधानमंत्री बनने की संभावना कम है, लेकिन शीर्ष पद के लिए दो महिलाओं का यह प्रयास सत्तारूढ़ दल के लिए प्रगति माना जा रहा है। कुछ विशेषज्ञों ने ताकाइची की लैंगिक भेदभाव वाली नीतियों की आलोचना की है। सोफिया विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान की प्रोफेसर मारी मिउरा ने कहा, अगर वह जीत जाती हैं तो वह महिलाओं की प्रगति को बढ़ावा नहीं देंगी।

विश्व आर्थिक मंच द्वारा लैंगिक भेदभाव को लेकर 2021 में किए गए 156 देशों के सर्वेक्षण में जापान उन्नत देशों के समूह ग्रुप ऑफ सेवन्स में सबसे निचले स्थान पर रहा है। जापान की संसद में महिलाओं की संख्या केवल 10 प्रतिशत है और विश्लेषकों का कहना है कि कई महिलाएं लैंगिक समानता की वकालत करने के बजाय पार्टी के प्रति वफादारी दिखाकर आगे बढ़ने की कोशिश करती हैं।

## टॉक टाइम

### मल्लिका शेरावत

*एमएक्स प्लेयर के नकाब में जोहरा मेहरा की भूमिका निभाने वाली इस अभिनेत्री ने शालिनी सक्सेना के साथ बातचीत में अपने चरित्र के बारे में , फिल्मों को चुनने की अपनी चेकलिस्ट तथा एक खोजी थ्रिलर में काम करने के अनुभव के बारे में बताया*

# एक अभिनेता के लिए पुनराविष्कार करना जरूरी है



**■ नकाब में आपकी क्या भूमिका है ?**

यह एक खोजी थ्रिलर है। अभिनेत्री की मौत हो गई है और उसकी मृत्यु कैसे हुई, इसकी जांच की जा रही है कि यह आत्महत्या है या हत्या, इस मौत के आसपास क्या हो रहा है। मैं एक एंटरटेनमेंट प्रोड्यूसर जोहरा मेहरा का किरदार निभा रही हूं। वह एक बेहद क्रूर और महत्वाकांक्षी किस्म की है जिसे किसी चीज की परवाह नहीं है। वह बस यही चाहती है कि वह अपना साम्राज्य बना ले। अगर आप देखें तो असल जिंदगी में भी इस तरह की चीजें हो रही हैं--कितने अभिनेता मर रहे हैं-नकाब आज बेहद प्रासंगिक है।

**■ इस किरदार को निभाने का आकर्षण क्या था ?**

यह इस फिल्म की प्रासंगिकता के कारण था - इन सभी अप्राकृतिक मौतों की प्रासंगिकता। पटकथा बहुत मजबूत है, यह उन दबावों के बारे में बात करती है जिन्हें आप मनोरंजन उद्योग में महसूस करते हैं। यह उद्योग उस व्यक्ति से बहुत अलग है जिसके पास सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की नौकरी है। वह उस जीवन शैली से जुड़ाव नहीं बना पाएगा जो मनोरंजन उद्योग का है, और न ही उसके दबाव से - अच्छा दिखने का दबाव, श्रेष्ठ होने का दबाव, श्रेष्ठ दिखने का दबाव, एक निश्चित ढंग से बनने का दबाव। लेकिन आप इससे कैसे निपटते हैं। कोई नशा करता है, कोई शराबी बन जाता है, कोई आत्महत्या कर लेता है। मैं सोशल मीडिया का प्रभाव व भूमिका के बारे में पढ़ती हूं, कि कैसे मीडिया हर चीज को सनसनीखेज बना देता है। मैं जान गयी कि हमें यह फिल्म करनी है।

**■ आप कुछ वर्षों से फिल्म की दुनिया से अलग थीं। किन चीजों ने आपको व्यस्त कर रखा था ?**

मैं दुनिया घूम रही थी। यात्रा करने का यह सबसे अच्छा समय था। हवाई अड्डे खाली थे, हवाई जहाज खाली थे। सड़कें लगभग खाली थीं। इमिग्रेशन पर लंबी कतारें नहीं थीं। मैं उन सभी देशों में गयी जो प्रवेश की अनुमति दे रहे थे।

> सैनिटाइज करना हमारे लिए अच्छा है - यह हमें सुरक्षित रखता है, कोविड टेस्ट करना हमारी सुरक्षा के लिए है। यह खुद की कंडीशनिंग करने और उन प्रोटोकॉल का अभ्यस्त बनाने के बारे में है जिनका पालन करना होता है। वास्तव में यह अच्छा है। अब सब कुछ बहुत साफ हो गया है।

**■ यह सब कितना कठिन था ?**

यह इतना कठिन नहीं था। सैनिटाइज करना हमारे लिए अच्छा है - यह हमें सुरक्षित रखता है, कोविड टेस्ट करना हमारी सुरक्षा के लिए है। यह खुद की कंडीशनिंग करने और उन प्रोटोकॉल का अभ्यस्त बनाने के बारे में है जिनका पालन करना होता है। वास्तव में यह अच्छा है। अब सब कुछ बहुत साफ हो गया है।

**■ शूट करना कितना कठिन था ?**

चुनौती यह थी कि हमें हर दो दिन में कोविड टेस्ट देना था। हमने बहुत सख्त प्रोटोकॉल का भी पालन किया। शूटिंग के दौरान आप सीन में इतना डूब जाते हैं कि आप प्रोटोकॉल भूल जाते हैं, उन्हें ध्यान में रखना और उनका पालन करना चुनौतीपूर्ण होता है। स्टाफ पीपीई किट पहनकर अपना काम कर रहा है। यह कठिन है।

**■ खोजी थ्रिलर में काम करने का अनुभव कैसा रहा ?**

मुझे नकाब में मिली भूमिका बहुत पसंद आई, क्योंकि यहां कुछ भी नकली नहीं है। निर्देशक सौमिक सेन चीजों को वास्तविक रखना चाहते थे। मेरा किरदार एक चेन स्मोकर का है। मैंने अपने जीवन में कभी धूम्रपान नहीं किया है। सिगरेट कैसे पकड़ी जाए, इसका मुझे बहुत अभ्यास करना पड़ा। ऐसी भूमिकाएं लिखना कठिन है।

**■ क्या व्यावसायिक और यथार्थवादी सिनेमा के लिए एक बिन्दु पर मिलना संभव है ?**

दोनों के लिए मिलन बिन्दू होना असंभव है। व्यावसायिक बॉलीवुड फिल्मों का तयशुदा फार्मूला होता है। जबकि यथार्थवादी फिल्में भारी जोखिम लेती हैं।

नकाब में जोहरा बिना मेकअप के है, उसे इसकी आवश्यकता नहीं है।

**■ मौजूदा महामारी और सामाजिक दूरी को देखते हुए आपने ईशा गुप्ता और गौतम रोडे के साथ किस तरह की भाईचारा साझा किया ?**

काफी भाईचारा था। हम पागल नहीं हुए, हमने सामाजिक दूरी बनाए रखी। चूंकि हमने हर दूसरे दिन टेस्ट कराते थे, हमें पता था कि हम सुरक्षित हैं।

**■ यात्रा कैसी रही ?**

यह अद्भुत रही है। कल्पना कीजिए, मैं हरियाणा से आयी हूं। बॉलीवुड ने मुझे सब कुछ दिया - नाम, शोहरत और यहां तक कि असफलताएं भी। इसने मुझे सुपरहिट और सुपर फ्लॉप फिल्में भी दी हैं। यह एक शानदार यात्रा का हिस्सा है।

**■ ओटीटी आपके लिए कितना कारगर हुआ है ?**

यह अद्भुत रहा है। एक एक्टर के लिए, नए सिरे से आविष्कार करना जरूरी है। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर जिस तरह के रोल लिखे जा रहे हैं, लेखक भी उनके लिए चुनौतीपूर्ण रोल लेकर आ रहे हैं।

**■ आगे क्या ?**

मैं रजत कपूर,आरकेआरके... के साथ एक प्रोजेक्ट पर काम कर रही हूं। मैं मुख्य भूमिका में हूं - 1950 के दशक की अभिनेत्री की भूमिका में।

---

*राज अर्जुन, जिन्होंने हाल ही में वूट पर नटखट फिल्म में काम किया है, शालिनी सक्सेना के साथ बातचीत में बता रहे हैं कि वे अभिनय में कैसे आएं और उनकी आगामी परियोजनाएं क्या हैं*

# मैं ऐसी कहानी चाहता हूं जो मेरे दिल को छू जाए

**❖ थलाइवी में आपकी क्या भूमिका है ?**

जिन लोगों ने फिल्म नहीं देखी है, उन्हें बता दूं कि मैं आरएम वीरप्पन की भूमिका निभा रहा हूं, जो एक राजनेता है और एमजीआर का प्रबंधक और निर्माता है। उसकी अपनी विचारधारा और दर्शन है। वह एक सीधा-सादा व्यक्ति है जिसके पास तमिलनाडु की उन्नति का एक बेहद साफ सुथरा विचार है। उसका नजरिया लोगों की मदद करना और एमजीआर की मदद से अपनी पार्टी बनाना है। वह अपने देश से प्यार करता है, खासकर अपने राज्य से।



**❖ आप इस फिल्म का हिस्सा कैसे बने ?**

निर्देशक विजय बहुत पुराने दोस्त हैं। उन्होंने मुझे सीक्रेट सुपरस्टार में देखा और तब से मुझ पर उनका विश्वास बढ़ा है। मुझे फिल्म से जुड़ने में कुछ समय लगा क्योंकि बहुत सारे अभिनेता पहले से ही उस भूमिका के लिए लाइन में थे। कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा ने भी मेरा नाम आगे बढ़ाया।

**❖ युध्र में आपकी क्या भूमिका है ?**

युध्रा के बारे में बात करना जल्दबाजी होगी। कोई भी प्रोजेक्ट, जिसका मैं हिस्सा हूं, मैं उस प्रोजेक्ट के बारे में शुरुआत में कुछ भी नहीं बताना चाहता। क्योंकि फिर उस भूमिका के लिए कोई रहस्य या उत्साह नहीं रहता है। यह परियोजना से जुड़े लोगों के साथ भी अन्याय है।

**❖ क्या कोई ऐसी भूमिका है जिसे आप पसंद करते हैं ?**

मैं अभी उस मुकाम पर हूं जहां मैं जो भी रोल चुनता हूं, मुझे उससे प्यार हो जाता है। पिछले दो-तीन सालों में ऐसा कोई रोल नहीं है, जिससे मैंने प्यार नहीं किया हो, या जिस पर मैं फिदा नहीं हुआ हूं। मैं जो भी भूमिका करता हूं, मुझे लगता है कि उस विशेष क्षण में शायद यह सबसे अच्छी है। फिर मैं उस किरदार के साथ जीने लगता हूं।

सीक्रेट सुपरस्टार के बाद, मैंने जो भी भूमिका निभाई, उसने मुझे अभूतपूर्व संतुष्टि दी और भगवान की कृपा से मुझे हर बार अलग-अलग भूमिकाएं मिलीं। और कभी-कभी मैं खुद भी हैरान होता हूं कि मैं इस भूमिका को करने में कामयाब रहा, अब क्या ?

**❖ वो कौन सा रोल था जिसने आपके करियर की दिशा बदल दी ?**

सीक्रेट सुपरस्टार, फारुख, वो रोल था जिसने मेरा करियर ही नहीं मेरे जीवन की दिशा, जीवनशैली तक बदल दी। मैं निजी तौर पर इस अपनी पहली फिल्म मानता हूं। इसने मुझे सबकुछ दिया, मैं अस्तित्व, सम्मान, अपनी पसंदीदा भूमिकाएं, बहुत सारा काम और जीवन में संतुलन चाहता था।

**❖ अभिनय में कैसे आए ?**

जब मैं स्कूल में था तो मैंने अभिनय में रुचि महसूस की, मैंने स्कूल में नाटकों में भाग लिया और एक बार मुझे राजा दशरथ का रोल दिया गया था जिसमें उसे हिरन को मारना चाहता था लेकिन दुर्भाग्य से श्रवण कुमार को मार देता है। मेरे दोस्तों की हंसी फूट गयी और तभी मैंने महसूस किया जो कुछ भी मैं करूंगा , उसे मैं श्रेष्ठता के साथ करना चाहूंगा। बाद में , मैं भोपाल थिएटर ग्रुप से जुड़ गया। हबीब तनवीर सर के साथ भोपाल में काम करने के बाद, मैं मुंबई चला आया।

**❖ फिल्म को चुनने का आपका पैमाना क्या है ?**

मैं ऐसी कहानी चाहता हूं जो मेरे दिल को छूती हो या मुझे प्रेरित करती हो। मैं देखता हूं कि यह तार्किक कहानी है कि नहीं और यह सही राह में जा रही है कि नहीं। फिल्म के लिए जरूरी है कि वो दर्शक से जुड़ने वाली हो, यथार्थवादी हो या उसका कहानी स्वीकार्य लगती हो, जिस पर कि लोग विश्वास कर सकें।

**❖ इसके बाद क्या ?**

इसके बाद लव हास्टल, युध्रा, झांसी नामक तेलुगु वेब सीरीज और एक हिन्दी वेब सीरीज भी है।

---

# 'लोग मुझसे पूछते हैं कि क्या मैं हरियाणा से हूं'

*शो 'मीत' में मुख्य भूमिका निभाने वाली आशी सिंह ने शालिनी सक्सेना के साथ किरदार की चुनौतियों के बारे में बात की और बताया कि कैसे उन्होंने हरियाणवी उच्चारण को सही किया।*

**■ आप इस शो में परफॉर्म करने कैसे आईं ?**

मेरे चुने जाने से दो महीने पहले मैंने ऑडिशन दिया था। जब मैंने ऑडिशन दिया तो मुझे यह किरदार बहुत पसंद आया लेकिन मुझे इस बात की कोई उम्मीद नहीं थी कि मुझे चुना जाएगा।

**■ मीत के बारे में सबसे अच्छी बात क्या है ?**

सबसे अच्छी बात यह है कि मुझे बहुत कुछ करने को मिलता है और मुझे बहुत सी नई चीजें करने को मिलती हैं जो मैंने आशी के रूप में पहले नहीं की हैं। मैं अभी भी आशी के रूप में उन चीजों को नहीं करती लेकिन मीट उस तरह से काफी अलग है। मुझे बहुत सारे नए प्रयोग करने और बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

**■ उसके चारों ओर नकारात्मकता के बावजूद- उसकी दादी से- उसे क्या प्रेरित करता है ?**

यहां मैं मीत से थोड़ा संबंधित हूं क्योंकि अपने वास्तविक जीवन में भी मैं सकारात्मक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने और नकारात्मकता को नजरअंदाज करने की कोशिश करती हूं। इसलिए, जब मैं मीट खेल रही होती हूं, तो ऐसा लगता है कि दादी जो चाहें कह दें, मुझे खुशी होगी। मैं अपने वास्तविक जीवन में भी इसका बहुत अभ्यास करती हूं। मेरे दोस्तों, मेरी पूरी गली मुझसे बहुत प्यार करती है और जो यादें मेरे माता-पिता के साथ हैं, मैं अपना समय दादी के बजाय उन्हें संजोने में बिताती हूं। बेशक दादी जो करती हैं उससे मुझे दुख होता है लेकिन कुछ और चीजें हैं जिन पर मीत ध्यान केंद्रित कर सकता है और आगे बढ़ सकता है।

**■ मीत में किरदार निभाने और हरियाणवी लहजे को सही करने में क्या चुनौतियां थीं ?**

मैं आपको चुनौतियों की एक सूची दे सकती हूं। बहुत सी थीं! सबसे पहले, बाइक चलाने और बॉडी लैंग्वेज का अभ्यास करना कठिन था। प्रत्येक दृश्य जो मैं कर रही हूं जैसे खिड़की पर चढ़ना या कुछ भी जिसमें किसी तरह का स्टंट शामिल है, मेरे लिए बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है क्योंकि मैं अपने वास्तविक जीवन में उतनी साहसी नहीं हूं और न ही मैंने पहले ऐसा कुछ किया है। अगर मुझे कुछ करने से डर लगता है तो मैं उसे व्यक्त नहीं कर सकती क्योंकि मेरा चरित्र वह नहीं है। मैंने अपने जीवन में कभी क्रिकेट नहीं खेला, कभी क्रिकेट का बल्ला नहीं पकड़ा क्योंकि मुझे इससे नफरत थी। और अगर मैं हरियाणवी उच्चारण प्राप्त करने की बात करती हूं, तो मैं अभी भी इसे ठीक से बोलने की अपनी क्षमता के बारे में निश्चित नहीं हूं। जब भी मैं हरियाणवी में बोलते हुए अपनी आवाज सुनती हूं, मुझे कभी अच्छा नहीं लगता। लेकिन हरियाणा के कुछ लोगों ने मुझसे पूछा कि क्या मैं हरियाणा से हूं और यह एक बहुत बड़ी तारीफ थी, जिसका मतलब है कि मैंने इसे हासिल कर लिया है। हालांकि मैंने कड़ी मेहनत की है।



**■ मुझे विश्वास है कि ट्रैक आपको आगे ले जाएगा- मीट मैरिज मीत। आगे क्या होता है। क्या आप हमें एक झलक दे सकते हैं ?**

हां वह कहानी थी। उसके बाद, ऐसा लगता है कि लड़का लड़की से प्यार नहीं करता। शादी के बाद लड़की पर बहुत सारी जिम्मेदारियां होती हैं। पहले उसके पास देखभाल करने के लिए केवल एक परिवार था, लेकिन अब उसकी थाली में बहुत कुछ है। आपको कोई न कोई फैमिली ड्रामा जरूर देखने को मिलेगा लेकिन यह मीत के अंदाज में होगा। यह अलग होगा। मिलो कोई मासूम लड़की नहीं है जो अगर कोई उसे कुछ कहे तो चुप हो जाए। वह वापस भी बोलती है और चीजों को करने का उसका अपना तरीका होता है। मीत के रास्ते में आपको वह सारा ड्रामा देखने को मिलेगा और यह आगे की एक बेहतरीन कहानी है।

**■ अभिनय में आपका अंत कैसे हुआ ?**

मुझे याद नहीं है कि मुझे अभिनय और नृत्य के अलावा वास्तव में कुछ और पसंद है। जब मैं बहुत छोटी थी तब से ग्लैमर इंडस्ट्री ने मुझे हमेशा आकर्षित किया है। मैं हमेशा से एक अभिनेत्री बनना चाहती थी और सितारों ने मेरे पक्ष में काम किया। मैं स्कूली शिक्षा के लिए मुंबई आई थी बाद में मेरे माता-पिता ने मुझे अभिनय का कोर्स करने के लिए प्रेरित किया। लेकिन उन्होंने मुझे रुकने के लिए भी कहा और मैं नहीं रुक सकी क्योंकि उन्होंने मेरी बचपन की इच्छा को जगाया और वह सब खोना काफी कठिन था। इसलिए, मैंने अभी-अभी ऑडिशन देना शुरू किया और सितारों ने मेरे पक्ष में काम किया।

**■ आपने एक नि:शुल्क संगीत वीडियो किया है। कैसा रहा यह अनुभव ? कितना मजा आया ?**

यह एक अच्छा अनुभव रहा है। वास्तव में संगीत वीडियो की शूटिंग एक या दो दिन की शूटिंग है। मुझे लोगों से मिलना बहुत पसंद है, मुझे बाहर जाना पसंद है।

जब मैं संगीत वीडियो करती हूं, तो मैं बहुत से नए लोगों से मिलती हूं। यह डेली सोप की शूटिंग जैसा नहीं है, जहां आप रोजाना एक ही तरह के लोगों से मिलते हैं, जो अपने आप में एक वरदान भी है क्योंकि वे आपका परिवार बन जाते हैं। केवल कमी यह है कि आप नए लोगों से नहीं मिलते हैं। संगीत वीडियो करते समय, आप बाहर जाते हैं, आप और अधिक एक्सप्लोर करते हैं और आपको नई चीजें सीखने को मिलती हैं। तो, यह एक जीवन अनुभव की तरह है। इसके अलावा, एक संगीत वीडियो के लिए काम करते हुए आप खुद पर प्रयोग कर सकते हैं जो आप हमेशा अपने रूप और चरित्र के मामले में नहीं कर सकते।

**■ आप मीत से कितना संबंधित हैं ?**

कुछ चीजें ऐसी भी हैं जिनसे मेरा मीत से बिल्कुल भी संबंध नहीं है। मिलना मुझसे बहुत अलग है, वह जो कुछ भी करती है मैंने असल जिंदगी में कभी नहीं किया या नहीं किया। लेकिन हां, हम एक जैसे सोचते हैं और मैं इस मामले में उनसे काफी रिलेट करती हूं। मैंने महसूस किया है कि यह आशी का किरदार है जो मैंने मीत को सकारात्मक सोच के लिहाज से दिया है।

---

# उत्तम समय निर्धारण करें इसका

*टीएचएफएफ एक टूरिंग फिल्म फेस्टिवल है जिसका पहला संस्करण लद्दाख में है और फिल्मों को एक हवादार थिएटर में दिखाया जा रहा है। इसका उद्देश्य महत्वाकांक्षी फिल्म निर्माताओं की प्रतिभा को एक साथ लाना है। विस्तार से बता रही हैं* **सुप्रिया रमेश...**

आपका आइडल मूवी टाइम अपने दोस्तों या परिवार के साथ एक दिन थिएटर जाना हो सकता है। लेकिन क्या आपने हिमालय में फिल्म देखने की कल्पना की है ? खैर, हिमालय अब केवल ट्रेकिंग या तारों को निहारना नहीं रह गया है। भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 'आजादी का अमृत महोत्सव' जश्न के हिस्से के रूप में लेह राजधानी शहर में पांच दिवसीय लंबा हिमालय फिल्म महोत्सव हो रहा है।

इसका उद्देश्य महत्वाकांक्षी स्थानीय फिल्म निर्माताओं को बढ़ावा देना है और भारत, तिब्बत और नेपाल के समस्त हिमालयी क्षेत्रों से भाग लेने वाले लोगों के साथ लद्दाख को एक आकर्षक फिल्म गंतव्य के रूप में प्रदर्शित करने हेतु एक इंटरैक्टिव और एक्सपोजर प्लेटफॉर्म बनाना है।

लेह में सिंधु संस्कृति केन्द्र में आयोजित होने वाले इस उत्सव को लेह द्वारा केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय नीत फिल्म समारोह निदेशालय के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

हिमालय में फिल्में ? वह भी एक हवादार सिनेमा थियेटर में ? यह सुनने में काफी अजीब और रोमांचक भी लगता है। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के प्रशासन ने एक सिनेमागृह में फिल्मों को प्रदर्शित करने के लिए पिक्चरटाइम के साथ सहयोग किया है। यह एक हवादार (वायु या गैस युक्त स्थल) सिनेमा थिएटर कंपनी है जिसने अभी हाल ही में 11,562 फीट की ऊंचाई पर स्थापित लद्दाख में दुनिया का सबसे ऊंचा सिनेमा थियेटर लॉन्च किया है।

भारत में, जहां 10,000 से कम सिनेमागृह हैं, ऐसे नवप्रयोग के साथ, फिल्म दिखाना अब कोई समस्या नहीं है। पिक्चरटाइम डिजीप्लेक्स के संस्थापक और सीईओ सुशील चौधरी कहते हैं, ''जब मैंने यायावर सिनेमा को देखा तो मुझे एहसास हुआ कि काश हम एक ही अवधारणा के बाद एक सिनेमा थियेटर का निर्माण कर पाते, जो निर्माण



सामग्री या डिजाइन का उपयोग करके सिनेमाई अनुभव से समझौता नहीं करे,, मैंने एक एक हवादार सिनेमा थियेटर स्क्रीन डिजाइन किया। हमें इस डिजाइन के लिए पेटेंट मिला है और वर्तमान में, हमारी दृष्टि पूरे भारत में 3000 सिनेमा स्क्रीन स्थापित करने की है।

भारत में कम स्क्रीन क्यों हैं, इस पर चर्चा करते हुए वह कहते हैं, ''भारत में सिनेमा स्क्रीन नहीं होने के दो मुख्य कारण हैं पहला अचल संपत्ति की कीमत बहुत ही ज्यादा होना और दूसरी समस्या है नियमनकारी संस्था द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली बाधा, जो कि सिनेमा थियेटर स्थापित करने की अनुमति देती है।

इस तरह के पर्यटन उत्सवों के लिए वायुदार या इनफ्लेटेबल थिएटर एक भविष्य की तरह लगता है क्योंकि यह सिर्फचार दीवारों वाले थिएटर में अपनी सीट हथियाने और फिल्म खत्म होने तक उस पर टिके रहने से संबंधित नहीं होगा। यह फिल्म देखने के समूचे अनुभव को अगले स्तर तक ले जाता है। हालांकि, सुचारू रूप से देखने के लिए, सही तकनीकी विनिर्देश और सही फिल्म होना जरूरी है। चौधरी कहते हैं, '' भौतिक बुनियादी ढांचा और माहौल बनाया जा सकता है लेकिन सही प्रारूप और सही मानक बहुत महत्वपूर्ण हैं। पिक्चरटाइम में हम उन सभी मानकों का पालन करते हैं और हम सुनिश्चित करते हैं कि दर्शकों को एक सहज अनुभव मिले।''

खैर, इन्फ्लेटेबल थिएटर स्थापित करना आसान नहीं था। पहले तो ऐसे सिनेमा के समूचे विचार को लोगों तक पहुंचाना मुश्किल था। सिनेमा के लिए तरसने वाले स्थानीय लोगों ने इस अवधारणा को काफी अलग पाया और उन्हे इसे स्वीकार करने में कुछ समय लगा। लोगों के लिए यह समझना मुश्किल था कि एक इन्फ्लेटेबल थिएटर कैसा होता है या मोबाइल डिजिटल मूवी थियेटर क्या होता है। चौधरी का कहना है कि जैसे ही वे थिएटर के अंदर कदम रखते हैं तो इस चुनौती का ध्यान रखा जाता है।

बकौल चौधरी, ''एक और चुनौती प्रशासन को आश्वस्त करने की रही है कि यह थिएटर मल्टीप्लेक्स जैसा अनुभव देगा।'' महोत्सव के दौरान यहां हिमालयी राज्यों जैसे असम, सिक्किम, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, मेघालय, नागालैंड, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और लद्दाख की लोकप्रिय फिल्मों के अलावा भारतीय पैनोरमा चयनित फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा।

विष्णुवर्धन द्वारा निर्देशित फिल्म 'शेरशाह' को शुरुआती फिल्म के रूप में चुना गया , क्योंकि इसे उस क्षेत्र में शूट किया गया था और लोग इसके साथ अच्छी तरह जुड़ते हैं। चौधरी बताते हैं, ''फिल्म को शानदार प्रतिक्रिया मिली है और लोग वास्तव में इसे बड़े पर्दे पर देखना चाहते हैं। शेरशाह जैसी फिल्म को बड़े पर्दे पर देखना एक ऐसा अनुभव होगा जिसका कई लोग इंतजार कर रहे हैं। चौधरी आगे कहते हैं कि समारोह की अंतिम फिल्म 'शेफर्डेस आफ द ग्लेशियर्स' है, जो लेह में शूट की गई एक शानदार लद्दाखी फिल्म है। इसका मकसद यह है कि इसके जरिए लद्दाख की प्रतिभा को दुनिया के सामने दिखाना है।

भारत के हिमालयी क्षेत्र में प्रतिभाशाली फिल्म निर्माताओं को पहचानने के लिए लघु फिल्मों और वृत्तचित्रों का एक प्रतियोगिता खंड भी होगा, जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र के लघु फिल्म निर्माता समुदाय से जुड़ना और नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है।

हालांकि राजकुमार हिरानी की '3 इडियट्स', राजा शब्बीर खान की 'शेफर्ड्स ऑफ पैराडाइज', बेदाब्रत पेन की 'चटगांव' और एस नल्लामुथु की 'द वर्ल्ड्स मोस्ट फेमस टाइगर' जैसी कुछ ऐसी हिंदी फिल्में हैं, जिन्हें पिक्चरटाइम थिएटर में दिखाया जाएगा। अन्य क्षेत्रों की फिल्मों को भी दिखाया जाएगा, जिनमें त्रिबेनी राय (नेपाली) द्वारा निर्देशित 'यथवत', संजीव रतन (हिमाचली) द्वारा निर्देशित 'माने दे फेरे', जोसेफ पुलिन्थनाथ (त्रिपुरा) द्वारा निर्देशित 'यारवंग', संग दोर्जी थोंगडोक (अरुणाचल प्रदेश) द्वारा निर्देशित क्रॉसिंग ब्रिज, ,उत्पल बोरपुजारी (असमिया) द्वारा निर्देशित, 'ईशु' - सेसिनो योशू द्वारा निर्देशित नागा वृत्तचित्र - 'द पांगती स्टोरी' और प्रदीप कुर्बा (खासी, मेघालय) द्वारा निर्देशित 'इवदुह' शामिल हैं।

फेस्टिवल के दौरान सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, पिक्चरटाइम ने सरकार द्वारा निर्धारित सभी कोविड-19 एसओपी का पालन करने का निर्णय लिया है। पर्याप्त दूरी बनाए रखते हुए वे हर फिल्म की स्क्रीनिंग के बाद थिएटर को सैनिटाइज करेंगे। अंत में चौधरी ने कहा, ''हम यह सुनिश्चित करेंगे कि लोग पूरे उत्सव में मास्क पहनें। हम उन लोगों को कोई छूट नहीं दे रहे हैं जिन्होंने टीका लगाया है, नियम उनके लिए भी समान हैं। ''

2 | न्यूज-व्यूज
यूपी पुलिस का अधिकृत टेलीग्राम चैनल लांच

6 | अभिमत
क्वाड पर पड़ेगी आकुस की छाया

11 | स्पोर्ट्स
संजू सैमसन ने खेली दमदार पारी

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 333
लखनऊ, मंगलवार, 28 सितम्बर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




एक अभिनेता के लिए पुनराविष्कार करना जरूरी है
विविध-12

# पाठ्यक्रम बदलने पर सुप्रीम कोर्ट खफा

**भाषा।** नई दिल्ली

## नीट पीजी 2021

### ● अंतिम समय पर उठाए गए इस कदम पर केंद्र को लगाई फटकार, कहा-युवा डॉक्टरों को फुटबाल मत समझिए



**उच्चतम** न्यायालय ने सोमवार को कहा, युवा चिकित्सकों का सत्ता के खेल में फुटबॉल की तरह इस्तेमाल न करे। न्यायालय ने केंद्र को चेतावनी देते हुए कि अगर वह राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा – अति विशिष्टता (नीट-एसएस) 2021 के पाठ्यक्रम में अंतिम समय में किए गए बदलाव के औचित्य से संतुष्ट नहीं हुआ तो वह प्रतिकूल टिप्पणियां करेगा। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि वह इन युवा चिकित्सकों को कुछ असंवेदनशील नौकरशाहों के हाथों में खेलने की अनुमति नहीं देगा, और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू), राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) और राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) से कहा कि वह अपना घर दुरुस्त करे।

न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना की पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी को एक सप्ताह के भीतर अन्य दो अधिकारियों के साथ बैठक करने को कहा। पीठ ने कहा, आप बेहतर कारण बताइए क्योंकि यदि हम संतुष्ट नहीं हुए तो आपके बारे में प्रतिकूल टिप्पणियां पारित करेंगे। पीठ ने कहा, सत्ता के खेल में इन युवा चिकित्सकों का फुटबॉल की तरह इस्तेमाल न करें। बैठक करें और अपने घर को दुरुस्त करें। हम इन युवा चिकित्सकों के जीवन को कुछ असंवेदशील नौकरशाहों के हाथों में नहीं आने देंगे। शीर्ष अदालत उन 41 स्नातकोत्तर चिकित्सकों की याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिन्होंने परीक्षा की अधिसूचना जारी होने के बाद पाठ्यक्रम में अंतिम समय में किए गए बदलाव को चुनौती दी थी। शुरुआत में युवा चिकित्सकों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने कहा कि उन्होंने इस मामले में एक लिखित दलील भी दाखिल की है। एनएमसी की ओर से पेश अधिवक्ता गौरव शर्मा ने कहा कि वे मामले में जवाब दाखिल करना चाहते हैं और एक सप्ताह के स्थगन का अनुरोध किया। पीठ ने कहा, श्री शर्मा, एनएमसी क्या कर रही है? हम उन युवा चिकित्सकों के जीवन के बारे में बात कर रहे हैं जो सुपर स्पेशियलिटी कोर्स करेंगे। आपने 23 जुलाई को परीक्षा के लिए अधिसूचना जारी की है और फिर 31 अगस्त को पाठ्यक्रम बदल दिया है। यह क्या है? उन्हें 13 और 14 नवंबर को परीक्षा में बैठना है। एनबीई की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने कहा कि उन्हें अगले सोमवार तक जवाब दाखिल करने का समय दिया जाए, क्योंकि बदलाव करने के लिए उपयुक्त कारण थे और अधिकारी छात्रों की कठिनाइयों से अच्छी तरह वाकिफ थे और संबंधित तीन प्राधिकारियों के अनुमोदन के बाद इसे मंजूरी दी गई थी।

# प्रधानमंत्री ने आयुष्मान भारत-डिजिटल मिशन की शुरुआत की

### ● कहा, इसमें स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की ताकत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली






**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को आयुष्मान भारत-डिजिटल मिशन की शुरुआत की और कहा कि इसमें स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की ताकत है। इस डिजिटल मिशन के तहत लोगों को डिजिटल स्वास्थ्य पहचान पत्र प्रदान किया जाएगा जिसमें उनका स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड दर्ज होगा। प्रधानमंत्री ने पिछले साल 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य अभियान की पायलट परियोजना की घोषणा की थी। वर्तमान में इस योजना को छह केंद्र शासित प्रदेशों में प्रारंभिक चरण में लागू किया जा रहा है।

आयुष्मान भारत-डिजिटल मिशन की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना ने गरीब के जीवन की बहुत बड़ी चिंता दूर की है। अभी तक दो करोड़ से अधिक देशवासियों ने इस योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा का लाभ उठाया है। इसमें भी आधी लाभार्थी, हमारी माताएं, बहनें, बेटियां हैं। उन्होंने कहा, आयुष्मान भारत-डिजिटल मिशन के तहत देशवासियों को अब एक डिजिटल हेल्थ आईडी मिलेगी। हर नागरिक का स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित रहेगा। मोदी ने कहा, आयुष्मान भारत- डिजिटल मिशन, अस्पतालों में प्रक्रियाओं को सरल बनाने के साथ ही रहन-सहन की सुगमता को भी बढ़ाएगा। उन्होंने कहा, वर्तमान में अस्पतालों में प्रौद्योगिकी का जो इस्तेमाल होता है, वो फिलहाल सिर्फ एक ही अस्पताल तक या एक ही समूह तक सीमित रहता है। नए अस्पताल या नए शहर में जब मरीज़ जाता है, तो उसको फिर से उसी प्रक्रिया से गुज़रना पड़ता है.... सभी नागरिकों को इस तरह की परेशानी से मुक्ति दिलाने में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन बड़ी भूमिका निभाएगा। उनके मुताबिक, इस मिशन का सबसे बड़ा लाभ देश के गरीबों और मध्यम वर्ग को होगा। एक सुविधा तो ए होगी कि मरीज़ को देश में कहीं पर भी ऐसा डॉक्टर ढूंढने में आसानी होगी, जो उसकी भाषा भी जानता और समझता है और उसकी बीमारी के उत्तम से उत्तम उपचार का वो अनुभवी है। इससे मरीजों को देश के किसी कोने में भी उपस्थित विशेषज्ञ चिकित्सक से संपर्क करने की सलूहियत बढ़ेगी। बेहतर जांच के लिए लैब और दवा दुकानों की भी पहचान आसानी से संभव हो पाएगी।

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा, अब भारत में एक ऐसे स्वास्थ्य मॉडल पर काम जारी है जो समग्र हो और समावेशी भी हो। एक ऐसा मॉडल, जिसमें बीमारियों से बचाव पर जोर हो, – यानी रोकथाम संबंधी स्वास्थ्य सेवा हो, बीमारी की स्थिति में इलाज सुलभ हो, सस्ता हो और उस तक सबकी पहुंच हो। उन्होंने कहा, भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए चिकित्सा शिक्षा में भी अभूतपूर्व सुधार हो रहे हैं। 7-8 साल पहले की तुलना में आज अधिक चिकित्सक और पैरामेडिकल कर्मी देश में तैयार हो रहे हैं। प्रधानमंत्री के अनुसार, बीते सात वर्षों में, देश की स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने का जो अभियान चल रहा है, वह आज से एक नए चरण में प्रवेश कर रहा है। आज एक ऐसे मिशन की शुरुआत हो रही है, जिसमें भारत की स्वास्थ्य सुविधाओं में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने की ताकत है।

उन्होंने कहा, 130 करोड़ आधार नंबर, 118 करोड़ मोबाइल उपभोक्ता, लगभग 80 करोड़ इंटरनेट उपयोगकर्ता, करीब 43 करोड़ जनधन बैंक खाते, इतनी बड़ी एकीकृत आधारभूत अवसंरचना दुनिया में कहीं नहीं है। मोदी ने कहा कि यह डिजिटल आधारभूत अवसंरचना राशन से लेकर प्रशासन तक को तेज, पारदर्शी तरीके से सामान्य भारतीय तक पहुंचा रही है। उन्होंने कहा, आरोग्य सेतु ऐप से कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने में बहुत मदद मिली। सबको टीका, मुफ्त टीका अभियान के तहत भारत आज टीके की करीब-करीब 90 करोड़ खुराक लगा पाया है तो इसमें को-विन ऐप की बहुत बड़ी भूमिका है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा, स्वास्थ्य का पर्यटन के साथ एक बड़ा मजबूत रिश्ता है क्योंकि जब हमारा स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचा एकीकृत होता है, मजबूत होता है, तो उसका प्रभाव पर्यटन क्षेत्र पर भी पड़ता है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने स्वतंत्रता दिवस, 2020 पर लालकिले की प्राचीर से राष्ट्र के नाम प्रधानमंत्री के संबोधन को याद करते हुए कहा, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का यह कदम स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को बदल देगा और सभी नागरिकों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा।

# भारत बंद का देश में रहा आंशिक असर

### ● हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त देश के अन्य भागों में सामान्य रहा जनजीवन


अमृतसर में भारत बंद के लिए रेल पटरियों पर बैठे किसान

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार के तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ सोमवार को विभिन्न किसान यूनियन के 10 घंटे के भारत बंद के कारण देश के कुछ हिस्सों में, विशेष रूप से हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जनजीवन प्रभावित रहा। विभिन्न ट्रेनों के रद्द होने और राजमार्ग व प्रमुख सड़कों के बंद होने से हजारों यात्री फंसे रहे। देश के अन्य हिस्सों में जनजीवन लगभग सामान्य रहा। सुबह 6 बजे से शाम 4 बजे तक के भारत बंद के दौरान कई जगहों पर प्रदर्शन हुए, जो अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। इनमें किसी के घायल होने या गंभीर झड़पों की कोई खबर नहीं आई। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आसपास इसका सबसे अधिक असर दिखा, जो कृषि विरोध के केंद्र रहे हैं। इसके अलावा केरल, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के बड़े इलाकों में भी इसका असर दिखा। चालीस किसान संघों के छाता निकाय संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा बुलाए गए बंद के दौरान प्रदर्शनकारियों ने राजमार्गों और मुख्य सड़कों को अवरुद्ध कर दिया और सुबह से ही कई स्थानों पर ट्रेन पटरियों पर बैठ गए। नाकाबंदी शाम चार बजे खत्म हो गई। हालांकि भारत का बड़ा हिस्सा बंद से अछूते रहे। देशभर में लगभग 50 ट्रेनें प्रभावित रहीं। इसके अलावा यात्री वाहनों के साथ-साथ आवश्यक सामान ले जाने वाले ट्रकों की आवाजाही भी अवरुद्ध रही। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में गुड़गांव, गाजियाबाद और नोएडा विशेष रूप से प्रभावित रहे, जिनमें हर दिन हजारों लोग आवाजाही करते हैं। दिल्ली अधिकांशत: अप्रभावित रही, लेकिन इसकी सीमाओं पर ट्रैफिक जाम के कारण लोगों को कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# उप्र में एक दिन में 33 लाख टीकों का नया रिकॉर्ड

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ


लखनऊ में एक केंद्र पर सोमवार को कोरोनारोधी टीका लगवाती महिला

**कोविड** संक्रमण जांच और टीकाकरण पर योगी सरकार रिकॉर्ड पर रिकॉर्ड बनाये जा रही है। एक दिन में 33 लाख लोगों का टीकाकरण करके सरकार ने नया रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहले बीते 25 सितम्बर को 10 करोड़ से अधिक डोज लगाकर सबसे अधिक टीका लगाने का रिकार्ड बनाया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टीके की दूसरी डोज के लिए पात्र लोगों का टीकाकरण समय से करने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने कहा है कि दूसरी खुराक के लिए पात्र लोगों से संवाद बनाकर यथाशीघ्र उन्हें टीकाकवर दिया जाए। सोमवार को मेगा वैक्सीनेशन ड्राइव के तहत प्रदेश में 16416 टीकाकरण केंद्र बनाए गए थे। खबर लिखे जाने तक 32 लाख 98 हजार 617 डोज लगाए जा चुके थे। सर्वाधिक टीकाकरण लखनऊ में हुआ जबकि गाजियाबाद और प्रयागराज क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। ताजा स्थिति के मुताबिक यूपी में कुल 10 करोड़ 33 लाख 49 हजार से अधिक खुराक दी जा चुकी है। इसमे 8 करोड़ 38 लाख लोगों पहली डोज लेने वाले हैं जबकि 1 करोड़ 95 लाख लोग कोविड के दोनों डोज पा चुके हैं। टीकाकरण की देशव्यापी स्थिति को देखें तो यूपी पहले पायदान पर बना हुआ है। दूसरे स्थान पर 8.55 करोड़ डोज लगाकर महाराष्ट्र है, जबकि मध्य प्रदेश, गुजरात और पश्चिम बंगाल, क्रमश: तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। एग्रेसिव ट्रेसिंग, टेस्टिंग और त्वरित ट्रीटमेंट के मंत्र से अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। विगत 24 घंटे में हुई 01 लाख 69 हजार 500 सैम्पल की टेस्टिंग में 71 जिलों में संक्रमण का एक भी नया केस नहीं पाया गया। गोरखपुर, चन्दौली और पीलीभीत में दो दो तथा मथुरा में एक व्यक्ति कोविड पॉजिटिव पाया गया। इसी अवधि में 06 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए। वर्तमान में प्रदेश में एक्टिव कोविड केस की संख्या 176 रह गई है।

### सर्वाधिक टीकाकरण वाले शीर्ष पांच राज्य

| | | |
|---|---|---|
| 1. | उत्तर प्रदेश | – 10.33 करोड़ |
| 2. | महाराष्ट्र | – 7.93 करोड़ |
| 3. | मध्य प्रदेश | – 6.21 करोड़ |
| 4. | गुजरात | – 6.00 करोड़ |
| 5. | पश्चिम बंगाल | – 5.62 करोड़ |

### प्रदेश में कोविड-19 के सिर्फ सात नए मामले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोविड-19 के सात नए मामले सामने आए। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने सोमवार को बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में कोविड-19 से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि इस दौरान संक्रमण के सात नए मामले सामने आए। हालांकि इसी अवधि में छह रोगी ठीक भी हुए हैं। प्रदेश में इस वक्त कोविड-19 के 176 मरीजों का इलाज चल रहा है जिनमें से 154 लोग अपने घर में पृथकवास कर इलाज करा रहे हैं। प्रसाद ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में कुल 169500 नमूनों की जांच की गई। प्रदेश में अब तक 77968360 नमूनों की जांच की जा चुकी है।

# मुख्यमंत्री ने नए मंत्रियों के बीच किया काम का बंटवारा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मंत्रिमंडल विस्तार के बाद सभी सात मंत्रियों के बीच काम-काज का बंटवारा कर दिया है। योगी ने जो विभाग आंवटित किए हैं उनमें कैबिनेट मंत्री बने जितिन प्रसाद को प्राविधिक शिक्षा मंत्री का दायित्व दिया गया है। अभी तक यह विभाग मुख्यमंत्री के पास था। इससे पहले यह विभाग पूर्व कैबिनेट मंत्री कमलारानी वरुण के पास था। कोविड से उनका देहांत हो जाने के कारण यह विभाग मुख्यमंत्री के पास चला गया था। कमला रानी वरुण को योगी सरकार ने अपने पहले मंत्रिमंडल के विस्तार में मंत्री बनाया था और प्राविधिक शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी सौपी थी। मुख्यमंत्री ने जो दायित्व राज्मंत्रियों को दिए हैं उनमें राज्यमंत्री पल्टूराम को सैनिक कल्याण, होमगार्ड, प्रांतीय रक्षक दल एवं नागरिक सुरक्षा, डॉ. संगीता बलवंत को सहकारिता विभाग, धर्मवीर प्रजापति को औद्योगिक विकास विभाग, छत्रपाल सिंह गंगवार को राजस्व विभाग, संजीव कुमार को समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग और राज्यमंत्री दिनेश खटिक को जल शक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग का का जिम्मा दिया है। मुख्यमंत्री ने यह जानकारी ट्वीट के माध्यम से देते हुए सभी मंत्रियों को बधाई देते हुए कहा है कि उप्र मंत्रिमंडल में कल शामिल हुए सभी नए सदस्यों को आज विभागों का दायित्व प्राप्त हो गया है। मुझे विश्वास है कि आप सभी के कुशल, अनुभवी एवं कर्मठ नेतृत्व में संबन्धित विभाग विकास की नई ऊंचाइयों को स्पर्श करेंगे।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,078 | ↑ | 29 | |
| निफ्टी | 17,855 | ↑ | 2 | |
| सोना | 45,110 | ↑ | 35 | /10g |
| चांदी | 59,138 | ↑ | 383 | /kg |

## क्विक न्यूज

### टीईटी 28 नवंबर को, 7 अक्टूबर से शुरू होंगे रजिस्ट्रेशन

**लखनऊ।** प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में जाने से पूर्व नई शिक्षक भर्ती की घोषणा के मंसूबे में जुटी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के निर्देश पर सोमवार को उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपी टीईटी) 2021 का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। यूपी टीईटी के लिए रजिस्ट्रेशन सात अक्टूबर से शुरू होंगे। जबकि परीक्षा 28 नवम्बर को होगी। जारी कार्यक्रम के अनुसार चार अक्टूबर को यूपी टीईटी विज्ञापन जारी किया जाएगा। आनलाइन आवेदन के लिए सात अक्टूबर से रजिस्ट्रेशन शुरू होगा। जिसकी अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है। आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तारीख 26 अक्टूबर तय की गई है। आवेदन पूर्ण करने और उसका प्रिंट लेने की अंतिम तारीख 27 अक्टूबर है।

# जनहित याचिका वाले होमवर्क करके आएं: सुप्रीम कोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने सोमवार को कहा कि जनहित याचिका दाखिल करने वालों को अपना होमवर्क करना चाहिए और यह ध्यान रखना चाहिए कि केवल कई चीजों का अनुरोध कर वे दायित्व से मुक्त नहीं हो जाते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि नीति के मामले में कोई कमी दिखाने का दायित्व जनहित याचिका दाखिल करने वाले याचिकाकर्ता का है और इसके समर्थन में कुछ आंकड़ों और उदाहरणों को प्रस्तुत करना चाहिए।

न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना की पीठ ने एक जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया जिसमें कोविड-19 से जान गंवाने वालों के आश्रितों के लिए आजीविका सहित अन्य उपायों के अलावा राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति-2017 के कार्यान्वयन के लिए दिशा-निर्देश देने का अनुरोध किया गया। पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि आंकड़ों और उदाहरण के साथ नई याचिका दाखिल करे। कार्यवाही की शुरुआत में पीठ ने कहा, आप देखिए, इस प्रकार की याचिकाओं के साथ समस्या यह है कि आपने एक साथ कई तरह का अनुरोध किया है। यदि आप कोई एक अनुरोध करते हैं तो हम इससे निपट सकते हैं, लेकिन आप एक साथ कई चीज का अनुरोध कर रहे हैं। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता सब कुछ अदालत या राज्य पर नहीं छोड़ सकता है और उसे नीति के कार्यान्वयन में कमियों को दर्शाने वाले विशिष्ट उदाहरण या डेटा को प्रदर्शित करना होगा। याचिकाकर्ता सी अंजी रेड्डी की ओर से पेश अधिवक्ता श्रवण कुमार ने कहा कि उन्होंने आंध्र प्रदेश के निवासी रमेश का उदाहरण दिया है, जिसने कोविड-19 महामारी के दौरान अस्पताल में भर्ती होने के लिए गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को मुफ्त और सस्ती स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध न होने के कारण लाखों रुपए खर्च किए हैं। पीठ ने कहा, आपको अदालत के समक्ष उचित याचिका और उचित अनुरोध के साथ आना चाहिए। हम मामले में नोटिस जारी करने के लिए तैयार हैं और इसे खारिज नहीं कर रहे हैं लेकिन आपको कुछ आंकड़ों के साथ इसे प्रस्तुत करना चाहिए। हम आंध्र प्रदेश के रमेश कुमार के आधार पर देश स्तर पर निर्देश जारी नहीं कर सकते। उनके बारे में जानकारी का स्रोत क्या है? श्रवण ने कहा कि उन्होंने कुछ आंकड़ों का उल्लेख किया है जो दर्शाता है कि सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों के रिक्त पदों को नहीं भरने के कारण लोग निजी अस्पतालों में जाने को मजबूर हैं।

### सहायता प्राप्त करना मौलिक अधिकार नहीं : न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि सहायता प्राप्त करना मौलिक अधिकार नहीं है और सरकार को शिक्षण संस्थानों को मदद देने के बारे में फैसला करने के लिए वित्तीय बाधाओं तथा कमियों जैसे कारकों को संज्ञान में लेना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि जब सहायता प्राप्त संस्थानों की बात आती है तो अल्पसंख्यक और गैर-अल्पसंख्यक संस्थान के बीच कोई अंतर नहीं हो सकता। न्यायमूर्ति एस के कौल और न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश की पीठ ने कहा, सहायता प्राप्त करने का अधिकार मौलिक अधिकार नहीं है। इसलिए किसी मामले में अगर सहायता रोकने का नीतिगत फैसला लिया जाता है तो कोई संस्थान इसे अधिकार का विषय बताकर प्रश्न नहीं खड़ा कर सकता। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर कोई संस्थान इस तरह की सहायता संबंधी शर्तों को स्वीकार नहीं करना चाहता और उनका पालन नहीं करना चाहता तो अनुदान से इनकार करने का फैसला लेने का अधिकार उसे है।

# अवैध धर्मांतरण गिरोह के तीनों आरोपी सात दिन की पुलिस रिमांड पर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एटीएस** द्वारा गिरफ्तार किए गए अवैध धर्मान्तरण का देशव्यापी सिंडिकेट चलाने व धर्मान्तरण के लिए विदेशों से हवाला के जरिए फंडिंग करने के तीनों आरोपियों की 7 दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड कोर्ट ने मंजूर कर दी है। सोमवार को इस मामले में सुनवाई करते हुए कोर्ट ने तीनों आरोपियों को 28 सितंबर की सुबह 10 बजे से 5 अक्टूबर की सुबह 10 बजे तक पुलिस कस्टडी रिमांड पर सौंपे जाने के आदेश दिए। आईजी एटीएस डॉ. गजेंद्र कुमार गोस्वामी ने बताया कि रिमांड की अवधि में तीनों अभियुक्तों से एटीएस की टीम द्वारा विस्तृत पूछताछ की जाएगी। जिससे इनके बैंक खातों में भारी मात्रा में आए धन और इनकी अर्जित संपत्ति के विषय में गहनता से पूछताछ की जाएगी। इनके अन्य सहयोगियों और इस अवैध धर्मान्तरण में संलिप्त अन्य लोगों के सम्बन्ध में भी विस्तृत पूछताछ की जाएगी। जिसके सम्बन्ध में अपर पुलिस अधीक्षक एटीएस के नेतृत्व में पूछताछ के लिए एटीएस मुख्यालय पर टीमों का गठन किया जा चुका है। एटीएस ने अवैध धर्मान्तरण गिरोह के मुख्य सरगना मौलाना कलीम सिद्दीकी निवासी फुलत, मुजफ्फरनगर को बीती 21 सितंबर को गिरफ्तार किया था।

### नरेंद्र गिरि मौत मामले में तीनों आरोपियों को सात दिन की सीबीआई रिमांड

**प्रयागराज।** अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि की कथित आत्महत्या के मामले में यहां की एक अदालत ने सोमवार को तीनों आरोपियों को सात दिन के सीबीआई रिमांड पर भेजने का आदेश दिया। जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) गुलाब चंद्र अग्रहरि ने पीटीआई-भाषा को बताया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने नैनी जेल में बंद आनंद गिरि, अद्या प्रसाद तिवारी और संदीप तिवारी को रिमांड पर लेने का प्रार्थना पत्र रविवार को रिमांड मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया था। अग्रहरि ने बताया कि सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए तीनों आरोपियों का पक्ष सुना गया जिन्होंने सीबीआई रिमांड को लेकर किसी तरह की आपत्ति नहीं की। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को सुनने के बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हरेंद्र नाथ ने तीनों आरोपियों को 28 सितंबर सुबह नौ बजे से चार अक्टूबर शाम पांच बजे तक सात दिन के लिए सीबीआई रिमांड पर भेजने का आदेश दिया।

# दूसरे राज्यों से आने वालों की जरूर हो कोविड जांच

## गोशालाओं में केयर टेकर तैनात कर गोवंश की अच्छी देखभाल की जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को सख्त नसीहत देते हुये कहा कि बाहरी राज्यों से प्रदेश में आने वाले सभी लोगों का कोविड टेस्ट अवश्य किया जाए। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण कमजोर भले हुआ है लेकिन अभी खत्म नहीं हुआ है। ऐसे में कहीं भी और किसी भी स्तर पर छोटी से लापरवाही की हमें बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है लिहाजा संक्रमण से बचाव और उपचार की व्यवस्थाओं को निरन्तर मजबूत बनाकर रखा जाए।

मुख्यमंत्री सोमवार को लोक भवन में प्रदेश में कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि पिछले 24 घण्टों में राज्य में कोरोना संक्रमण के 7 नए मामले सामने आए हैं। इस अवधि में 6 व्यक्तियों को सफल उपचार के बाद डिस्चार्ज किया गया। अलीगढ़, अमेठी, अमरोहा, औरैया, अयोध्या, आजमगढ़, बदायूं, बागपत, बलिया, बांदा, बहराइच, बिजनौर, फर्रुखाबाद, गाजीपुर, गोण्डा, हमीरपुर, हापुड़, हरदोई, हाथरस, कानपुर देहात, कासगंज, महोबा,



मीरजापुर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, रामपुर, संतकबीर नगर, शामली, श्रावस्ती, सीतापुर और सोनभद्र में कोविड का एक भी मरीज नहीं है। प्रदेश में कोरोना संक्रमण की रिकवरी दर 98.7 प्रतिशत है। मुख्यमंत्री ने कोविड वैक्सीनेशन कार्य को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश देते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव में कोविड टीकाकरण एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच है। वैक्सीन की पहली डोज ले चुके लोग समय से दूसरी डोज लें, इसके लिए उन्होंने विशेष अभियान चलाए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस दिशा में नियोजित कार्यवाही की जाए। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि प्रदेश में कोविड टीकाकरण की प्रक्रिया तीव्र गति से चल रही है। राज्य में गत दिवस तक 10 करोड़ 03 लाख 9 हजार से अधिक कोरोना वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि डेंगू व अन्य वायरल बीमारियों के सम्बन्ध में प्रदेशव्यापी सर्विलान्स कार्यक्रम को पूरी सक्रियता से संचालित किया जाए। बुखार व संक्रमण के अन्य लक्षणों के संदिग्ध मरीजों की पहचान कर उन्हें उचित परामर्श दिया जाए। अस्पतालों में बेड एवं दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनायी रखी जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, सैनिटाइजेशन तथा फॉगिंग का अभियान जारी रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी गो आश्रय स्थलों में आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। किसी भी गौशाला में कीचड़ या जल जमाव न होने पाए, सभी आश्रय स्थलों में शेड ठीक हों। चोकर व हरे चारे का पर्याप्त प्रबन्ध किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक गो आश्रय स्थल में एक केयर टेकर की तैनाती अवश्य हो। गोवंश के रख रखाव में स्थानीय जनसहभागिता को प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यापारियों तथा उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रभावी प्रयास किये जाएं। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रत्येक माह तथा मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में प्रत्येक दो माह में व्यापारिक व औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में रामलीला आयोजन की समृद्ध परम्परा है। नवरात्रि, दशहरा व दीपावली के पर्व समीप हैं। ऐसे में रामलीला कमेटियों की तैयारियां प्रारम्भ हो गई होंगी। सभी कमेटियों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें कोविड प्रोटोकॉल के अनुरूप आयोजन करने के लिए प्रेरित किया जाए। रामलीला का मंचन खुले मैदान में किया जाए।

## जमीन संबन्धी मसलों को अक्टूबर तक निस्तारित करें: मुख्य सचिव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में गठित हाईपावर कमेटी की बैठक में दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य की समीक्षा की गयी। मुख्य सचिव ने कहा कि निर्माण कार्यों में आ रही बाधाओं को जल्द से जल्द दूर करने तथा जमीन सम्बन्धी मुद्दों को अक्टूबर तक निस्तारित किया जाए। उन्होंने सरकारी जमीन के दर निर्धारण के लिए सक्षम स्तर से नीतिगत निर्णय के लिए प्रक्रिया में भी तेजी लाए जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कोविड-19 की अप्रत्याशित चुनौतियों के बावजूद पूरे आरआरटीएस कॉरीडोर में तेजी से चल रहे निर्माण कार्य के लिए एनसीआरटीसी की सराहना की। उन्होंने प्रोजेक्ट के लम्बे समय तक वित्तीय रूप से सतत् रहने के लिए एनसीआरटीसी द्वारा आरआरटीएस कॉरीडोर के आस-पास प्रोजेक्ट लिंक्ड व नॉन प्रोजेक्ट लिंक्ड भूमि के विकास द्वारा आय के नियमित स्रोत बनाने के लिए वैल्यू कैप्चर फाइनेंसिंग से जुड़े सभी शासकीय निर्देशों को बिना किसी विलम्ब के दिसम्बर मध्य तक जारी करने के निर्देश दिये। अधिकारियों ने बताया कि प्राथमिकता खण्ड साहिबाबाद से दुहाई जिसकी कुल लम्बाई लगभग 17 किलोमीटर है को मार्च 2023 में चालू कर दिया जायेगा और पूरी परियोजना को वर्ष 2025 तक पूरा कर लिया जायेगा। अगस्त 2020 में हुई कमेटी की पिछली मीटिंग के सभी निर्देशों को कुछ जमीन सम्बन्धी मुद्दों को छोड़कर सभी को अमल में लाया जा चुका है।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आज मिलेंगे स्मार्टफोन

**लखनऊ।** कोविड की रोकथाम में अहम भूमिका निभाने वालीं आँगनबाड़ी कार्यकत्रियां अब स्मार्टफोन से लैस होंगी। कल मंगलवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 1 लाख 23 हजार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन वितरित करेंगे। इसके साथ ही नवजात बच्चों की वृद्धि का स्तर मापने के लिए प्रदेश के हर आँगनबाड़ी केंद्र को नवजात वृद्धि निगरानी यंत्र (इंफेंटोमीटर) भी प्रदान किया जाएगा। कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन मुहैया कराने के पीछे सरकार का प्रयास आंगनबाड़ी कार्यक्रमों को और पारदर्शी बनाना है। स्मार्टफोन से लैस होने के बाद बच्चों के पुष्टाहार और देखभाल समेत आंगनबाड़ी से संचालित होने वाली योजनाओं को ज्यादा प्रभावी तरीके से लागू किया जा सकेगा। इसका फायदा यह होगा कि डेटा रीयल टाइम अपडेट होगा और सरकार को पता रहेगा कि कहां क्या स्थिति है। वहीं इस स्मार्टफोन के माध्यम से भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगेगा। बता दें उत्तर प्रदेश में इस समय 1.89 लाख आंगनबाड़ी केंद्र चल रहे हैं।

# भाजपा सरकार ने समाज के हर वर्ग की चिंता की: स्वतंत्र देव

### ● पार्टी ने तेज किया घर-घर संपर्क अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार के साढ़े चार वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी द्वारा 26 सितम्बर से शुरू किये गये घर-घर संपर्क अभियान के तहत प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने सोमवार को लखनऊ के गोसाईगंज में रहमत नगर के बूथ संख्या 80-81 में निवास करने वालों लोगों से सीधा संवाद किया। उन्होंने आम जन को केंद्र व राज्य से सरकार की उपलब्धियां गिनायी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि योगी सरकार ने गन्ना खरीद में पच्चीस रूपये की बढ़ोत्तरी कर किसानों के हित में ऐतिहासिक कदम उठाया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने साढ़े चार वर्षों के कार्यकाल में प्रदेश को नई ऊंचाईयां प्रदान की है। समाज के हर वर्ग की चिंता की। केंद्र की मोदी की सरकार से मिली प्रेरणा से साबित हुआ कि उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। कोरोना वैक्सीन के दस करोड़ का लक्ष्य हासिल कर उत्तर प्रदेश देश का पहला प्रदेश बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा को 2017 में लोगों की सेवा का अवसर मिला और सबसे बड़ा काम हुआ कि आम जीवन को भयभीत कर विकास में बाधक बना माफिया अब नेस्तानाबूत हो चुका है। अपराधी एवं गुंडा तत्व जेल की सलाखों के पीछे है। प्रदेश में सड़कों का जाल बिछ रहा है। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे और गंगा एक्सप्रेस-वे जैसी सड़कों की सौगात मिली है। घोटाले, भ्रष्टाचार की जगह अब उत्तर प्रदेश के सुशासन की चर्चा होती है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बूथ समितियों के साथ भी बैठक की और कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के उस नारे के साथ आगे बढ़ना है कि हमारा बूथ, सबसे मजबूत।

# प्रदेश सरकार ने अब तक 1,44,000 करोड़ गन्ना मूल्य का किया भुगतान

### ● बसपा व सपा सरकारों के दौरान चीनी मिलों को बंद करने का किया गया काम: सुरेश राणा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गन्ना** मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए पूरी तरह से संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि बसपा व सपा सरकारों के दौरान जिन चीनी मिलों को बंद कर दिया गया था उन चीनी मिलों को प्रदेश की योगी सरकार ने चालू करा कर ऐतिहासिक काम किया है। गन्ना मंत्री सुरेश राणा ने बताया कि योगी सरकार ने चार वर्ष में अब तक 1,44000 करोड़ रुपये का भुगतान गन्ना किसानों को करने का काम किया है। जोकि 20 वर्षों में सबसे अधिक किया गया भुगतान है। गन्ना मंत्री ने कहा कि अभी किसानों का 4900 करोड़ रुपये का भुगतान होना बाकी है जोकि पिछली सरकारों की देन है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार भुगतान करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है जो भुगतान शेष रह गया है उसको भी जल्द से जल्द पूरा करा दिया जाएगा। किसानों को 4000 करोड़ रुपये का फायदा होगा।

यह बात चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री सुरेश राणा ने सोमवार को लोकभवन में प्रेसप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016-17 में प्रदेश में शीघ्र पकने वाली प्रजाति का क्षेत्रफल 52.83 प्रतिशत, सामान्य पकने वाली प्रजातियों का क्षेत्रफल 37.44 प्रतिशत एवं अनुपयुक्त प्रजातियों का क्षेत्रफल 9.73 प्रतिशत था। वर्तमान सरकार द्वारा गन्ना कृषकों के हित में लिये गये निर्णयों से वर्ष 2021-22 हेतु शीघ्र पकने वाली प्रजातियों का क्षेत्रफल 97.92 प्रतिशत, सामान्य प्रजातियों का क्षेत्रफल 2.01 प्रतिशत एवं अनुपयुक्त प्रजातियों का मात्र 0.07 प्रतिशत हो गया है। गन्ना मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार के कार्यकाल में 04 वर्षों में कुल 4289.09 लाख टन गन्ने की पेराई की गयी जबकि इसके पूर्व के 04 वर्षों में मात्र 2918.53 लाख टन गन्ने की पेराई हुयी थी। इस प्रकार वर्तमान सरकार के कार्यकाल में चीनी मिलों द्वारा पूर्व के 04 वर्षों के मुकाबले 1370.56 लाख टन अधिक गन्ने की पेराई की गयी जिसे पूर्व के वर्षों में कृषक औने पौने दामों पर क्रेशर एवं कोल्हुओं पर बेचने हेतु मजबूर थे। वर्तमान सरकार के 04 वर्षों में औसत गन्ना पेराई 1072.27 लाख टन प्रति वर्ष रही है जो अपने आप में एक रिकार्ड है।



### पश्चिम यूपी में 20 अक्टूबर से शुरू होंगी चीनी मिलें

**लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 20 अक्टूबर से योगी सरकार चीनी मिलों की शुरुआत करने जा रही है। इसके साथ ही सरकार पिपराइच और बलरामपुर में गन्ने के रस से सीधे एथनॉल बनाने की प्रक्रिया भी शुरू करने जा रही है। गन्ना मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि जहां एक ओर महाराष्ट्र, राजस्थान और पंजाब की चीनी मिलें कोरोना काल में बंद रहीं वहीं हमने प्रदेश में एक भी चीनी मिल कोरोना काल में बंद नहीं होने दी। पिछली सरकारों में जहां 25 सालों से खाण्डसारी का एक भी लाइसेंस जारी नहीं हुआ था। वहीं योगी सरकार ने 270 खांडसारी इकाइयों को लाइसेंस दिया और इससे 50 हजार लोगों को रोजगार भी मिला।**

# भाजपा राज में किसान और बुनकर दोनों तबाह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में किसान और बुनकर तबाह हैं। पहले किसानों के मान को गिराना फिर नाम भर के लिए दाम बढ़ा देना, भाजपा का ये चुनावी हथकंडा अब उत्तर प्रदेश में चलने वाला नहीं है। झूठ और नफरत के सहारे भटकाने बहकाने वाली भाजपा की चालाकी से जनता को सजग कराने के लिए समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को चाहिए कि घर-घर जाकर सघन अभियान में जुट जाएं। भाजपा का अन्याय अब बर्दाश्त नहीं होगा। किसानों द्वारा उत्पादित कपास और



बुनकरों द्वारा कपड़ा बनाकर बिक्री से भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। भाजपा के कारण दोनों वर्ग संकट में हैं। सरकार की नीतियों ने व्यापार को भी चौपट कर दिया है। महंगाई और भ्रष्टाचार से समाज का हर वर्ग परेशान है। नौजवान का भविष्य अंधकारमय है। सभी त्रस्त, आक्रोशित और आंदोलित हैं। अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के वादों को भी भुलाकर जनता के साथ छल किया है। किसान को एमएसपी नहीं मिली, आय दुगनी करने के वादे का कहीं अता पता नहीं। किसान तीन काले कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग को लेकर दस महीने से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। भाजपा सरकार उनकी बात नहीं सुन रही हैं बल्कि अपमानित कर रही है। बुनकरों की दशा भी दयनीय हो चली है। समाजवादी सरकार में उनको फिक्स बिजली चार्ज देना पड़ता था। भाजपा सरकार ने बिजली मंहगी कर दी है। खुद एक यूनिट बिजली उत्पादन न करने वाली भाजपा सरकार के समय लोग बिजली कटौती झेल रहे हैं।

## नए मंत्री जब तक अपने मंत्रालय समझेंगे, चुनाव आचार संहिता लागू हो जाएगी




**लखनऊ।** प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए राजनीतिक दल एक दूसरे पर हमला बोलने का कोई मौका नही छोड़ रहे हैं। बीते रविवार को बीजेपी ने कैबिनेट विस्तार कर 7 नए मंत्रियों को मंत्रिमंडल में शामिल किया है। इसको लेकर सभी पार्टियों के रिएक्शन आ रहे हैं और वाद-विवाद का सिलसिला जारी है। इसी बीच बसपा सुप्रीमो मायावती ने तंज कसते हुए कहा कि नए मंत्री जब तक अपने मंत्रालय समझेंगे, चुनाव आचार संहिता लागू हो जायेगी। सोमवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने लिखा कि बीजेपी ने कल यूपी में जातिगत आधार पर वोटों को साधने के लिए जिनको भी मंत्री बनाया है, बेहतर होता कि वे लोग इसे स्वीकार नहीं करते क्योंकि जब तक वे अपने अपने मंत्रालय को समझकर कुछ करना भी चाहेंगे तब तक यहाँ चुनाव आचार संहिता लागू हो जायेगी। उन्होंने आगे कहा कि जबकि इनके समाज के विकास व उत्थान के लिए अभी तक वर्तमान भाजपा सरकार ने कोई भी ठोस कदम नहीं उठाये हैं बल्कि इनके हितों में बीएसपी की रही सरकार ने जो भी कार्य शुरू किये थे, उन्हें भी अधिकांश बन्द कर दिया गया है।

# चुनावी तैयारियों का जायजा लेने लखनऊ पहुंचीं प्रियंका

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की तैयारियों का जायजा लेने के लिए कांग्रेस महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा सोमवार को लखनऊ पहुंच गई है। प्रियंका गांधी मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और चुनाव समिति के साथ पूरे दिन बैठकें करेंगी। प्रियंका इससे पहले इसी माह 9 तारीख को तीन दिवसीय दौरे पर यहां आई थीं। मंगलवार को दोपहर बाद अमौसी एयरपोर्ट पहुंची प्रियंका गांधी का प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय



कुमार लल्लू व अन्य नेताओं ने स्वागत किया। एयरपोर्ट से वह सीधे हजरतगंज स्थित कौल हाउस के लिए रवाना हो गईं। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव को लेकर जनता से सीधे तौर पर रूबरू होने के लिए प्रतिज्ञा यात्रा और प्रत्येक मंडल में एक जनसभा का जो प्लान कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपने पिछले दौरे के दौरान तैयार किया था उसे प्रदेश कांग्रेस अमलीजामा नहीं पहना पाई है। प्रतिज्ञा यात्रा व जनसभाएं फिलहाल टाल दी गई है। इसके पीछे कांग्रेस द्वारा कारण पितृ पक्ष को बताया जा रहा है जबकि पार्टी के भीतर ही अन्य प्रकार की भी चर्चाएं चल रही हैं। पार्टी नेताओं के बीच मनमुटाव को भी इन कार्यक्रमों के टलने का एक अहम कारण माना जा रहा है। लखनऊ में अपने प्रवास के दौरान प्रियंका गांधी एक बार फिर प्रतिज्ञा यात्रा और प्रदेश के विभिन्न मंडलों में अपनी जनसभाओं को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के साथ विस्तृत चर्चा करेंगी।

# बीजेपी 15 अक्टूबर से लगाएगी ग्राम किसान चौपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीजेपी** किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश के प्रदेश पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय अध्यक्षों की बैठक भाजपा प्रदेश कार्यालय में किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित करके सीएम योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद दिया गया कि उन्होंने गन्ना किसानों की आय की वृद्धि के लिए प्रतिकुन्तल गन्ना मूल्य को बढ़ाया है। प्रस्ताव में कहा गया कि देश की आजादी के बाद किसानों के हितों में सर्वाधिक निर्णय केंद्र में काम कर रही मोदी की सरकार व उत्तर प्रदेश में काम कर रही योगी की सरकार लिया है।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 15 से लेकर 30 अक्टूबर के बीच देश व प्रदेश सरकार की किसान हितैषी नीतियों को पहुंचाने हेतु प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम किसान चौपाल का आयोजन किसान मोर्चा करेगा। इस ग्राम



किसान चौपाल में किसान मोर्चा के पदाधिकारी गांव-गांव जायेंगे तथा केंद्र व प्रदेश सरकार के द्वारा किसानों के हितों में लिये गये निर्णयों की जानकारी प्रत्येक किसान को देंगे। ग्राम किसान चौपाल के माध्यम से किसान मोर्चा के कार्यकर्ता देश में चल रहे किसान विरोधी व किसान आन्दोलन का पर्दाफाश करेंगे। किसान मोर्चा किसानों को यह बतायेगा कि किसान विरोधी शक्तियों द्वारा वित्तपोषित तथाकथित किसान नेता देश के प्रधानमंत्री को बदनाम करने का कुत्सित प्रयास कर रहे है तथा ये लोग किसान आन्दोलन के नाम पर देश के विकास के मार्ग को अवरूद्ध कर रहे है। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 26 सितम्बर 2021 को लखनऊ में संपन्न हुआ विशाल किसान सम्मेलन इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश के किसानों का समर्थन केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों तथा मोदी-योगी के प्रति है। किसान सम्मेलन में आकर अपनी विराट उपस्थिति को दर्ज कराकर किसानों ने तथाकथित किसान नेताओं के आन्दोलन को करारा जबाव देने का काम किया है जिसके लिए किसान बधाई के पात्र हैं।

ग्राम किसान चौपाल का सुव्यवस्थित आयोजन करने के लिए भाजपा किसान मोर्चा के तीन सदस्यीय समिति का भी गठन किया गया है। इस समिति के संयोजक भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री घनश्याम पटेल हैं तथा भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री सुरेश मौर्या एवं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सह कार्यालय प्रभारी रामानन्द कटियार सदस्य होंगे।

## यूपी पुलिस का अधिकृत टेलीग्राम चैनल लांच

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डीजीपी** मुकुल गोयल द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस का अधिकृत टेलीग्राम चैनल लॉच किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म ट्विटर, फेसबुक, यू ट्यूब, इंस्टाग्राम एवं व्हाट्सएप पर सक्रिय उपस्थिति दर्ज करायी गयी है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए टेलीग्राम पर एक अधिकृत चैनल लांच किया गया है जिससे पुलिस द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्य एवं महत्वपूर्ण सूचनाएं अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। इस चैनल के जरिए उत्तर प्रदेश में सोशल मीडिया पर चलने वाली पुलिस से सम्बन्धित भ्रामक खबरों का भी खण्डन किया जायेगा। इस चैनल के माध्यम से आमजन को यूपीपुलिस से सम्बन्धित खबरों के बारे में निरन्तर अपडेट किया जायेगा।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैं बृजेश कुमार त्रिपाठी पुत्र रमारमन तिवारी निवासी-126/73 H- ब्लाक गोविंद नगर कानपुर ने अपना नाम बदलकर बृजेश तिवारी कर लिया है। भविष्य में मुझे बृजेश तिवारी के नाम से जाना जाये।

**सूचना**

मैं नुपुर छिन्द्रा D/o जितेन्द्र कुमार नि0 शिवनगर गुरूद्वारा रोड मोदीपुरम मेरठ मेरा फार्मेसी रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र व ग्रीन बुक क्र0सं0 108649 वास्तव में कहीं खो गया है, जिसका उपयोग वर्जित होगा।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम Ram Karan Tripathi था जो अब बदलकर Ram Karan हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। Ram Karan S/o Shyam Sundar Dhikuhi, Khemipur, Kunda, Pratapgarh, U.P.

**सूचना**

मेरा आर्मी नंबर-15420854F, Rank HAV - MV SURESH KUMAR S/O M ANJANEYULU, Unit-AMC Center and collage MT Coy, मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पुत्री का नाम गलती से Malayati Divya Charita लिख गया है जबकि उसका सही नाम Malayati Venkata Divi Druva Sree है Malayati Divya Charita और Malayati Venkata Divi Druva Sree दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं भविष्य में उसे इसी नाम से जाना पहचाना जाए

**REQUIRED**

JAHANGIRABAD EDUCATIONAL TRUST GROUP OF INSTITUTIONS (Faculty of Arts)

REQUIREMENT OF TEACHER FOR ARTS & COMMERCE FOR UNDERGRADUATE LEVEL TEACHING

Application are invited for the post of Principal and Assistant Professor for the following subjects Hindi, English, Urdu, Education, Political Science, Sociology & Ancient History, Commerce

SALARY AS PER EXISTING UNIVERSITY NORMS

Candidates meeting criteria as laid down in UGC Regulations 2016

You may send application via email or a hard copy at

Trustee JETGI
Jahangirabad Fort, Jahangirabad, Barabanki-225203, UP
Tel : 7380832222, 7380632222
Email ID : hr@jit.edu.in or careers @jit.edu.in

**Sanjay Gandhi Post Graduate Institute Of Medical Sciences**
Raebareli Road, Lucknow-226014, (INDIA)
Hospital Based Cancer Registry (HBCR)
National Cancer Registry Programme, ICMR

**Advertisement for short-term contract of staff**

Applications are invited for an interview for the contractual post of **Social Worker (01 post)** for the project titled **"Setting up of Hospital based Cancer Registries (HBCR) and Pattern of Care & Survival Studies on Cancer Breast, Cancer Cervix and Head & Neck Cancers under Regional Cancer Centres"** under the principal Investigator **Dr. Punita Lal, Head, Department of Radiotherapy, SGPGIMS, Lucknow.** For details please log on to **www.sgpgi.ac.in** and e-mail a soft copy of your CV and other credentials as mentioned in the advertisement. Last date for submission of application is **08th October 2021.**

Advt. No.R/24/2021-22 — Principal Investigator

**कार्यालय प्रभारी अधिकारी**
**नगर निगम वर्कशाप, फजलगंज, कानपुर**

**निविदा सूचना**

नगर निगम कानपुर के फजलगंज स्थित वर्कशाप में विभिन्न प्रकार के वाहनों/उपकरणों की आवश्यक मरम्मत हेतु सामग्री जैसे लोहे की चादर, एंगल, पटिया, वेल्डिंग रॉड व पेन्ट आदि की आवश्यकता है। आवश्यक सामग्री को क्रय करने हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्मों से सील बन्द आफर आमन्त्रित किये जाते हैं।

आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण व शर्ते निविदा प्रपत्र पर देखी जा सकती हैं। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में फजलगंज वर्कशाप से रूपया 500+जी.एस.टी. 12 प्रतिशत के साथ नकद जमा कर प्राप्त किये जा सके हैं। जो वापस देय न होगा।

उपरोक्त कार्यो हेतु इच्छुक अनुभवी फर्मों से सील्ड बन्द आफर दिनांक 8.10.21 को प्रभारी अधिकारी (वर्कशाप) के फजलगंज स्थित कार्यालय में रखे निविदा बाक्स में सायं 3.30 बजे तक डाल सकते हैं। जिन्हें उसी दिन सायं 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में फजलगंज वर्कशाप स्थित कार्यालय से की जा सकती है।

**प्रभारी अधिकारी (वर्कशाप)** — **अपर नगर आयुक्त (प्रथम)**

**कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जोन-8, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांक : 441/EE-8/2021-22 — दिनांक : 27.09.2021

**(अति-अल्पकालीन निविदा-सूचना)**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 4.10.2021 को अपराह्न 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-8 के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते हैं। सील्ड निविदाएं दिनांक 4.10.2021 को अधिशासी अभियन्ता, जोन-8 के कार्यालय में अपराह्न 3:30 बजे तक सील्ड टेन्डर बॉक्स में प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदाएं दिनांक 4.10.2021 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे जोन-8 के कार्यालय में खोली जायेंगी।

1. वृन्दावन सेक्टर-4 में पम्प नं0-1 व 2 पर 12.5 एच0पी0 के0आर0टी0यू0 सीवरेज पम्पसेट की मरम्मत का कार्य, धरोहर राशि रु० 3200/- एवं निविदा मूल्य रु० 150/-

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-8**
**जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद-सीतापुर**

पत्रांक-926/सं0अनु0/न0पा0परि0सी0/2021-22 — दिनांक : 27-09-2021

**नीलामी सूचना**

मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा अनुमोदनानुसार नगर पालिका परिषद सीतापुर सीमा अन्तर्गत निम्नलिखित पेड़ो को नीलाम दिनांक 05-10-2021 समय 12.00 बजे नगर पालिका परिषद के कार्यालय प्रांगण में नीलाम कमेटी के समक्ष कमेटी द्वारा पेड़ों का मूल्यांकन (कीमत) निर्धारित किया, जाएगा व जिन पेड़ों का वन विभाग से मूल्यांकन प्राप्त हो गया है, के आधार पर व कमेटी द्वारा निर्धारित शर्तों के अधीन नीलाम किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि व समय में वन विभाग मूल्यांकन व कमेटी द्वारा मूल्यांकन की धनराशि का 1/4 अंश व आधार/पहचान पत्र सहित जमा करते हुए, नीलामी में भाग ले सकते है। उच्चतम बोलीदाता को नीलाम धन उसी दिन जमा करना होगा नीलामी स्वीकृति/अस्वीकृति करने .का अधिकार मा0 अध्यक्ष महोदय में निहित होगा। नीलाम किये जाने वाले पेड़ों का विवरण निम्नवत् :-

1- सरोजनी वाटिका में-दो आम कलमी, एक पेड़ पतला कटहल
2- पी0डब्लू0डी गेस्ट हाउस के सामने एसपी साहब के आवास के उत्तर एक पेड़ आम देशी
3- कमल बैजल के आवास के आगे रोड पटरी उत्तर ओर -एक पेड़ यूक्लेप्टस
4- आंख अस्पताल गांधी पार्क के अन्दर पीपल
5- कोतवाली चौराहे के निकट पीपल आधा सूखा व आधा हरा
6- एक पेड़ नीम मोहल्ला बटसगंज हरा वन विभाग द्वारा प्राप्त मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर
7- मोहल्ला सिविललाइन स्थित पी0डब्लू0डी आफिस के निकट 03 पेड़ यूक्येलिप्टस प्रान्तीय खण्ड सीतापुर के मुख्य द्वार
8- दो पेड़ जलकल प्रांगण में कलमी सूखे
9- दो पेड़ यूक्येलिप्टस गिरे हुए टाउनहाल

**अधिशासी अधिकारी-।**
**नगर पालिका परिषद-सीतापुर**

# वीडीआईईए के सैकड़ों कर्मचारियों ने किसान सभा का किया समर्थन

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**संयुक्त किसान** संघर्ष समिति व उत्तर प्रदेश किसान सभा द्वारा आयोजित भारत बंद का समर्थन आज वीडीआईईए कर्मचारी यूनियन वी डी आई ई ए द्वारा किया गया। सोमवार को अपने दफ्तर परिसर में सभा के माध्यम से वी डी आई ई ए ने कहा कि किसान विरोधी तीनों कृषि कानून रद्द हो, साथ ही एम.एस.पी गारंटी सुनिश्चित हो व श्रम कानून में जबरदस्ती बदलाव खत्म हो। सभा की अध्यक्षता करते हुए वी. डी. आई. ई. ए. अध्यक्ष कामरेड नारायण चटर्जी ने कहा कि आज सरकार द्वारा जबरदस्ती बिना किसानों से वार्ता किए, कृषि काला कानून लाद रहे हैं तथा देश के तमाम पब्लिक सम्पत्ति को खत्म कर रहे हैं, बैंक, बीएसएनएल, बंद हो रहा है, एयर इंडिया नीलामी हो रही है और एलआईसी को भी शेयर मार्केट में ढकेल कर इसका शेयर बेचकर अडानी, अंबानी को फायदा पहुचाने का घृणित प्रयास किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि एलआईसी का असली मालिक 40 करोड़ पॉलिसी होल्डर ही है और एलआईसी की सम्पत्ति 32 लाख करोड़ का मालिक भी देश की जनता और पॉलिसी होल्डर गण, इसे किसी भी कीमत पर किसी अडानी, अंबानी को मालिक बनने से रोकना होगा।

सागर चटर्जी, पूर्व महामंत्री वीडीआईईए ने कहा कि बिना किसानों से बात किए कृषि कानून लागू कर देना किसानों के साथ अन्याय है, और हम इस जबरदस्ती थोपे गए काला कृषि कानून का विरोध करते रहेंगे, किसानों का समर्थन करते रहेंगे। वक्ताओं ने मांग किया कि ये कृषि कानून तत्काल रद्द हो और संसद के अंदर सत्ता, विपक्ष में बहस हो, राज्य सभा में फिर से बहस हो और किसानों से सहमति के बाद ही कोई नियम बने, किसान संघर्ष समिति के सहमति से ही कार्यवाही हो नहीं तो नहीं।

वक्ताओं ने श्रम कानून में जबरदस्ती लागू किए जाने की घोर निंदा करते हुए ये मांग की, कि मज़दूर संघों से वार्ता के बाद ही ये नियम बने एलआईसी कर्मियों की मांग थी कि हिन्दुस्तान की धड़कन एलआईसी को उसका मूल स्वरुप में ही रखा जाए, आईपीओ के माध्यम से इसका शेयर मार्केट में ना बेचा जाए एलआईसी पब्लिक सम्पत्ति है पब्लिक में ही रहने दिया जाए। अंत में जय जवान, जय किसान के नारा के साथ व भारतीय नौजवान, मज़दूर और किसान एक हो के नारा लगते हुए सभा समाप्ति की घोषणा की गई। सभा में मुख्य रूप से कामरेड बिनोद कुमार श्रीवास्तव, डी सी सिंह, राकेश गुजराती, शैलेन्द्र मेहरोत्रा, सुमंत कुमार, भानु श्रीवास्तव, अशोक कुमार, जितेंद्र कुमार, श्रीमती आरती श्रीवास्तव, राजीव कन्नौजिया, मनीष कुमार इत्यादि मुख्य वक्ता सभा को संबोधित किए।

## जिसने किसानों से पंगा लिया उसका पतन हुआ, सुभासपा ने दिया धरना

**वाराणसी।** तीन कृषि कानून को वापस लेने के समर्थन में भारत बंद का समर्थन करते हुए सुभासपा प्रदेश उपाध्यक्ष शशिप्रताप सिंह शास्त्री घाट वाराणसी सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ धरना दिया और बताया कि किसान ही धरती के असली भगवान है, हमारे अन्न देवता है, अन्न से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी तक उनके अन्न को खा कर जिंदा है उनकी हर मांग को सरकार को मानना चाहिए। जिसने भी किसान को दुखी किया उसका पतन होगा, एक साल से किसान भाई धरना दे रहे है लेकिन हिटलर वाली सरकार सुनने को तैयार नही है, पतन निश्चित है, सुभासपा से रही है। अमेरिका को खुश करने से देश वासियों के पेट नही भरेगा, अन्न देवता को खुश रखने से देश भी खुशहाल रहेगा। महंगा कपड़ा पहनकर फ़ोटो सूट कराने से, जाति गत मंत्री बनाने से देश के लोग खुशहाल नही होंगे। चुनाव के पहले लॉलीपॉप देने से किसान नही हारेगा। किसानों की जीत होगी किसान हारने वाला कौम नहीं है जमीन से अन्न पैदा करता है, कितने नेता को पैदा किया और कितने को नेसनाबूत किया है। किसानों को अबला समझने की भूल एक दिन मिट्टी में मिल जाएगा। न्यूनतम समर्थन मूल्य कृषि सशक्तिकरण व संरक्षण, कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) प्रमुख रूप से शशिप्रताप सिंह, नित्यानंद पांडेय, राकेश कुमार गोंड़, छोटेलाल बनारसी, विजेंद्र पाल, डॉ. बसंत राजभर, जागेश्वर राजभर, सुरेन्द्र प्रसाद, फौलाद राज, संजय राज, संतोष प्रजापति, दसरथ राजभर, गोपाल, छपन राजभर आदि लोग रहे।

## क्विक न्यूज़

### संतोष मिश्र जिला संयोजक, शशिशंकर युवा वाहिनी प्रमुख बने


संतोष कुमार मिश्र


शशि शंकर पटेल

**वाराणसी।** गंगा समग्र उत्तर काशी के प्रांतीय संगठन मंत्री अमरीश ने टीम की घोषणा करते हुए संतोष कुमार मिश्र उर्फ मुन्ना को उत्तर काशी का जिला संयोजक एवं शशि शंकर पटेल को युवा वाहिनी का प्रमुख नियुक्त किया है। इसी के साथ दक्षिण काशी के दिनेश्वर तिवारी को जिला संयोजक बनाया है। उत्तर काशी एवं दक्षिण काशी की कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हरेन्द्र राय, प्रांत एसटीपी प्रमुख डॉ नंदलाल सिंह, अमर बहादुर सिंह, डॉ मनोज श्रीवास्तव, सत्यम सिंह, डॉ पंकज सिंह सहित अनेकों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय संयोजक अभिताभ व श्याम ने किया।

### मच्छरदानी और छाते का किया गया वितरण



**बीजपुर/सोनभद्र।** एनटीपीसी रिहंद स्टेशन के सीएसआर अनुभाग ने अपने नैगम सामाजिक दायित्व के तहत शुक्रवार को स्टेशन के समीपवर्ती ग्राम सभा डोड़हर बीजपुर एवं सिरसोती गांव के लोगों के बीच 1100 मच्छरदानी और 600 छतरियों का वितरण किया। ग्रामीणों को मलेरिया और डेंगू जैसी विभिन्न बीमारियों से बचाने के उद्देश्य से ये वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में मु य रूप से उप महाप्रबंधक मानव संसाधन अनीत कुमार वरिष्ठ प्रबन्धक मानव संसाधन नीरज कुमार वरिष्ठ प्रबन्धक मानव संसाधन सुंदरी पप्पू कार्यपालक सीएसआर मोक्षदा जोगी ग्राम प्रधान डोड़हर ग्राम प्रधान बीजपुर एवं ग्राम प्रधान सिरसोती उपस्थित रहे।

### व्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर सौंपा ज्ञापन



**मऊ।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल मधुबन के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधि मण्डल मधुबन अध्यक्ष बब्लू ठठेरा पर हुये प्राण घातक हमले के विरोध में जिलाध्यक्ष भाई अजय साहू एवं मधुबन चेयरमैन प्रतिनिधि भाजपा नेता शंकर मद्धेशिया के संयुक्त नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने शीघ्र ही दोषियों पर शख्त कार्यवाही का आश्वासन देते हुए क्षेत्राधिकारी मधुबन को पूरे प्रकरण की जांच की जिम्मेदारी सौंपा। इस दौरान जिला महामंत्री गोपालकृष्ण बरनवाल ने कहा कि कुछ अराजक तत्व पूरे मामले को दबाना चाहते हैं एवं व्यापारी समुदाय को भयभीत कर सरकार एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। इसलिए शीघ्र ही जनपद के व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल लखनऊ शहीद पथ स्थित पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक मुकुल गोयल से मिलकर शीघ्र ही दोषियों को गिरफ्तार कर सजा दिलावाने के लिए मॉग करेगा। जिलाध्यक्ष भाई अजय साहू नें कहा कि एक सप्ताह के अन्दर दोषियों के खिलाफकार्यवाही न होने पर जनपद के समस्त व्यापारी दुकाने बन्द कर सड़क पर उतर कर आन्देलन के लिए बाध्य होंगे।प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रुप से जिलाध्यक्ष भाई अजय साहू, भाजपा नेता शंकर मद्धेशिया चेयरमैन प्रतिनिधि मधुबन, विजयशंकर गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, बृजेश जायसवाल, संजय बरनवाल, शिवमोहन ठठेरा, राकेश गुप्ता पूर्व मण्डल अध्यक्ष भाजपा, अखिलेश मद्धेशिया युवा जिला उपाध्यक्ष, राधाकृष्ण अग्रवाल एडवोकेट, दिलीप वर्मा एडवोकेट, लल्लन गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# सपा छात्रसभा के सदस्यों ने छात्र छात्राओं को किया जागरूक



**मऊ।** समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव के निर्देशानुसार समाजवादी छात्र नवजवान जागरूकता अभियान के प्रथम दिन डीसीएसकेपीजी कॉलेज के कैम्पस के पास छात्र को समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई व फार्म भरवा कर छात्रों नवजवानों से सुझाव प्राप्त किया। कार्यक्रम के प्रभारी ललित सिंह बिट्टू प्रदेश सचिव छात्र सभा उ०प्र०के उपस्तिथ रहे। ललित सिंह बिट्टू ने कहा कि सपा सदैव छात्रों नवजवानों के हितों के लिए लड़ने का काम करती है। छात्र सभा जिलाध्यक्ष एड. दिलीप कुमार पांडेय ने कहा कि समाजवादी सरकार बनते ही पहली कैबनेट में नवजवानों को 10 लाख रोजगार देने का काम सरकार करेंगी और छात्र संघ की नर्सरी को वर्तमान सरकार ने कूच लने का काम कर रही है। कर्ण प्रताप सिंह कुन्नू ने कहा कि छात्र नवजवानों की समस्याओं का समाधान सिर्फसपा सरकार में होगा। इस अवसर पर मुख्य रुप से खुशहाल सिंह प्रदेश सचिव छात्र सभा, धीरज राजभर जिलाध्यक्ष लो.वा. इकाई अध्यक्ष मो. आसिफ जिला उपाध्यक्ष शिवम सिंह, जिला उपाध्यक्ष कृष्णा यादव, जिला सचिव अभय यादव, कार्तिक श्रीवास्तव आदि समाजवादी छात्र नेता उपस्तिथ रहे।

# एक लाख से अधिक से नौकरियों के अवसरों का सृजन किया

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**110,000 नौकरियों** के अवसरों का सृजन किया है। भर्तियां हजारों लोगों को आजीविका एवं वित्तीय स्वतंत्रता प्रदान करेंगी। लोगों के हर कार्य में विविधता, समानता और समावेशन पर केंद्रित रहकर हम जीवन के हर क्षेत्र से सहयोगियों का स्वागत करते हैं, ताकि वो भारत में हमारे ग्राहकों और विक्रेताओं को त्योहारों पर एक बेहतरीन मौसम प्रदान करने में हमारी मदद कर सकें।'' नौकरियों का सृजन करने की कंपनी की प्रतिबद्धता के उन्हें ग्राहकों के ऑर्डर सुरक्षित व प्रभावशाली तरीके से पहुंचाने के लिए पिक, पैक, शिप और आपूर्ति की प्रक्रिया में मदद करेंगे। अमेज़न इंडिया अपने ऑपरेशंस के नेटवर्क में अपने लोगों की सेहत व सुरक्षा को अत्यधिक महत्व देता है क्योंकि कोविड-19 की चुनौमी का सामना हर कोई कर रहा है।

## लोकबंधु राजनारायण विधि महाविद्यालय का 18वां स्थापना दिवस

# विधि को चुनौतीपूर्ण शिक्षा के रूप में लेने का सुझाव दियाः प्रो. डीपी वर्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**लोकबंधु राजनारायण** विधि महाविद्यालय मोतीकोट, गंगापुर, वाराणसी के 18वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. डीपी वर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष व संकायाध्यक्ष बीएचयू ने अपने सम्बोधन में कहा कि इन्दिरा नेहरू बनाम राजनारायण के मामले में दिए गये निर्णय का समाज पर क्या प्रभाव पड़ा, इस पर चिंतन और मंथन की आवश्यकता जतायी। साथ ही साथ विधि शिक्षा की महत्ता, आवश्यकता, उपयोगिता एवं विधि शिक्षा से जुड़े विभिन्न आयामों पर बहुत ही सार्वगर्भित ज्ञान दिया। विधि शिक्षा को एक चुनौती पूर्ण शिक्षा के रूप में अध्ययन करने का सुझाव उदाहरणों के साथ दिया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता को अच्छा बोलने वाला एवं लिखने वाला होना चाहिए। प्रो. आलोक कुमार राय एवं डॉ नीरज पाठक ने संस्थापक तथा महाविद्यालय की प्रेरणा स्रोत रहे राजनारायण जी के जीवनवृत्त पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के संस्थापक निदेशक डॉ अभिषेक सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता तथा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा संचालन डॉ अरविन्द सिंह ने किया। इस अवसर पर योगेश सिंह, नरेन्द्र देव सिंह, सुनीता, रीना मौर्या, सरिता पटेल, आंकाक्षा उपाध्याय, शिव प्रकाश पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहें।

# भाजपा की सरकार में आम आदमी तक पहुंच रही हैं योजनाएंः भूपेश

## सेवा ही समर्पण अभियान के तहत सदर विधायक ने किया व्याापक जनसंपर्क

**संवाददाता।** सोनभद्र



**देश के** प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के 71वें जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश भर मे मनाये जा रहे सेवा ही समर्पण अभियान के अंतर्गत 26 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले घर घर संपर्क अभियान के तहत सदर विधायक भूपेश चौबे के द्वारा राबर्ट्सगंज विधानसभा क्षेत्र के चतरा मण्डल के गड़वान सेक्टर के बूथ सं या 77,174,175,176,179 पर घर घर संपर्क किया गया। तथा केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार के जनकल्याणकारी योजना मु त टीका मु त राशन घर घर शौचालय उज्जवला योजना किसान स मान निधि योजना नारी शक्ति स मान योजना घर घर बिजली व स्वयं सहायता समूह द्वारा चलने वाले रोजगार परक योजनाओं के बारे मे व्यापक रूप से जानकारी दिये जाने के साथ ही पत्रक बांटा गया तथा केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा हर गरीब को पक्का मकान स्वास्थ्य शिक्षा रोजगार कृषि समेत तमाम योजनाओं के बारे मे विस्तृत जानकारी दी गई। सेवा ही समर्पण अभियान के अंतर्गत घर-घर संपर्क अभियान के दौरान सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार ने हर घर तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम किया है। राशन वितरण शिक्षा रोजगार स्वास्थ्य के साथ ही अनेको विकास कार्य कराये गये है प्रदेश मे पिछले ल बे समय से व्याप्त माफिया राज को खत्म करने मे उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का सराहनीय कदम रहा है आज माफिया जेल मे है या प्रदेश छोड़कर भाग गये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी व प्रदेश के मु यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ईमानदार छवि और गरीबों व आदिवासियों के लिए किये गये कार्या को हर घर तक पत्रक के माध्यम से बताया जायेगा। जिससे हर लाभकारी योजनाओं की जानकारी हर व्यक्ति को मालूम हो सके। हमारी सरकार की सोच ईमानदार है और उनका काम दमदार है, केन्द्र और प्रदेश की सरकार ने कोरोना की लड़ाई में जान और जहान दोनो को बचाया है। घर घर राशन मु त मे दिये गये और महामारी रोकने के लिए मु त मे टीकाकरण भी कराया जा रहा है। सदर विधायक श्री चौबे ने कहा कि पिछली सरकारों में सरकार की योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ जाती थी योजनाओं का लाभ आम आदमी को नहीं मिल पा रहा था। लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार में सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम आदमी तक पहुंच रहा है। इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष राजबहादुर सिंह बुद्धिनारायण धांगर जवाहर जायसवाल शक्ति केन्द्र प्रमुख शंभूनाथ गोंड़ बूथ अध्यक्ष चन्दालाल रामबहाल शंभूनाथ जामुन उमाशंकर पटेल आदि मौजूद रहे।

# मिल डे मिल का भोजन बनाते समय आग लगने से हड़कंप

**संवाददाता।** सकलडीहा/चंदौली

**कम्पोजिटव विद्यालय** ताजपुर में सोमवार को सुबह मिल डे मिल का भोजन बनाते समय अचाकन गैस पाइप लिकेज होने आग लग गयी। आग लगने से विद्यालय में हड़कम्प मच गया। हालाकि शिक्षक और प्रधान की तत्परता से आग पर तुरंत काबू पा लिया गया। दो रसोईया मामूली रूप से झुलसने पर निजी अस्पताल में इलाज कराया गया। इस दौरान काफी देर तक ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही। ताजपुर में इंग्लिश मिडियम कम्पोजिटव विद्यालय संचालित है। करीब चार सौ से अधिक बच्चे पढ़ते है। सोमवार को बच्चों के लिये मिल डे मिल का रसोईया भोजन बना रही थी। अचानक गैस सिलेंडर का पाइप लीकेज होने से रसोई कक्ष में आग लग गयी। जिसके बाद रसोईया चिल्लाते हुए भागने लगी।

# भाजपा की सरकार से संवैधानिक संस्थाएं कमजोर हुई हैंः प्रदीप तिवारी

**सोनभद्र।** जनपद मुख्यालय स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने कहा कि आज देश के समक्ष गंभीर चुनौतियां हैं। देश में एक ऐसे दल का शासन है। जिसकी लोकतंत्र में कोई आस्था विश्वास नहीं है। उसकी एकाधिकारी मानसिकता के चलते संवैधानिक संस्थाएं कमजोर हो रही हैं। राष्ट्रीय संपत्ति रेल बैंक बीमा एयरपोर्ट सब बेचा जा रहा है। नौजवानों की रोजी रोटी पर संकट व्याप्त हो गया है बेरोजगारी बढ़ती जा रही है किसान आंदोलित है नोटबंदी जीएसटी में व्यापार चौपट कर दिया कल कारखानों के नौकरियों में छंटनी हो गई किसान को फसल का लागत मूल्य नहीं मिल रहा है डीजल खाद बिजली सब महगी है। जनता की महगाई से कमर टूट गई है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। हत्या लूट अपहरण और महिलाओं बच्चों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ती जा रही है। वर्तमान हालात को बदलने मे समाजवादी पार्टी ही संक्षम है। पर जनता की भागीदारी के बिना हम आम आदमी की जिंदगी में बदलाव का लक्ष्य हासिल नहीं कर सकते समाजवादी पार्टी ही है जिसके पास विकास सोच और विजन है गैर बराबरी के खिलाफ डॉक्टर लोहिया और डॉक्टर अंबेडकर ने के संघर्ष किया था समाजवादी पार्टी के पास शानदार उपलब्धियों की थाती है।


**इण्डियन ओवरसीज़ बैंक** (भारत सरकार का उपक्रम)
**INDIAN OVERSEAS BANK** (A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)

क्षेत्रीय कार्यालय-लखनऊ | केन्द्रीय कार्यालय-चेन्नई

**कब्ज़ा नोटिस [नियम 8(1)]**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002, (अचल सम्पत्ति हेतु)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने इण्डियन ओवरसीज़ बैंक का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (12) के सपठित नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचनापत्र से यहाँ विस्तृत रूप से नीचे दी गयी राशि 60 दिनों के भीतर लौटाने के लिए निर्गमित किया।

ऋणी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर **ऋणी/बंधककर्ता/ज़मानतकर्ता** और सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है की अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में निम्नलिखित सम्पत्तियों का प्रतीकात्मक आधिपत्य ग्रहण कर लिया गया है।

**ऋणी/बंधककर्ता/ज़मानतकर्ता** को विशिष्ट रूप से और सर्व-साधारण को सामान्य रूप से एतद्द्वारा संपत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त संपत्ति का किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय **इण्डियन ओवरसीज़ बैंक,** के प्रभारों के अधीन होगा, जैसा कि बकाया राशि व ब्याज़ खातें के सामने उल्लिखित हैं।

**ऋणी/बंधककर्ता/ज़मानतकर्ता का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।**

विवरण निम्नुसार हैं:-

| क्र. सं. | ऋणी/बंधककर्ता/ जमानतकर्ता का नाम एवं पता | अचल सम्पत्तियों का विवरण | डिमाण्ड नोटिस की तिथि / कब्जा की तिथि / बकाया धनराशि |
|---|---|---|---|
| | **शाखाः अलीगंज शाखा, 35ए चन्द्रलोक कॉलोनी, कपूरथला, अलीगंज, लखनऊ ई-मेलः iob1574@iob.in** | | |
| 1. | 1. **ऋणीः मेसर्स ड्यूरेक्स इंजीनियर्स एंड एसोसिएट्स प्रोप. श्री विनोद कंसल पुत्र श्री एस.के. कंसल** निवासी 9/32, इंदिरा नगर, लखनऊ- 226016<br>2. **जमानतकर्ताः श्रीमती मीता कंसल पत्नी श्री विनोद कंसल,** निवासी- 9/32, इंदिरा नगर, लखनऊ-226016<br>3. **जमानतकर्ताः सुश्री राशि कंसल पुत्री श्री विनोद कंसल,** निवासी 9/32, इंदिरा नगर, लखनऊ-226016<br>4. **बंधककर्ताः श्री विनोद कंसल पुत्र श्री एस.के. कंसल,** निवासी 9/32, इंदिरा नगर, लखनऊ-226016<br>5. **बंधककर्ताः श्रीमती मीता कंसल पत्नी श्री विनोद कंसल,** निवासी-9/32, इंदिरा नगर, लखनऊ-226016 | 1. आवासीय सम्पत्ति स्थित मकान नं. 9/32, सेक्टर 9, इन्दिरा नगर, लखनऊ, **जमानतकर्ता/बंधककर्ता श्रीमती मीता कंसल पत्नी श्री विनोद कंसल** के नाम पर, **क्षेत्रफल-242.00 वर्ग मीटर, चौहद्दी-बिक्री विलेख सं. 3874/2000 दिनांक 19.07.2000 के अनुसारः- पूर्व**-मकान नं. 9/53, **पश्चिम**- 9.00 मी. चौड़ी रोड, **उत्तर**- मकान नं. 9/31, **दक्षिण**-मकान नं. 9/33<br>**कुल क्षेत्रफल-242.00 वर्ग मीटर**<br>***** उपर्युक्त संपत्ति श्री विनोद कंसल पुत्र एस.के. व श्रीमती मीता कंसल पत्नी श्री विनोद कंसल के नाम पर अन्य ऋण खाता (आवास ऋण) में भी बंधक है।*****<br>2. फ्लैट नं. 1402, 13वां तल, ब्लॉक 14, क्लोज नॉर्थ निर्वाण कंट्री,, सेक्टर-50, गुड़गांव, हरियाणा, **जमानतकर्ता/बंधककर्ता श्री विनोद कंसल पुत्र एस.के. व श्रीमती मीता कंसल पत्नी श्री विनोद कंसल** के नाम पर, **क्षेत्रफल-3034 वर्ग फीट या 281.86 वर्ग मीटर, स्थानान्तरण विलेख संख्या 10745 दिनांक 18.12.2018 के अनुसार चौहद्दी (निकटतम डीड नं. स्थानांतरण से पहले ब्लड संबंध में विलेख दिनांक 26.05.2011) :- पूर्व**-खुला, **पश्चिम**-खुला, **उत्तर**-प्रवेश, **दक्षिण**-खुला<br>**कुल क्षेत्रफल-281.86 वर्ग मीटर,**<br>3. सम्पत्ति भूमि स्थित प्लॉट नं. 573 क, **क्षेत्रफल-0.345 हेक्टेयर,** प्लॉट नं. 573 ख, **क्षेत्रफल-0.345 हेक्टेयर का 1/2 भाग** एवं प्लॉट नं. 568, **क्षेत्रफल-12 बिस्वा 6 बिस्वानी (0.156 हेक्टेयर)** स्थित ग्राम-बहरौली, तहसील-फतेहपुर, जिला-बाराबंकी, **चौहद्दीः- पूर्व**-छोटी नगह, **पश्चिम**-लखनऊ से महमूदाबाद रोड, **उत्तर**- राम नरेश की सम्पत्ति, **दक्षिण**-खसरा नं. 569 की भूमि<br>**कुल क्षेत्रफल-6735 वर्ग मीटर,** | 10.05.2021<br>24.09.2021<br>रू. **9,09,38,254.00** + भविष्य का ब्याज संविदात्मक दर पर एवं अन्य खर्चे आदि |
| 2. | 1. **ऋणीः श्री विनोद कंसल पुत्र श्री एस.के. कंसल व श्रीमती मीता कंसल पत्नी श्री विनोद कंसल** निवासी 9/32, इंदिरा नगर, लखनऊ-226016<br>2. **बंधककर्ताः श्रीमती मीता कंसल पत्नी श्री विनोद कंसल,** निवासी- 9/32, इंदिरा नगर, लखनऊ-226016 | आवासीय सम्पत्ति स्थित मकान नं. 9/32, सेक्टर 9, इन्दिरा नगर, लखनऊ, **जमानतकर्ता/बंधककर्ता श्रीमती मीता कंसल पत्नी श्री विनोद कंसल** के नाम पर, **क्षेत्रफल-242.00 वर्ग मीटर, चौहद्दी-बिक्री विलेख सं. 3874/2000 दिनांक 19.07.2000 के अनुसारः- पूर्व**-मकान नं. 9/53, **पश्चिम**- 9.00 मी. चौड़ी रोड, **उत्तर**- मकान नं. 9/31, **दक्षिण**-मकान नं. 9/33<br>**कुल क्षेत्रफल-242.00 वर्ग मीटर**<br>***** उपर्युक्त संपत्ति मेसर्स ड्यूरेक्स इंजीनियर्स एंड एसोसिएट्स प्रोप. श्री विनोद कंसल पुत्र श्री एस.के. कंसल के नाम पर अन्य ऋण खाता में भी बंधक है।***** | 19.05.2021<br>24.09.2021<br>रू. **6,60,222.01** + भविष्य का ब्याज संविदात्मक दर पर एवं अन्य खर्चे आदि |

दिनांकः 24.09.2021 स्थानः लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, इण्डियन ओवरसीज़ बैंक


# 'चलो बूथ के पास चौपाल करें' में उमड़ा जनसैलाब

**संवाददाता।** मीरजापुर



**समाजवादी लोहियावाहिनी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप तिवारी के आगमन पर सपा कार्यकर्ताओं ने उनका राजगढ़ए मड़िहानए भरूहना में जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान भरूहना स्थित कान्हा मैरेज हाल में ष्चलो बूथ के पास चौपाल करेंष् आयोजित सभा में जनपद के हर क्षेत्रो से सेक्टर प्रभारी व बूथ अध्यक्ष हजारों की संख्या में मौजूद रहे। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने 51 किलों का फूलों का हार पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर आयोजित चौपाल को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार मजदूरोए किसानोंए नौजवानों का शोषण कर रही है। सरकार में कोई वर्ग सुरक्षित नहीं है। श्री तिवारी ने कहा कि वोट भी बढ़ायेंगे बूथ भी जितायेंगे के मंत्र के साथ समाजवादी पार्टी आगे बढ़ रही है। बूथ प्रबंधन के लिए पार्टी के हर बूथ पर अभियान चला रही है। इसके तहत प्रत्येक बूथ पर संगठन को मजबूत किया जा रहा है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार सोशल मीडिया से डर रही है। सोशल मीडिया की पहुँच गॉव तक हो गई है। तो भाजपा घबराई हुई है। समाजवादी पार्टी के नौजवान जान से लग कर हर बूथ पर संगठन को मजबूत पर समाजवादी पार्टी का एक सिपाही संगठन के हित में काम करने का काम करेंए जिससे आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी अधिक से अधिक सीट निकले और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को फिर से बनाया जा सके जिससे प्रदेश का विकास हो सके और हर वर्ग खुशहाल हो सके। सरकार ने किसानोंए छात्रोंए व्यापारियोंए नौजवानों को अच्छे दिनों का सपना दिखाकर धोखा दिया है।

सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार ने केवल उद्योगपतियों को लाभ पहुँचाया है। इस सरकार में आपातकाल जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। वह गरीबी नही बल्कि गरीबों को ही मिटा देना चाहती है। समाज में नफ्रत का जहर घोलने के साथ समाज को बांटने की कोशिशें हो रही है। जुमलेबाजी करके भटकाव पैदा किया जा रहा है।

# भाकपा माले व किसान यूनियन ने भारत बंद का किया समर्थन




**सकलडीहा/चंदौली।** केन्द्र सरकार द्वारा लागू किसान बिल के खिलाफ किसान यूनियन सहित विभिन्न संगठन लामबंद है। किसान बिल के विरोध में भारत बंद के आवाहन पर सोमवार को किसान यूनियन और भाकपा माले ने बंद का समर्थन करते हुए पूरे कस्बा में विरोध जुलूस निकाला। अंत में राष्ट्रपति के नाम से पत्रक एसडीएम को सौपा। इस दौरान केन्द्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। इस मौके पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रही। वक्ताओ ने आरोप लगाया कि देश में लाया गया काला कानून देश के किसानों को दीमक की तरह चाट जायेगा। धीरे धीरे किसान पूंजीपतियों के गिरवी बनकर रह जायेंगे। वही किसान यूनियन ने केन्द्र सरकार से काला कानून को वापस लेने की मांग उठाया है। वही भाकपा माले नेताओं ने किसानों के बिजली बिल माफ करने व बढ़ती महगाई पर रोक लगाने की मांग उठाया। अंत में किसान हित में कृषि काला कानून को वापस लेने मांग किया। इस मौके पर कि सान यूनियन मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी, रामअवतार सिंह, मनोज यादव, रामाश्रय प्रजापति, प्रेम नारायण मौर्य, राजबहादुर सिंह, रमेश राय, शशीकांत सिंह, श्रवण कुशवाहा, मंगल राजभर, विजयी राय, कृष्णा सहित अन्य दर्जनों नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर एसडीएम अजय मिश्रा, तहसीलदार डाणू वंदना मिश्रा, सीओ रामवीर सिंह, कोतवाल संजीव मिश्रा पूरे दिन पुलिस फोर्स के साथ चक्रमण करते रहे।

## कार्यालय लाइसेंस प्राधिकारी/ कलेक्टर, बाराबंकी

संख्या :– 747 /आब0दुकान/दैनिक आधार/2021–22/बाराबंकी, दिनांक : सितम्बर, 27. 2021

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद बाराबंकी में निलम्बित चल रही देशी/विदेशी मदिरा दुकान को दैनिक आधार पर आफर मांग कर अन्तरिम व्यवस्थापन कराया जाना है, जिनका विवरण निम्नवत है :–

| क्र0 सं0 | दुकान का नाम व प्रकार | अवधि जिस हेतु अन्तरिम व्यवस्थापन कराया जाना है। | आफर प्रस्तुत करने की निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | भानपुर चौराहा (देशी मदिरा दुकान) | दि0–30.09.2021 से एक बार में न्यूनतम चौदह दिनों की अवधि या नियमित व्यवस्थापन के दिनांक, जो पहले हो | दि0–29.09.2021 को प्रातः 10.00 बजे से 12:00 बजे तक |
| 2 | सहावपुर (विदेशी मदिरा दुकान) | दि0–01.10.2021 से एक बार में न्यूनतम चौदह दिनों की अवधि या नियमित व्यवस्थापन के दिनांक, जो पहले हो | दि0–29.09.2021 को प्रातः 10.00 बजे से 12.00 बजे तक |

इसके लिए आवेदन/आफर उपरोक्तानुसार कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, बाराबंकी में जमा कर सकते हैं। एक दुकान के लिये दो या दो से अधिक समान आफर प्राप्त होने पर, सार्वजनिक लाटरी के माध्यम से आफर प्रस्तुत करने की निर्धारित तिथि को सायं 04:00 बजे व्यवस्थापन कराया जायेगा। उपरोक्त दुकानों की बेसिक लाइसेंस फीस/लाइसेंस फीस इत्यादि की जानकारी क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक तथा कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, बाराबंकी से प्राप्त किया जा सकता है।

**जिला आबकारी अधिकारी, बाराबंकी।** **लाइसेंस प्राधिकारी/कलेक्टर, बाराबंकी।**


# 371 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास

संवाददाता। उन्नाव

**सरकार** का संकल्प सड़कों का हो कायाकल्प को साकार करने के उद्देश्य से आज उत्तर प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या द्वारा जनपद के लोक निर्माण विभाग की लगभग 371 करोड से अधिक लागत की विभिन्न छोटी.बड़ी लगभग 119 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। जिसमें 07 करोड़ 90 लाख की परियोजनाओं का लोकार्पण व 263 करोड़ की परियोजनाओं के शिलान्यास सम्मिलित हैं।

डिप्टी सीएम श्री मौर्य का जनपद उन्नाव के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान आज सर्वप्रथम स्थानीय निराला प्रेक्षागृह में लोक निर्माण विभागए राजकीय निर्माण निगमए सेतु निगम के विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास बटन दबाकर किया गया। जनपद के विधानसभा वार परियोजनाओं के तहत कराई गई



सड़कों एवं पुलों के निर्माण पर विस्तार से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में बिना भेदभाव के सड़कों एवं पुलों की सौगात दी है।

उन्होंने कहा प्रदेश सरकार विगत साढे 4 वर्षों में पानीए बिजलीए सड़कए स्वास्थ्यए शिक्षा एवं जनकल्याणकारी योजनाओं में ऐतिहासिक विकास कर जनता को अधिकाधिक लाभान्वित करने का कार्य किया गया है। प्रतिभाशाली छात्रध्छात्राओं को उनके आवास तक ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम के नाम से सड़कों का निर्माणए शहीद वीर पथ बनानेए खिलाड़ियों के सम्मान में मेजर ध्यान चंद्रए पर्यावरण के क्षेत्र में प्लास्टिक कचरा से सड़क निर्माण जैसे जनकल्याणकारी योजनाओं को वृहद स्तर पर चला कर आमजन को लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।उन्होंने प्रदेश के विभिन्न विधानसभाए विधानसभा क्षेत्रों के लिए 467 करोड़ के नए कार्यों की घोषणा की। उन्होंने कहा जनपद में व प्रदेश में चहुंमुखी व बहुमुखी विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन परियोजनाओं की घोषणा की गई हैए उनके निर्माण कार्य भी शीघ्र से शीघ्र प्रारंभ होंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन परियोजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण आज किए गए हैंए सम्बन्धित अधिकारी तत्काल संबंधित स्थल पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में लगवायें। उन्होंने अपने सारगर्भित संबोधन में कहा कि कोरोना संक्रमण के संकट काल के बावजूद भी प्रदेश के समस्त जिलों में समान रूप से बिना किसी भेदभाव के विकास किया जा रहा है तथा सबका साथ. सबका विकास . सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ विकास योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। केंद्र सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न ग्रामीणोन्मुखीध्विकासोन्मुखी योजनाओं की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि अब सीधे लाभार्थियों के खाते में पैसा भेजा जा रहा है और बिचैलिए कहीं भी सक्रिय नहीं है। कहा भ्रष्टाचार पर एक बहुत बड़ी चोट है। गरीबोंए किसानों एमजदूरों और सर्व समाज के लोगों को उनके हकों को पूरी तरह से मुहैया कराया जा रहा है। उन्होंने कहा देश की सीमाओं पर भी सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध है।

इस अवसर पर सांसद डा0 सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराजए जिला पंचायत अध्यक्षा शकुन सिंहए विधायक सदर पंकज गुप्ताए विधायक पुरवा अनिल सिंहए विधायक सफीपुर बम्बालाल दिवाकरए विधायक बांगरमऊ श्रीकांत कटियारए विधायक मोहान बृजेश रावतए जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार सहित जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमारए पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेयए मुख्य विकास अधिकारी दिव्यांशु पटेलए अपर जिलाधिकारी राकेश सिंहए नगर मजिस्ट्रेट चंदन पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण एवं समस्त संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मोहनलालगंज, लखनऊ

पत्रांक : 1665/15वाँ/पंचम रा0०वि0/क्षे0पं0/टेण्डर दिनांक : 25.9.2021

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

निविदा फार्म प्राप्त करने की अन्तिम तिथि व समय : दिनांक– 05.10.2021 प्रातः 11.00 बजे से तक
निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय : दिनांक– 05.10.2021 प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 1.00 बजे तक
निविदा फार्म खोलने की तिथि एवं समय : 05.10.2021 अपरान्ह 3.00 बजे

निविदा फार्म खोलने का स्थान कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मोहनलालगंज विकास खण्ड मोहनलालगंज में पन्द्रहवाँ वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित कार्यों हेतु विकास खण्ड मोहनलालगंज के पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र 100 रूपये के जनरल स्टैम्प पेपर जो निविदाकर्ता फर्म के नाम पर ही 1 रूपये की रसीदी टिकट लगाकर जमा होंगे। निविदायें दिनांक–05.10.2024 को अपरान्ह 1.00 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। उसी तिथि को अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित ठेकेदारों एवं अधोहस्ताक्षरी/गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी निविदा स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी एवं गठित समिति में निहित होगा। जिसके विरूद्ध कोई भी वाद न्यायालय में नहीं चलाया जा सकता है।

कार्य का प्राक्कलन/आगणन नियम व शर्तें कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मोहनलालगंज लखनऊ में किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

**निविदा नियम व शर्तें –**

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | मद का नाम | कार्य का नाम | मात्रा | वित्तीय स्वीकृति (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा मूल्य जी0एस0टी0 सहित | कार्य पूर्ण पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15वाँ रा0वि0 | अनटाईड कार्य | हसनपुर पाटन देवी मन्दिर के पास इण्टरलाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 9.63 | 0.20 | 500+300+ 100+ | तीन माह |
| 2 | " | " | उदयपुर सुन्दर कोरी के घर से दयाराम के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 8.50 | 0.17 | 500+300+ 100+ | तीन माह |
| 3 | " | " | कनकहा बदलूखेड़ा गांव से बड़ी बाग तक इण्टरलाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 9.98 | 0.20 | 500+300+ 100+ | तीन माह |
| 4 | " | " | बाजपेई खेड़ा जागेश्वर बाबा मन्दिर के पास इण्टरलाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 9.60 | 0.19 | 500+300+ 100+ | तीन माह |
| 5 | " | " | कनेरी मुख्य मार्ग से आलदेव बाबा मन्दिर के पास इण्टरलाकिंग कार्य । | प्राक्कलन के अनुसार | 9.84 | 0.20 | 500+300+ 100+ | तीन माह |
| 6 | " | " | निगोंहा बाबूखेड़ा रोड पर डामर रोड से शहीद स्थल तक इण्टरलाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 5.36 | 0.11 | 500+300+ 100+ | तीन माह |
| 7 | " | " | पुरहिया सूर्यबलीखेड़ा बृजमोहन के घर से रामबहादुर के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 6.69 | 0.13 | 500+300+ 100+ | तीन माह |
| 8 | " | टाईड कार्य | कुढ़ा अशोक यादव के दरवाजे से गांव के बाहर तक नाला निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 9.91 | 0.20 | 500+300+ 100+ | तीन माह |
| 9 | " | " | निगोंहा बेनीगंज मार्ग से बहरवार बाबा मन्दिर तक नाला निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 9.93 | 0.20 | 500+300+ 100+ | तीन माह |
| 10 | " | " | कनकहा हीरालाल के घर के सामने से मेड़गाडा तालाब तक नाला निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 8.65 | 0.17 | 500+300+ 100+ | तीन माह |
| 11 | पंचम रा0वि0 | अनटाईड कार्य | बाजपेईखेड़ा हीरालाल के दरवाजे से जागेश्वर मन्दिर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 9.98 | 0.20 | 500+300+ 100+ | तीन माह |
| 12 | पंचम रा0वि0 | अनटाईड कार्य | खण्ड विकास अधिकारी एवं प्रमुख जी कक्ष का शौचालाय एवं विश्राम कक्ष का जीर्णोद्धार | प्राक्कलन के अनुसार | 3.50 | 0.07 | 500+300+ 100+ | तीन माह |
| 13 | " | " | कनकहा फत्तेखेड़ा मंगल प्रसाद के घर से शंकर यादव के तक इण्टरलाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 9.94 | 0.20 | 500+300+ 100+ | तीन माह |
| 14 | " | " | कुशमौरा हरीओम के घर से बागेपाल के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य । | प्राक्कलन के अनुसार | 9.99 | 0.20 | 500+300+ 100+ | तीन माह |
| 15 | " | " | देवती रामपाल के घर से सजीवन के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य । | प्राक्कलन के अनुसार | 9.93 | 0.20 | 500+300+ 100+ | तीन माह |
| 16 | " | " | भसण्डा शिवदास के घर से रामेश्वर मास्टर के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 9.98 | 0.20 | 500+300+ 100+ | तीन माह |
| 17 | " | " | नन्दौली सम्पर्क मार्ग से जवाहर खेड़ा मार्ग तक खडण्जा निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 9.98 | 0.20 | 500+300+ 100+ | तीन माह |
| | | | **योग** | | **151.39** | | | |

1. कोई भी निविदादाता राज्य सरकार की काली सूची में दर्ज है तो निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेगा, तथा भविष्य में ज्ञात होने पर उसकी निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
2. निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल का निरीक्षण निविदादाता द्वारा कर लिया जायें अन्यथा की स्थिति में कोई दावा मान्य नही होगा।
3. निविदादाता का दो बन्द लिफाफे में टेण्डर डाले जायेंगे। जिसमें एक लिफाफे में जमानत की धनराशि दूसरे लिफाफे में निविदा प्रपत्र रखा जायेगा। जिस पर बड़े–बड़े अक्षरों में निविदादाता का नाम एवं कार्य का नाम अंकित किया जायेगा। प्रत्येक कार्य के लिए अलग–अलग निविदा कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी।
4. स्वीकृत निविदाओं को कार्यादेश के पूर्व नोटरी शपथ पत्र देना होगा।
5. निविदा प्रपत्र डालने के साथ पंजीकरण पत्र की मूल प्रति संलग्न करना होगा।
6. भुगतान के समय नियमानुसार कटौतियों की जायेगी।
7. प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने की समयावधि कॉलम 07 में वर्णित है।
8. कराये जाने कार्य स्थल की कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व कार्य होते समय एवं कार्य पूर्ण की फोटोग्राफ भुगतान के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
9. कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व कार्य स्थल पर संकेत पट (साइन बोर्ड) लगाना आवश्यक होगा। जो स्वीकृत लागत में सम्मिलित है।
10. कार्य पूर्ण होने की अवधि की बढोत्तरी अथवा घटोत्तरी का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
11. भुगतान तकनीकी प्रभारी जे0ई0 (आर0ई0डी0) के मापन एवं संस्तुति पर व्यय होगा।
12. रॉयल्टी हेतु वांछित अभिलेख देना होगा। अन्यथा कटौती बिल से की जायेगी।

**खण्ड विकास अधिकारी, मोहनलालगंज, लखनऊ।**


## आज से नवनिर्मित दोहरीलाइन पर चलेंगी ट्रेनें




संवाददाता। पुखरायां कानपुर देहात

**झांसी-कानपुर** रेलवे ट्रैक के चौरा से मलासा रेलवे स्टेशन तक दोहरीकरण लाइन पूरी तरह तैयार हो गई है। जिस पर 28 सितंबर मंगलवार से टेऊनों का संचालन शुरू किया जाएगा। जिसके चलते सोमवार को जोरों से तैयारियां होती रहीं। सेक्सन के मुख्य स्टेशन पुखरायां को दुल्हन की तरह सजाया गया है। स्टेशन अधीक्षक बीके प्रजापति ने बताया कि हफ्ते भर पहले सेफ्टी रेलवे कमिश्नर मोहम्मद लतीफ टीम के साथ पुखरायां रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने आए थे। तब जानकारी दी थी कि मिनिस्ट्री की ओर से डीआरएम झांसी को चौरा से मलासा रेलवे स्टेशन के मध्य 28 सितंबर से दोहरी लाइन संचालन की सूचना दी गई है। तब से विभागीय अधिकारियों ने पुखरायां रेलवे स्टेशन पर डेरा डाले हैं। इंजीनियर्स और कर्मचारी ने 24 घंटे निर्माण कार्य करके ट्रैक तैयार किया है। वहीं स्टेशन मास्टर का नया कार्यालय भी पूरी तरह तैयार है। जिसका 28 सितंबर मंगलवार को उद्घाटन किया जाएगा। वहीं दोहरीकरण लाइन पर ट्रेन के चलने के लिए हरीझंडी भी दिखाई जाएगी।

## सपा सत्ता में आई तो शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा

संवाददाता। बांगरमऊ उन्नाव

**किसान** नौजवान पटेल यात्रा का नेतृत्व कर रहे समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार गरीबो एमजदूरो ए किसानो और नौजवानों की अनदेखी कर पूंजीपतियों को बढ़ावा देने का काम कर रही है । प्रदेश में सपा सत्ता में आई तो शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा । रोजगार न मिलने तक उन्हें बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा । हरदोई उन्नाव रोड स्थित ग्राम हाफिजाबाद में सपा नेता डॉक्टर शशांक शेखर शुक्ल द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में सपा प्रदेश अध्यक्ष श्री पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब तक 160 विधानसभा क्षेत्रों से यात्रा निकल चुकी है । संपूर्ण प्रदेश में सपा को अपार जनसमर्थन मिल रहा है । जनता के उत्साह से आभास हो रहा है कि आने वाले 2022 के चुनाव में जनता भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकेगी और समाजवादी पार्टी की सरकार बनाएगी । उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में किसान एनौजवान और महिलाओं में असुरक्षा की भावना है। उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश में सपा की सरकार बनी तो किसानों की उपज का वाजिब मूल्य मिलेगा । बेरोजगारों को रोजगार दिया जाएगा। तत्पश्चात क्षेत्र के हरदोई उन्नाव रोड स्थित भिखारीपुर में डॉक्टर मुन्ना अल्वी ने ए हरियाली बाजार के निकट सपा नेता वकील अहमद ने ए इंदिरा गांधी राजकीय महाविद्यालय के निकट आलोक त्रिपाठी नेए ब्लाक प्रमुख सुनीता दिवाकर के आवास पर अर्जुन लाल ने ए याकूब अली सिद्दीकी के आवास पर सुरेश पाल ने तथा स्टेशन रोड चौराहे पर संजीव त्रिवेदी ने सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया।


**उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमीशन कारपारेशन लिमिटेड ई–निविदा संख्या–51–63–ई0टी0 सी0(प्र0) ए0/2021–2022** प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो हेतु ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं । निविदायें उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन की वेबसाइड www.upptcl.org से डाउनलोड की जायेंगी। **(1) अल्पकालिक निविदा संख्या–51–ई0टी0सी0प्र0ए0/2021–2022 :–** विद्युत प्रेषण खण्ड–प्रतापगढ़ के लिए एक अद्द डीजल चलित वाहन 09 माह की अवधि हेतु, **(2) अल्पकालिक निविदा संख्या–52–ई0टी0सी0प्र0ए0/2021–2022 :–** विद्युत प्रेषण खण्ड–फतेहपुर के लिए एक अद्द डीजल चलित वाहन 10 माह की अवधि हेतु, निविदा सं० 51 एवं 52 दिनांक 13–10–2021 को 13.00 बजे खोली जायेगी निविदा जमा करने की तिथि तक विवरण के लिए/डाउनलोड के लिए/किसी प्रकार के सुधार/संशोधन/परिवर्तन के लिए कृपया उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन की वेबसाइड www.upptcl.org से प्राप्त करें। **(3) ई–निविदा संख्या–53–ई0टी0सी0प्र0ए0/2021–2022** :– 132 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र कुण्डा प्रतापगढ़ पर 33 के/वी0 सिंगल मूज कनडक्टर बस बार को डबल ए0सी0एस0आर0 मूज कन्डक्टर से बदलने के कार्य हेतु, **ई–निविदा सं0 53 दिनांक 24–10–2021 को 13:00 बजे खोली जायेगी।** निविदा जमा करने की तिथि तक विवरण के लिए/डाउनलोड के लिए किसी प्रकार के सुधार/संशोधन/ परिवर्तन के लिए कृपया उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट www.etender.up.nic.in से प्राप्त करें। **अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत प्रेषण मण्डल–प्रथम, 57–जार्ज टाउन, प्रयागराज।** पत्रांक–2833 दिनांक :– 27.9.2021 ''राष्ट्र हित में बिजली बचायें''।


## घर में घुसकर युवक व उसकी पत्नी की पिटाई

**कानपुर देहात।** कस्बे में तीन युवकों ने घर में घुसकर बंदूक की बट से मार मार कर युवक व उसकी पत्नी को घायल कर दिया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुखरायां कस्बे के इंदिरा नगर निवासी अजय पुत्र देवीदीन ने बताया कि पड़ोसी सुनील उर्फ बबलू व उसका लड़का राहुल तथा रिश्तेदार रामखेलावन घर में घुस आए और गाली गलौज करने लगे मना करने पर बंदूक की बट से सिर फोड़ दिया ,जिससे वह लहूलुहान हो गया। पत्नी बचाने आई तो उसके साथ भी मारपीट व अश्लील हरकत की । पत्नी के पेट में पल रहे बच्चे की भी हालत खराब हो गई उपचार को ले जाया गया जहां भूरण की भी मृत हो गई ।पीड़ित भोगनीपुर थाने पहुंचा लेकिन रिपोर्ट नहीं लिखी गई इसके बाद अजय पत्नी को लेकर पुलिस अधीक्षक यहां पेश हुआ ।

## क्विक न्यूज

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**फ्तेहपुर।** हुसेनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम थरी मजरे सराय डडिया में रोज की भाति अपने नलकूप में सोने गए 18 वर्षीय युवक का आज सुबह पेड पर फांसी पर लटका शव बरामद कर पुलिस ने विच्छेदन गृह भेज दिया। वही मृतक के परिजनो ने थाने में अज्ञात लोगो के विरूद्ध हत्या कर फासी कर लटकाने का आरोप लगाते हुये तहरीर दी है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। जानकारी के अनुसार थरी मजरे सराय डडिया गांव निवासी जयचन्द्र यादव का पुत्र दिनेश यादव रोज की भाति रात खाना खाकर गांव के बाहर अपने निजी नलकूप सोने चला गया। सुबह जब वह घर नही पहुचा तो परिजनो ने जाकर देखा तो सभी के पैरो के नीचे जमीन खिसक गयी। दिनेश का शव आम के पेड में फासी पर लटका था तभी किसी ने इसकी सूचना क्षेत्रीय पुलिस को दे दी। घटना स्थल पहुच पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्ट मार्टम हाउस में मृतक का भाई उमेश ने बताया कि उसका भाई रोज खाना खाकर अपने नलकूप चला जाता था उसने बताया कि उसके भाई ने आत्महत्या नही कि बल्कि किसी ने उसकी हत्या कर फांसी पर लटका दिया। क्योकि उसके जांघ और गुप्तांग मे चोट के निशान है।

### तालाब में डूबकर किशोर की जान गई

**फ्तेहपुर।** जाफरगंज थाना क्षेत्र के ग्रांम समसपुर में नहाने गये 13 वर्षीय किशोर की तालाब में डूब जाने से मौत हो गयी। पुलिस ने शव को विच्छेंदन गुह भेज दिया। जानकारी के अनुसार समसपुर गांव निवासी अनिल निषाद का पुत्र अन्शू निषाद रविवार की शाम अपने साथियो के साथ गांव के बाहर तालाब में नहाने गया था तभी नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया जिससे डूब कर उसकी मौत हो गयी। मौके पर पहुची पुलिस ने गांव वालो की मदद से शव को बाहर निकाल पंचनामा भर विच्छेदन गृह भेज दियां घटना के बाद मृतक के परिजनो में कोहराम मच गया।

### करंट की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

**फ्तेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सरसई खुर्द में सोमवार की सुबह सौर्य ऊर्जा के करंट की चपेट में आ जाने से 45 वर्षीय अधेड की मौके पर मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार सरसई खुर्द गांव निवासी सूरजदीन का पुत्र इन्द्रपाल आज सुबह पंखे का पंल्ग लगा रहा था तभी वह करंट की चपेट मे ंआ गया जिससे उसकी घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दियां। हादसे के बाद मृतक के परिजनो में मातम छा गयां।

### ट्रेन से कटकर वृद्ध की मौत

**फ्तेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम चम्पतपुर के समीप रेलवे लाइन पार करते समय 80 वर्षीय वृद्ध टेऊन की चपेट में आ गयां। जिससे उसकी घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार चम्पतपुर गांव निवासी स्व0 बलदेव यादव का पुत्र मेवालाल रविवार की दोपहर सौच क्रिया के लिये जा रहा था तभी रेलवे लाइन पार करते समय टेऊन की चपेट मे ंआ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### मृतक की हुई पहचान

**फ्तेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र. के लखनऊ बाईपास एनएच–2 में रविवार की सुबह ट्रक की चपेट में आ जाने से अज्ञात युवक की मौत हो गयी थी। वही उसका साथी गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे कानपुर के लिये रिफर कर दिया था। पोस्ट मार्टम हाउस में मृतक के परिजनो ने पहचान करते हुए मृतक की पहचान विपिन कुमार पुत्र बुद्धराम निवासी धनकामई थाना सुल्तानपुर घोष व घायल की पहचान पवन पुत्र जागेश्वर निवासी मीसा थाना थरियाव के रूप में करते हुये बताया कि विपिन पवन के साथ सदर कोतवाली क्षेत्र के नउवाबाग दवाई लेने आ रहा था तभी हादसे में विपिन की मौत हो गयी थी वही पवन घायल हो गयां था।

### हाई-वे पर तमंचा लगाकर बाइक सवार के साथ लूट

**मोहम्मदाबाद फर्रुखाबाद।** ससुराल से वापस लौट रहे बाइक सबार के साथ बदमाशों नें लिफ्ट लेकर बाद में तमंचे के बल पर लूट की घटना को अंजाम दे दिया और पुलिस को खुली चुनौती देकर फरार हो गये। घटना की सूचना पर पंहुची पुलिस सांप निकलने के बाद केबल लाठी पटकती रह गयी।शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सातनपुर निवासी राजीव कुमार पुत्र दिवारी लाल अपनी ससुराल जनपद मैंनपुरी के बेबर गये थे। जहाँ से वह बाइक से मौत रहे थे। उसी दौरान कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के तभी रोहिल्ला चौराहा के निकट दो अज्ञात लोगों नें उन्हें रोंक लिया । उन्होंने बाइक सबार को बताया कि आगे एम्बुलेसं खराब खड़ी है वहीं इन्हे छोड़ देना। राजीव नें सहायता करनें के मकसद से एक बदमाश को बाइक पर बैठा लिया। कुछ दूर चलने के बाद उन्हें लगा कि उनके पैसे निकाले जा रहें है, तब राजीव ने विरोध किया तो अज्ञात व्यक्ति ने उनके तमंचा लगा दिया शोर मचाने पर व्यक्ति गाड़ी से कूद कर भाग गया जिससे बाइक फिसल कर गिर गयी। बदमाश उनके पास से 3 हजार रूपये लूट कर मोहम्मदाबाद की तरफ भाग गया। घटना की सूचना पर परिजन भी मौके पर आ गये। बाइक गिरने से राजीव चुटहिल भी हो गये। हल्का इंचार्ज अनिल कुमार व डायल 112 मौके पर आ गयी। उन्होंने जाँच की। प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार बिंद नें बताया कि अभी तहरीर नही आयी है। जाँच की जा रही है। तहरीर आने पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

### जिला जज की मध्यस्थता के बाद बार की हड़ताल समाप्त

**फर्रुखाबाद।** लगभग दो सप्ताह तक चली बार की हड़ताल के बाद जिला जज की मध्यस्ता पर हड़ताल समाप्त करनें की घोषणा लिखित रूप से कर दी गयी।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विश्राम सिंह यादव व महासचिव संजीब पारिया नें संयुक्त रूप से बताया कि जिला जज की मध्यस्थता के बाद कोतवाल फतेहगढ़ जेपी पाल नें अपनी गलती को स्वीकार किया।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# भारत बंद पर जगह-जगह सभाएं

**● केंद्र सरकार के काले कानूनों के विरोध में किसानों ने बुलन्द की आवाज, राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा**



सुलेम सराय में सभा करते किसान नेता, चक्काजाम भी किया।

**प्रयागराज।** नए कृषि कानूनों के एक साल पूरा होने पर किसान संगठनों की सोमवार को भारत बंद सफल रहा। संयुक्त किसान मोर्चा के आहवान पर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की ओर से किसानों ने सुलेमसराय में सुबह से लेकर शाम तक भीषण चक्काजाम किया। सुलेम सराय में कानून को लेकर किसानों ने आज आवाज बुलंद की। सरकार से कानून को वापस किये जाने को लेकर नारे लगाए। सभा और चक्काजाम की अगुवाई भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष अनुज सिंह ने की। अनुज सिंह के नेतृत्व में सात सूत्रीय मांगों का राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन इलाहाबाद के डीएम को दिया। चक्काजाम के साथ किसानों ने वहीं पर सभा भी की। घंटों जाम रहने से यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। संयुक्त किसान मोर्चा के बैनरतले आयोजित भारत बंद को चालीस किसान संगठनों अधिकतर विपक्षी दलों और बैंक संगठनों ने समर्थन दिया। बन्द के दौरान सड़कें और बाजार बंद रहे। इसके लिए संगठनों की ओर से चेताया गया था। संयुक्त किसान मोर्चा के बैनरतले भाकियू ने ज्ञापन के जरिये मांग की है कि केंद्र सरकार द्वारा तीनों काले कृषि कानूनों का तत्काल रद्द किया जाए। न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी पे भारत सरकार द्वारा शीघ्र कानून बनाया जाए। जिससे देश के किसानों का अनाज उचित दाम पर बिक सके। बिजली विभाग द्वारा किसानों का लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। इसे बन्द किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसानों की हर माह बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक हो जिससे उनकी समस्याओं का निस्तारण यथासंभव किया जा सके। अनुज सिंह ने कहा कि इन मांगों को फौरन मान लिया जाएगा तो संविधान और लोकतंत्र दोनों की रक्षा हो सकेगी। भारत बंद के दौरान पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। सभी रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा बढ़ा दी गयी थी। आरपीएफ.जीआरपी के अधिकारियों को गश्त के निर्देश दिए गए थे। इसी तरह भारत बंद को लेकर एयरपोर्ट पर सुरक्षा बढ़ा दी गयी थी। शहर में प्रवेश करने वालों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। भाकियू के जिलाध्यक्ष अनुज सिंह ने बताया कि सुलेम सराय जीटी रोड पर शंकरगढ़ बाजार कोरांव तहसील के सामने बहरिया ब्लाक के सामने सराय ममरेज बाजार में सुबह से लेकर शाम तक चक्काजाम किया गया।

## पुरुषोत्तम भाजपा विधि प्रकोष्ठ यमुनापार के जिला संयोजक बने

**प्रयागराज।** भाजपा विधि प्रकोष्ठ यमुनापार जिला संयोजक पुरुषोत्तम मौर्य सह संयोजक अमरेन्द्र नाथ मिश्र एवं कानूनी और विधिक विषयक विभाग जिला संयोजक भोला नाथ पाण्डेय एवं सह संयोजक बृजेश द्विवेदी एवं विनय शुक्ला को बनाए जाने पर अधिवक्ताओं में खुशी व्याप्त है। काशी क्षेत्र विधि प्रकोष्ठ संयोजक रहे देवेन्द्र नाथ मिश्र ने कहा कि बहुत ही पुराने एवं निष्ठावान कार्यकर्ता पुरुषोत्तम मौर्य एवं भोला नाथ पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में विधि प्रकोष्ठ पूरे मनोयोग से अधिवक्ताओं के बीच पार्टी हित में काम करेंगे। जिलाध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारतीय को अच्छी टीम के गठन हेतु बधाई दिया। इनकी नियुक्ति पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ सतीश अग्रवाल एवं ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव प्रदेश सह संयोजक रणजीत सिंह कुशवाहा एवं अरविंद सिंह क्षेत्रीय सह संयोजक आशुतोष पाण्डेय एवं पवन श्रीवास्तव क्षेत्रीय संयोजक स्वक्षता अभियान मृत्युंजय तिवारी आदि अधिवक्ता शामिल रहे।

# श्रीराम जन्मभूमि क्षेत्र में निर्माणाधीन कार्यों में कोताही न बरतें : मंडलायुक्त

**● गुणवत्ता के साथ समय से निपटाएं जाएं विकास कार्य**

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त एमपी अग्रवाल ने आज आयुक्त कक्ष में श्रीराम जन्मभूमि के आस.पास प्रस्तावित निर्माणाधीन विकास कार्यो के साथ अन्य निर्माण कार्यो की समीक्षा की गई। बैठक में संबंधित विभागो के अधिकारियो के साथ.साथ कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं मुख्य विकास अधिकारी अयोध्या ने प्रतिभाग किया। मण्डलायुक्त ने बताया कि विगत दिवस मुख्य सचिव द्वारा श्रीराम जन्मभूमि के साथ.साथ आस.पास के कार्यो की समीक्षा की गई जिसमें उनके द्वारा निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्यो को गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाये तथा जो निर्माण कार्य पूर्ण होने की स्थिति में है उनके लोकार्पण के लिए रिर्पोट प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही की जाये। अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि के आसपास के सड़क निर्माण मरम्मत पेयजल व सीवरेज संबंधी कार्य मार्गो का सौन्दर्यीकरण घाटो की मरम्मत आदि अनेक कार्य चलाये जा रहे है जिसमें मुख्य रूप से नगर निगम जल निगम सिचाई विभाग पर्यटन लोक निर्माण संस्कृति विभाग पुलिस विभाग आदि के महत्वपूर्ण कार्य है। इन कार्यो को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के साथ ही अन्य जो अयोध्या जनपद के कार्य है उस पर भी प्राथमिकता से कार्य किया जाये।

मण्डलायुक्त ने कहा कि अयोध्या के विकास कार्यो की दो रिपोर्ट तैयार की जाय पहली जनपद अयोध्या की जिसमें लगभग 150 छोटी बड़ी परियोजनाएं शमिल है तथा दूसरी श्रीराम जन्मभूमि के आसपास जिसमें लगभग 75 परियोजनाएं सम्मिलित है ताकि उनकी अलग.अलग समीक्षा की जा सकें। जिसमें अयोध्या के विकास तथा पंचकोसी मार्ग, चैदह कोसी मार्ग एवं चैरासी कोसी मार्ग प्रमुख है। जिसमें केन्द्र के स्वदेश दर्शन योजना पर्यटन विभाग संस्कृति विभाग नगर निगम जल निगम विद्युत निगम लोक निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग आदि की परियोजना है। उसकी अलग से समीक्षा की जाय। इसका मुख्य उद्देश्य अयोध्या के सर्वांगीण विकास का प्राथमिकता देना है। यह परियोजना मा0मुख्यमंत्री जी के प्राथमिकता के कार्यो में प्रमुख है तथा उनके द्वारा इसकी नियमित समीक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि इसकी रिपोर्ट सम्बंधित कार्यदायी संस्थाओं संबंधित संस्था से तैयार कराते हुये जिलाधिकारी अयोध्या के स्तर से परामर्श कराते हुये कल तक प्रस्तुत करने को कहा। इसकी समीक्षा मा0 मुख्य सचिव जी द्वारा की जानी है।

# गढ़वल से सिंघल पट्टी पर जगह-जगह टूटी पुलिया



**अम्बेडकरनगर।** विधानसभा क्षेत्र आलापुर अंतर्गत विकास खण्ड जहाँगीरगंज के गढ़वल से सिंघल पट्टी संम्पर्क मार्ग के बीच बनी पुलिया कई जगह धँस चुकी है और बीच सड़क पर जगह जगह जानलेवा गड्ढे बने हुए हैं राहगीर जानजोखिम में डालकर उसी रास्ते से आने जाने पर मजबूर हैं तो क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण लोगों मे रोष व्याप्त है। मालूम हो राजेसुल्तानपुर से गढ़वल कम्हरिया तक कई विद्यालय एवं बैंक मौजूद हैं जिससे लोगों को आने जाने में तरह तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसी रास्ते से हजारों लोगों का प्रतिदिन आना जाना होता है लोग जान जोखिम में डालकर उस टूटी पुलिया से हजारों लोग आने जाने को मजबूर हैं जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने की संभावना है। गढ़वल से सिंघल पट्टी बीच रास्ते की पुलिया से बैंक, बाजार, अस्पताल आदि जगहों पर इसी रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है। क्षेत्र की जनता जनप्रतिनिधियों की अदूरदर्शिता एवं अनदेखी का दंश झेलने पर मजबूर हैं। हजारों लोगों के आवागमन को बाधित करने वाली पुलिया की मरम्मत या निर्माण की तरफजनप्रतिनिधियों का ध्यान नही हो रहा है।

## भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर सरकार की साढ़े चार साल की उपलब्धियों को बताएंगे

**अयोध्या।** भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चा के महानगर अध्यक्ष बृजेन्द्र जायसवाल के अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ता घर.घर जाकर सरकार की साढ़े चार साल की उपलब्धियों को बताएंगें। जनकल्याणकारी योजनाओं से जनता को अवगत करागें। उनके सुझाव व समस्यों को सूचीबद्ध करके महानगर नेतृत्व को अवगत कराएंगें। बृजेन्द्र जायसवाल ने बताया सभी नवनियुक्त भाजपा के मण्डल अध्यक्ष स्थानीय कार्यकताओं के साथ डोर टू डोर जाकर जनता से सम्पर्क स्थापित करेंगें। महानगर के सभी 201 बूथों पर यह कार्यक्रम चलाया जाएगा। उन्हे सरकार की विकास योजनाओं से सम्बंधित पत्रक देते हुए इस बारे में जागरूक करेंगे। जिन पात्र व्यक्तियों को अभी तक किसी विकास योजनाओं का लाभ नही मिल पाया है उनकी सूची बनाकर महानगर नेतृत्व को अवगत कराएंगे। जिससे जल्द से जल्द उन्हें जनकल्याण की विकास योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके।

# विवेकानंद समाज के उत्थान के प्रति दृढ़ संकल्पित थे: डॉ. चैतन्य

**● विवि में विश्व बंधुत्व दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम**

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के योगोपचार विभाग में विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता विवेक सृष्टि संस्थान, अयोध्या के निदेशक डॉ0 चैतन्य ने विश्व बंधुत्व के संदर्भ में स्वामी विवेकानंद के दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के साधारण व्यक्ति हिंदुत्व के विकास विषय पर चिंता किया करते थे परंतु स्वामी विवेकानंद समाज के सभी वर्गों के उत्थान पर दृढ़ संकल्पित थे। संपूर्ण विश्व मानवता को बंधुत्व के एक सूत्र में बांधने का अनवरत चिंतन व प्रयास करते रहे। चैतन्य ने कहा कि आज मानव समाज ने प्रगति कर ली है सुख.सुविधाओं के अवसरों की कोई कमी नहीं है। इसी कारण लोगों को अध्यात्म की कोई आवश्यकता प्रतीत नहीं हो रही है। समर्पण ही शक्ति है। स्वामी विवेकानंद ने अपने गुरु के प्रति जीवन का सर्वस्व समर्पित कर दिया फ्लस्वरूप सृष्टि का कण-कण उनके लिए प्रेरणा व शक्ति का स्त्रोत बन गया। विद्यार्थियों से अपील करते हुए डॉ. चैतन्य ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में कर्तव्यों के प्रति भी पूर्व निष्ठा से समर्पण कीजिए तभी आपको विद्याशक्ति का ज्ञान प्राप्त होगा। सुख की लालसा व कामना से परे होकर लक्ष्य के प्रति समर्पित हो जाए तभी जीवन की सार्थकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विभाग के निदेशक प्रो. एसएस मिश्र ने स्वामी विवेकानंद द्वारा शिकागो में दिए गए समस्त भाषणों में समाहित प्रेरणाओं की आत्मा भारतीय है किंतु यह संपूर्ण विश्व को बंधुत्व के एक सूत्र में बांधती है इसी कारण विश्व बंधुत्व दिवस भारत ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. विजय कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में योग एक प्रभावी चिकित्सा के रूप में प्रसिद्धि प्राप्त कर चुका है। भारत सरकार ने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत योग विषय को फिजियोलॉजी में अनिवार्य विषय के रूप में सम्मिलित कर लिया है। ब्लड कैंसर के उपचार हेतु अनुलोम विलोम एवं सूर्य नमस्कार के योगाभ्यास पर प्रभावी अनुसंधान हो चुके हैं।

संचालन आलोक तिवारी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन अनुराग सोनी द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत गायत्री वर्मा ने किया। डॉ. शशिकांत यादव, राम बुझारत मिश्र, मनोज कुमार दुबे, डॉ. अंजली सिंह, डॉ. अनिल मिश्रा, डॉ. अनुराग पांडे, डॉ. अर्जुन सिंह, डॉ. कपिल राणा, डॉ. त्रिलोकी यादव, डॉ. मुकेश वर्मा, मोहिनी, संघर्ष सिंह, देवेंद्र वर्मा, दिवाकर पांडेय सहित अन्य उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### अरथर खम्हरिया कबड्डी का विजेता

**अयोध्या।** सांसद कबड्डी चैम्पियनशिप के तहत सोहावल ब्लाक के जनसमाज कालेज मुबारकबंज में जिला कबड्डी चैम्पियनशिप का आयोजनन किया गया। आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मोत्सव को लेकर चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक शोभा सिंह चौहान व समापन सांसद लल्लू सिंह के द्वारा किया गया। इस दौरान सोहावल ब्लॉक की 39 ग्रामसभाओं की टीम ने प्रतिभाग किया जिसमें अरथर खम्हरिया (31 पॉइंट) विजेता व विशुनपुर सारा (25 प्वांट) उपविजेता रही। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर व आधुनिक सुविधाएं प्रदान करन के लिए कटिबद्ध है। अच्छे मार्गदर्शन व कोचिंग व्यवस्था के कारण ओलम्पिक में खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे है। विभिन्न खेलों के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ा है। कबड्डी ग्रामीण परिवेश में सबसे ज्यादा पसंदीदा खेल है। इसमें काफी प्रतिभाएं मौजूद है। जिन्हें अवसर प्रदान करने से उनमें निखार आता है। विधायक शोभा सिंह चौहान ने कहा कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रो के खिलाड़ियों को बेहरत मंच मिलता है। इससे खिलाड़ी के भीतर उर्जा तथा उत्साह का संचार होता है। जिससे राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर वह अपना तथा अपने क्षेत्र का नाम रोशन करते है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष भाजपा कृष्णा कुमार पांडेयए सत्य प्रकाश वर्मा सहित पूर्व जिला पंचायत सदस्य गिरीश पांडेय डिप्पुल, पूर्व जिलाध्यक्ष कमला शंकर पांडेय, अयोध्या महानगर महामंत्री शैलेन्द्र कोरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष वेद प्रकाश गुप्ता मौजूद रहे।

### कार्डियोवैस्कुलर डिजीज सीवीडी को लेकर जागरूकता जरूरी

**प्रयागराज।** हर साल उनतीस सितंबर को कार्डियोवैस्कुलर डिजीज सीवीडी को लेकर जागरूकता फैलाने के लिये वर्ल्ड हार्ट डे मनाया जाता है। उनमें हार्ट डिजीज और स्ट्रोक शामिल है जो कि पूरी दुनिया में तेजी से फैलता जा रहा है। दिल की बेहतर सेहत का सफर शुरू करने के लिये जीवनशैली के सेहतमंद विकल्पों को चुनना महत्वपूर्ण है। जो कि समय के साथ उपयोगी साबित होंगी। मुट्ठीभर बादाम जैसे नट्स को परिवार और अपने रोजाना के आहार में शामिल करें। क्योंकि यह पोषक तत्वों से भरपूर है और इसे दिल को स्वस्थ रखने वाला स्नैक बनाता है। दिल की सेहत को स्वस्थ्य रखने वाली लाइफस्टाइल अपनाने वाली बॉलीवुड की जानी मानी अभिनेत्री सोहा अली खान ने कहा न्यू ट्रीशन अच्छी सेहत की चाबी है। अपने और अपने परिवार के दिल को स्वस्थ रखने के लिये प्रयास करना पड़ता है। सबसे आसान बदलावों में से है कि आप तले या प्रोसेस किये गये स्नैक्स की जगह ड्राय सॉल्टेड या फ्लेवर वाले बादाम चुनें। बादाम विटामिन ई मैग्नी शियम प्रोटीन राइबोफ्लेविन जिंक जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। जो इसे एक हेल्दी स्नैक बनाते हैं। रिसर्च यह भी बताती है कि नियमित रूप से बादाम खाने से हानिकारक एलडीएल कोलेस्ट्रॉल का स्तर भी कम हो सकता है और सुरक्षा देने वाले एचडीएल कोलेस्ट्रॉल को बनाये रखने में मदद मिल सकती है। यदि इसे हेल्दी डाइट में शामिल किया जाये। यास्मीन के सुझावों पर ऋतिका समद्दर रीजनल हेड डायटेटिक्स मैक्स हेल्थकेयर दिल्ली कहती हैं बादाम एक ऐसा स्नैक है। कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम में किसी भी प्रकार का तनाव होने पर यह उसका एक जरूरी संकेतक माना जाता है। एचआरवी का बेहतर होने का मतलब है कि अब ह्दय मानसिक और पर्यावरण से जुड़ी चुनौतियों का सामना करने के लिये ज्यादा तैयार है ।

### ऐतिहासिक निर्वाचन पर चन्द्र प्रकाश वर्मा ने जतायी खुशी

**अम्बेडकरनगर।** जनपद के मूल निवासी राकेश कुमार चौधरी पूर्व अपर महाधिवक्ता के उच्च न्यायालय लखनऊ के प्रतिष्ठित व ताकतवर अवध बार एसोसिशन के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर उनका समूचा गृह जनपद उत्साह व जश्न में डूब गया। सदियों पुराने उक्त एसोसिशन केपहली बार अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होकर राकेश कुमार चौधरी पिछड़ी जाति का खाता खोला। राकेश कुमार चौधरी पुत्र तीर्थराज चौधरी जनपद अम्बेडकर नगर के विकासखण्ड बसखारी अन्तर्गत अरूसाआज़म पुर के मूल निवासी हैं। उनके इस जीत की खुशी में भाजपा जिला उपाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश वर्मा ने अपनी खुशियों का इज़हार किये।

### उत्तर प्रदेश साबित होगा आदर्श राज्यः बनिक

**प्रयागराज।** शहर में फुटवियर कंपनी अजंता शूज उत्तर प्रदेश में अपनी फैक्ट्री लगाकर करीब पांच सौ करोड़ का कारोबार करने का लक्ष्य तय किया है। कंपनी के सीएमडी सुब्रत बनिक ने पत्रकार वार्ता में दावा किया है कि वह अपना प्रोडक्ट प्रदेश के हर जिले और ब्लाक में पहुंचाएंगे। उन्होंने व्यवसाय बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश को आदर्श राज्य बताया है। उन्होंने बताया कि पूर्वी भारत की 65 वर्ष पुरानी कंपनी तेजी से कदम बढ़ा रही है। अब उत्तर भारत मे कंपनी का दायरा बढ़ाने पर ध्यान दिया जा रहा है। बताया कि कंपनी स्पोर्ट्स रेंज के अलावा पुरुषों महिलाओं और बच्चों के लिए सैंडल चप्पल जूतों की बड़ी रेंज शुरू की गई है। बनिक ने बताया कि अफ्रीका दुबई और सिंगापुर समेत देसब के 19 राज्यों में कामोनी के प्रोडक्ट हैं।

## जिलाध्यक्ष के आवास पर रहा पुलिस का सख्त पहरा

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** कृषि कानूनों को लेकर किसान संगठनों द्वारा भारत बन्द के आवाहन को लेकर भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष विनय कुमार वर्मा के थाना अलीगंज क्षेत्र में स्थित सलेमपुर गांव के आवास पर बीते शाम आठ बजे से एक दरोगा और सिपाही तैनात कर घर मे ही नजर बन्द कर पुलिस का पहरा बैठा दिया गया। रात भर पुलिस पहरा देती रही और विनय कुमार वर्मा के कहीं जाने पर पाबंदी लगा दी गई। जिला अध्यक्ष के आवास पर पहरा लगा देने की बात सुनकर किसान यूनियन के कार्यकर्ता मोहन लाल मौर्य, राम नेवल पासवान, सर्वजीत मस्तराम सुभाष यादव त्रिभुवन मौर्य लक्षिराम वर्मा भी उनके सलेमपुर आवास पर पहुंच गए। लगभग एक बजे एस डी एम अभिषेक पाठक सी ओ संतोष कुमार थानाध्यक्ष अलीगंज नागेंद्र सरोज सलेमपुर गांव पहुंच कर ज्ञापन लिया। पुलिस अधीक्षक से बात करने के उपरांत एस ओ नागेन्द्र सरोज अपने वाहन से विनय कुमार वर्मा, लक्षिराम वर्मा को जिला मुख्यालय ले गए।

# अधिवक्ता परिषद में कार्यकारी अध्यक्ष और महामंत्री की व्यवस्था हुई खत्म

**● कर अधिवक्ताओं की सक्रिय सहभागिता को लेकर हुआ मंथन**

**प्रयागराज।** अधिवक्ता परिषद उत्तर प्रदेश में कार्यकारी अध्यक्ष और कार्यकारी महामंत्री की व्यवस्था खत्म कर दी गयी। यह निर्णय अधिवक्ता परिषद उत्तर प्रदेश की वाराणसी में आयोजित हुई दो दिवसीय प्रदेश कार्यकारिणी की चिन्तन बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। 25 और 26 सितम्बर को काशी में हुई चिंतन बैठक में प्रदेश के विभिन्न जनपदों के सौ से अधिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। समापन सत्र में क्षेत्र कार्यवाह डा वीरेन्द्र जायसवाल और अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय सलाहकार लाल बहादुर सिंह ने प्रदेश के अधिवक्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान संगठन की गतिविधियों के साथ साथ आम अधिवक्ताओं के हितों की भी चर्चा चिंतन बैठक में की गई। प्रदेश भर में कर अधिवक्ताओं की सक्रिय सहभागिता हो सके इस पर भी बैठक में मंथन किया गया। साथ ही युवा और महिला अधिवक्ताओं को संगठन से जोड़ने पर बल दिया गया। अधिवक्ता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष रमेश चन्द्र सक्सेना ने प्रदेश भर से आए प्रतिनिधियों के समक्ष इटावा औरैया झांसी हमीरपुर महोबा उरई में नए जिला अध्यक्ष और महामंत्री की घोषणा की। प्रदेश में कार्यकारी अध्यक्ष और कार्यकारी महामंत्री की व्यवस्था को सर्वसम्मति से समाप्त कर दिया गया। वाराणसी इकाई द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी बैठक के लिए प्रदेश कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों ने भूरि भूरि प्रशंसा की। प्रदेश महामंत्री शीतला प्रसाद गौड़ ने कार्यक्रम में आए हुए सभी प्रतिनिधियों के साथ साथ सुन्दर और सफल आयोजन के लिये काशी के कार्यकर्ताओं का आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ओबीसी मोर्चा नवनियुक्त मण्डल अध्यक्षों का हुआ स्वागत

**अयोध्या।** भाजपा कार्यालय पर महानगर के चारों मण्डलों के ओबीसी मोर्चा के नवनियुक्त मण्डल अध्यक्षों का का भाजपा कार्यालय पर स्वागत किया। नवनियुक्त मण्डल अध्यक्षों करियप्पा मण्डल के मनोज कुमार निषादए देवकाली मण्डल राज जी सोनीए अयोध्या मण्डल के कन्हैया मौर्या, पूरा मण्डल के राजकुमार वर्मा का पूर्व जिलाध्यक्ष बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने सभी मण्डल अध्यक्षों को भगवा वस्त्र गमछा ओढ़ाकर स्वागत किया।

## 176 ग्राम पंचायतों में हुआ वैक्नीनेशन

**अम्बेडकरनगर।** सीडीओ घनश्याम मीणा द्वारा जनपद में विकास खण्ड जलालपुर अंतर्गत मंगुराडिला और सुरहुरपुर ग्राम पंचायत में स्थित टीकाकरण केंद्र का निरीक्षण किया गया। ग्राम पंचायत मंगुराडिला में 18 वर्ष से ऊपर के 234 तथा 45 वर्ष के ऊपर के 176 तथा ग्राम पंचायत सुरहुरपुर में 18 वर्ष के ऊपर के 300 तथा 45 वर्ष के ऊपर के 160 वयक्तियों का टीकाकरण हुआ था।

# फर्जी ढंग से लोगों को आवंटित हो रहे शौचालय

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** केंद्र व प्रदेश सरकार की अतिमहत्वपूर्ण शौचालय योजना में ग्राम प्रधान व सेक्रेटरी मिल कर पलीता लगा रहे हैं। फ़र्ज़ी ढंग से लोगों को शौचालय का पात्र बना कर पैसों का बंदरबांट किया जा रहा है। लागभग आधा दर्जन ऐसे लोगों का नाम सार्वजनिक कर मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की गई और जब सेक्रेटरी से वार्ता की गई तो उसने सब सही है का दावा कर दिया जिसकी ऑडियो वायरल हो गई है।

मामला विकास खंड टाण्डा के पूरा बख्सा सराय का है जहां के प्रधान व सेक्रेटरी ने बिना बोर्ड बैठक के ही कई लोगों को शौचालय का पात्र घोषित कर दिया और धन भी अवमुक्त करा लिया गया जबकि उक्त लोगों के पास पहले से ही शौचालय मौजूद है। ग्रामीणों ने उक्त मामले की लिखित शिकायत मुख्यमंत्री से किया जिसमें जितना पत्नी चन्द्रप्रकाश, कमला पत्नी गणेशचन्द्र, सरिता तिवारी पत्नी हृदय नरायन तिवारी, श्याम पति पत्नी स्व. राम नयन, शीलादेवी पत्नी कृष्णदत्त आदि के आवास में पहले से ही शौचालय बने होने का दावा किया गया लेकिन फिर भी इन्हें पात्र बना कर सरकारी धन निकाल लिया गया। उक्त मामले पर जब समाजसेवी राज कुमार भट्ट ने ग्राम के सेक्रेटरी रविन्द्र यादव से मोबाइल पर वार्ता कर जानकारी प्राप्त करना चाहा तो सेक्रेटरी ने कहा कि बैठक से कोई मतलब नहीं होता और जब अपात्रों को धन देने की बात कहीं तो कहा उससे कुछ नहीं होता। उक्त वार्ता की ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। बहरहाल शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को अवसर समझ कर लूटपाट करने वालों की कमी नहीं है जिसमें ताज़ा मामला टाण्डा ब्लाक के पूरा बख्स सराय का सामने आया है जहाँ लगभग आधा दर्जन लोगों को पात्र बन कर शौचालय धन की लूट की गई है और सवाल पूँछने पर सेक्रेटरी बड़ी ही दबंगई से सब सही है।

# चेहल्लुम पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश

**अयोध्या।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने 28 सितम्बर को चेहल्लुम पर्व को शांति एवं सकुशल सम्पन्न कराने के लिए दिशा निर्देश जारी किया है। उन्होंने नामित मजिस्ट्रेटों को जिले के महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कताध्चैकसी करते हुये पूर्व से ही समुचित प्रबन्ध सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है। सभी असामाजिक तत्वों को चिन्हित करते हुये उनकी गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाये जिससे जनपद में कानूनध्लोकध्शांति व्यवस्था व सामाजिक सौहार्द अक्षुण्ण रहें।

जिलाधिकारी ने बताया कि नगर मजिस्ट्रेट/रेजीडेंट मजिस्ट्रेट अपने अपने संपूर्ण आवंटित क्षेत्र तथा समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट अपने अपने तहसील के क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उत्तरदाई होंगे साथ ही उप जिला मजिस्ट्रेट आवश्यकतानुसार तहसील स्टाफ की ड्यूटी लगा लेंगे। सभी क्षेत्रीय मजिस्ट्रेट अपने अपने क्षेत्र से संबंधित पुलिस अधिकारियों (क्षेत्राधिकारियों) से समन्वय बनाए रखते हुए शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु उत्तरदाई होंगे। सभी क्षेत्रीय मजिस्ट्रेट यह सुनिश्चित करेंगे कि चेहल्लुम के अवसर पर कोई नई परंपरा किसी भी दशा में ना कायम होने पाए। जनपद के सभी क्षेत्रीय मजिस्ट्रेटों को यह भी निर्देशित किया है कि अपने.अपने क्षेत्रों के थानों/चैकियों से समन्वय करते हुये मुस्लिम धर्म गुरूओं/मौलानाओं/सम्बंधित कमेटी के पदाधिकारियों से सम्पर्क व संवाद करके भारत सरकार व उत्तर प्रदेश शासन एवं प्रशासन द्वारा समय-समय पर कोविड.19 के दृष्टिगत शासन द्वारा जारी आदतन दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए शांति समिति की बैठक 07 दिवस में आयोजित करा कर बैठक के उपरांत होने हो वाली समस्याओं का ससमय निस्तारण कराया जाना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने समस्त अधिशाषी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड को निर्देशित किया है कि सभी लाईनों का निरीक्षण कराकर विद्युत लाईनों के ढीले तारों एवं जर्जर खम्भों को समय से ठीक कराते हुये निर्बाध रूप से उक्त त्यौहार को अवसर पर विद्युत आपूर्ति कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर आयुक्त एवं स्थानीय नगर निकायों तथा जिला पंचायत विभाग अपने-अपने क्षेत्रों में चेहल्लुम के दृष्टिगत पर्याप्त साफ सफाईए आवश्यक चूना छिड़काव, नलकूपों का संचालन/वाटर कोलोराइजेशन प्रकाश पीए सिस्टम आदि व्यवस्था के साथ शुद्व पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे।

जिलाधिकारी ने अन्य सभी सम्बंधित विभागीय अधिकारी द्वारा चेहल्लुम के दृष्टिगत अपने अपने विभागों से सम्बंधित आवश्यक कार्यो/दायित्वों का निर्वाहन सम्बंधित क्षेत्रीय मजिस्ट्रेट से समन्वय स्थापित कर ससमय कराये जाने के निर्देश दिये। कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय नगर मजिस्ट्रेट अयोध्या में स्थापित कन्ट्रोल रूम, दूरभाष नम्बर 05278.223753 पर सम्बंधित अधिकारियों से संवाद हेतु निर्देश दिये है।

## अखिलेश यादव का पूर्वांचल दौरा सपा कार्यकर्ताओं में भर गया नया जोश

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** सपा के पूर्व कैबिनेट मंत्री बलराम यादव की पुत्रवधू के तेरहवीं कार्यक्रम में उनके गृह आजमगढ़ सेन पुर गाँव मे अचानक पहुँच कर पूरे पूर्वांचल का दिल जीत लिया और वहीं उनके निवास पर पहुंच कर उनकी मृतक बहू को श्रद्धांजलि अर्पित किया। आज़मगढ़ के सेन पुर गाँव मे पूर्व कैबिनेट मंत्री बलराम यादव के घर पर उनकी बहू की तेरहवीं का कार्यक्रम चल रहा था कि अचानक खबर आई कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव तेरहवीं कार्यक्रम में पहुंच रहे है तो इसकी सूचना पाकर पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर दोस्त पुर सुल्तानपुर के निकट टाण्डा विधानसभा 278 के प्रबल दावेदार मोहम्मद एबाद ने अपने हज़ारो समर्थकों के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का स्वागत किया और उसी दौरान अखिलेश ने अपने साथ गाड़ी में अपने करीबी नेता मो. एबाद को बैठा कर पूरे पूर्वांचल का दौरा कर अपने साथ लखनऊ लेकर चले गए।

# विद्यालय में प्रधानाध्यापक की भूमिका महत्वपूर्णः दिनेश सिंह

**● तीन दिवसीय प्रान्तीय प्रधानाचार्य कार्ययोजना बैठक का हुआ समापन**



कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण।

**प्रयागराज।** ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज सिविल लाइन्स प्रयागराज में आयोजित तीन दिवसीय प्रान्तीय प्रधानाचार्य कार्ययोजना बैठक का समापन हो गया। तीसरे और अन्तिम दिन कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के सम्मुख दीपार्चन एवं पुष्पार्चन से हुई। मुख्य अतिथि शिक्षा परिषद के सचिव दिनेश सिंह अध्यक्ष के रुप में विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के सहमंत्री चिन्तामणि सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रुप में विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचन्द्र एवं विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के मंत्री डा रघुराज सिंह उपस्थित रहे। ज्वाला देवी सरस्वती शिशु मन्दिर के प्रधानाचार्य सुमन्त पाण्डेय ने अतिथियों का परिचय कराया। साथ ही अतिथियों का सम्मान श्रीफल अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देकर किया गया। इस दौरान संकुल प्रमुखों द्वारा तीन दिवसीय प्रधानाचार्य कार्ययोजना बैठक में संकुलशः बनाई गई वार्षिक कार्ययोजनाओं का वाचन किया गया। मुख्य अतिथि दिनेश सिंह ने कहा कि विद्यालय में प्रधानाध्यापक की वही भूमिका होती है जो कि सेना में सेनापति की होती है।

वह विद्यालय के कार्यक्रमों की योजना बनाता है तथा उन योजनाओं को क्रियान्वित करता है। वह शिक्षकों और कर्मचारियो के बीच कार्य का विभाजन करता है। विद्यालय की सफलता बहुत कुछ उसकी दक्षता उसकी कल्पनाशक्ति और उसके गुणों पर निर्भर करती है। उसके व्यक्तित्व एवं आदर्शो की छाप विद्यालय के प्रत्येक कार्य पर पड़ती है। विद्यालय की प्रतिष्ठा बहुत कुछ प्रधानाध्यापक पर ही निर्भर करती है। इसीलिए प्रायः यह कहा जाता है कि जैसा प्रधानाचार्य वैसा ही विद्यालय।


चिन्तामणि सिंह ने कहा कि कोरोना काल के एक लम्बे अन्तराल के बाद प्रधानाचार्यो का यह एक सामूहिक कार्यक्रम है। यहाँ पर इन तीन दिनों में लोगों ने विभिन्न शिक्षाविद महानुभावों के मार्गदर्शन में जो भी योजनाओं का निर्माण किया है निश्चित ही आप सब उसे वापस जाकर अपने विद्यालयों में क्रियान्वित करेंगे। जिससे की विद्यालय नित नूतन उपलब्धियों को प्राप्त करेगा। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचंद्र ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा लागू की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को हम सभी को आत्मसात् करके अपने अपने विद्यालयों में शिक्षा नीति को लागू करने के लिए स्वयं एवं अपने सहकर्मियों को पूर्ण रुप से तैयार करना पड़ेगा। जिससे हम लोग अगले सत्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सम्पूर्ण आयामों को लागू कर सकेंगे।

कार्यक्रम का संचालन सम्भाग निरीक्षक गोपाल तिवारी द्वारा किया गया। समापन सत्र के पूर्व दो सत्र आयोजित हुए प्रथम सत्र में लोक सेवा आयोग के सदस्य डा किशनवीर सिंह शाक्य द्वारा पीपीटी के माध्यम से विद्यालय के विकास में प्रधानाचार्य की भूमिका विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानाचार्य दो प्रकार के होते हैं पहला स्वकेन्द्रित तथा दूसरा प्रजातान्त्रिक। वर्तमान समय में समाज को प्रजातान्त्रिक प्रधानाचार्य की आवश्यकता है। जिसमें एक सफल प्रधानाचार्य को कुशल नेतृत्वकर्ता सहयोगी स्वाभाव कुशल वक्ता सकारात्मक सोच वाला होना चाहिए।

## प्रभावशाली व्यक्तित्व

### मोदी की अमेरिका यात्रा

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा समाप्त कर अब भारत वापस आ गए हैं। अमेरिका में उन्होंने व्यक्तिगत रूप से पहली बार क्वाड बैठक में हिस्सा लिया, अन्य विश्व नेताओं से मुलाकात की तथा प्रथम वक्ता के रूप में संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया। यह यात्रा पहले की यात्राओं के एकदम उलट है जिनमें काफी शोर-शराबा, उत्सवी माहौल तथा तड़क-भड़क होती थी। इस बार अमेरिका की राजनीतिक अवस्थापना बदल गई है, जबकि ट्रंप प्रशासन से उनकी मैत्री ज्यादा थी। मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति कमला हैरिस, आस्ट्रेलियाई समकक्ष स्काट मोरीसन, जापानी प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा तथा पांच बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सीईओ से मुलाकात की। आस्ट्रेलिया व जापान के प्रधानमंत्री क्वाड शिखर बैठक के लिए अमेरिका में थे जिसका वर्चुअल सम्मेलन इस साल मार्च में हुआ था। इस राजनयिक व सैनिक गठजोड़ को मुख्यत: चीन की उभरती आर्थिक व सैनिक शक्ति की प्रतिक्रिया के रूप में देखा जाता है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि क्वाड 'वैश्विक भलाई की शक्ति' के रूप में काम करेगा तथा 'दुनिया में शांति व समृद्धि स्थापित करेगा।' यात्रा की समाप्ति प्रधानमंत्री के संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधन से हुई जो काफी बड़बोलेपन से भरा था, पर उसमें चीन और पाकिस्तान पर सटीक निशाना लगाया गया था। मोदी ने अफगानिस्तान की स्थिति पर बात की और बिना पाकिस्तान का नाम लिए उसे अफगानिस्तान में मुसीबत पैदा करने के खिलाफ चेतावनी दी। मोदी ने कहा, 'प्रतिगामी सोच



आतंकवाद को राजनीतिक अर्थ प्रदान कर रही है।' इस बयान को इस तरह समझा जा सकता है कि 'आतंकवाद का प्रयोग राजनय के उपकरण तथा क्षेत्र की भू-राजनीति बदलने के लिए न करें।' अच्छे असर के लिए उन्होंने रेखांकित किया कि किसी ऐसे देश से सावधान रहने की आवश्यकता है जो अफगानिस्तान की संकटपूर्ण स्थिति का प्रयोग 'स्वार्थी हितों' के लिए कर सकता है।

यह संदर्भ सीधे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के लिए था जिन्होंने सीधे-सीधे भारत पर करारा हमला बोलते हुए जोर दिया था कि दो नाभिकीय शक्तियों को 'जिम्मेदारी से व्यवहार करना चाहिए, नहीं तो नतीजे गंभीर होंगे।' मोदी ने बिना चीन या पाकिस्तान का नाम लिए संकेत दिया कि राज्य नीति के रूप में आतंकवाद का प्रयोग अच्छा विचार नहीं है ओर देशों को ऐसा करने से बचना चाहिए। उन्होंने पिछले महीने संरा. सुरक्षा परिषद की भारत द्वारा अध्यक्षता की उपलब्धियों का उल्लेख भी किया। मोदी ने 'कोविड वायरस के जन्म' का मामला उठाते हुए विश्व बैंक की 'बिजनेस सुगमता सूचकांक' रद्द करने की घोषणा की बात कही। इन दोनों मुद्दों से विश्व संस्थाओं में पारदर्शिता की कमी से चीन पर निशाना लगाया गया है। उन्होंने यह कहते हुए सहयोग पर जोर दिया कि भारत 'सभी लोकतंत्रों की माता' है। पहले कमला हैरिस के साथ बैठक में दोनों पक्षों ने संबंधित देशों में लोकतांत्रिक मूल्यों व मानवाधिकारों को महत्व देने पर जोर दिया था। मोदी ने वैश्विक महामारी में मारे गए लोगों के प्रति शोक भी प्रकट किया। कुल मिला कर यह भाषण बहुत अच्छी तरह तैयार किया गया था, हालांकि उनके 'चायवाला' संदर्भ से बचना ज्यादा अच्छा होता। हालांकि, मोदी ने राष्ट्रपति जो बाइडेन से भी मुलाकात की, पर इसका संबंध किसी अन्य चीज की तुलना में प्रोटोकाल से अधिक था। दोनों नेताओं के बीच व्यक्तिगत केमेस्ट्री स्पष्ट रूप से गायब थी।

# क्वाड पर पड़ेगी आकुस की छाया

### चीन के खिलाफ प्रतिरोध पैदा करने तथा अंतरराष्ट्रीय समुद्रों में स्वतंत्रता सुनिश्चित करने वाले आकुस की छाया निसंदेह क्वाड पर पड़ेगी।



**निष्ठा कौशिकी**
(लेखिका पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, भटिंडा में सह प्रोफेसर हैं)



अफगानिस्तान से अमेरिका की वापसी के दो सप्ताह बाद आकुस गठित करने का फैसला किया गया। इससे अमेरिका की भू-राजनीतिक प्रतिबद्धता प्रकट होती है कि वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीनी खतरे का सामना करना चाहता है जो हर गुजरते दिन के साथ बढ़ता जा रहा है। आकुस रणनीतिक और टैक्टिकल रूप से क्वाड को हाशिए पर धकेल सकता है, लेकिन ऐसा नहीं होगा। हालांकि, दोनों का घोषित या अघोषित उद्देश्य समान है। चीनी विस्तारवाद ने इस अधपकेसैनिक गठजोड़ को जन्म दिया है, पर रणनीतिक रूप से देखने पर क्वाड और आकुस एक दूसरे केपूरक लगते हैं। भारत और जापान केशामिल होने केकारण चीनी खतरे का मुकाबला करने में कठिनाई हो रही है। इसकेसाथ ही चीन केसाथ भौगोलिक निकटता को देखते हुए दोनों संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद केस्थाई सदस्य बनने केइच्छुक हैं।

इस कारण चीन से प्रत्यक्ष सैनिक टकराव से उनकी उम्मीदों को झटका लग सकता है। इसकेसाथ ही भारत को चीन, पाकिस्तान व तालिबान केअपवित्र गठजोड़ से भी निपटना है। इसकेसाथ ही उसे रूसी विदेश नीति में चीन-पाक गठजोड़ को मिलने वाली प्राथमिकता से भी चिन्ता है। दूसरी ओर जापान को कच्चे माल व खाद्य सप्लाई की निर्भरता केसाथ ही बुढ़ाते कामगारों की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसकेसाथ ही अनुच्छेद 9 टोकियो केपुन: सैन्यीकरण का निषेध करता है। यह उभरती व्यवस्था दुनिया केसमक्ष एक रक्षा चक्र पेश करती है तथा चीनी विस्तारवाद केखिलाफ भावी बहुपक्षीय गठबंधनों का रास्ता खोलती है। समुद्रों केमानचित्र पर नजर डालने से स्पष्ट है कि दक्षिण चीन सागर-एससीएस, प्रशांत महासागर तथा हिंद महासागर केबारे में साझा समझदारी विकसित करना दोनों शक्तियों केलिए कठिन है। इस कारण मजबूत रक्षा केलिए अनेक सुरक्षा व्यवस्थायें बनानी होंगी। वर्तमान स्थितियों में यदि भारत और जापान अमेरिका केसाथ सैनिक गठबंधन बनाना चाहें तो बीजिंग एससीएस या भारत-चीन सीमा पर आक्रामकता बढ़ा देगा जिससे यह उद्देश्य विफल हो जाएगा।

अत: रणनीतिक लचीलेपन को देखते हुए यह एक समाधान है। भारत व जापान चीन को किसी अन्य सैनिक गठबंधन से मिल कर भी पीछे धकेल सकते हैं और वह उसकी वर्चस्ववादी राजनय पर भी लगाम लगा सकता है। इसी कारण भारत की संयुक्त युद्धक कमानों को जल्द ही सक्रिय किया जाना चाहिए। संस्थाबद्धता की अनुपस्थिति में भारत और जापान को अपनी सैनिक शक्ति केआधुनिकीकरण का भी अवसर मिलेगा। भारत को खासकर अपने बलों केबीच समन्वय बढ़ाना होगा। ऐसी स्थिति में अन्य यूरोपीय देशों केसाथ ही फ्रांस और इस्राइल भारत व जापान केलिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। जापान धीरे-धीरे उस स्थिति से निकल रहा है जिसने टोकियो को 'शांति संविधान' स्वीकारने पर मजबूर किया था। बीजिंग से प्रभावी रूप से निपटने केलिए अब 'आत्मरक्षा' केबजाय उसे 'समुद्री रक्षा' की रणनीति अपनानी पड़ेगी। हालांकि, इस कदम से दक्षिण कोरिया जैसी कुछ शक्तियों को टोकियो-विरोधी दृष्टिकोण अपनाना पड़ सकता है। बदलते समय की मांग को देखते हुए परस्पर विरोधी देश भी रणनीतिक मतभेद दूर कर साझा उद्देश्यों केलिए काम कर सकते हैं, खासकर यदि उनकेअस्तित्व पर खतरा हो और उनको अमेरिकी सुरक्षा छतरी मिल जाए। इस प्रकार विस्तारवादी चीन उनको अपने मतभेद दूर करने तथा साझा लक्ष्य केलिए काम करने पर मजबूर करेगा।

ब्रिटिश व अमेरिकी पनडुब्बियां, पोत-रोधी मिसाइल तथा अन्य आक्रामक क्षमतायें चीन को इन देशों को धमकी देने से रोकेंगी। गंभीर उकसावे तथा खुले संघर्ष की स्थिति में आकुस की दूसरी सुरक्षा सतह एक प्रतिरोधक तथा रक्षात्मक काम कर सकती है। इससे प्रशांत महासागर व दक्षिण चीन सागर से होकर दक्षिणी व पूर्वी हिंद महासागर केआवश्यक समुद्री मार्गों को सुरक्षा मिलेगी। यह मलक्का खाड़ी में भारत या जापान केखिलाफआक्रामकता को जन्म दे सकता है, लेकिन वहां भारतीय नौसेना की मजबूत उपस्थिति है और 'मलक्का विरोधाभास' यथार्थ में नहीं बदल पाएगा। इसकेसाथ ही 'फाइव आईज़' की खुफिया सूचना साझा व्यवस्था भी चीन की चिन्ता बढ़ाएगी। लेकिन बिना किसी संस्थागत ध्रुवीकरण व्यवस्था केचीन भारत और जापान जैसे देशों के'गैर-सैनिक ध्रुवीकरण' केखिलाफ पहला कदम नहीं उठा सकेगा क्योंकि इससे और जटिलतायें पैदा होंगी। गंभीर खतरों तथा संभावित हमलों की स्थिति में दोनों देश औपचारिक रूप से आकुस में शामिल होने से नहीं हिचकेंगे।

आने वाली बहुआयामी सुरक्षा व्यवस्थाओं में संयुक्त समुद्री प्रतिरोधक रणनीतियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस प्रकार पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शक्तियों केध्रुवीकरण की नई व्यवस्था बनेगी जिसमें प्रत्येक पक्ष अपनी भूमिका व जिम्मेदारी भलीभांति समझेगा। इसी कारण भारत और जापान ने आकुस केनए गठबंधन का स्वागत किया है। उल्लेखनीय है कि 2010 में चीन केतत्कालीन विदेश मंत्री यांग जिची ने हनोई में एशियान शिखर सम्मेलन में कहा था, 'चीन एक बड़ा देश है और तुम छोटे देश हो, यह एक तथ्य है।' आज समय आ गया है कि 'बड़ी मछली बनाम छोटी मछली' की अवधारणा उलट दी जाए। चीन ने जोर दिया है कि क्वाड को एशिया प्रशांत देशों से कोई समर्थन नहीं मिलेगा। बीजिंग को शायद भय है कि क्वाड में अन्य लोकतांत्रिक तथा 'समान सोच वाले देश', जैसे वियतनाम, फ्लिीपीन्स, दक्षिण कोरिया और ताइवान शामिल हो सकते हैं। ये सभी तटीय क्षेत्र वाले देश हैं और चीन लंबे समय से उनको परेशान कर रहा है। अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे चीन द्वारा अवैध मछली पकड़ना, जलवायु परिवर्तन तथा प्राकृतिक आपदायें हैं जो अन्य देशों की सुरक्षा चिन्ताओं में शामिल हैं। इस प्रकार क्वाड प्लस फोर की कल्पना की जा सकती है। विभिन्न क्षेत्रेत्तर शक्तियों केसमर्थन से छोटे देश अलिखित बहुआयामी सुरक्षा व्यवस्थाओं में शामिल हो सकते हैं।

विस्तारित क्वाड की संभावना में संयुक्त तकनीकी सहयोग तथा सैनिक अभ्यास शामिल हैं जिनसे शक्तियों केबीच समन्वय स्थापित होगा और वे सैनिक चुनौतियों का सामना करने केलिए बेहतर रूप से तैयार होंगे। राज्यों केबीच सुरक्षा व आर्थिक समन्वय बढ़ने से चीन को 'रणनीतिक घेरे' में लेने की समझदारी विकसित हो कर उसे अनेक मोर्चों पर घेर सकती है। ऐसी स्थिति में क्वाड समुद्री स्वतंत्रता का रणनीतिक केन्द्र बन जाएगा तथा 'खुले, मुक्त, पारदर्शी व समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र' को सुनिश्चित करेगा। इसकेसाथ ही जलवायु परिवर्तन व कृत्रिम बुद्धि-एआई जैसे क्षेत्रों में ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। इस प्रकार भारत और जापान भविष्य में ज्यादा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगे। अफगानिस्तान केघटनाक्रम, चीन-पाकिस्तान द्वारा तालिबान को बिना शर्त समर्थन तथा एशियान क्षेत्र में बदलते गठजोड़ संकेत करते हैं कि आने वाला समय बहुआयामी पुन:-ध्रुवीकरणों तथा नया यथार्थ स्वीकारने का होगा। आकुस इसमें अपनी भूमिका निभाएगा तथा औपचारिक संधि वाले 'संस्थाबद्ध सुरक्षा गठजोड़' का स्थान लेगा जो स्थितियों केअनुसार प्रतिरोधक या इससे अधिक भूमिका निभाने केलिए तैयार होगा। 'मित्र' नाभिकीय पनडुब्बियां चीनी नाभिकीय पनडुब्बियों का पता लगा कर हिंद-प्रशांत समुद्र में आवश्यक डेटा एकत्र करेंगी। इस दिशा में क्वाड व आकुस पूरी तरह एक दूसरे केसहयोगी हैं। समुद्रों की स्वतंत्रता तथा चीनी चुनौती केखिलाफ साझा प्रतिरोध की समझ केकारण कोई संदेह नहीं है कि आकुस की क्वाड पर छाया पड़ेगी। इस नए दृष्टिकोण केबारे में चीनी चश्मे से आशंकायें पैदा की जाएंगी। लेकिन इसे एक समग्र राजनय केरूप में देखा जाना चाहिए जो न केवल चीन की आक्रामक 'कैबेज पालिसी' का विरोध करेगी, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र तथा इसकेबाहर भी शांति सुनिश्चित करेगी।

# सेवा और समर्पण से अंत्योदय व आत्मनिर्भर भारत तक

"जनता का उत्साह यह बताने के लिये पर्याप्त है कि मोदी के राष्ट्र निर्माण के आह्वान पर देश की जनता भारत के विश्व का सर्वश्रेष्ठ देश बनाने के संकल्प को आत्मसात कर चुकी है।"

**हरीश चंद्र श्रीवास्तव**
(लेखक भाजपा प्रवक्ता हैं)



भारत का उत्थान, भारत के लोगों का कल्याण और भारत राष्ट्र का हित, यही और केवल यही भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंन्द्र दामोदर दास मोदी का दर्शन व मंत्र है। यही दर्शन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का राजनीति का आधार भी है। मोदी व भाजपा ने अपने रचनात्मक व प्रगतिमूलक राजनीति से संसार में स्थापित किया कि राजनीति भोग का साधन नहीं, अपितु जनता की सेवा व कल्याण एवं देश की प्रगति का माध्यम है। प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्म दिन पर भारत ने एक दिन में ढाई करोड़ कोविड लगाकर जो नया विश्व रिकार्ड बनाया, वह प्रमाण है कि भारत की जनता अब देश की प्रगति, विकास व जनकल्याण के संकल्प में मोदी जी के साथ है और सहभागी की भूमिका निभाने हुए मोदी जी के नेतृत्व में सशक्त भारत के निर्माण की ओर चल पड़ी है। मोदी जी के जन्मदिन 17 सितंबर से प्रारंभ भाजपा के सेवा एवं समर्पण अभियान 7 अक्टूबर तक चलेगा। इस अभियान में गांव-गांव, घर-घर तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पहुंचकर संपर्क व संवाद में अपार जनभागीदारी और जनता का उत्साह यह बताने के लिये पर्याप्त है कि प्रधानमंत्री मोदी जी के राष्ट्र निर्माण के आह्वान पर देश की जनता भारत के विश्व का सर्वश्रेष्ठ देश बनाने के संकल्प को आत्मसात् कर चुकी है।

सेवा एवं समर्पण अभियान के अंतर्गत किसान मोर्चा द्वारा देशभर में किसान सम्मान दिवस आयोजन कर किसानों और जवानों को सम्मानित किये जाने का जो कार्यक्रम किया जा रहा है, वह देश की सुरक्षा व विकास की रीढ़ को सशक्त करने की भाजपा व मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भाजपा के सेवा एवं समर्पण अभियान में महिला मोर्चा द्वारा कोरोना काल में सेवा कार्य करने वाली देश भर की महिलाओं को सम्मानित करने का कार्य नये भारत में नारी सम्मान व सशक्तिकरण के मिशन को अग्रसर करने वाला है। इसके अतिरिक्त पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती 25 सितंबर की पूर्व संध्या पर 24 सितंबर को देश में अंत्योदय दिवस मनाकर गरीब कल्याण के प्रति समर्पित मोदी सरकार की नीतियों व कार्यक्रम को और तीव्रता से जन-जन तक पहुंचाकर लोक सशक्तिकरण की गति को और



सुदृढ़ करने का परिचायक है। सेवा एवं समर्पण अभियान के अंतर्गत गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर को देश भर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वच्छता के कार्यक्रम आयोजित करके स्वच्छ भारत अभियान के जनांदोलन को और धार देने का श्रेष्ठ प्रयास है। मोदी सरकार देश की 135 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए सुरक्षित, समृद्ध, सशक्त, समुन्नत व आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को सिद्धि में परिवर्तित करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए जिस प्रकार नये भारत का निर्माण हो रहा है, वह भारत के इतिहास में अभूतपूर्व है। 'लक्ष्य अंत्योदय, प्रण अंत्योदय और पथ अंत्योदय' के लक्ष्य को साधते हुए आपदा को अवसर में परिवर्तित कर भारत के उत्थान को जो प्रयास मोदी सरकार ने किया है, वह भारत और भारत के लोगों की सफलता की कथा का अप्रतिम उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास' मंत्र के साथ आगे बढ़े और आज उनकी सरकार की प्रतिबद्धता का परिणाम है कि विश्व में भारत आज निवेशकों का दूसरा सबसे आकर्षक गंतव्य बन चुका है। चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीने में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश में 112 प्रतिशत की वृद्धि हुई और अप्रैल-जुलाई 2021 के बीच देश में 20.42 अरब डॉलर का विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) आया। जब विश्व के विकसित देश कोरोना के कारण आर्थिक मोर्चे पर धराशायी होने की स्थिति में पहुंज गये हैं और चीन की आर्थिक विकास दर नीचे चली गई है, तो ऐसे में भारत के आर्थिक विकास का चमकता चित्र मोदी सरकार की नीतियों की सफलता का वर्णन कर रहा है। इन चार महीनों में कुल विदेशी प्रत्यक्ष निवेश 27.37 बिलियन डॉलर हो गया।

1 से 17 सितंबर तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय बाजारों में 11,287 करोड़ रूपये शेयर तथा 5,018 करोड़ रूपये ऋण या बंधपत्र बाजार में डाला है। इससे पहले अगस्त में एफपीआई ने भारतीय बाजारों में 16,459 करोड़ रूपये का निवेश किया। देश ने 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में ऊंची छलांग लगाई है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने न केवब स्वदेशी कोविड टीका का सफलतापूर्वक विकसित किया और 26 सितम्बर तक देश में 86 करोड़ से अधिक टीके की डोज लगाई जा चुकी है। कोरोना से निपटने के लिये भारत प्रदेश की रणनीति की विश्व स्वास्थ्य संगठन ने प्रशंसा की। अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा में जिस प्रकार वैश्विक राजनीति में भारत की धमक और नेतृत्व का प्रभाव दिखा, वह यह बताने के लिये पर्याप्त है कि मोदी सरकार की सेवा और समर्पण से अंत्योदय व आत्मनिर्भर भारत का संकल्प सिद्धि का प्रभाव दिख रहा है और देश विश्व का अग्रणी देश बना है। प्रधानमंत्री मोदी ने अमरीका में विश्व की बड़ी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों से भेंट की। मोदी सरकार जिस सफलता से भारत को वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित कर रही है, वह भाजपा के राजनीतिक दर्शन का परिणाम है। लोकसशक्तिकरण के लिये राजनीति की भाजपा की परंपरा समर्थ भारत और आत्मनिर्भर भारत की स्थापना करेगी, यह जन विश्वास बन चुका है।

यही जन विश्वास जनता के राष्ट्र निर्माण में सहभागी बना रही है, और यह प्रेरणा और आगे ले जायी जानी चाहिए।

## आप की बात

### अनैतिक रास्ता

**किसी** मुकाम को हासिल करने हेतु अनैतिक रास्ता अपनाना बेहद गलत है। हमारी कोशिशो मे मेहनत झलकनी चाहिए न कि नकल और जालसाज़ी; सुखमय जीवन व्यतीत करने हेतु हमे इन बातो का इल्म होना जरुरी है। बीते कुछ दिनों में कई खबरे समाने आई है जहां नकल और जालसाजी के सहारे परीक्षाओ को अंजाम दिया गया है। जहां एक ओर कुछ परीक्षार्थी अपना सब कुछ झोक परीक्षाओ में मेहनत से पास होना चाहते हैं वही दूसरी ओर कुछ परीक्षार्थी पैसो की ताकत से परीक्षा में किसी भी तरह से पास होना चाहते हैं। उदाहरण के रुप मे अंडरग्रेजुएट मेडिकल एंट्रेंस परीक्षा (नीट) जो इस साल विवादों का विषय रहा क्योंकि परीक्षा होने से पहले ही, रिपोर्टों में दावा किया गया था कि परीक्षा का पेपर लीक हो गया है। ऐसे ही कई वाकया इन दिनो सुनने में आए है, लेकिन ये कोई नई बात भी नहीं है। बीते सालो में पेपर लीक, नकल व्यवस्था जैसी वारदाते खूब उभर कर सामने आई है। क्या इसे रोका नहीं जा सकता? प्रशासन द्वारा ठोस कदम उठाने की जरूरत है, आज के आधुनिक युग में कई उपकरण मौजूद है जिससे पेपर लीक और नकल जैसी परेशानियां रोकी जा सकती है अत: यही पथ कारगर है।

– **निखिल रस्तोगी**, कुरुक्षेत्र विवि

### आतंक के धन का स्रोत

**गुजरात** के मुद्रा पोर्ट से 3000किग्रा हेरोइन जो टेलकम पाउडर के नाम से थी, जब्त करने से पहले भी बड़ी मात्रा में हेरोइन तस्करी के संकेत मिल रहे है। टेलकम पाउडर के नाम से आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा जिले की एक कम्पनी को अफगानिस्तान से पूर्व में भी 25 हजार किग्रा टेलकम पाउडर का आयात किया था जिसे हेरोइन ही माना जा रहा है। जिसकी कीमत 25 हजार करोड़ से अधिक थी। ड्रग्स तस्करी के पर्दाफाश से देश की खुफिया एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। ड्रग्स का कारोबार युवाओं और उनके परिवार को तबाह ही नहीं कर रहा बल्कि देश के अलगाववादियों और आतंकवादियों को फंडिंग का भी मुख्य स्रोत है। नशे के कारोबारियों का रैकेट सारे देश मे फैला हुआ है। पाकिस्तान के रास्ते पंजाब, कश्मीर के रास्ते मादक पदार्थो की तस्करी पहले सड़क मार्ग से अब ड्रोन द्वारा हो रही है। जिसे सजग सीमा प्रहरियों द्वारा पकड़ा गया। पाक गुप्तचर एजेंसी भारत देश को तबाह करने के लिये हर खेल खेल रही है। लेकिन उसे तीन बार मिली हार और हर जगह असफलता के बावजूद भी वह नीच कृत्यों से बाज नही आ रहा है। हमारे देश की सरकार को जल थल और वायु सीमा की निगरानी में आधुनिक तकनीक का उपयोग करना चाहिये।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### गुजरात में बदलाव

**यह** पत्र गुजरात में परिवर्तन की प्रक्रिया के संदर्भ मे है। गुजरात की छवि एक प्रगती प्रधान विकास की राह मे अग्रसर प्रदेश की रही है तो ऐसे मे जिस तरह से पहली बार के एमएलए भूपेंद्र पटेल को नया मुख्यमंत्री चुना गया वह निश्चित रूप से चौंकाने वाला था। उससे ज़्यादा चौंकाने वाला यह रहा कि मंत्रिमंडल मे भी थोक में बदलाव देखने को मिला। पाटीदार समुदाय भाजपा से नाराज चल रहा था तो मुख्यमंत्री से लेकर मंत्रियों तक इस समुदाय के काफी लोगों का चुना जाना इस समुदाय को साधने की ओर निशाना है। इस से संकेत ज़रूर कुछ अलग मिलते हैं लेकिन भाजपा के लिए यह प्रदेश सबसे बड़ी प्रतिष्ठा वाला प्रदेश है और उसने जातिगत समीकरणों का सहारा लेकर एक बड़ा दांव खेला है जिससे एस राज्य की बागडोर उनके पास ही रहे। लेकिन यह तय है की भूपेंद्र पटेल और उनके अनुभवहीन मंत्रियों की राह कँटो भारी होने वाली है और उन्हे काफी संघर्ष करना पड़ेगा भाजपा को दोबारा इस चुनाव मे विजयी बनवाने के लिए और अपने आपको राज्य की जनता की कसौटी पर खरे उतरने के लिए।

– **बाल गोविंद**, सेक्टर44, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**हमें** अपनी बैंकिंग का आकार बढ़ाने की आवश्यकता है। हमें एसबीआई के आकार के चार-पांच और बैंकों की आवश्यकता है।

– **निर्मला सीतारमण**
वित्तमंत्री

**हमारे** पास जलवायु परिवर्तन के बुरे प्रभावों को रोकने का अवसर है, लेकिन हमें अभी कार्रवाई करनी होगी। हमें अपना बिल्ड बैक बेटर एजेंडा त्यागना होगा।

– **जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति





**भाजपा** सरकार के पास बताने को इसका एक भी तर्कसंगत कारण नहीं है कि वह जाति आधारित जनगणना के खिलाफ क्यों है?

– **तेजस्वी यादव**
राजद नेता

# थानाध्यक्ष को हटवाने के लिए धरने पर बैठे भाजपा नेता

## ● थानेदार की कार्यशैली को लेकर जताई सख्त नाराजगी

संवाददाता। सकरन सीतापुर

**सकरन थानाध्यक्ष** की कार्यशैली को लेकर सोमवार को भाजपा नेता अपने समर्थकों के साथ धरने पर बैठ गये भाजपा नेता ने बताया कि सरकार की छवि को धूमिल करने वाले इस थानेदार पर जब तक कार्यवाही नही होगी तब वह धरने से नही उठेगें। भाजपा के युवा नेता दीपक सिंह सोमवार को अपने एक सैकडा भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों के साथ सकरन थाने के सामने धरने पर बैठ गये भाजपा नेता का आरोप है कि एसओ पुष्पराज कुशवाहा मनमानी करते हुये जनता व पार्टी कार्यकर्ताओं को परेशान करते है तथा इनके संरक्षण में क्षेत्र में अवैध बालू खनन व अवैध लकडी का कारोबार चरम पर किया जा रहा है बालू की प्रति ट्राली पर एक हजार रूपये पुलिस द्वारा सुबिधा शुल्क लिया जाता है इस अवैध कार्य में कुछ क्षेत्रीय लोगों का संरक्षण प्राप्त है भाजपा नेता का आरोप है कि किसी जायज काम के लिये अगर एसओ को फोन किया जाता है तो वह पहले पद पूछते है पद के हिसाब से नाप तौल कर बात की जाती है यह एसओ सरकार की छवि धूमिल कर रहे है तथा एसओ द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं का शोषण किया जा रहा है दीपक सिंह ने बताया कि जब तक एसओ के बिरूद्ध कार्यवाही नही की जायेगी तब तक वह धरने से नही हटेंगे इस दौरान उनके साथ प्रिंकेश सिंह,संजय सिंह,पवन तिवारी आदि समेत करीब आधा सैकडा से ऊपर भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।


सकरन-धरने पर बैठे भाजपा नेता दीपक सिंह

# अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों को स्वागत

## ● प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में हुआ आयोजन

संवाददाता। सीतापुर

**अल्पसंख्यक मोर्चा** भारतीय जनता पार्टी जनपद में जिला अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा समीर अहसन रिजवी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71 वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा हर विधानसभा में कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें मुख्यता कंट्रोल प्लस ट्री संस्था वृक्ष उपलब्ध कराए गए जिसके संस्थापक सनी राठौर एवं अभिषेक राठौर उपस्थित रहे। महमूदाबाद विधानसभा में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री अवध क्षेत्र भाजपा नीरज वर्मा द्वारा वृक्षारोपण किया गया। निदेशक उत्तर प्रदेश वक्फविकास निगम/ निवर्तमान राष्ट्रीय मंत्री भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा शफ़अत हुसैन उपस्थित रहे। मोहन प्रसाद बारी के भाजपा कार्यालय महमूदाबाद वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। नगर अध्यक्ष महमूदाबाद राम शंकर वर्मा, नमन वर्मा, रामकुमार वर्मा, संतोष सिंह, पूर्व चेयरमैन सुरेश वर्मा, संजय वर्मा, संदीप चौहान आदि मौजूद रहे। मेराज अली मण्डल अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जहांगीराबाद श्री प्रणव जैन मण्डल अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा रामपुर मथुरा सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष खैराबाद देहात अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा राष्ट्रीय मंत्री का भव्य स्वागत किया गया। खैराबाद ब्लॉक कैंपस में निवर्तमान राष्ट्रीय मंत्री द्वारा वृक्षारोपण किया गया।


सीतापुर-स्वागत करते भाजपा पदाधिकारी।

## क्विक न्यूज

### दहलीज का दर्द...


सीतापुर-चंद रोज पहले पीडब्लूडी मंत्री इसी रास्ते गुजरे, देश व प्रदेश की राजधानी को जोड़ने का काम करने वाला एनएच-24 यूं तो जिले में जगह-जगह बदहाल है, लेकिन सीतापुर की दहलीज पर गड्ढों का दर्द मेहमानों को परेशान कर रहा है। जरा सा पानी भरने के बाद मुख्य द्वार पर चार गड्ढे हो गए हैं, जिनपर नजर हर किसी की पड़ती है, लेकिन फिक्र किसी को नहीं गड्ढों से उखड़ी बजड़ियां शहर में टर्न लेने वाले मेहमानों को परेशान कर रही है।
(फोटो-विपिन राजवंशी)

### सेवित जन भी सेवा कार्य से जुड़ें- रजनीश गुप्ता

**सीतापुर**। सेवा भारती द्वारा स्थानीय प्रेम नगर स्थित संघ कार्यालय पर बैठक की गयी। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अवनेन्द्र विक्रम सिंह ने की। अतिथी में गैर जनपद से पधारे प्रान्त मंत्री अवध रजनीश गुप्ता व प्रांतीय संगठन मंत्री भास्कर उपस्थित रहे बैठक के दौरान प्रान्त मंत्री अवध श्री गुप्ता ने कहा कि कि सेवा भारती द्वारा पिछड़े व असक्षम लोगों को सक्षम बनाने के लिए अनेकों कार्य रहे हैं। सेवित जन भी सेवा कार्य से जुड़े तथा समाज के पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए कार्य करें।वही संगठन मंत्री भास्कर ने कहा कि सेवा भारती के कुछ और प्रकल्प भी है जिसमें मातृ मंडल सेवा भारती युवा भारती इत्यादि हैं मातृ मंडल सेवा भारती बहनों का एक कार्यक्रम है विभिन्न विभिन्न सेवा बस्तियों में कार्य करने हेतु प्रकल्प चलाए जाते हैं जिसमें महिलाओं से प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाती है जो महिलाएं सिलाई कढ़ाई सीखना चाहती हैं उन्हें स्वावलंबी बनाने हेतु ट्रेनिंग दी जाती है। बैठक में मुख्य रूप से प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, जिला अध्यक्ष अवनेन्द्र विक्रम सिंह उपाध्यक्ष आकाश राय, वेद प्रकाश कश्यप,कमलेश मेहरोत्रा, सह मंत्री कमलेश कुमार पाण्डेय, बी पी सिंह, राजेंद्र कुमार गुप्ता, डॉ वीरेन्द्र कुमार आर्य, अजीत कुमार सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**बरेली** । पिता के साथ बहन के घर जा रहे एक एक युवक की रास्ता में ही सड़क दुर्घटना में मौत हो गई स पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा कस्बा व थाना फरीदपुर निवासी 18 वर्षीय अनिल पुत्र ललित कि आज सुबह बिलवा फार्म भोजीपुरा के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई अनिल के घर वालों ने बताया कि वह आज सुबह अपने पिता ललित के साथ मोटरसाइकिल से रामपुर निवासी अपनी बहन मीठड़ी के घर जाने को अपने घर से चला था स बाइक को उसके पिता चला रहे थे । वह पीछे बैठा था स लेकिन जब उनकी बाइक के बिलवा फार्म भोजीपुरा पहुंची तभी पीछे से आ रहे एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी स जिससे अनिल गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराने की कोशिश की लेकिन उसकी रास्ते में हीं मौत हो चुकी थी और अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया स दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला ट्रक फरार हो गया ।

### गर्भवती प्रेमिका की हत्या करने वाला युवक गिरफ्तार

**बरेली** । देवरनिया थाना क्षेत्र में 21 तारीख को दर्ज हुए मुकदमे में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया हैए पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भगवत शरण निवासी गुलड़िया थाना देवरनिया को गिरफ्तार किया हैए पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि लड़की से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था लड़के ने कई बार लड़की को जंगल मे ले जाकर शारीरिक सम्बन्ध बनाये जिसकी वजह से लड़की गर्भवती हो गई जब लड़की ने ये बात लड़के को बताई तब लड़के ने उसको गर्भ नष्ट करने के लिए कई बार दवाई भी खिलाई लेकिन दवाई खाने के बाद भी कोई नतीजा नही निकला लड़की ने लड़के को बताया अब मेरा गर्भ 5 से 6 माह का होने वाला है अगर मेरे घर वाले और गाँव वाले जान जायेगे तो क्या होगा लड़के ने सोचा अगर ये बात सबको पता लगी तो बहुत बदनामी होगी।

# घरेलू कलह के चलते युवक ने फांसी लगाई

**बरेली**। पत्नी से झगड़े के बाद एक युवक ने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली स पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी । बहेड़ी थाने के गांव सकुटिया निवासी नेमपाल के बेटे अंकुश ने बीती रात घर में ही खपरैल की बल्ली से साड़ी बांध कर फांसी लगा ली सुबह होने पर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया स उसके घर वालों ने बताया कि मृतक राजस्थान की एक फैक्ट्री में काम करता था और उसका विवाह लगभग 1 वर्ष पूर्व हुआ था वह लगभग 1 सप्ताह पूर्व काम से छुट्टी मिलने पर अपने घर लौटा था स जहां इसका पत्नी से अक्सर झगड़ा होता था स कल शाम भी दोनों के बीच विवाद हुआ था इसके बाद वह खाना खाकर सोने चला गया और रात में किसी समय उसने बल्ली से साड़ी बांध कर फांसी लगा ली स सुबह होने पर उसकी लाश को घर वालों ने फांसी पर लटके देखा और घटना की जानकारी पुलिस को दी ।

## सपा ने बनाई सदर विधानसभा सदस्य कमेटी

# सदस्यों को सौंपा गया मनोनयन पत्र

## ● जिलाध्यक्ष ने गांव गांव जाकर सपा की नीतियां बताने की कही बात

## ● बूथ को मजबूत कर सपा सरकार बनाने का किया आह्वान

संवाददाता। सीतापुर

**विधानसभा चुनाव** को लेकर समाजवादी पार्टी ने कमर कस ली है, वह बूथ से लेकर कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम कर रही है। सोमवार को जिला कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन हुआ जिसमें विधानसभा कमेटी का गठन जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव की मौजूदगी में हुआ। विधानसभा अध्यक्ष महेन्द्र यादव ने सदस्य के रूप में कमलेश, ओमकार, हासिम, बदरूदीन, राजू मौर्या, शिवकुमार निषाद, रामलखन, लक्ष्मण राठौर, रमेश भार्गव, अनुपम राजवंशी, रामबालक यादव, साबित अली, नीरज सिंह सहित 51 लोगो को विधानसभा कमेटी में सदस्य का मनोनयन पत्र दिया। मनोनयन पत्र के दौरान सभी का माला पहनाकर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव ने कहा कि सभी लोग गांव-गांव जाकर सपा की नीतियों को लोगो तक पहुंचे व भाजपा की नाकामियां भी गिनाएं। इस मौके पर कार्यालय प्रभारी जय सिंह यादव, मसूद आलम, मनोज कनौजिया, अरशद, अनस खांन, इशराक, मदन कनौजिया, किशोर कुमार सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।


सीतापुर-मनोनयन पत्र देते जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव, महेन्द्र यादव व अन्य।

# नहीं दिखा भारत बंद का असर

संवाददाता। सीतापुर

**संयुक्त किसान** मोर्चा द्वारा कृषि कानूनों के खिलाफ पूरे देश में किए गए भारत बंद का असर नोएडा, गुरुग्राम और गाजीपुर बॉर्डर पर भले दिखा हो, लेकिन सीतापुर में भारत बंद का कोई असर नजर नहीं आया। सोमवार की सुबह रोजाना की तरह शहर की बाजार खुल गईं और व्यापार सामान्य गति से चलता रहा। जिले में भी भारत बंद बेअसर दिखा। डीएम विशाल भारद्वाज व एसपी आरपी सिंह द्वारा संयुक्त रूप से शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत भ्रमण करते हुए निरीक्षण किया गया। शहर में रेलवे स्टेशन, खैराबाद टोल प्लाजा पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए अफ्सरों ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उधर भारत बंद में हरगांव क्षेत्र के विभिन्न किसान संगठनों ने समर्थन किया। जिसका मिला जुला असर दिखाई दिया। लगभग पचास प्रतिशत दुकान संचालकों ने अपने अपने प्रतिष्ठान बंद कर भारत बंद का समर्थन किया। जबकि बाकी की दुकानें खुली रहीं। क्षेत्र में आयोजित भारत बंद के लिए राजेश सिंह तोमर, हरभजन सिंह, बलवन्त सिंह आदि ने किसान संघर्ष मंच व किसान मोर्चे की तरफ से प्रतिष्ठान संचालकों से सहयोग मांगा। जबकि कम्नियुस्ट यूनियन के नेता रामसनेही वर्मा ने ब्लॉक परिसर में धरना प्रदर्शन किया। थानाध्यक्ष बृजेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस बल मुस्तैद रहा।

## निजीकरण को लेकर बैंक कर्मियों की हड़ताल

**सीतापुर**। ऑल इंडिया रीजनल रूरल बैंक इंप्लाइज एसोसिएशन के बैनर तले हुई हड़ताल के दौरान सोमवार को प्रदेश की 1365 ब्रांचो में तालाबंदी रही। एक दिवसीय हड़ताल में सात हजार से अधिक कर्मचारी शामिल हुए। आठ सूत्रीय मांगो को लेकर की गई इस हड़ताल से लगभग पांच अरब का कारोबार प्रभावित होने का अनुमान है। इस दौरान संगठन के आनंद स्वरूप, रामसागर, अरूणेश सहित तमाम बैंक कर्मी मौजूद रहे।

# डेढ़ किलो चिप्पड़ के साथ एक गिरफ्तार




**बेहजम खीरी**। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी मितौली के दिशा निर्देशन में थाना नीमगांव पुलिस चौकी प्रभारी अनिल पांडे अपने हमराही आपके साथ गश्त के दौरान बेहजम पुलिस को मिली। बड़ी कामयाबी अल्लीपुर भूलनपुर मार्ग पर वोडा टावर के पास संदिग्ध अवस्था में रात करीब आठ बजे एक बाइक सवार संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। जिसको पकड़ने के प्रयास पर रात के अंधेरे में भागने का प्रयास किया। पुलिस चौकी प्रभारी अनिल सहित पुलिस टीम ने चारों तरफ से घेरा बंदी कर पकड़ लिया पूछताछ करने पर अपना नाम सीबू पुत्र रफ़ीउल्ला निवासी भूड़वारा थाना गोला जनपद खीरी बताया। तलाशी के दौरान उसकी बाइक यूपी31एके0909 होंडा साइन की डिग्गी से 1 किलो 600 ग्राम चिप्पड़ (गांजा) को अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार कर उक्त अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# खीरी में चला सेल्फी विद डॉटर्स डे कार्यक्रम

**लखीमपुर खीरी**। 27 सितंबर 2021 महिला कल्याण विभाग खीरी ने अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस को विशेष बनाया। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत महिला शक्ति केंद्र खीरी की टीम ने सेल्फी विद डॉटर्स डे कार्यक्रम हुआ।जिसमें खीरी वासियों ने बढ़-चढ़कर वर्चुअल प्रतिभाग किया। अपनी फूल सी कोमल बेटियों के साथ माताओं ने सेल्फी विद डॉटर्स डे कार्यक्रम को खास बनाया। इस कार्यक्रम का संयोजन महिला कल्याण अधिकारी आर्य मित्रा विष्ट एवं जिला समन्वयक श्रीमती निक्की गुप्ता, सरोजिनी ने मिलकर किया। खीरी की महिलाएं ना केवल इस मुहिम का केवल हिस्सा बनी बल्कि उन्होंने अपनी फोटो खींच कर महिला कल्याण विभाग को भी भेजी। इसके अलावा विभाग ने विभिन्न सोशल प्लेटफॉर्म्स के जरिए लोगों को अपने स्टेटस एवं डीपी पर बेटियों के साथ फोटो शेयर के लिए भी प्रोत्साहित एवं प्रेरित किया। इस पूरे अभियान का महिला कल्याण विभाग ने डॉक्यूमेंटेशन भी किया है।

## बीडीओ पसगवां के खिलाफ मितौली के पत्रकारों ने भरी हुंकार

**मितौली-खीरी**। ब्लाक गेट के सामने एक दैनिक समाचार पत्र के कार्यालय पर ऑल इंडियन प्रेस एसोसिएशन के चीफ कोआर्डिनेट ने पत्रकारों के साथ हो रहे शोषण पर मितौली पत्रकारों के साथ बैठक कर चर्चा की। ऐप्जा के चीफ कोआर्डिनेट अनुराग एम सारथी ने कहा कि मोहम्मदी तहसील के अंतर्गत पसगवां ब्लॉक में तैनात बीडीओ प्रदीप चौधरी ने क्षेत्रीय पत्रकारों के साथ अभद्रता की है। जिस पर संगठन ने उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए 28 सितंबर तक बीडीओ पसगवां को हटाए जाने की मांग की है। यदि प्रशासन ने पसगवां विकास खंड अधिकारी को नहीं हटाया तो एक्शन पार्टी के नेतृत्व में जनपद के हजारों पत्रकारों के द्वारा 30 सितंबर को मोहम्मदी तहसील पर विशाल धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बीडीओ की तानाशाह रवैया से आहत पत्रकारों के हित के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। इस धरना-प्रदर्शन में गैर जनपदों से भी पत्रकार एकत्रित होंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार, अखिलेश मिश्रा, सुनील तिवारी, जीतू गुप्ता,धीरज तिवारी, पंकज कुमार, पंकज अवस्थी, राजीव दीक्षित, पवन दीक्षित, राहुल मिश्रा, सुधीर मिश्रा, मुदित दीक्षित, जीतेन्द्र बाजपेई, रोहित सोनी, विकास शुक्ला, कमलेश पाल, संजय यादव, एलपी राठौर, कयूम अली, रूपेश मिश्रा आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# भुगतान न मिलने से बढ़ रहा राइस मिलर्स पर बोझ: मिश्र

**लखीमपुर-खीरी**। विगत 2013-14 से धान संबधी भुगतान लम्बित हैं। इससे राइस मिल स्वामियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एफसीआई ने पीसीएफको पेमेंट करने के बावजूद भी अभी तक राइस मिल स्वामियों का भुगतान नहीं किया। मौजूदा समय में भी करीब 16 से 20 करोड़ रुपये बकाया है। इससे दिन पर दिन राइस मिल स्वामियों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। यह बात दि यूपी राइस मिलर्स एसो. के अध्यक्ष विजय मिश्रा उर्फ राजू भइया ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए कही। इसको लेकर सोमवार को एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से मिलकर जल्द से जल्द भुगतान कराने की मांग की है। श्री मिश्रा ने बताया कि बीते कई वर्षो से धान कस्टम मिलिंग के कार्य में धान में चावल की रिकवरी 67 प्रतिशत की जगह 58 से 60 प्रतिशत निकलने, चावल की टूटन 25 प्रतिशत की जगह 45 प्रतिशत से 50 प्रतिशत निकलने व मिलिंग चार्जेज विगत 30 वर्षो से 10 रुपये मिलने तथा कई वर्षो से मिलर्स को मिलने वाले विभिन्न प्रकार के भुगतान न मिलने के कारणों से राइस मिलर्स बहुत अधिक नुकसान में हैं। पीसीए संस्था द्वारा मिलर्स को धान सूखन के मद में मिलने वाले देयों का भुगतान वर्ष 2013-14 से अब तक नहीं किया गया है। अगर जल्द ही इस मामले में सरकार ने कोई भी कदम उठाया तो इस बार शासन द्वारा कोई भी कराये गये कार्य नहीं किये जायेंगे। प्रेसवार्ता में जिलाध्यक्ष के अलावा नितिन अग्रवाल, रविप्रकाश अग्रवाल, खलीक अहमद व संदीप अग्रवाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इसके बाद एसोसिएशन पदाधिकारियों ने खाद्य एवं रसद विभाग के प्रमुख सचिव को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। पदाधिकारियों ने प्रमुख सचिव से राइस मिलर्स की समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है।



# आत्महत्या करने शारदा नदी में कूदे व्यक्ति की बचाई जान

**निघासन-खीरी**। थाना धौरहरा क्षेत्रान्तर्गत शारदा बैराज के पास एक व्यक्ति इकरार पुत्र बदलू निवासी मोहल्ला बाजार वार्ड कस्बा व थाना धौरहरा जनपद खीरी ने पारिवारिक समस्याओं से परेशान होकर आत्महत्या के इरादे से शारदा नदी में कूद गया। तभी शारदा बैराज पर ड्यूटी पर तैनात थाना धौरहरा में नियुक्त मुख्य आरक्षी जय प्रकाश, मुख्य आरक्षी अनिल तिवारी, मुख्य आरक्षी मृत्युंज्य पांडेय एवं कांस्टेबल मोहम्मद फिरोज द्वारा अपनी जान की परवाह न करते हुए त्वरित कार्यवाही कर अदम्य साहस का परिचय देते हुए नदी में कूदकर उपरोक्त व्यक्ति को सकुशल नदी से बाहर निकालकर उपचार हेतु चिकित्सक के पास ले जाया गया जहां इकरार उपरोक्त का इलाज किया जा रहा है। घटना के बारे में महिला के परिवारीजन को सूचित कर दिया गया है। पुलिस की सक्रियता, संवेदनशीलता एवं इस साहसपूर्ण कार्य की स्थानीय जनता द्वारा मुक्त कण्ठ से प्रशंसा की जा रही है।

# महाविद्यालय में लगाया गया सदस्यता कैम्प




संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**समाजवादी छात्रसभा** द्वारा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर चलाये जा रहे छात्र नौजवान जागरूकता अभियान में पहले दिन युवराज दत्त महाविद्यालय में सदस्यता कैम्प लगाया गया। इसमें बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रपत्र भरकर शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु अपने सुझाव दिए।

भरे गए प्रपत्रों में छात्र छात्राओं ने अखिलेश यादव की महत्वपूर्ण योजना मुफ्त लैपटॉप वितरण को याद किया तो किसी ने छात्राओं ने कन्या विद्याधन को फिर से शुरू करने की मांग की। वहीं दलित वर्ग के छात्र छात्राओं ने उच्च शिक्षा में शून्य शुल्क पर प्रवेश को पुनः बहाली की मांग की। वहीं तमाम आर्थिक रूप से कमजोर छात्र छात्राओं ने पुनः शुल्क प्रतिपूर्ति को शुरू करने की मांग की। समाजवादी छात्र सभा जिलाध्यक्ष प्रवीन यादव ने बताया कि शिक्षा के निजीकरण व मंहगी होने से तथा बढ़ती बेरोजगारी से छात्रों, युवाओं में रोष है। आज प्रदेश का का युवा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहा है। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामपाल यादव, महिला सभा जिला अध्यक्ष तृप्ति अवस्थी, पूर्व जिला अध्यक्ष युवजन सभा मुन्ना यादव, रियाजुल्ला खान, अनुराग वर्मा रंजीत शिरकत करने पहुंचे छात्र छात्राओं से संवाद स्थापित किया।कार्यक्रम के दौरान जिला महासचिव संजय वर्मा, उपाध्यक्ष प्रशांत लाला, हर्षित सिंह सुधाकर लाला, अभय सिंह, पंकज यादव, अमन सोनी, सचिव अमरेंद्र सिंह, अभिषेक चौरसिया, मोतीलाल वर्मा, दुर्गेश गुप्ता, भूपेंद्र भार्गव, युवराज सिंह, मनमोहन वर्मा, नरेंद्र वर्मा, अमरकांत राज, मोहित वर्मा, अरबाज अली, उज्ज्वल श्रीवास्तव समेत तमाम छात्र सभा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मोडिफाइड साइलेंसर युक्त बुलेट को अभियान चलाकर सीज करें अफसर :डीएम

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**सोमवार को** डीएम डॉ अरविंद कुमार चौरसिया की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक का सफल संचालन एआरटीओ प्रवर्तन रमेश कुमार चौबे ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से ज़िले के 13 ब्लैक स्पॉट स्थलों पर आईआईटी दिल्ली के रोड सेफ्टी ऑडिट में प्राप्त निर्देशों पर अब तक की कार्यवाही की जानकारी ली, जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने बार मार्किंग, रंबल स्ट्रिप, एज लाइन, सेंटर लाइन, हजाडर्स मार्कर आदि कार्य की प्रोग्रेस जानी। डीएम ने सड़कों पर स्पीड कम करने के लिए अब तक किए उपाय जाने। वही अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह को ब्लैक स्पाट पर पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्रवाइयों हेतु निर्देशित किया। डीएम के पूछने पर पीडब्ल्यूडी के अफसरों ने बताया कि जिले में 40 दुर्घटना संभावित क्षेत्र चिन्हित है, जिनमें अस्थाई सुधार कार्य कराने के साथ ही स्थाई सुधार कार्यों की स्टीमेट बनाकर भेज दिया गया।

डीएम ने डीसीओ बीके पटेल को निर्देश दिए कि पेराई सत्र से पहले प्रयुक्त वाहनों में अनिवार्य रूप से रिफ्लेक्टर लगवाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। डीएम ने निर्देश दिए कि बिना रिफ्लेक्टर लगाए वाहनों की गन्ने की तौल न की जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि मॉडिफाइड साइलेंसर (तीव्र ध्वनि व फायर साइलेंसर का उपयोग) वाली बुलेट पर अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई करते हुए सीज कराए। उन्होंने ई-चालान की अद्यतन प्रोग्रेस, पेंडेंसी चालान के निस्तारण की जानकारी प्राप्त की। अच्छा जिले में हिट एंड रन मामलों में दी जाने वाली सहायता की जागरूकता चलाई जाए। एआरटीओ ने बताया कि भारत सरकार की ओर से जिन वाहनों की वैधता माह फरवरी सन 2020 को खत्म हो रही थी उसे 30 सितंबर 2021 तक बढ़ा दिया गया था। सभी वाहन स्वामी अपने वाहन वैधता के दस्तावेजों को अपडेट करा लें। जिले में 30 सितंबर को स्कूली बच्चों को लाने व ले जाने में प्रयुक्त होने वाले काफी विद्यालय वाहनों की फिटनेस समाप्त हो रहा है। जिस पर डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क पर अनफिट वाहन मिले तो अधिकारी उन्हें तुरंत सीज करे, यह बच्चों से जुड़ा मामला है, इसमें किसी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त ना होगी। ऐसे चिन्हित वाहनों की सूची संबंधित थानाध्यक्षों को भी भेज दें। उन्होंने बताया कि अनफिट वाहनों की सीज होने का संपूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित विद्यालय के प्रबंधक व संचालक का होगा। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट पर आवश्यक सुधार, सड़कों पर यातायात संकेत, चेतावनी बोर्ड तथा पुराने वाहनों की सतत निगरानी करने ठोस प्रयास करने रणनीति बनी। बैठक में एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी अरुण कुमार सिंह, एसडीएम सदर डॉ अरुण सिंह, एआरटीओ रमेश कुमार चौबे, आलोक कुमार सिंह, डीसीओ बीके पटेल, एक्सईएन (पीडब्ल्यूडी) सीएल गुप्ता सहित समिति के अन्य सम्मानित सदस्य मौजूद रहे।



# 2022 में यूपी में पूर्ण बहुमत से बनेगी सपा की सरकार: जूही

संवाददाता। चित्रकूट


राष्ट्रीय महिला सभा अध्यक्ष का स्वागत करते अनुज यादव

**सपा मुखिया** अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष/प्रवक्ता जूही सिंह ने कहा कि योगी सरकार का लोकतंत्र और संविधान में भरोसा नहीं है। भाजपा झूंठ बोलने में माहिर है। 2022 में कमरतोड महंगाई, बेरोजगारी, महिला जुल्म व शोषित समाज सपा के पक्ष में मतदान करेगा। सोमवार को सपा महिला सभा राष्ट्रीय अध्यक्ष/प्रवक्ता जूही सिंह ने सीतापुर में हुई सभा में कहा कि योगी सरकार ने प्रदेश में कोई विकास कार्य नहीं किया। सरकार के मंत्री व मुख्यमंत्री अखिलेश सरकार के कार्यों का उद्घाटन करते रहे। योगी का कार्यकाल पूरा होने को है, लेकिन उनका कोई विकास कार्य धरातल पर नहीं दिख रहा है। भाजपा राजनीतिक दल नहीं, बल्कि मायावियों का असंवैधानिक संगठन है। सपा सरकार की योजनायें गिनाते हुए कहा कि चित्रकूट में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने हजारों करोड़ की योजनायें दी थीं। जिले को बिजली कटौती से मुक्त कर प्रदेश का रोपवे हो या राजापुर का पुल तथा राजापुर-मानिकपुर को तहसील तथा स्टेडियम व ओवरब्रिज समेत 84 हजार महिलाओं को पेंशन देने का काम किया था। भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि योगी राज में किसान, नौजवान, महिलायें खुद को ठगा महसूस कर रही हैं। महिलाओं के साथ जितना जुल्म योगी राज में हुआ है लोकतंत्र के इतिहास में ढूंढने से नहीं मिलता। प्रदेश में सत्ता संरक्षित अपराधों की बाढ आ गई है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व्यासजी गौड ने कहा कि योगी सरकार दलित, पिछडा विरोधी है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवशंकर यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता जान चुकी है कि अखिलेश यादव सूबे के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने कहा कि योगी सरकार के जुल्मों का जवाब 2022 के चुनाव में जनता वोट के रुप में देगी। पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल ने कहा कि योगी सरकार विकास और जनहित के मुद्दों पर पूरी तरह फेल है। डॉ निर्भय सिंह पटेल ने कहा कि अखिलेश यादव के विकास कार्यों की जनता मुरीद है। इस मौके पर सपा नेता सिद्धार्थ पाण्डेय, अनिल प्रधान, जागेश्वर यादव, ठा शैलू सिंह, रामचन्द्र वर्मा समेत तमाम सपाई मौजूद रहे। संचालन जिला महासचिव फराज खान ने किया।

## प्रमोद तिवारी पर दर्ज मुकदमे वापस न लेने पर होगा आन्दोलन: रंजना पांडेय


आन्दोलन की चेतावनी देती कांग्रेस नेत्री

**चित्रकूट।** मऊ-मानिकपुर विधानसभा के बरगढ़ क्षेत्र में कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी रंजना बरातीलाल पाण्डेय ने कई गांवों का दौराकर बरगढ न्याय पंचायत अध्यक्ष बाघराज कोल की अध्यक्षता में बैठक कर गोइयां, खोहर, हर्दीकला व ओबरी गांव अध्यक्षों का चयन किया। चेताया कि कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी व अराधना मिश्रा पर दर्ज मुकदमे वापस न लिए तो कांग्रेस आन्दोलन करेगी।

सोमवार को कांग्रेस की मऊ-मानिकपुर विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी रंजना बरातीलाल पाण्डेय ने कहा कि आदिवासियों को कांग्रेस ने पट्टे व आवास जो भी योजनायें मिल रही हैं, वह सभी कांग्रेस की देन है। मौजूदा सरकार उद्योगपतियों की सरकार है। केवल झूंठ बोलने का काम कर रही है। गरीबों को रसोई गैस देकर सिलेंडर के दाम महंगे कर दिये, ताकि आम आदमी दुबारा गैस नहीं भरवा पा रहा है। महंगाई से जनता बेहाल है, मजदूर परेशान है, किसान आन्दोलनरत है। उन्होंने कहा कि प्रतापगढ में भाजपा सांसद ने जिस तरह से गुण्डई की, जब जनता से मना किया तो वे हाथापाई पर उतारु हो गये। सत्ता के दम पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी व विधान मंडल दल की नेता अराधना मिश्रा पर मुकदमे थोप दिये। चेताया कि कांग्रेसियों के सरकार ने मुकदमे वापस न लिए तो सड़कों पर उतरकर कांग्रेस संघर्ष करेगी। इस मौके पर ग्राम अध्यक्ष सुखलाल कोल, कमलेश, धर्मेन्द्र, कृष्णा कोल, राजकुमार कोल, विकास दुबे, दिलीप, राजेश, सतीश आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### एस्कार्ट में तैनात नशेबाज सिपाहियों ने एक-दूसरे को रायफल की बटों से पीटा

**हमीरपुर।** राज्य स्तरीय निगरानी समिति के सदस्य के एस्कार्ट में तैनात आज दो सिपाहियो के बीच सरेआम डाक बगले में जमकर मारपीट हुई,जिससे जनता का हुजूम ने खूब चटकारे लिये। जानकारी के मुताबिक विशिष्ट सदस्य राज्य स्तरीय निगरानी समिति भरोसीलाल वाल्मीकि अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार दोपहर बाद पीडब्ल्यूडी डाक बंगला पहुंचे। जहां से उनके कुरारा जाने का कार्यक्रम तय था। डाक बंगला पहुंचने के पूर्व वहां ड्यूटी में एस्कार्ट लगाये गये हेड कांस्टेबिल के अलावा चालक शेषलाल व सिपाही देवेंद्र यादव मौजूद थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार देवेंद्र नशे में था। जो अंदर पहुंचने वाले लोगों को जाने से मना कर रहा था। इसी बात को लेकर चालक व सिपाही में विवाद होने लगा। देखते देखते विवाद इतना बढ़ा की दोनों रायफल की बटों से एक दूसरे को पीटने लगे। वहां खड़े एचसीपी तमाशा देखते रहे। वहीं आसपास मौजूद लोग भी खड़े रहे। सूचना मिलने पर आयोग सदस्य के साथ एस्कार्ट बदलकर भेजा गया। वहीं सिपाही देवेंद्र यादव आरआइ कार्यालय के बाहर गालीगलौज करता रहा। इस मामले में आरआइ मुनेश बाबू राणा ने कुछ भी बोलने से इन्कार किया।चर्चा है कि देर रात तक दोनो खिलाफकार्यवाही हो जायेगी।

### गैस एजेंसी में छापा, दूसरी कंपनी के मिले सिलेंडर

**हमीरपुर।** गोहांड कस्बे स्थित सिरावन इंडेन गैस एजेंसी का जिला पूर्ति अधिकारी रामजतन यादव ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एजेंसी में दूसरी कंपनी के सिलिंडर मिलने पर नाराजगी व्यक्त कर स्पष्टीकरण मांगा। जिलापूर्ति अधिकारी रामजतन यादव ने गोहांड कस्बा स्थित सिरावन इंडेन गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएसओ को वहां पर कार्यरत कर्मचारी किसी भी प्रकार के कोई अभिलेख नहीं दिखा सका। वहीं जब डीएसओ ने भंडारण कक्ष का निरीक्षण किया तो वहां पर 16 सिलिंडर भारत गैस के पाए गए। जिस पर उन्होंने संचालक को बुलाकर फटकार लगाई और इंडेन गैस एजेंसी में दूसरी कंपनी के सिलिंडर मिलने तथा किसी भी प्रकार के अभिलेख न दिखाए जाने पर स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान स्टाक का भी मिलान किया।

### निमोनिया से बच्ची की मौत

**हमीरपुर।** जलालपुर निवासी सुशील कुमार की दो वर्षीय पुत्री सौम्या कई दिनों से खांसी व जुकाम से परेशान थी। जिसकी हालत रविवार को अचानक ज्यादा खराब हो गई। आनन फानन स्वजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां कुछ देर तक उसका इलाज चलता है और अचानक से उसकी मौत हो गई। इमरजेंसी काल पर आए बालरोग विशेषज्ञ डा. मनीराम वर्मा ने बच्ची को देखा और मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि बच्ची निमोनिया से ग्रसित थी। इस समय जिला अस्पताल में मासूम बच्चे भी खांसी व जुकाम से ग्रसित होकर पहुंच रहे हैं। जिसके चलते दोनो बाल रोग विशेषज्ञों के कक्षों के सामने अच्छी खासी भीड़ नजर आ रही है। डा. मनीराम वर्मा ने बताया कि इस समय रोजाना करीब 30 से 35 बच्चे निमोनिया के शिकार होकर जिला अस्पताल आ रहे हैं। जिनमें गंभीर बच्चों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। मौजूदा समय में करीब तीन बच्चे जिला अस्पताल में भर्ती हैं।

### शराब वभारी मात्रा में उपकरण मिले

**मौदहा(हमीरपुर)।** सिसोलर पुलिस ने अपने ही खेत में महुआ की कच्ची शराब बना रहे एक युवक छापा मारकर 40 लीटर अवैध शराब, इसमें मिलाने के लिए यूरिया,व उपकरण बरामद करने के साथ ही दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक केन नदी के किनारे खैर गांव निवासी किशनपाल सिंह व इसी गांव का लाला सिंह शराब बनाते हुए मिले। मौके पर शराब बनाने के उपकरण,40 लीटर शराब महुआ मिश्रण, दो किलो यूरिया,पांच क्विंटल लहन मिला,जिस पर लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि दो लोगों में एक मौका देख कर फरार हो गया जिसमें किशनपाल को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी हेमंत कुमार मिश्रा उप निरीक्षक संजय मिश्रा,हेड कांस्टेबल कुम्भकर्ण सिंह, कांस्टेबल अरूण कुमार, अतुल कुमार, अंजनी मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

### सर्प के काटने से युवक की जान गई

**मौदहा (हमीरपुर)।** मुस्कुरा थाना क्षेत्र के मसगांव में खेत की रखवाली करने गए एक किसान की जहरीले सांप के काटने से मौत हो गई। गांव निवासी मुकेश 40 अपने खेत की रखवाली करने गया था, तभी खेत में छुपे सांप के काटने से उसे तत्काल निकट के इमिलिया स्थित सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। यदि पोस्टमार्टम में यह स्पष्ट होता है कि किसान की मौत जहरीले कीड़े के काटने से ही हुई है तो चार लाख तक का सरकारी सहायता परिवार को मिल सकती है।

### दंबगों ने गोली मारकर महिला को किया घायल, चार के खिलाफ रिपोर्ट

**मौदहा (हमीरपुर)।** कल रात संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से एक महिला घायल हो गयी जिसे गंभीर हालत में मुख्यालय रेफर कर दिया गया। हालांकि इस मामले में घायल महिला के पति की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफमामला दर्ज कर पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।उक्त घटना का कारण वक्फबोर्ड की संपत्ति की वजह से हुआ विवाद माना जा रहा है। नगर के उपरौस निवासी अरशद मुकीम पुत्र सुलेमान ने कोतवाली मौदहा में तहरीर दी है कि रविवार की रात वह अपनी पत्नी आरफा बानो के चाचा के घर से लौटकर मराठी पुरा स्थित अपने घर पहुंच दरवाजे का ताला खोल रहा था, तभी नगर के इकबाल महतो व जावेद महतों पुत्रगण आफताब अहमद, रफीक उद्दीन उर्फपिंटू पुत्र बाकर व मुनीर अहमद पुत्र हयात उद्दीन ने मौके पर पहुंच अवैध असलहों से फायरिंग शुरू कर दी जिससे वह तो बाल-बाल बच गया लेकिन एक गोली उसकी पत्नी आरफा के गले में लग गयी। जिससे आरफा लहूलुहान हो जमीन पर गिर पड़ी। यह देख हमलावर मौके से गाली गलौज करते हुए भाग निकले।आधी रात हुई फायरिंग से मोहल्ले के लोगों में दहशत फैल गयी।

### सडक दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**सुमेरपुर।** नेशनल हाईवे में ग्राम नरायनपुर के पास सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी। पुलिस के मुताबिक कस्बा सुमेरपुर अमिलियाबाडा मोहाल निवासी रामबाबू (28) कुछेछा में मुर्गा मछली बेचने की दुकान रखे था।रविवार की देर रात्रि वह अपनी दुकान बंद करके बाइक द्वारा सुमेरपुर वापस आ रहा था तभी ग्राम नरायनपुर के समीप क्षतिग्रस्त खड़ी टैक्टर ट्राली से टकरा गया जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी।सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुँच गयी और शव को जिला मुख्यालय भेज दिया।युवक की मौत की खबर पाकर परिजनों में कोहराम मच गया।मृतक। अपने पीछे पत्नी व दो बच्चे पुत्री अनुवांशिक 2 वर्ष तथा पुत्र बेटू 5 माह को रोता बिलखता छोड़ गया।

## एसपी ने नगर भ्रमण कर लिया सुरक्षा व्यवस्था का गहन जायजा


भ्रमण करते एसपी

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने भारत बन्द के मद्देनजर शहर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने पुलिस व पीएसी टीम के साथ भारत बन्द के मद्देनजर शहर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। शान्ति व्यवस्था ड्यूटी में लगे पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को शासन की मंशानुसार कार्य करने के दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कहीं कोई अराजकतत्व हरकत न करने पाये। इसके मद्देनजर संदिग्ध वाहनों व लोगों की कडी जांच कराई गई। इस मौके पर सीओ सिटी शीतला प्रसाद पाण्डेय, कोतवाल वीरेन्द्र त्रिपाठी, पीआरओ राजीव कुमार सिंह तथा भरतकूप थानाध्यक्ष संजय उपाध्याय व चौकी प्रभारी सीतापुर रामवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## अधीक्षण अभियंता ने कटे कनेक्शन जुड़वा कर बिजली चोरी करवाने वाले लाइनमैन के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

● पी के मित्तल के कड़े तेवर से बिजली चोरी में लिप्त कर्मचारियों में हड़कंप

संवाददाता। चित्रकूट


अधीक्षण अभियंता पीके मित्तल

**बकाया राजस्व** वसूली एवं बिजली चोरी रोकने के लिए जिले के चलाये गये विशेष अभियान के दौरान काटे गए कनेक्शनो के बिना बकाया भुगतान किए अवैध तरीके से संयोजन करा विद्युत का उपभोग किये जाने की शिकायत पर विभाग ने काटे गए कनेक्शनों की जांच शुरू कर दी है। विभागीय अधिकारियों द्वारा अभियान चला कर की गई 50 कनेक्शनों की रेंडम जांच में अधिकांश कनेक्शन जुड़े पाये गये।विभाग द्वारा संबंधितों के साथ-साथ कटी लाइन को जोड़ने वाले कर्मचारियों की जांच कराई जा रही है।अवैध संयोजन के लिए दोषी पाए जाने वाले लाइन मैनो के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।ऐसे ही अवैधानिक कार्यो में संलिप्त पाये गये कसहाई उपकेंद्र के लाइन मैन हरिश्चंद्र के खिलाफ कर्वी कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

सोमवार को विद्युत वितरण खण्ड चित्रकूट के अधीक्षण अभियंता पी के मित्तल ने ए बताया कि शासन और ऊर्जा मंत्रालय के निर्देश पर बकाया राजस्व की वसूली और विजली चोरी रोकने के उद्देश्य से चित्रकूट जनपद में विगत माह विशेष अभियान चलाकर करीब 6 हजार से अधिक बड़े बकायादारों के कनेक्शन विच्छेदित किये गये थे। बताया कि विद्युत बिलो के बकाया के चलते काटे गये कनेक्शनों में से अधिकांश के बिना बकाया भुगतान ले ही कनेक्शन जुड़वाने की शिकायत मिली है।जिसको गंभीरता से लेते हुए अभियान चलाकर काटे गए कनेक्शनों की वस्तु स्थिति का सत्यापन कराया जा रहा है। अधीक्षण अभियंता श्री मित्तल ने बताया कि विगत दिनों काटे गए कनेक्शन में से 50 की रैंडम जाम में अधिकांश का संयोजन जुड़ा पाया गया।बताया कि विभाग द्वारा संबंधितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ-साथ कनेक्शन संयोजित करवाने वाले कर्मचारियों की जांच कराई जा रही है।बताया कि बिना भुगतान के कनेक्शन जोड़ने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाई की जाएगी।बताया कि कार्यवाई की कड़ी में 33/11 केवीए उपकेंद्र कंसहाई उपकेंद्र में तैनात हरिश्चंद्र के विरुद्ध कोतवाली कर्वी में एफआईआर दर्ज कराई गई है।इसके अलावा उन्होंने बताया कि जल्द ही अवैध संयोजन कर बिजली चोरी में लिप्त विद्युत कर्मियों के विरुद्ध भी कड़ी क़ानूनी कार्यवाई की जायेगी। उन्होंने सभी बकायेदार उपभोक्ताओ से बकाया राशि जमा कराकर ही संयोजन कराने की अपील की है। जिससे बिजली चोरी अधिनियम के तहत होने वाली विभागीय कार्यवाई से बचा जा सके।

वन विभाग की जमीन कब्जाने का मामला

## खसरा खतौनी के अभाव में कब्जा हटाने को लेकर वनाधिकारी असहाय

● सैकड़ों एकड़ जमीन पर ग्रामीणों ने कर रखा है कब्जा, लगातार जमीन हथियाने से वन विभाग चिंतित

संवाददाता। हमीरपुर

**जिले में** बीस हजार चार सौ हेक्टेएअर भूमि में फैले बन क्षेत्र की आज तक कोई खसरा खतौनी नही बनी है सारा काम बन क्षेत्र के नक्शे संचालित हो रहा है यही कारण है कि करीब तीन सौ हेक्टेएअर बन भूमि में आसपास के ग्रामीण कब्जा किये हुये है,मगर बन विभाग विना अभिलेख को अपने को असहाय महसूस कर रहा है।

जानकारी के मुताबिक बन विभाग का क्षेत्रफल लगातार सिकुड़ता जा रहा है,सरीला,राठ,व कुरारा क्षेत्र में सैकड़ो एकड़ भूमिमे ग्रामीणों ने न केवल कब्जा कर आवास बना लिये है बल्कि बन भूमिमें खेती कर रहे है। हालाकि बन रेंजर व डीएफ्ओ इस झंझट में पड़ना नही चाहते है और अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद चलते बनते है यही नही किसी ने तो सरेआम बन भूमि मे आवास बनाकर रहना भी शुरु कर दिया है। प्रभागीय बनाधिकारी (डीएफ्ओ) उमेश चंद्र राय का कहना है कि बन क्षेत्र की स्थापना हुये पचास साल से अधिक का समय व्यतीत हो गया मगर इसकी आज तक खसरा खतौनी तैयार नही की गयी है जिससे यह साबित नही हो पा रहा है कि किस दिशा में बन भूमि कितनी है हालाकि जो बन भूमि कब्जे में है उसको हटाने के लिये प्रयासकिया जा रहा है मगर राजस्व विभाग जमीन से कब्जा हटाने के लिये खसरा खतौनी की मांग करता है वही मामला अटक जाता है,कुछ लोगोको नोटिस देकर जमीन से कब्जा हटाया जा रहा है,उन्होने दावा किया कि जंगल की कुछ भूमि मौरंग पट्टों में मिल गयी है उसको निकलना चाहिये यदि धीरे धीरे बन क्षेत्र कम हो गया तो बन विभाग का अस्तित्व ही नष्ट हो जायेगा। हालाकि इस मामले की जानकारी उच्चाधिकारियो को है।

### अब बायोमीट्रिक विधि से नदियों में जाने वाले गंदे पानी को किया जायेगा स्वच्छ

**हमीरपुर।** प्रभागीय बनाधिकारी यूसी राय ने बताया कि जिले का जो गंदा पानी नालीनालो से नदियो में जा रहा है उसे बायोमेट्रिक ढंग से स्वच्छ बनाकर जल नदियो में प्रवाहित किया जायेगा। उनका कहना है कि यमुना,बेतवा व केन नदियो में आसपास के गंदा पानी गिरता है जिससे नदियो का जल धीरेधीरे प्रदूषित होता जा रहा है इस पर शासन ने गंभीरता से विचार किया है जहा से गंदा पानी नदियो में जाता है वहा पर बायोमेट्रिक पौधे लगायेजायेगे जिससे गंदा पानी इन पौधो को छूकर जायेगा और प्रदूषित पानी को पौधे शोषित कर लेगे। शासन ने डीएफ्ओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है इसके लिये पूरी कार्ययोजना बनायी जा रही है।

## मुख्यमंत्री से शिकायत सुर्खियों में

संवाददाता। बांदा

**बांदा के** बीजेपी विधायक व बुंदेलखंड विकास बोर्ड के सदस्य पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह ने मुख्यमंत्री सहित तमाम बड़े नेताओं व अधिकारियों से की शिकायत लिखा लेटर। बांदा एआरटीओ प्रशासन शंकर सिंह के भ्रष्टाचार की शिकायतों का पुलिंदा पहुंचा मुख्यमंत्री के पास पहुँचा।बुंदेलखंड विकास परिषद सदस्य भाजपा नेता जगराम सिंह ने की थी शिकायत मुख्यमंत्री ने शिकायत जांच कमेटी की गठित। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जीरो टॉलरेंस नीति को धता बताकर एआरटीओ प्रशासन शंकर जी सिंह द्वारा अपनी भरष्टाचार नीतियों को लागू किए हैं।बुंदेलखंड विकास बोर्ड के सदस्य जगराम सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रमुख सचिव परिवहन राजेश सिंह को भेजे गए पत्र में खुलासा किया है। बुंदेलखंड विकास बोर्ड के सदस्य जगराम सिंह ने बताया कि एआरटीओ प्रशासन शंकर जी सिंह के खिलाफजांच गठित हो गई है उनके द्वारा की गई अनियमितताओं का शीघ्र ही पर्दाफाश होगा उन्होंने यह भी कहा की नाबालिक से बाल श्रम कराने का मामला आया है उसकी भी जांच होगी। पीड़ित उदयवीर सिंह ने बताया कि हम जब गाड़ी का फिटनेस करने गए थे। एआरटीओ शंकर जी सिंह कहने लगे क्यों खड़े हो हमने बताया कि गाड़ी का फिटनेस कराना था इस पर एआरटीओ कहते हैं मुकदमा दर्ज करा देंगे अभद्रतापूर्ण वर्ताव किया।एक और टिंकू पांडे बस ऑपरेटर ने एआरटीओ शंकर जी सिंह पर आरोप लगाया एआरटीओ शंकर सिंह गाली गलौज से बात करते हैं और धमकी देते हैं।जबकि हमारी गाड़ी के सारे कागज टैक्स सहित कंप्लीट है।

## सांसदों की अध्यक्षता में की गई ग्राम पेयजल योजना की गहन समीक्षा

संवाददाता। बांदा




**जल जीवन** मिशन अन्तर्गत जनपद बांदा में निर्माणाधीन खटान एवं अमलीकौर ग्राम समूह पेयजल योजना के कार्यो की प्रगति की समीक्षा बैठक सांसद बांदा.चित्रकूट श्री आर0के0सिंह पटेल एवं सांसद हमीरपुर.महोबा श्री पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

सांसद द्वारा दोनो परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गयी। जिसमें खटान ग्राम समूह पेयजल योजना का कार्य कर रही फर्म मे एलएण्डटी के उपस्थित प्रोजेक्ट मैनेंजर श्री सुमेर रेवार को निर्देशित किया कि खटान ग्राम के यमुना नदी के दादूं घाट पर बन रहे इन्टेकवेल व इन्टेकवेल से 11 किमी दूर किटहाई ग्राम में स्थिति डब्ल्यूटीपी प्लांट के सभी 19 स्ट्रेक्चर का निर्माण कार्य 20 नवम्बरए 2021 तक पूर्ण करें। साथ ही अधिशाषी अभियन्ता जल निगम बांदा को निर्देशित किया कि बिछाई जा रही पाइप लाइन की गुणवत्ता की जांच तकनीकी रूप से करें। यह भी निर्देशित किये कि इन्टेकवेल व डब्ल्यूटीपी साइड एवं सीडब्ल्यूआर के मोटर पम्प स्थलों पर विद्युत संयोजन के लोड का आंकलन कराकर विद्युत संयोजन की कार्यवाही 20 नवम्बरए 2021 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

सांसद हमीरपुर द्वारा अमलीकौर ग्राम समूह पेयजल योजना का कार्य कर रही फर्म मे एनसीसी को जलालपुर स्थित इन्टेकवेलए डब्लूटीपी साइट व पाइप लाइन बिछाने में प्रयुक्त सामग्रीए मशीन एवं मैन पावर को बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया तथा ग्राण्उड वाटर परियोजना अन्तर्गत ट्यूबवेल से आच्छादित 30 ग्रामों में 41 ट्यूबवेल का निर्माण कार्य प्रत्येक दशा में आगामी माह नवम्बरए 2021 तक पूर्ण करें। ट्यूबलेव के बोरवेल वांछित गहराई तक करायी जाये जिससे भविष्य में ग्रामवासियों को पेयजल की समस्या से पीड़ित न होना पड़े। उन्होंने कहा कि सड़कों के किनारेध्सड़कों के सोल्डर सामानन्तर बिछाई पाइप लाइन को वांछित गहराई के अन्दर बिछाई जाये एवं बिछाई जाने के बाद मिट्टी से पर्याप्त मजबूती के साथ बैक फिलिंग कराई जाये। पाइप लाइन डालते समय टी बैण्ड भी लगवाया जाये ताकि पानी की सप्लाई के बाद लीकेज की समस्या न हो।

सांसदगण एवं सदर विधायक द्वारा जनपद बांदा में जल जीवन मिशन के व्यापक प्रचार.प्रसार हेतु बांदा जनपद में जल निगम द्वारा तैनात किये गये 04 आईएसए संस्थाओं द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत के सभी मजरों एवं पुरवे में जल संरक्षण के लिये सामुदायिक रूप से जन जागरूकता का कार्यवाही करायें।

इस बैठक में इस अवसर पर विधायक सदर श्री प्रकाश द्विवेदी, अध्यक्ष जिला पंचायत श्री सुनील पटेल, जिलाधिकारी बांदा श्री अनुराग पटेल, जिलाध्यक्ष भाजपा श्री रामकेश निषाद, विधायक तिन्दवारी प्रतिनिधि श्री मनोज गोस्वामी, मुख्य विकास अधिकारी श्री वेद प्रकाश मौर्या, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे श्री एमपी सिंह, अधिशाषी अभियन्ता जल निगम श्री गौरव चौधरी सहित कार्यदायी संस्था एलएण्डटी प्रोजेक्ट मैंनजर श्री सुमेर रेवार व एनसीसी के सीनियर प्रोजेक्ट मैनेंजर पीबाला मुरूगन, इन्जीनियर श्री बालकृष्ण आदि एवं पीएमसी के इन्जीनियर विक्रम राजपूत, टीटीपीआई के टीम लीडर श्री ग्रीशकुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## संविधान की धज्जियां उड़ा योगी बना रहे हैं साम्प्रदायिक माहौल: रुद्र मिश्र

संवाददाता। चित्रकूट



धरने में बोलते का रुद्र प्रसाद मिश्र

**उत्तर प्रदेश** किसान सभा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य का रुद्र प्रसाद मिश्र व भाकपा के जिला सचिव अमित यादव ने भारत बन्द को सफल बनाने बाबत कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा की अगुवाई में दस माह से सरकारी दमन झेलते हुए लाखों किसान दिल्ली सीमा पर आन्दोलित है। अमित यादव ने प्रदर्शन कर तहसील परिसर में हुई सभा में कहा कि सरकार की नीतियों के खिलाफ किसान आन्दोलित हैं।

सोमवार को भारत बन्द पर उप्र किसान सभा राज्य कार्यकारिणी सदस्य रुद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि प्रदेश को योगी सरकार संविधान की धज्जियां उड़ाकर साम्प्रदायिक बंटवारे का माहौल बना रही है। मोदी-योगी सरकारें वायदों से पलटी मारकर देश के साथ गद्दारी कर कम्पनी राज को बढावा दे रही हैं। का लल्लूराम त्रिपाठी ने तानाशाही मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए भारत बन्द कर ऐलान किया। का रामप्रताप विश्वकर्मा ने कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होती आन्दोलन जारी रहेगा। इस मौके पर का शिवमोहन यादव, चुनकूराम पाल, शिवप्रसाद, शिवशंकर, गीता देवी, सुनीता, मो अली, ओम प्रकाश आदि ने नारेबाजी के साथ धरना समाप्त किया। इसी क्रम में भाकपा ने जुलूस निकाल प्रदर्शन कर तहसील में पूर्व विधायक का रामप्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सभा की। का अमित यादव ने कहा कि 84 करोड़ गरीबों को मिलने वाले सस्ते राशन को खत्म करने की मंशा से कृषि कानून बनाया गया है। एमएसपी की गारंटी, जमाखोरी व काला बाजारी रोकने को सरकार ने कृषि कानून में कवायद की होती तथा किसानों के हित करती तो किसानों को आन्दोलन की जरूरत नहीं पडती। सभा में का रामप्रसाद सिंह, रविकरन, उदयभान सिंह, विनोद पाल, दादूराम यादव, राजेन्द्र कुमार, रणधीर आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने खाद्य विभाग के अफसरों से किया मंथन

- राशन वितरण व अन्य विभागीय कार्यों की समीक्षा की
- रिक्त दुकानों को लेकर संबंधित खंड विकास अधिकारी से स्पष्टीकरण के दिए निर्देश


समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी पायनियर

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने आज कैंप कार्यालय में खाद्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर राशन वितरण व अन्य विभागीय कार्यों की समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने नियमित राशन वितरणए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत निशुल्क राशनए आधार फीडिंगए आधार सीडिंगए उज्जवला योजनाए जनपद में रिक्त दुकानों एवं अन्य कार्यों के संबंध में समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि जनपद में कुल 352568 राशन कार्ड धारक हैंए जिनमें 70378 अन्त्योदय तथा 282193 पात्र गृहस्थी कार्ड धारक शामिल है। उन्होंने बताया कि नियमित राशन वितरण में 20 सितंबर से अब तक 324666 राशन कार्ड पर राशन वितरण वितरित किया जा चुका है जो कि 91.51 प्रतिशत है जिसमें 40850.73 गेहूंए 27253.82 चावल तथा कुल 68084.55 कुन्तल खाद्यान्न का वितरण किया जा चुका है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत 5 से 17 सितंबर के मध्य 1390202 लाभार्थियों को 41706.06 गेहूंए 27804.04 चावल तथा कुल 69510ण10 कुंतल निशुल्क खाद्यान्न का वितरण किया गया हैए जो कि कुल वितरण का 96ण14: है। इसके अतिरिक्त जनपद में 1464030 यूनिटों के सापेक्ष अब तक 1460755 यूनिटों की आधार फीडिंग तथा 1449500 यूनिटों की आधार सीडिंग का कार्य कराया जा चुका है। उज्जवला योजना के अंतर्गत अब तक 132484 कनेक्शन दिए गए हैं तथा उज्जवला योजना 2ण्0 के अंतर्गत अब तक 9975 गैस कनेक्शन दिए गए हैंए इसके साथ ही जनपद में 2 दुकाने निलंबित हैं तथा 14 दुकाने रिक्त हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में वर्ष 2018 से रिक्त पड़ी दुकानों को लेकर संबंधित खंड विकास अधिकारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिएए साथ ही आधार फीडिंग व सीडिंग का कार्य निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कोटेदारों द्वारा समय से खाद्यान्न का उठान कर वितरण की कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

## चकबंदी अधिकारियों के साथ भी की मंत्रणा

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने आज कैंप कार्यालय में चकबंदी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद में चल रही चकबंदी की प्रगति की समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी ने बताया कि जनपद में चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम चक्र अथवा द्वितीय चक्र के अंतर्गत धारा 8 के 20 ग्रामए धारा 9 के 13ए धारा 10 के 16ए धारा 20 के 16ए धारा 23 के 22ए धारा 24 के 04ए धारा 27 के 12 तथा धारा 52 के 13 गांव का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैए जिसके सापेक्ष धारा 8 के 2ए धारा 10 के 3ए धारा 20 के 3ए धारा 23 के 2ए धारा 24 के 3ए धारा 27 के 3 तथा धारा 52 के 1 गांव में कार्य पूर्ण किया गया है। डीएम ने सभी गांव में तय समय सीमा के अंतर्गत चकबंदी का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चकबंदी के कार्य में किसी भी प्रकार कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। डीएम ने सहायक चकबंदी अधिकारीए बंदोबस्त चकबंदी अधिकारीए उप संचालक चकबंदी अधिकारी को टाइमलाइन से कार्य करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने प्राप्त आपत्तियों की समीक्षा किया एवं शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि पुराने गांव जो चकबंदी में चल रहे है उनको शीघ्र कब्जा परिवर्तन किया जाये ताकि किसान को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करने पड़े। बैठक के दौरान बन्दोबस्त चकबंदी अधिकारी राजकमल यादवए सहित सहायक चकबंदी अधिकारी उपस्थित रहे।

## भारत बंद को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने आयोजित की बैठक

**बछरावां रायबरेली** बछरावां विकासखंड परिसर में आज 27 सितंबर भारत बंद को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख रूप से संयुक्त किसान मोर्चा ने कृषि से संबंधित तीनों काले कानूनों को रद्द करने की सरकार से मांग की वहीं इसके साथ ही साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी को कानूनी गारंटी, बिजली से संबंधित नए कानूनों को रद्द करने की मांग की व पराली से संबंधित कानूनों को भी रद्द करने की सरकार से मांग की। वहीं बताया कि देश संविधान व खेती किसानी को बचाने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा इस राष्ट्रीय आवाहन अपना योगदान दे रहा है।

इस बैठक में श्याम लाल विश्वकर्मा, प्रेमा देवी, राजेश चौधरी, सी के आजाद, पुष्कर पाल, दुर्गेश कुमारी, राजेश कुमार, रज्जब अली, जाबिर, आरडी यादव, चंद्रपाल, आशीष कुमार, गुरचरण, गुड़िया, किरण, राम लखन, सुरेश कुमार व राकेश कुमार पासवान सहित सैकड़ों व्यक्ति मौजूद रहे।

# ‘रामकथा में उमड़ा धर्मानुरागियों का जनसैलाब’

- भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एके शर्मा व रमापति शास्त्री ने किया दिव्य श्री रामकथा का रसपान



संवाददाता। रायबरेली

**उत्तर** प्रदेश के भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी एके शर्मा व कैबिनेट मंत्री रमापति शास्त्री रायबरेली जनपद के सतांव स्थित मां गौरा पार्वती मेला प्रांगण में दिव्यश्री राम कथा सुनने पहुंचे। मां गौरा पार्वती मेला प्रांगण में 22 सितंबर से जगद्गुरु तुलसी पीठाधीश्वर स्वामी श्री रामभद्राचार्य जी महाराज के श्री मुख से अनवरत नव दिवसीय दिव्य श्री राम कथा का आयोजन चल रहा है।दिव्य श्री राम कथा के छठे दिन सोमवार को उत्तर प्रदेश के भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी ए0के0 शर्माएरमापति शास्त्रीए रायबरेली जनपद के एमएलसी दिनेश प्रताप सिंह हरचंदपुर विधायक राकेश सिंह सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने आम जनता के बीच बैठकर स्वामी श्री रामभद्राचार्य जी के मुख से रामकथा का श्रवण कर उनका आशीर्वाद लिया। कथा के उपरांत आए विशिष्ट जनप्रतिनिधियों ने तुलसीपीठाधीश्वर जगतगुरु स्वामी श्री रामभद्राचार्य जी की आरती भी उतारी।जगद्गुरु महराज ने कहा कि राम से बड़ा राम का नाम है। मर्यादा पुरुषोत्तम राम से प्रेरणा लेकर मानव को अपना जीवन सार्थक बनाना चाहिए। राम का नाम मानव को सारी माया से मुक्त कर मोक्ष दिलाती है। राम कथा के श्रवण मात्र से ही सारे पाप धुल जाते हैं। दिन प्रतिदिन दिव्य श्री रामकथा में धर्मानुरागियों की भारी भीड़ उमड़ रही हैएजिसके चलते मां गौरा पार्वती मंदिर प्रांगण में सोमवार को बैठने के लिए कुर्सियां कम पड़ गई जिसके पश्चात आयोजको ने तत्काल लखनऊ से 2 ट्रक कुर्सियां और मंगवाई।राम कथा में भगवान राम का सुंदर चरित्र चित्रण आदरणीय जगदगुरु जी के श्री मुखार बिंदु से बहुत ही रमणीय ढंग से प्रस्तुत की जा रही है जिसका रायबरेली की जनता आनंद ले रही है। आगे के दिनों में और भी भीड़ उपस्थित होने की संभावना के दृष्टिगत आयोजक श्री दिनेश सिंह से पूछने पर उन्होंने बताया कि कुर्सी गद्दे ए टेंट ए पंखा आदि और अधिक मात्रा में मंगाए जा रहे हैं साथ ही उन्होंने जनता का इतनी भारी मात्रा में उपस्थित होकर राम कथा का रसपान करने व उनके द्वारा किये गए सार्थक प्रयास को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कृषि सुधार बिल के विरुद्ध सौंपा ज्ञापन

**जगदीशपुर, अमेठी।** भारत बन्द के दौरान भारतीय किसान यूनियन ;हरपाल गुटद्ध के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कृषि सुधार बिल के विरुद्ध सात सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार मुसाफिर खाना को सौंपा । जगदीशपुर विकास खण्ड के अंतर्गत हसनपुर मजरे ;गड़रियाडीह द्धचौराहे पर भारत बन्द के दौरान किसान यूनियन की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें किसान यूनियन के सदस्यों एवं पदाधिकारियों सहित सैकड़ों किसानों ने अपनी समस्याओ को लेकर कृषि बिल के विरुद्ध अपनी मांगो से समबन्धित सात सूत्रीय ज्ञापन शासन के नाम नायब तहसीलदार मुसाफिर खाना बलबीर सिंह को सौंपा ।बैठक की अध्यक्षता सविता देवी यूनियन की महिला मण्डल अध्यक्ष अयोध्या द्वारा तथा बैठक का संचालन भारतीय किसान यूनियन के ब्लाक महामंत्री पवन कुमार के द्वारा किया गया ।जहाँ सविता देवी ने कहा कि कृषि सुधार बिल किसानों के हित के विरुद्ध है इसलिए सरकार इस बिल को वापस ले तथा किसानों के हित में सुधार करे ।एमएसपी का स्थाई कानून बनाया जाए तथा मण्डी समितियो को न हटाया जाए ।किसानों का धान व गेहूं को बिचौलियों के माध्यम से न खरीदा जाए ।एमएसपी रेट से नीचे खरीदने वाले बिचौलियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए ।किसानों की बिजली बिल माफ किया जाए तथा बिल का भुगतान दिल्ली सरकार के अनुरूप किया जाए और डीजल पैट्रोल व गैस की बढ़ी हुई कीमत को वापस लिया जाए।विधवा व वृद्धा पेंशन की धनराशि 1000 रूपये किया जाए ।आगामी विधानसभा चुनाव में ईवीएम मशीन का प्रयोग न किया जाए बल्कि बैलेट पेपर का इस्तेमाल किया जाए जिससे जनता का विश्वास लोकतंत्र में बना रहे ।इस मौके पर पृथ्वी पाल यादव मोहम्मद अकरम प्रधान मोहम्मद अतीक हाजी मुनीर खां पूर्व प्रधान डॉक्टर राज कुमार शिव नारायण सिराज अहमद भुल्लू राम राम सरन रैहान सुल्तानपुरी राम समुझ सियाललली ब्रम्हा देवी पराना देवी लीलावती व मोहम्मद आफाक सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

## मजदूर की करंट लगने से मौत

**जामो अमेठी।** थाना अंतर्गत पूरे दृगपाल मौजा कटारी मैं हरेंद्र सिंह के यहां श्यामलाल कोरी उम्र लगभग 55 वर्ष ईट की चुनाई का कार्य कर रहा था। इसी बीच कहीं बिजली के करंट की चपेट में आ गया घरवाले उसको लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जामो लाए जहां पर डाक्टरों ने श्यामलाल को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने औपचारिकता पूरी कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं नंदलाल पुत्र छोटेलाल उम्र 58 वर्ष निवासी जामो जल निगम में कार्यरत था दिन में 10.00 बजे सीने में दर्द हुआ जब तक अस्पताल पहुंचा उसकी मौत हो चुकी थी पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

# कांग्रेस का कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर संपन्न



संवाददाता। लालगंज, रायबरेली

**नगर के** साकेत नगर मुहल्ला स्थित बाबी गेस्ट हाउस में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ सांसद प्रतिनिधि केएल शर्मा ने किया। कायर्क्रम में वाराणसी से आए संजीव सिंह, लखीमपुर से आए अमित गुप्त, रायबरेली के धर्मेंद्र सिंह,आलोक मिश्र,पंकज आदि ने अभय कांग्रेस, बूथ प्रबंधन, कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित होने वाले कायर्क्रमों, कांग्रेसी नेताओं के त्याग व बलिदान के साथ इंटरनेट मीडिया को लेकर चर्चा की। पूर्व विधायक अशोक सिंह समेत जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंकज तिवारी,उपाध्यक्ष विजय शंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ला , महामंत्री महेश प्रसाद शर्मा, संतोष त्रिवेदी,अनूप वाजपेई,राजेंद्र मिश्र आदि ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठित रहने का आवाहन किया।इस मौके पर सेवादल के मुख्य संगठक कल्याण चंद्र श्रीवास्तव,अनीता श्रीवास्तव, कामता प्रसाद गौण,सरेनी विधानसभा समन्वयक सुरेंद्र शर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# भारत बन्द का मिलाजुला असर, समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा ने किया प्रदर्शन

संवाददाता। छतोह, रायबरेली


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान नेता पायनियर

**राष्ट्रीय** स्तर पर कई किसान संगठनों द्वारा एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले समूचे देश में सोमवार को भारत बन्द का आह्वान किया गया था।इसी क्रम में केन्द्र सरकार से किसान विरोधी तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की माँग के साथ भारत बन्द के समर्थन में किसान कल्याण एसोसिएशन (अराजनैतिक) और भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) द्वारा संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान में छतोह ब्लॉक के कस्बा नसीराबाद में किसान पंचायत आयोजित की गई। पंचायत की अध्यक्षता भाकियू के नेता शिव बहादुर सिंह और संचालन किसान कल्याण एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सदाशिव पाण्डेय ने किया।एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालता प्रसाद शुक्ल के नेतृत्व में किसानों ने शिवनगर नसीराबाद के शिवमंदिर पर धरना दिया जिसे बाबा राम आसरे, अम्बिका प्रसाद, दर्शन, दयाराम, श्याम लाल कोरी, अरुण कुमार, कमला देवी, शकीना बानो आदि ने सम्बोधित किया।इसके बाद संयुक्त मोर्चा ने भारत बन्द के समर्थन में जायस-सलोन रोड के मऊ तिराहा से थाना नसीराबाद तक जुलूस निकाला और महामहिम राष्ट्रपति, भारत सरकार को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी दिव्या ओझा को सौंपा। जिसमें तीनों किसान विरोधी कानून वापस लेने, न्यूनतम समर्थन मूल्य अनिवार्य करने, तथा पेट्रोलियम उत्पादों का मल्य कम करने की माँग शामिल है पुलिस क्षेत्राधिकारी सलोन इन्द्रपाल सिंह के सक्षम और सतर्क नेतृत्व में थानाध्यक्ष दयानन्द तिवारी भारी पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। कार्यक्रम शान्ति पूर्वक सम्पन्न हुआ,समूचे क्षेत्र में बन्द का मिला जुला असर देखा गया और कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

## क्विक न्यूज

### ऊंचाहार पीजी कालेज में एमएससी कक्षाओं का संचालन

**ऊंचाहार,रायबरेली।** उच्च शिक्षा के क्षेत्र में ऊंचाहार को नई उपलब्धि मिली है। नगर के राजकीय पीजी कालेज में अब विज्ञान वर्ग की परास्नातक कक्षाओं का भी संचालन शुरू हो गया है। कालेज में एमएससी में भौतिक विज्ञान में प्रवेश भी शुरू हो गया है। कालेज के प्राचार्य डॉ रुदल यादव ने बताया कि कालेज के लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध होने के साथ विश्वविद्यालय ने विज्ञान वर्ग में परास्नातक कक्षाओं के संचालन की मंजूरी दे दी है। फिलहाल एमएससी में भौतिक विज्ञान प्रथम वर्ष में प्रवेश शुरू हो गया है। इसमें प्रवेश के लिए इच्छुक छात्र व छात्राएं भौतिक विज्ञान विभाग में पांच अक्टूबर तक प्रवेश ले सकते है। डॉ यादव ने बताया कि धीरे धीरे अन्य विषयों में भी प्रवेश शुरू होगा। जिसके लिए प्रयास चल रहा है।

### मार्ग दुर्घटना के वांछित चालक पर हुई कार्रवाई

**लालगंज, रायबरेली।** मार्ग दुघर्टना में व्यापारी की मौत के मामले में वांछित कंटेनर चालक को पुलिस ने पकड़ा है।पकड़े गए चालक का नाम भृगुनाथ चौधरी पुत्र रामू चौधरी निवासी फरीदाबाद, हरियाणा बताया गया है। वह बक्सर,बिहार से प्लास्टिक सामान लादकर दिल्ली जा रहा था तभी सैंबसी गांव के सामने कानपुर की तरफसे बाइक से आ रहे लालगंज के पूरेबाबा मोहल्ला निवासी विजय अग्रहरि की टक्कर लगने से मौत हो गई थी। मामले का मुकदमा दर्ज कर लिया गया था।

### गायत्री शक्ति पीठ मे वैक्सीन कैंप का विशाल आयोजन

**रायबरेली।** गायत्री शक्ति पीठ में कोविड वैक्सीन लगाने का विशाल आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी रायबरेली डा.बीरेन्द्र सिंह एवं गायत्री परिवार ट्रस्ट के मुख्य प्रबन्ध ट्रस्टी डा.तहसीलदार सिंह ने दीप प्रज्वलन व मां गायत्री के चित्र पर माल्यार्पण कर कोविद वैक्सीन के इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य प्रबन्ध ट्रस्टी ने सभी का आभार व्यक्त किया। टीकाकरण की टीम में मुख्य रूप से जिला शहरी समन्वयक विनोद कुमार, अमरेश कुमार त्रिपाठी, आलोक शर्मा, स्काउट गाइड की टीम के युवक, युवतियां थे। पहला व दूसरा कोवीशील्ड इंजेक्शन लगाने का कार्य स्वास्थ्य विभाग की रीता त्रिपाठी द्वारा किया गया। प्रात:10.30 से प्रारम्भ टीकाकरण सायंकाल तक चला। गायत्री परिवार रायबरेली के आवाहन पर भारी संख्या मे लोग टीकाकरण के लिए उपस्थित हुए। लगभग 300 महिला-पुरुषों ने टीका लगवाया। कार्यक्रम मे जिला समन्वयक वी बी सिंह, आर सी श्रीवास्तव ट्रस्टी, मनोराम शुक्ला, श्रीमती मीना सिंह, राकेश सिंह, सच्चिदानन्द तिवारी, बृजपाल सविता, रामशंकर, हनुमत वीर पान्डे, रेनु शुक्ला, कृत्युन्जय व डा. भगवानदीन मीडिया प्रभारी का सराहनीय योगदान रहा।

### सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना प्रतिबंधित, होगी कड़ी कार्रवाई : सीएमओ

**अमेठी।** जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दुबे ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के क्रम में सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विशेष निर्देश निर्गत किए गए हैं इन नियमों के उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगीए उन्होंने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर जैसे सभागार अस्पताल रेलवे स्टेशन प्रतीक्षालय मनोरंजन केंद्र रेस्टोरेंट शासकीय कार्यालय न्यायालय परिसर शिक्षण संस्थान पुस्तकालय लोक परिवहन या अन्य कार्यालय आदि धूम्रपान निषेध क्षेत्र में आते हैं इन सभी सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना दंडनीय अपराध हैए उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति द्वारा तंबाकू बेचना प्रतिबंधित हैए शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज की परिधि में तंबाकू बेचना प्रतिबंधित है इसके अलावा तंबाकू उत्पादों पर चित्र में स्वास्थ्य चेतावनी प्रदर्शित होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने तथा किसी अल्प वयस्क को तंबाकू बेचने के अपराध में रुपया 200 तक के जुर्माने का प्राविधान है अधिनियम की धारा 22 द्वारा धारा .5 के उल्लंघन की दशा में दंड का प्राविधान हैए प्रथम दोष सिद्ध होने पर 2 वर्ष का कारावास या 1000 तक का आर्थिक दंड अथवा दोनों का प्राविधान हैए इसके अलावा दूसरी बार दोष सिद्ध होने पर 5 वर्ष का कारावास या 5000 का आर्थिक दण्ड अथवा दोनों का प्राविधान है।

### सुपर थंडर्स ने मास्टर ब्लास्टर्स को 117 रनों से हराया

सीतापुर ।बेसिक शिक्षा परिषद सीतापुर के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों द्वारा गठित बेसिक टीचर क्रिकेट यूनियन के द्वारा आरएमपी इंटर कॉलेज के मैदान में में आयोजित होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता टीचर्स प्रीमियर लीग के नौवें संस्करण के पंद्रहवें लीग मैच में विवेक पंडित की तूफानी पारी के कारण सुपर थंडर्स में मास्टर ब्लास्टर्स को 117 रनों से हराकर टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की। विजय श्रीवास्तव की मेंटरशिप वाली टीम सुपर थंडर्स के कप्तान फाईक ने टॉस जीतकर अंजनी की मेंटरशिप वाली टीम ब्लास्टर्स के कप्तान जावेद को क्षेत्ररक्षण के लिए आमंत्रित किया। ओपनर विवेक पंडित ने शहाब अहमद के साथ मिलकर सिर्फ7 ओवर में 112 रन बना डाले। शहाब 20 रन, फाईक 11 रन धीरेंद्र 15 रन व नरेश 6 रन बनाकर जल्दी जल्दी आउट हो गये लेकिन दूसरे छोर से विवेक पंडित ने 37 गेंदों में 92 रन की तेज पारी खेली जिसमे 9 छक्के शामिल हैं। अंत मे रोहितांश ने भी 19 रन की पारी खेली जिसके कारण थंडर्स का स्कोर निर्धारित 13 ओवर में 175 रन हो गया। ब्लास्टर्स की तरफसे राहुल, शशांक व तनुज ने 1-1 विकेट लिये।

# मिशन शक्ति अभियानः नारी शक्ति से ही बनेगा मजबूत समाजः मनोज द्विवेदी

संवाददाता। डलमऊ रायबरेली



**सोमवार** डलमऊ ब्लॉक सभागार महिलाओं को जागरूक व समाज मे अपने दायित्वों के निर्वाहन हेतु सम्मानित करने के अनमोल पल का गवाह बना जहां मुख्य अतिथि श्री फाउंडेशन के मुखिया मनोज द्विवेदी व सुधा द्विवेदी द्वारा सम्मानित करते हुए महिला शशक्तिकरण पर दूषित मानसिकता भरे समाज की विचारधारा को बदलने का सामूहिक प्रयास किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी रामकुमार शुक्ला ने बेटे और बेटियों पर भेदभाव पूर्ण रवैये को समाज से दूर करने की बात कही बेटियों को भी बेटों जैसा अधिकार मिले इसकी सुनिश्चितता करना माता पिता की नैतिक जिम्मेदारी है शिक्षा ही एकमात्र ऐसा माध्यम है जिस पर चलकर इस अज्ञानता रूपी खाई को भरा जा सकता है इसी कड़ी में तहसीलदार डलमऊ प्रतीत त्रिपाठी ने मीना मंच, आंगनबाड़ी, महिला आरक्षियों, स्वछता अभियान व सहायक अध्यापिकाओं को संबोधित करते हुए मतदान की निष्पक्षता पूर्ण कार्य के लिए प्रेरित करते हुए मतदान में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने को लेकर प्रभावशाली वक्तव्य से सभागार में उपस्थिति महिलाओं की हौसले को पंख दिया साथ ही बताया कि श्री फाउंडेशन के मुखिया मनोज द्विवेदी के गरीब कन्यायों के सामूहिक विवाह का कार्य समाज के निम्न व आर्थिक रूप से दबे वर्ग के लिए एक महान सोंच को प्रदर्शित करती है जो नि:संदेह महानता की श्रेणी में आता है कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी रामकुमार शुक्ला, तहसीलदार प्रतीत त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी, प्रभारी पंकज त्रिपाठी अंजू यादव, कंचन पांडे आदि की उपस्थिति रही।

## सोशल मीडिया टीम को धार दे रही बीजेपी

**अमेठी।** कमिश्नरी स्तर की कार्यशाला में बीजेपी विधानसभा चुनाव को लेकर सोशल मीडिया टीम की रणनीति तय करेगी। इस कार्यशाला का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय गौरीगंज में होगा प् इस दौरान आईटी और सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक व काशी क्षेत्र के पदाधिकारी भी कार्यशाला में मौजूद रहेंगे। आईटी और सोशल मीडिया विभाग की कार्यशाला का आयोजन 28 सितंबर को अमेठी में किया जा रहा हैण् इसके लिए जनवाद सुल्तानपुर एवं अमेठी आईटी और सोशल मीडिया टीम को बुलाया गया हैण् चुनावी तैयारियों के तहत बीजेपी अपने हर विंग को ट्रेनिंग देकर सशक्त करने मे जुटी है ताकि विपक्ष को हर मोर्चे पर मात दी जा सके। जिला संयोजक सोशल मीडिया अमेठी प्रशांत कुमार शुक्ल के अनुसार कार्यशाला में प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक अंकित चंदेल, सह संयोजक शशि कुमार, सौरभ मरोडियाए आईटी प्रदेश संयोजक कामेश्वर मिश्र, सह संयोजक हिमांशु राज पंडित एवं काशी क्षेत्रीय पदाधिकारी रहेंगे।

# अधिशासी अधिकारी ने नगर का किया निरीक्षण



**बछरावां रायबरेली।** बछरावां नगर पंचायत में प्रात: काल साफसफाई की व्यवस्था का धरातल पर जायजा लेने के लिए सुबह लगभग 6.00 बजे अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बछरावां श्वेता सिंह ने नगर के विभिन्न वार्डों में जाकर निरीक्षण किया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर एक मोहल्ला दक्षिण चमरहिया में पानी की टंकी के पास सफाई कर्मियों द्वारा किए गए सफाई कार्य का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया निरीक्षण के उपरांत सफाई कर्मियों द्वारा की जा रही सफाई से पूर्णतया संतुष्ट दिखी। बछरावां नगर पंचायत नगर के विकास में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है पूर्व में भी बछरावां नगर पंचायत को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया जा चुका है जहां एक तरफप्रधानमंत्री स्वच्छ भारत अभियान चलाकर पूरे देश को स्वच्छ करने का नित नए उपक्रम कर रहे हैं वहीं दूसरी तरफ बछरावां नगर पंचायत अपने संसाधनों से नगर को साफ सफाई करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। इस मौके पर उनके साथ वरिष्ठ नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक अशोक कुमार वर्मा, मनोज कुमार वर्मा, मन्सू धानुक व सौरभ कुमार मौजूद रहे।

# प्रधानों और सचिवों ने महिलाओं को भी नहीं बख्शा, हक पर डाला डाका

- समूहों के चयन में प्रधान और सचिव ने खेला बड़ा खेल
- चयनित समूहों के स्थान पर चहेते का किया चयन, मानदेय का लाखों का किया बंदरबांट
- कुदरहा ब्लॉक की एक दर्जन महिला समूहों ने की डीएम से शिकायत
- डीएम ने डीपीआरओ को दिया जांच का आदेश

### कुदरहा की कई समूह की महिलाओं ने भ्रष्टाचार के खिलाफ उठाई आवाज

**मनरेगा** और कवकास के नाम पर सरकारी धन का लूट करने वाले कुदरहा ब्लॉक में अब महिलाओं के धन को लूटा जा रहा है, भले ही ब्लॉक की व्यवस्था बदल गई, मगर भ्रष्टाचार नही रुका बल्कि और अधिक बढ़ गया। इससे पहले इस ब्लॉक की एक दर्जन महिला समूहों की महिलाओं ने प्रधानों और सचिवों की कलई खोल चुकी हैं। अब इसी ब्लॉक की आधा दर्जन समूह की महिलाओं ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के ब्लॉक में तैनात बीएमएम और जिले में तैनात डीएमएम के द्वारा प्रति सदस्य से दस हजार रुपये यह कहकर लिया जा रहा है, कि यह पैसा उपायुक्त रोजगार डीसी को देना है। कहा गया कि आईसीआरपी में ऐसी महिलाओं का चयन पैसा लेकर कर दिया गया, जिन्होंने कोई भी प्रशिक्षण नहीं लिया। यहां तक प्रत्ये पात्र महिलाओं से पांच सौ और एक हजार रुपया लिया जाता, कहा गया कि घूस न देने पर पात्र को अपात्र कर दिया जाता है। इसकी शिकायत सीएलएफ के बुक कीपर अजय कुमार से भी की गई। जिन महिलाओं ने सीडीओ से शिकायत की उनमें रीना प्रजापति, चंद्रकला प्रजापति, गुडडी, कंचन, सोना देवी एवं अंजू का नाम मोबाइल सहित शामिल है। इस पर सीडीओ जिला विकास अधिकारी/उपायुक्त स्वत: रोजगार को गंभीर बिंदुओं पर एक दिन में जाच कर रिपोर्ट देने को कहा, ताकि गुणदोष के आधार पर कार्रवाई की जा सके।

### इन एसएचसी के केयरटेकर ने दर्ज कराई शिकायत

**जिन** स्वंय सहायता समूहों के चयनित महिला समूहों ने शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई, उनमें विकास खंड कुदरहा के ग्राम जिभियांव की जय बजरंग बली समूह की गायत्री, ग्राम सेल्हरा के लक्ष्मी समूह की सीमा, ग्राम पंचायत ढढौरा के जयगौतम समूह की किसमती, चिलवनिया के पूजा समूह की सोनपरी, ग्राम पंचायत कुदरहा के बुद्धा समूह की सीता, ग्राम पंचायत छिबरा के समूह सरस्वती की उषा, मेहनौना ग्राम के समूह लक्ष्मन की शांती देवी, तेनुआ के समूह बुद्धा की गिरजा, मसुरिया के समूह गणेश की संगीता, परसावं के समूह महालक्ष्मी की किस्मती, अईलिया के समूह लक्ष्मी की चंद्रकला और कुदरहा ब्लॉक के ग्राम पंचायत छरदही के स्वयं यहायता समूह शंकर की शीला का नाम शामिल है।

संवाददाता। बस्ती

**महिला** स्वंय सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के आर्थिक स्थित और उन्हें समाज में सम्मान और बराबर का दर्जा देने के लिए हर तरह की सुविधाएं दे रही हैं, खासतौर पर महिला समूहों के लिए तो खजाना खोल दिया है। मगर प्रधान और सचिव मिलकर महिलाओं के हक पर न सिर्फ डांका डाल रहे हैं, बल्कि उनका हक भी छीन रहे है। यह उस जिले के महिलाओं की स्थित है, जहां की डीएम एक महिला है। वैसे तो महिलाओं का हर तरह से शोषण हो रहा है, अगर ऐसे में प्रधान और सचिव शोषण करने लगेंगे तो महिलाएं कहां जाएगी, और कैसे उनका जीवन स्तर में सुधार होगा, यह सवाल और दर्द कुदरहा ब्लॉक के एक दर्जन समूहों से जुड़ी सैकेड़ों महिलाओं का है, जिनके हक के धन का बंदरबांट प्रधान और सचिव कर रहे है। इन महिला समूहों को सामुदायिक शौचालयों के रखरखाव के लिए केयरटेकर नियुक्ति किया गया, इसके एवज में इन्हें छह हजार मानदेय और तीन हजार रखरखाव सहित नौ हजार रुपया प्रति माह ग्राम निधि के खाते से दिया जाता है। इस तरह जिलेभर में ४४३ ऐसी सामुदायिक शौचालय हैं, जिनका केयरटेकर महिला समूहों को बनाया गया।

डीएम को लिखे पत्र में महिला समूहों की महिलाओं ने कहा है कि उन लोगों का चयन कार्यवाही बैठक में सभी सदस्यों की सहमति से सफाई कर्मी/केयरटेकर के रुप में हुआ। मगर प्रधानों और सचिवों ने कूटरचित करके और नियम विरुद्व तरीके से शौचालयों का हैंडओवर अपने चहेते को धन लेकर कर दिया, जिसकी शिकायत बीडीओ से भी की गई, मगर ब्लॉक स्तर से कोई कार्रवाई नहीं हुई। बताया कि प्रधान और सचिवों ने मिलकर मानदेय का फर्जी तरीके से कार्यवाही बनाकर लाखों रुपये का बंदरबांट कर लिया। महिलाओं ने प्रधान और सचिवों के खिलाफ वसूली और विधिक कार्रवाई करने के साथ शौचालय के रखरखाव का कार्य सौंपने की अपील की, ताकि महिलाएं समाज में सम्मान के साथ जीवन बसर कर सके। इस पर डीएम ने डीपीआरओ को और डब्पीआरओ ने जिला समन्यवक भारत स्वच्छ मिशन राजा शेर सिंह को जांच करने का आदेश दिया है।

# मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना में मिलेगा हर माह ढाई हजार

संवाददाता। बस्ती

**बाल कल्याण** समिति के अध्यक्ष प्रेरक मिश्र ने बताया कि उ.प्र. मुख्यमंत्री बाल कल्याण योजना के तहत ऐसे बालक और बालिकाओं की जिनकी आयु 18 तक साल तक है, और जिनके परिवार की सालाना आय तीन लाख से कम हैं, ऐसे बच्चों को आर्थिक सहायता के रुप में सरकार 25 सौ रुपया प्रति माह, अगर उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहा है, तो 23 साल तक मिलेगा। बालिकाओं की शादी के लिए एक लाख एक हजार अलग से दिया जाएगा, यह धनराशि सिर्फ बालिकाओं की शादी के लिए है। यह सहायता उन परिवार के बच्चों को मिलेगा, जिनके माता/पिता पहली मार्च 20 के बाद कोविड में दिवगंत हो चुके है।

# सपा की 'उर्मिला यादव' और भाजपा के 'राजेंद्रनाथ तिवारी' दाखिल करेंगे पर्चा

- आज होगा कोआपरेटिव चेयरमैन का चुनाव, दोनों प्रत्याशियों की ओर से तैयारियां पूरी
- सभी पूर्व विधायक कार्यकर्त्ताओं और पदाधिकारी नौ बजे पहुंचें-सपा जिलाध्यक्ष

संवाददाता। बस्ती

**आज** कोआपरेटिव बैंक के चेयरमैन के लिए चुनाव होगा। इस चुनाव को लेकर भाजपा और सपा कू खेमे में पिछले दो माह से कोआपरेटिव चेयरमैन तैयारी चल रही है। चूंकि इस चुनाव को तकनीकी चुनाव भी कहा जाता है, और इसमें इतनी बारिकियां और दांवपेच होता है, कि आम लोगों को चुनाव की प्रक्रिया समझ में ही नहीं आता। यह शायद पहला ऐसा चुनाव हैं, जिसपर किसी पर पूरी तरह विश्वास नहीं किया जा सकता। कहा जाता है कि जिसने विश्वास किया वह धोखा खाया। इस लिए समर्थक और विरोधी होने का पता ही नहीं चल पाता है। रातदिन साथ में रहने वाले पर भी विश्वास का संकट रहता है। इस लिएजब तक जीत न हो जाए, तब तक कहना और समझना मुश्किल होता है, कि कौन प्रत्याशी जीत रहा है, और कौन हार रहा है। डायरेक्टर की पहली बाधा तो दोनों दलों के लोंगों ने पार कर ली, और अच्छी बात यह रही कि सभी निर्विरोध हुए, कैसे निर्विरोध हुए यह अभी तक सवाल बना हुआ है। सपा जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव ने सभी पूर्व विधायक, वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्त्ताओं से दिन में नौ बजे कोआपरेटिव बैंक पहुंचने की अपील की है। यह स्पष्ट हो गया था कि चेयरमैन का ताज भाजपा के राजेंद्रनाथ तिवारी के सिर पर ही सजने जा रहा है। क्यों कि भाजपा का दावा है कि उसके खेमे के नौ डायरेक्टी निर्विरोध हुएं हैं, और सपा के तीन। अगर इस आकड़े के गेम को सच मान लिया जाए तो चुनाव के स्थित में भी भाजपा प्रत्याशी का जीतना तय माना जा रहा है। मगर कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो यह कह रहे हैं कि विरोधी को कभी कमजोर नहीं आकना चाहिए। हालांकि अभी तक सपा के कितने डायरेक्टर हैं, इसका खुलासा नहीं हुआ है। यह चुनाव पूरी तरह शतरंज की तरह है, कब किसकी 'शह और मात' होगी है, खिलाड़ी समझ ही नहीं पाता।

# डाटा फीडिंग के विरोध में शिक्षकों ने जताया विरोध, दी आन्दोलन की चेतावनी

संवाददाता। बस्ती



**उत्तर** प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल के नेतृत्व में संघ पदाधिकारियों, शिक्षकों ने सोमवार को मण्डलायुक्त गोविन्द राजू एन.एस से मिलकर एवं उप जिलाधिकारी आशाराम वर्मा के माध्यम से मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा, महानिदेशक स्कूल शिक्षा को ज्ञापन सौंपकर परिषदीय विद्यालयों के छात्रों का डाटा फीडिंग शिक्षकों द्वारा डी.बी.टी. के माध्यम से न कराये जाने की मांग किया। संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने बताया कि मण्डलायुक्त ने ज्ञापन लेते हुये एडी बेसिक एसपी तिवारी को निर्देश दिया कि तत्काल इस समस्या का निराकरण कराया जाय। ज्ञापन के बाद शिक्षकों ने निर्णय लिया कि इस प्रकरण को लेकर मंगलवार को दिन में 11.30 बजे शिक्षक भवन पर संगठन पदाधिकारियों की आकस्मिक बैठक कर रणनीति तय की जायेगी। 2 अक्टूबर गांधीजयंती के दिन शिक्षक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर सत्याग्रह आन्दोलन करेंगे, इसके बाद जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा जायेगा। मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में कहा गया है कि विभागीय अधिकारियों द्वारा परिषदीय विद्यालयों के छात्रों का डाटा फीडिंग शिक्षकों द्वारा डी.बी.टी.के माध्यम से करने हेतु व्हाट्सअप मैसेज के माध्यम से निर्देश दिया गया है। डाटा फीडिंग व कम्प्यूटर सम्बन्धी अन्य कार्य वीआरसी पर खण्ड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय द्वारा सम्पादित किया जाता है, वहां पर पर्याप्त कई कम्प्यूटर आपरेटर कार्यरत है, ऐसे में छात्रों का फीडिंग कार्य भी उक्त कार्यालय से ही सम्पादित कराया जाना चाहिए। ज्ञापन में कहा गया है कि जनपद के विभिन्न विकास खण्डों में खण्ड शिक्षा अधिकारी के अधीन वीआरसी कार्यालय पर चार से अधिक कम्पयूटर आपरेटर की नियुक्ति पूर्व में हुई है। अध्यापकों को न तो लैपटाप, टेबलेट या कम्प्यूटर दिया गया है न ही कम्प्यूटर टेऊनिंग देकर फीडिग कार्य के तकनीकी का प्रशिक्षण ही कराया गया है। विद्यालय का फीडिंग कार्य कराने में शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। यदि अध्यापकों से फीडिंग कराना हो तो सभी प्रधानाध्यापकों को प्रशिक्षण दिया जाय। शिक्षक पूरी तरह से डाटा फीडिंग मोबाइल द्वारा डी.बी.टी. के माध्यम से कार्य करने में असमर्थ है। इस आदेश से शिक्षकों में रोष है और निर्णय वापस न हुआ तो शिक्षक आन्दोलन को बाध्य हो सकते है। जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपने वालों में अखिलेश कुमार मिश्र, महेश कुमार, चन्द्रभान चौरसिया, दिवाकर सिंह, रजनीश मिश्र, राजेश कुमार, विनय कुमार, श्रीमती वंदना मिश्रा, रीता शुक्ला, संजीव शर्मा, प्रदीप दूबे, राजेश चौधरी, सन्तोष शुक्ल, रवीश मिश्र, आनन्द पाण्डेय आदि शामिल रहे।

# कीटनाशक का सैम्पल फेल, दो दुकानदारों पर दर्ज होगा केस

**गोंडा।** डीएम मार्कण्डेय शाही ने मानक विहीन कीटनाशक बेचने वाले दो उर्वरक विक्रेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं। जिला कृषि अधिकारी जेपी यादव ने बताया कि आइएफएफडीसी कृषक सेवा केन्द्र प्रो0 विनय कुमार शुक्ला खरगूपुर गोण्डा की कीटनाशी दुकान से कीटनाशक प्रेटीलाक्लोर 37 प्रतिशत का नमूना लिया गया था। जांच में नमूना फेल हो गया। डीएम ने सम्बन्धित दुकानदार तथा कम्पनी सिनजेन्टा इण्डिया लिमिटेड महाराष्ट्रा के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं। इसी प्रकार मेसर्स किसान कृषि रक्षा भण्डार प्रोपराइटर कुंज बिहारी इटियाथोक बाजार गोण्डा के यहां पेस्टासाइड का सैम्पल फेल होने पर दुकानदार कुंज बिहारी तथा कम्पनी अतुल लिमिटेड गुजरात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराने के आदेश दिए हैं।

# रक्तदान व टीकाकरण शिविर का एडीएम व एएसपी ने किया उद्घाटन

- भारत पेट्रोलियम द्वारा मनियरा पेट्रोल पम्प पर हुआ आयोजन



**संतकबीरनगर।** भारत सरकार का महत्वपूर्ण अंग भारत पेट्रोलियम आम जनमानस को जागरूकता के उद्देश्य से कार्य कर रही है। सामाजिक कार्यो में अपना योगदान प्रदान करते हुए सोमवार को मनियरा पेट्रोल पम्प भारत पेट्रोलियम के स्टेट मैनेजर राजेश एवं सेल्स अधिकारी सचिन ने रक्तदान, टीकाकरण व किसान गोष्ठी का शिविर लगाया। जिसका उद्घाटन अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मनोज कुमार सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकार किया। इस अवसर पर रक्तदान करने वाले युवाओ को एडीएम ने उपहार प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाया। अधिकारियों ने पेट्रोल पम्प पर लगाये गये कोविड टीकाकरण शिविर में पहुॅचकर स्वास्थ्य कर्मियो से जानकारी ली तथा अधिक से अधिक लोगो को कोविड टीकाकरण किये जाने के लिए निर्देश दिया। कार्यक्रम के आयोजक/प्रतिष्ठित व्यवसायी कैलाशपति रूंगटा ने कहा कि सामाजिक सेवा में वह सदैव बढ़ चढ़कर कार्य करते है। जिसके क्रम में यह आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि आज के शिविर में मनियरा स्थित आस पास के गांवो के लोगो को इसका लाभ मिला है। उन्होंने रक्तदान करने वाले युवाओं को जूस पिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। कैलाशपति रूंगटा ने सभी आये हुए अधिकारियों के प्रति आभार प्रकट किया।

# कटान की सूचना पर पहुंचीं डीएम, दिए निर्देश

- बोल्डर ने रोका कटान

संवाददाता। संतकबीरनगर

**घाघरा** नदी की कटान से एमबीडी बांध पर आए संकट के बादल कटते नजर आने लगे रहे हैं। रविवार को देर शाम तक नियन्त्रण से बाहर होती जा रही कटान सोमवार कि सुबह थमती नजर आने लगी। बंधे से बमुश्किल 3 मीटर की दूरी पर नदी द्वारा किए जा रहे कटान को बोल्डर से रोक कर देर शाम तक सिंचाई विभाग ने करीब 10 मीटर दूर कर दिया लेकिन नदी कटान से करीब 200 मीटर पश्चिम कत्ल करने लगी है। तुरकौलिया नायक के पास घाघरा नदी 1 माह से कटान करते हुए एमबीडी बांध तक पहुंच चुकी थी। कटान को रोकने के लिए सिंचाई विभाग 15 दिनों से नदी में बालू भरी बालू व मिट्टी बोरी में भरकर डाल रहा था। लेकिन कटान रुकने की जगह बढ़ते हुए बांध तक पहुंच गई। जिससे ग्रामीण भयभीत होकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों पर तरह तरह का आरोप लगाते हुए बोल्डर से कटान रोके जाने की मांग कर रहे थे। रविवार की सुबह जब बंधे पर खतरा बढ़ने लगा तो सिंचाई विभाग बोलडर का प्रयोग करना शुरू किया। जिसका परिणाम भी सुखद निकलता दिखने लगा है। रविवार कि आधी तक जो कटान नियंत्रण से कोसों दूर थी वह रुकने लगी और विभाग के लोग सोमवार को देर शाम तक कटान स्थल पर करीब 10 मीटर तक बोल्डर डालने में कामयाबी का दावा करने लगे। सोमवार के शाम जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल और पुलिस अधीक्षक डॉ0कौस्तुभ कटान स्थल पर पहुंचकर इस स्थिति का जायजा लिए। वही गांव वालों का कहना है कि यह तो कटान थमने लगी है लेकिन 200 मीटर पश्चिम बाबूलाल के मड़ई के सामने नदी तेजी के साथ कटान करना शुरू कर दी है।



निरीक्षण करती जिलाधिकारी पायनियर

# एडीएम (न्यायिक) ने संभाला कार्यभार



राम आसरे

संवाददाता। संतकबीरनगर

**शासन** से स्थानान्तरण होकर आये नवागत अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) राम आसरे सोमवार को अपने पद का कार्यभार ग्रहण किये। श्री आसरे जिलाधिकारी से भेंट कर अपनी आख्या रिपोर्ट प्रस्तुत किये। ज्ञात हो कि जनपद में 4 वर्ष पूर्व एडीएम न्यायिक पद पर अनिल मिश्रा की तैनाती रही। उसके बाद किसी की तैनाती नही हो सकी। शासन ने कुछ दिन पूर्व राम आसरे का एडीएम न्यायिक पद पर तैनाती किया था। सोमवार को उन्होंने अपने पद का चार्ज लिया।

# बूथ मजबूती अभियान

- राकेश मिश्रा ने शिविर लगाकर बूथ कार्यकर्ताओं को सहेजा, भाजपाइयो ने अभी से झोंकी ताकत

**संतकबीरनगर।** भाजपा वरिष्ठ नेता राकेश मिश्रा लगातार आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए बूथो को मजबूत करने में लग गये है। भाजपा नेता अभी से सक्रिय हो गये है। सोमवार को भाजपा नेता राकेश मिश्रा खलीलाबाद विधानसभा के तीन गांवो में शिविर लगाकर बूथ कार्यकर्ताओं को सहेजते हुए बूथो को मजबूत किये जाने के लिए मंत्र दिये। कार्यकर्ताओं में बूथ जिताने के लिए संकल्प लिया। राकेश मिश्रा ने सेमरियावा मण्डल के कानपारा में जनचौपाल लगाकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयन्ती उपलक्ष्य में शक्ति केन्द्र के पिडवा में चौपाल लगाकर केन्द्र व प्रदेश सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को बताते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नीतियो एवं विचारो को बताया। इसी क्रम में सालेहपुर, महनी, साफ्यिाबाद, नौवागांव में जागरूकता शिविर लगाया। इस अवसर पर गजेन्द्र पाठक, दामोदर पाण्डेय, बबलू लाल यादव, कृष्ण नन्द पाण्डेय, भगवानदास, संतराम, वरूण, कन्हैयालाल, रामसागर चौधरी, अनिल पाण्डेय, अबरार अहमद, इन्द्रपाल सहित भाजपाई शामिल रहे।



सम्बोधित करते भाजपा नेता राकेश मिश्र

# राजकीय पुस्तकालय का डीएम ने किया निरीक्षण

संवाददाता। गोंडा

**सोमवार** को डीएम मार्कण्डेय शाही ने राजकीय पुस्तकालय का औचक निरीक्षण कर वहां पर कराएं कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पुस्तकालय में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं से बात कर व्यवस्थाओं के बारे में पूछा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि वे पुस्तकालय में 06 अदद वाईफाई युक्त कम्प्यूटर, एयर कन्डीशनर तथा ब्रेन्च आदि का प्रबन्ध कराएं तथा पुस्तकालय परिसर में अखबार पढ़ने के लिए आने वालों लोगों के बैठने का समुचित प्रबन्ध करें। इस मौके पर उन्होंने पुस्तकालय के प्रथम तल पर कराए गए नवनिर्माण कार्य को भी देखा। वहीं पुस्तकालय में पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी तैयारियों की जानकारी भी ली। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया है कि वे निश्चित अन्तराल पपर पुस्तकालय का औचक निरीक्षण कर लिया करें तथा वहां पर तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए दी जा रही व्यवस्थाओं का मुआयना कर लिया करें। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाय कि परिसर में गन्दगी न रहे। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि पुस्तकालय में अवशेष निर्माण कार्य को अततिशीघ्र पूर्ण कराएं। निरीक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, ओएसडी शिवराज शुक्ला व अन्य उपस्थित रहे।



राजकीय पुस्तकालय का निरीक्षण करते डीएम मार्कण्डेय शाही पायनियर

### लापरवाही बरतने वाले बीएलओ पर दर्ज होगी एफआईआर: डीएम

**गोंडा।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मार्कण्डेय शाही ने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के माध्यम से आगामी विधानसभा निवार्चन के सम्बन्ध में तैनात बीएलओ को निर्देश दिए हैं कि जिन्होंने अभी तक गरूड़ एप तथा वोटर हेल्प लाइन एप डाउनलोड नहीं किए हैं, वे सभी मंगलवार 28 सितम्बर की प्रातः 09 बजे अपनी तैनाती के तहसील मुख्यालय पर उपस्थित होकर दोनों एप डाउनलोड कर लें तथा इसके संचालन का प्रशिक्षण प्राप्त कर लें।

# शहर से लेकर कलेक्ट्रेट तक भारत बंद पर विपक्ष ने किया प्रदर्शन

**संतकबीरनगर।** किसान बिल वापस लेने की मांग को लेकर भारत बंद के आन्दोलन सोमवार को जनपद के विभिन्न राजनैतिक दलो के नेता एकजुट होकर केन्द्र व प्रदेश सरकार को कोसते हुए सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए शहर से लेकर कलेक्ट्रेट तक जुलूश निकालकर भारत बंद में दुकानदारो का समर्थन मांगते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल जुलूश के साथ लगी रही। विपक्ष के नेताओं द्वारा किये जा रहे भारत बंद प्रदर्शन का समापन जिलाधिकारी कार्यालय पर हुआ। भारतीय किसान यूनियन के नेता, राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता गंगा सिंह सैंथवार, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष गौहर अली खॉ, कामरेड शिवकुमार गुप्ता व कामरेड रूस्तम खॉ अपने कम्यूनिष्ठ नेताओं के साथ भारी संख्या में व सहित अन्य विपक्ष दलो के नेता एकजुट होकर भारी संख्या में प्रदर्शन किया। जिला प्रशासन कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रदर्शन करने वाले नेताओं पर नजर बनाये रखा।

# भाकियू कार्यकर्ताओं ने भिनगा-बहराइच फोरलेन पर एक घंटे तक जमाया कब्जा

- पहले की महापंचायत फिर फोरलेन पर दिया धरना

संवाददाता। श्रावस्ती, सोनवा





**भारतीय** किसान यूनियन द्वारा भारत बंद के आवाहन पर यूनियन के जिले स्तर के कार्यकर्ताओं ने विकास खण्ड गिलौला के सोनवा स्टोर पर सोमवार को एक महापंचायत आयोजित की जिसमे भारी संख्या में कार्यकर्ता व किसान मौजूद रहे। इस महापंचायत के तुरंत बाद कार्यकर्ता भिनगा.बहराइच फोरलेन पर पहुंच गए और फोरलेन पर कब्जा जमाते हुए धरने पर बैठ गयेए इस दौरान लगभग एक घंटे तक फोरलेन पर यूनियन के कार्यकर्ताओं ने अपना कब्जा जमाए रखाए जिससे आवागमन पूर्णतया बाधित रहाए मुसाफिरों को बड़ी ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। भाकियू कार्यकर्ता के जिद के आगे पुलिस लाचार दिखी। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष रामस्वरूप वर्मा की अगुवाई में संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वाधान में भारत बंद आवाहन के मद्देनजर सोमवार को सोनवा थाना क्षेत्र के सोनवा स्टोर के पास भाकियू के कार्यकर्ताओं ने एक महापंचायत की। महापंचायत के समाप्त होने के तुरंत बाद कार्यकर्ता भिनगा.बहराईच मार्ग फोरलेन पर धरने पर बैठ कर नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया। साथ ही मौके पर पहुंचे एसडीएम भिनगा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन की प्रमुख मांग कोरोना काल में किसानों के खिलाफ बनाए गए काले कानून तत्काल वापस लिए जाय ए बिजली बिल अध्यादेश 2021 को रद्द किए जानेए कृषि उपज का लागत मूल्य डेढ़ गुना समर्थन मूल्य पर खरीद की गारंटी का कानून बनाए जानेए पराली जलाने के बहाने जुर्माना लगाने व किसानों को जेल में बंद करने का कानून रद्द किए जानेए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एक्ट से कृषि यंत्रों जैसे डीजल इंजन ट्रैक्टर पावर ट्रेलर ट्रक कंपाइन आज को बाहर रखे जानेए पशु क्रूरता अधिनियम 2005 से फसलों को बचाने के लिए लगाने वाले कटीले तार से प्रतिबंध हटाया जानेए डीजल एवं पेट्रोल को तत्काल जीएसटी के दायरे में लाने तथा भारत सरकार का संयुक्त मोर्चा के बीच तत्काल वार्ता सूचित कराए जाने की मांग शामिल रहा। इस दौरान लगभग एक घंटे तक फोरलेन पर जाम लगा रहा।

# संजू सैमसन ने खेली दमदार पारी

● हैदराबाद के खिलाफ राजस्थान ने बनाए पांच विकेट पर 164 रन




**भाषा।** दुबई

**कप्तान संजू** सैमसन की 82 रन की शानदार पारी के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में सोमवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 164 रन बनाए। सैमसन ने 57 गेंद की अपनी पारी में सात चौके और तीन छक्के की मदद से 82 रन बनाए। उन्हें युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (23 गेंद में 36 रन) और महिपाल लोमरोर (28 गेंद में नाबाद 29 रन) का अच्छा साथ मिला। सैमसन और लोमरोर ने चौथे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान के लिए इविन लुईस (छह) और यशस्वी जायसवाल ने संदीप शर्मा (30 रन पर एक विकेट) के पहले ओवर में एक-एक चौका जड़ा लेकिन अनुभवी भुवनेश्वर कुमार (28 रन पर एक विकेट) ने दूसरे ओवर की पहली गेंद पर लुईस को पवेलियन भेज दिया। उनका यह ओवर मेडन रहा। जायसवाल पर हालांकि इसका कोई खास असर नहीं पड़ा और उन्होंने संदीप और फिर भुवनेश्वर की गेंदों को बाउंड्री के पार भेजा। दूसरे छोर पर सैमसन ने पिछले मैच की लय को जारी रखा। उन्होंने सिद्धार्थ कौल (36 रन पर दो विकेट) के छठे ओवर में दो चौके जड़े। इससे पावर प्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 49 रन हो गया। नौवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आए संदीप शर्मा पर जायसवाल ने छक्का जड़ा लेकिन अगली ही गेंद पर बोल्ड हो गए। उन्होंने 23 गेंद की पारी में एक छक्का और पांच चौके लगाए और सैमसन के साथ दूसरे विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी की।

लियाम लिविंगस्टोन (चार रन) की खराब लय इस मैच में भी जारी रही जो राशिद खान (31 रन पर एक विकेट) की गेंद पर समद को कैच थमा बैठे। पारी के 14वें ओवर में महिपाल लोमरोर ने जेसन होल्डर (बिना सफलता के 27 रन) के खिलाफ छक्का जड़कर टीम के स्कोर को 100 रन पर पहुंचाया। वह इसके बाद हालांकि बड़ा शॉट लगाने में जूझते दिखे। सैमसन ने इसके बाद 15वें ओवर में राशिद का स्वागत छक्के से किया। उन्होंने अगले ओवर की पहली गेंद पर सिद्धार्थ कौल के खिलाफ मिड ऑफ के ऊपर चौका जड़कर 42 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद इसी ओवर में दो छक्के जड़े। इस बीच 18वें ओवर में होल्डर की गेंद पर संदीप ने लोमरोर का आसान कैच टपका दिया। भुवनेश्वर ने इसके बाद 19वें ओवर में सिर्फ सात रन खर्च किए। सिद्धार्थ ने आखिरी ओवर में सैमसन को आउट करने के बाद रियान पराग को खाता खोले बगैर पवेलियन भेजा। इस ओवर से सिर्फ चार रन आए। हैदराबाद के गेंदबाजों ने आखिरी दो ओवर में सिर्फ 11 रन दिए जिससे राजस्थान और बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रहा।

### स्कोरबोर्ड


**राजस्थान रॉयल्स पारी:** इविन लुईस का समद बो भुवनेश्वर 06, यशस्वी बो संदीप 36, सैमसन का होल्डर बो सिद्धार्थ 82, लिविंगस्टोन का समद बो राशिद 04, लोमरोर नाबाद 29, पराग का रॉय बो सिद्धार्थ 00, तेवतिया नाबाद 00, **अतिरिक्त:** (बाई: 01 लेग बाई: 03 , वाइड: 03) 07, **कुल योग:** (20 ओवर में पांच विकेट पर) 164 रन, **विकेट पतन:** 1-11, 2-67, 3-77, 4-161, 5-162, **गेंदबाजी:** संदीप 3-0-30-1, भुवनेश्वर 4-1-28-1, होल्डर 4-0-27-0, कौल4-0-36-2, खान 4-0-31-1, अभिषेक 1-0-8-0

## घुटने की चोट के बाद यूएई से स्वदेश लौटे कुलदीप, अधिकांश घरेलू सत्र से रह सकते हैं बाहर



**नई दिल्ली।** बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को घुटने में गंभीर चोट लगी है और यूएई में इंडियन प्रीमियर लीग के बीच से लौटने के बाद उनके अधिकांश घरेलू सत्र से भी बाहर रहने की संभावना है। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से खेलने वाले कुलदीप भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं और प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी से पहले उन्हें लंबी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजरना होगा। आईपीएल टीमों से जुड़े मामलों को देखने वाले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर पीटीआई को बताया, हां, हमें सूचना मिली है कि यूएई में अभ्यास सत्र के दौरान कुलदीप को घुटने में गंभीर चोट लगी है। संभवत: क्षेत्ररक्षण के दौरान उसका घुटना मुड़ गया और उस समय चोट गंभीर थी। उन्होंने कहा, कोई संभावना नहीं थी कि वह आईपीएल में आगे हिस्सा ले पाएगा और इसलिए उसे भारत वापस भेज दिया गया।

## चयन मेरे हाथ में नही है , विश्व कप टीम में जगह नही मिलने पर बोले हर्षल



**दुबई।** इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार अच्छे प्रदर्शन के बावजूद टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिलने से भी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल विचलित नहीं है और उनका कहना है कि चयन उनके हाथ में नहीं हैं। मुझे कभी पछतावा नहीं रहा। मैने अपने जीवन में समय के अनुसार अपनी ओर से सबसे सही फैसले लेने की कोशिश की हैं। जहां तक चयन की बात है तो वह मेरे हाथ में नहीं है। मैं क्लब टीम के लिए खेलूं या आईपीएल टीम के लिए या देश के लिए या फिर हरियाणा के लिए , मैं बल्ले और गेंद से सकारात्मक योगदान देना चाहता हूं। यह मेरा लक्ष्य है और जब तक क्रिकेट खेल रहा हूं, तब तक रहेगा। मुंबई इंडियंस के खिलाफ हैट्रिक लगाने वाले हर्षल ने कहा , मैने अपने जीवन में पहली हैट्रिक ली है। अभी स्कूल के मैच में भी नहीं ली। आईपीएल में छठी बार हैट्रिक के पास पहुंचा और पहली बार कामयाब रहा।

## क्विक न्यूज

### युवेंटस की संघर्षपूर्ण जीत

**मिलान।** सैंपडोरिया के खिलाफ सीरि ए फुटबॉल मुकाबले में 3-2 से मिली संघर्षपूर्ण जीत में युवेंटस के लिए गोल करने वाले स्ट्राइकर पाउलो डायबाला चोटिल होने के बाद रोते हुए मैदान से निकले। कुछ सालों से लगातार फिटनेस समस्याओं के शिकार डायबाला को इस मैच में फिर चोट लगी। वह चल नही पा रहे थे और साथी खिलाड़ियों का सहारा लेना पड़ा। युवेंटस के कोच मासिमिलानो अलेग्री ने मैच के बाद कहा कि डायबाला और अलवारो मोराटा चेलसी के खिलाफ बुधवार को चैम्पियंस लीग का मैच और शनिवार को सीरि ए में तोरिनो के खिलाफ मैच नही खेल सकेंगे।

### आर्सनल ने टोटेनहम को हराया

**लंदन।** पिछली नाकामियों से उबरते हुए आर्सनल ने प्रीमियर लीग फुटबॉल के मैच में टोटेनहम को 3-1 से हराया। मिकेल अर्टेटा की टीम ने प्रीमियर लीग में पहली बार पहले 34 मिनट के भीतर तीन गोल दागे। उसके लिए एमिले स्मिथ रोव, पियरे एमरिक और बुकायो साका ने गोल किए। एक महीने पहले ही अगस्त में आर्सनल की शुरूआत लगातार तीन हार के साथ हुई थी। उसे गत चैम्पियन मैनचेस्टर सिटी ने भी बुरी तरह से हराया था। उसके बाद से आर्सनल ने सत्र बहाल होने पर लगातार तीन मैच जीते। दूसरी ओर टोटेनहम की यह लगातार तीसरी हार थी।

### मार्शेले की हार, मोनाको जीता

**पेरिस।** मार्शेले को फ्रेंच फुटबॉल लीग के मौजूदा सत्र में पहली पराजय का सामना करना पड़ा जिसे रोमांचक मैच में लेंस ने 3-2 से हराया। दिमित्री पाएत के दो गोल की मदद से मार्शेले ने ब्रेक तक स्कोर 2-2 से बराबर कर लिया था लेकिन लेंस के स्थानापन्न खिलाड़ी वेसले सैड ने निर्णायक गोल करके टीम को जीत दिलाई। लेंस के लिए पहले दो गोल फ्लोरियन सोटोका और जेमीस्लाव फ्रेंकोवज्की ने किए।

### टेस्ट से संन्यास लेंगे मोईन अली

**लंदन।** इंग्लैड के अनुभवी हरफनमौला खिलाड़ी मोईन अली सीमित ओवरों के क्रिकेट में अपने कैरियर को विस्तार देने के लिए टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेंगे। ब्रिटिश मीडिया की खबरों में यह दावा किया गया। मोईन कप्तान जो रूट और मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड को अपने फैसले से अवगत करा चुके है। उन्होंने 64 टेस्ट में 28 . 29 की औसत से 2914 रन बनाए और 36 . 66 की औसत से 195 विकेट लिए है। वह 2019 एशेज श्रृंखला के बाद से टेस्ट क्रिकेट नही खेले थे लेकिन भारत के खिलाफ हाल ही मे घरेलू श्रृंखला के लिए उनकी टेस्ट टीम में वापसी हुई। ूरे करने वाले 15वें टेस्ट क्रिकेटर बनने की दहलीज पर थे।

### बॉल-टु-बॉल कमेंटरी होगी

**बेंगलुरु।** आगामी क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए आठ भारतीय भाषाओं में स्कोरबोर्ड और बॉल-टु-बॉल कमेंटरी को साथ मिलाया जाएगा। उसके लिए डिजिटल प्लेटफार्म पर शेयरचैट ने योजना बनाई है। अपने ऑडियो चैटरूम फीचर का लाभ उठाते प्रमुख खिलाड़ियों के साथ सेशन आयोजित क रेबा। इन खिलाड़ियों में वीरेंदर सहवाग,रविचंद्रन अश्विन, गौतम गम्भीर, शिखर धवन, अजित अगरकरए और आकाश चोपड़ा के नाम शामिल हैं जो सोशल क्रिकेट का संपूर्ण अनुभव प्रदान करेंगे। इसमें लाखों लोग जुड़े हैं और इन सभी को अपने मनपसंद खिलाड़ियों के साथ सबसे चहेते और निरंतर क्रिकेट आयोजनों के मैचों प्रदर्शन और अन्य प्रमुख घटनाओं पर चर्चा में शामिल होने का मौका मिलेगा। इसलिए ये फीचर्स आठ अलग-अलग भाषाओं तमिल, तेलुगु, कन्नड़, , बांग्ला, मराठी, पंजाबी और मलयालम में उपलब्ध होंगे। ये नया फीचर सम्पूर्ण भारत के लोगों को जोड़ेगा। सीनियर डायरेक्टर कटेंट स्ट्रेटेजी और ऑपरेशंस, शशांक शेखर ने इस एकीकरण के बारे में कहा कि हमारा लक्ष्य हमेशा ही नवोन्मेषी व सामाजिक अनुभवों के साथ अपने यूजर्स का मनोरंजन करना रहा है।

### महिला फुटबॉल टीम का ऐलान

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम के मुख्य कोच थॉमस डेनेर्बी ने यूएई और बहरीन के खिलाफ आगामी दोस्ताना मैचों के लिए 23 सदस्ईय भारतीय टीम की घोषणा की है। टीम इस समय जमशेदपुर में शिविर मे है जो दो अक्टूबर को संयुक्त अरब अमीरात और चार अक्टूबर को ट्यूनीशिया की राष्ट्रीय टीमो के खिलाफ मैच खेलेगी। इसके बाद भारतीय टीम बहरीन में दस अक्टूबर को मेजबान के खिलाफ और 13 अक्टूबर को चीनी ताइपै के खिलाफ मैच खेलेगी। डेनेर्बी ने कहा , एक महीने झारखंड मे अभ्यास के बाद हमें बहुत खुशी है कि हम यूएई और बहरीन में खेलने जा रहे हैं।

## केकेआर को हराकर प्लेआफ में जगह पक्की करना चाहेगी दिल्ली कैपिटल्स




**भाषा।** शारजाह

**शानदार** फॉर्म में चल रही दिल्ली कैपिटल्स इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर प्लेआफ में जगह पक्की करना चाहेगी। दिल्ली के लिए अच्छी बात यह भी है कि केकेआर के आक्रामक हरफनमौला खिलाड़ी आंद्रे रसेल का चोट के कारण इस मैच में खेलना अनिश्चित है। पहला आईपीएल खिताब जीतने की कोशिश में जुटी दिल्ली ने इस सत्र में आक्रामक खेल दिखाया है और उसकी नजरें सिर्फ प्लेआफ में जगह बनाने पर नहीं बल्कि पिछले साल से बेहतर प्रदर्शन करने पर है। पिछले सत्र में फाइनल में उसे मुंबई इंडियंस ने हराया था। दिल्ली दस मैचों में आठ जीत के साथ 16 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है जबकि केकेआर छह हार और चार जीत के बाद चौथे स्थान पर है। दिल्ली ने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स को हराया जबकि केकेआर को चेन्नई सुपर किंग्स के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा। हैमस्ट्रिंग चोट के कारण तीन ओवर फेंकने के बाद रसेल मैदान से बाहर चले गए जिनकी कमी केकेआर को खली। उनकी गैर मौजूदगी में प्रसिद्ध कृष्णा को 19वां ओवर फेंकने की जिम्मेदारी दी गई लेकिन वह रविंद्र जडेजा को रोक नहीं सके। इयोन मोर्गन और उनकी टीम को बखूबी पता है कि दिल्ली जैसी फॉर्म में चल रही टीम के खिलाफ वे कोई गलती नहीं कर सकते। प्लेआफ में जगह बनाने के लिए यह मैच उनके लिए काफी अहम होगा। उन्हें ऋषभ पंत की अगुवाई वाली दिल्ली जैसी मजबूत टीम के खिलाफ हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। मोर्गन, दिनेश कार्तिक, नीतिश राणा, वेंकटेश अय्यर और शुभमन गिल सभी को मिलकर रन बनाने होंगे। चेन्नई के खिलाफ 45 रन बनाने वाले राहुल त्रिपाठी उस फॉर्म को बरकरार रखना चाहेंगे। दूसरी ओर दिल्ली की स्थिति मजबूत है जिसने रॉयल्स के खिलाफ उम्दा खेल दिखाया। पंत, श्रेयस धवन, पृथ्वी और हेटमाएर जैसे मजबूत बल्लेबाज उसके पास है। वहीं गेंदबाजी में रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल को तेज गेंदबाजों एनरिच नोर्किया, कैगिसो रबाडा और आवेश खान से अच्छा सहयोग मिला है।

### अय्यर की वापसी से आदर्श गेंदबाजी आक्रमण उतार पा रहे हैं: होप्स



**शारजाह।** दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स ने सोमवार को कहा कि सीनियर बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की वापसी से उनकी टीम आदर्श गेंदबाजी आक्रमण उतार पा रही है जिसका फायदा उन्हे इंडियन प्रीमियर लीग के बहाल होने के बाद मिल रहा है।आईपीएल के पहले चरण में अय्यर कंधे की चोट के कारण नही खेल पाए थे और ऐसे में दिल्ली को स्टीव स्मिथ के रूप मे विशेषज्ञ विदेशी बल्लेबाज के साथ उतरना पड़ रहा था। तेज गेंदबाज एनरिच नोर्त्जे को ऐसे में अंतिम एकादश में मौका नही मिल रहा था। वह टूर्नामेंट के शुरुआती हिस्से में कोविड-19 से संक्रमित भी थे।अय्यर की मौजूदगी से नोर्त्जे को अंतिम एकादश मे मौका मिला है और उन्होने दक्षिण अफ्रीका टीम के अपने साथी तेज गेंदबाज कागिसो रबादा के साथ मिलकर आईपीएल के सबसे मजबूत गेंदबाजी आक्रमण में से एक बनाया है। टीम में एक अन्य तेज गेंदबाज के रूप में आवेश खान खेल रहे है जबकि दो स्पिनरो की भूमिका अक्षर पटेल और रविचंद्रन अश्विन निभा रहे है।

## गलतियों को सुधार कर मुंबई को उतरना होगा सामना अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम पंजाब से

● खराब फार्म से जूझ रही है रोहित की टीम : मुकाबला आज

**भाषा।** अबुधाबी



**लगातार तीन** पराजयों के बाद गत चैम्पियन मुंबई इंडियंस के धुरंधर शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को मंगलवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल के मैच में अपनी गलतियों में सुधार करके जीत की राह पर लौटना ही होगा अन्यथा बहुत देर हो जाएगी। यूएई में आईपीएल की बहाली के बाद से मुंबई तीनों मैच हारकर सातवें स्थान पर खिसक गई है।

उसके 10 मैचों में आठ अंक हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ वह लक्ष्य का पीछा नहीं कर सकी जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करके हार गई। पांच बार की चैम्पियन टीम के बल्लेबाजों ने निराश किया है।सूर्यकुमार यादव और ईशान किशन जैसे युवा बल्लेबाज फॉर्म में नहीं है।कप्तान रोहित शर्मा ने पिछले दो मैचों में 33 और 43 रन बनाए लेकिन अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल सके। पहले दो मैचों से बाहर रहने के बाद हार्दिक पंड्या फिट होकर टीम में लौटे लेकिन कोई कमाल नहीं कर सके। ए खिलाड़ी टी20 विश्व कप में भारतीय टीम का भी हिस्सा हैं और इनका खराब फॉर्म चिंता का विषय है। आईपीएल के ठीक बाद यूएई और ओमान में टी20 विश्व कप खेला जाना है। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ने तीन मैचों में आठ विकेट लिए हैं लेकिन ट्रेंट बोल्ट और एडम मिल्ने को तीन तीन विकेट ही मिल सके। स्पिनर राहुल चाहर और कृणाल पंड्या ने निराश किया है। दूसरी ओर पंजाब पांचवें स्थान पर है जिसने पिछले मैच में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद को हराया। उसके भी दस मैचों में आठ अंक है और वह आने वाले मैचों में कोई कोताही बरतने की स्थिति में नहीं है। पंजाब के पास आला दर्जे के विदेशी और भारतीय खिलाड़ी हैं लेकिन यह टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन कभी नहीं कर सकी। पंजाब की टीम राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आखिरी ओवर में चार रन नहीं बना पाई। उसके बाद पिछले मैच में तीन बदलाव किए और जीत मिली। कप्तान केएल राहुल की अगुवाई में पंजाब के पास अच्छे बल्लेबाज हैं। राहुल और मयंक अग्रवाल के अलावा क्रिस गेल, एडेन मार्कराम और निकोलस पूरन के रहते बल्लेबाजी मजबूत दिखती है। पिछले मैच में हालांकि ए शारजाह की धीमी पिच के अनुकूल ढल नहीं सके जिसके बाद राहुल ने पिच के अनुसार बल्लेबाजी का शऊर सीखने की ताकीद भी की। गेंदबाजी में मोहम्मद शमी और अर्शदीप सिंह ने अच्छा प्रदर्शन किया जबकि पिछले मैच में टीम में शामिल किए गए स्पिनर रवि बिश्नोई ने तीन विकेट लेकर मौके को भुनाया।

## क्वार्टर फाइनल के दौड़ से भारतीय शटलर बाहर

● सुदीरमन कप : चीन ने 0-5 से हराया

**भाषा।** वानता (फिनलैंड)

**बड़े खिलाड़ियों** के बिना खेल रही भारतीय बैडमिंटन टीम सुदीरमन कप के मैच में चीन से 0-5 की करारी शिकस्त के बाद सोमवार को क्वार्टर फाइनल की दौड़ से बाहर हो गई है। ग्रुप ए में यह भारत की लगातार दूसरी हार है, इससे पहले टीम को शुरुआती मुकाबले में थाईलैंड के खिलाफ 1-4 से पराजय का सामना करना पड़ा था। इस हार के साथ भारतीय टीम के लिए बुधवार को फिनलैंड के खिलाफ होने वाले मुकाबले का महत्व खत्म हो गया है। भारत के खिलाफ 11 बार के चैंपियन चीन को पहले से ही जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा था। भारतीय खिलाड़ियों के लिए हालांकि सबसे बड़ी निराशा यह रही कि वे एक भी मैच नहीं जीत सके। भारतीय बैडमिंटन में बेंच स्ट्रेंथ की कमजोरी पूरी तरह उजागर हो गई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू, लंदन खेलों की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल और पुरुष युगल जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की अनुपस्थिति का खामियाजा भारतीय टीम को भुगतना पड़ा। इस मुकाबले के पहले मैच में एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की पुरुष युगल जोड़ी ने लियू चेंग और झोउ हाओ डोंग की जोड़ी को कड़ी टक्कर दी लेकिन सीधे गेमों में 20-22, 17-21 से पिछड़ गए। युवा अदिति भट्ट इसके बाद ओलंपिक चैंपियन चेन यू फी के खिलाफ दमखम दिखाने में असफल रही और चीन की खिलाड़ी ने 21-9, 21-8 से आसान जीत दर्ज कर टीम को 2-0 की बढ़त दिला दी।



## जिस तरीके से मैच जीते खुश हूं, मैक्सवेल ने शानदार प्रदर्शन किया: कोहली



**भाषा।** दुबई

**रॉयल चैलेंजर्स** बेंगलोर (आरसीबी) के कप्तान विराट कोहली ने रविवार को यहां मुंबई इंडियंस को हराने के बाद कहा कि वह जीत दर्ज करने के तरीके से काफी खुश हैं और साथ ही उन्होंने ग्लेन मैक्सवेल की पारी की प्रशंसा की। आरसीबी ने मैक्सवेल की 56 रन और कोहली की 51 रन की पारी से छह विकेट पर 165 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा करके मुंबई इंडियंस को 111 रन पर समेटकर 54 रन से जीत हासिल की। इसमें हर्षल पटेल (चार विकेट) की हैट्रिक, चहल के तीन विकेट और मैक्सवेल के दो विकेट के हरफनमौला प्रदर्शन ने अहम भूमिका अदा की। मैक्सवेल को अपने इस प्रदर्शन के लिए मैन आफ द मैच चुना गया। कोहली ने मैच के बाद कहा, बहुत खुश हूं, विशेषकर जिस तरीके से हम जीते। शुरूआत अच्छी नहीं रही थी क्योंकि हमने देवदत्त पडीक्कल का विकेट गंवा दिया था। लेकिन फिर श्रीकर भरत ने कुछ शानदार शाट लगाए और मुझसे दबाव कम किया। लेकिन मैक्सवेल की पारी अविश्वसनीय थी। अगर आप दबदबा नहीं बनाते तो बुमराह आप पर हावी हो जाता। उसके खिलाफ आपको अपना सर्वश्रेष्ठ देना होता है और आज के प्रदर्शन के लिए मैं 10 में से पूरे 10 अंक देता हूं। हालांकि हमने 15 रन कम बनाए। हमें 20-25 अतिरिक्त बनाने चाहिए थे। हैट्रिक लेने वाले पटेल की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा, हर्षल ने जो किया, वह अविश्वसनीय था। मुंबई के कप्तान रोहित ने कहा, मुझे लगा कि गेंदबाजी का प्रयास शानदार रहा, वे 180 रन बनाने की ओर बढ़ रहे थे लेकिन हमारी गेंदबाजी के कारण ऐसा नहीं कर सके। लेकिन बल्लेबाजों ने हमें निराश किया। मैंने भी खराब शॉट खेला और आउट हो गया। मुझे लगता है कि यह मैच को बदलने वाला क्षण था। मैं छठी बार हैट्रिक पर था और पहली बार हैट्रिक बना सका। बहुत खुश हूं। पोलार्ड आपकी गेंदबाजी की धज्जियां उड़ा सकता है। मोहम्मद सिराज ने जिस तरह से शुरूआत की, उससे हमारी गेंदबाजी की लय तय हुई और फिर चहल और मैक्सी ने शानदार गेंदबाजी की। यह शानदार मैच था। मैं अपनी गेंदबाजी पर मेहनत कर रहा हूं। स्विच हिट शॉट पर भी काम कर रहा हूं और इसका फायदा मिलने लगा है।

### मध्यक्रम की नाकामी से दबाव बन रहा है : जहीर



**दुबई।** मुंबई इंडियंस के क्रिकेट निदेशक जहीर खान का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग के पिछले तीन मैचों में मध्यक्रम की नाकामी से उनकी टीम पर काफी दबाव बन गया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने रविवार को मुंबई को 54 रन से हराया जो गत चैम्पियंस टीम की लगातार तीसरी हार थी। जहीर ने कहा , विकेट अच्छी थी। आप देख सकते हैं कि पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम का प्रदर्शन कैसा था और हमारी शुरूआत कैसी थी। हमारे लिए समस्या फॉर्म की है। मध्यक्रम पिछले तीन मैचों में चल नहीं सका जिससे काफी दबाव बन गया। उन्होंने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा , इस तरह की शुरूआत मिलने के बाद अगर लगातार विकेट गंवाते रहेंगे तो मैच में कभी वापसी नहीं कर सकेंगे। आरसीबी के लिए ग्लेन मैक्सवेल ने हरफनमौला प्रदर्शन किया जबकि हर्षल पटेल ने हैट्रिक लगाकर टीम को जीत दिलाई। जहीर ने हर्षल की तारीफ करते हुए कहा , उसने शानदार गेंदबाजी की और हैट्रिक भी लगाई। पूरे सत्र में उसका प्रदर्शन शानदार रहा है और उसकी धीमी गेंद बहुत अच्छी आती है। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि पांच बार की चैम्पियन मुंबई टीम पहले भी खराब शुरूआत से उबरकर अच्छा प्रदर्शन करती आई है और इस सत्र में भी करेगी। हमारे पास अभी उतना समय नहीं रह गया है।हमें तेजी से वापसी करनी होगी। अब हमें सभी मैच जीतने होंगे और इसके लिए एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। हम पहले भी कर चुके हैं और इस बार भी करेंगे। मुंबई की पहचान उसका आक्रामक खेल है जो अभी तक हमें नजर नहीं आया।

## मिताली भारतीय टीम की सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, स्ट्राइक रेट को लेकर आलोचना गैरजरूरी: शांता



**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान शांता रंगास्वामी ने कहा कि स्ट्राइक रेट के लिए मिताली राज की लगातार आलोचना गैरजरूरी है क्योंकि वह अब भी भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की शीर्ष परिषद की भी सदस्य शांता ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भारत के प्रदर्शन की सराहना की। भारत ने श्रृंखला 1-2 से गंवाई लेकिन अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया। भारत ने तीसरे एक दिवसीय मुकाबले में जीत के साथ आस्ट्रेलिया के लगातार 26 मैचों के जीत के क्रम को भी तोड़ दिया। शांता ने पीटीआई से कहा, वह भारत की सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज है और अब भी सर्वश्रेष्ठ है। उसे पता है कि तेजी से रन बनाने हैं और अगर दूसरे छोर पर विकेट गिर रहे हैं तो स्ट्राइक रेट मायने नहीं रखता। वह ब्रिटेन में अच्छा खेली और इस श्रृंखला में भी। उन्होंने कहा, यहां तक कि झूलन (गोस्वामी) ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। इन दोनों ने अच्छा प्रदर्शन करके दिखा दिया है कि उम्र सिर्फ एक संख्या है (38 साल की उम्र में)।

## झूलन की तरह यॉर्कर फेंकना चाहती हैं निकोला



**गोल्ड कोस्ट।** आस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम की तेज गेंदबाजी आलराउंडर निकोला कैरी भारत की झूलन गोस्वामी से प्रभावित हैं और इस दिग्गज भारतीय तेज गेंदबाज की तरह यॉर्कर फेंकना चाहती हैं। कैरी ने चुनिंदा भारतीय संवाददाताओं के साथ बातचीत के दौरान कहा, वह काफी प्रभावशाली है, तीनों महिला एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में उसने नई गेंद से काफी अच्छी गेंदबाजी की, भारत के लिए कुछ अहम विकेट चटकाए। और फिर डेथ ओवर में उसने यॉर्कर फेंके। मैं गोस्वामी की तरह यॉर्कर फेंकना चाहती हूं क्योंकि पारी के अंत में उसने काफी प्रभावी गेंदबाजी की। उसका करियर शानदार रहा है और वह अब भी पहले ही तरह शानदार गेंदबाजी कर रही है, यह काफी प्रभावशाली है और मैं गोस्वामी की तरह यॉर्कर फेंकना चाहती हूं, यह मेरा लक्ष्य है। अपने करियर के 15वें साल में खेल रही झूलन ने 11 महिला टेस्ट, 192 एक दिवसीय और 68 टी20 मैचों में क्रमश: 41, 240 और 56 विकेट चटकाए हैं। आस्ट्रेलिया के लिए 20 वनडे और 18 टी20 खेलने वाले कैरी ने भारत के बल्लेबाजी क्रम को खतरनाक करार दिया। वे (भारतीय खिलाड़ी) बेहतरीन खिलाड़ी हैं। मिताली राज अनुभवी है, उसने ढेरों रन बनाए हैं, काफी प्रतिबद्ध बल्लेबाजी क्रम, इसलिए वे कई तरीके से खतरनाक हैं, इसलिए हमने उनके लिए योजनाएं बनाई है। कैरी ने कहा, और जैसा कि आपने कहा कि गुलाबी गेंद का मैच (दिन-रात्रि टेस्ट) होने वाला है जो थोड़ा अलग होगा। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच दिन-रात्रि टेस्ट 3० सितंबर से तीन अक्टूबर तक खेला जाएगा।

# टॉक टाइम

## मल्लिका शेरावत

एमएक्स प्लेयर के नकाब में जोहरा मेहरा की भूमिका निभाने वाली इस अभिनेत्री ने शालिनी सक्सेना के साथ बातचीत में अपने चरित्र के बारे में, फिल्मों को चुनने की अपनी चेकलिस्ट तथा एक खोजी थ्रिलर में काम करने के अनुभव के बारे में बताया

# एक अभिनेता के लिए पुनराविष्कार करना जरूरी है



**■ नकाब में आपकी क्या भूमिका है?**

यह एक खोजी थ्रिलर है। अभिनेत्री की मौत हो गई है और उसकी मृत्यु कैसे हुई, इसकी जांच की जा रही है कि यह आत्महत्या है या हत्या, इस मौत के आसपास क्या हो रहा है। मैं एक एंटरटेनमेंट प्रोड्यूसर जोहरा मेहरा का किरदार निभा रही हूं। वह एक बेहद क्रूर और महत्वाकांक्षी किस्म की है जिसे किसी चीज की परवाह नहीं है। वह बस यही चाहती है कि वह अपना साम्राज्य बना ले। अगर आप देखें तो असल जिंदगी में भी इस तरह की चीजें हो रही हैं--कितने अभिनेता मर रहे हैं-नकाब आज बेहद प्रासंगिक है।

**■ इस किरदार को निभाने का आकर्षण क्या था?**

यह इस फिल्म की प्रासंगिकता के कारण था - इन सभी अप्राकृतिक मौतों की प्रासंगिकता। पटकथा बहुत मजबूत है, यह उन दबावों के बारे में बात करती है जिन्हें आप मनोरंजन उद्योग में महसूस करते हैं। यह उद्योग उस व्यक्ति से बहुत अलग है जिसके पास सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की नौकरी है। वह उस जीवन शैली से जुड़ाव नहीं बना पाएगा जो मनोरंजन उद्योग का है, और न ही उसके दबाव से - अच्छा दिखने का दबाव, श्रेष्ठ होने का दबाव, श्रेष्ठ दिखने का दबाव, एक निश्चित ढंग से बनने का दबाव। लेकिन आप इससे कैसे निपटते हैं। कोई नशा करता है, कोई शराबी बन जाता है, कोई आत्महत्या कर लेता है। मैं सोशल मीडिया का प्रभाव व भूमिका के बारे में पढ़ती हूं, कि कैसे मीडिया हर चीज को सनसनीखेज बना देता है। मैं जान गयी कि हमें यह फिल्म करनी है।

**■ आप कुछ वर्षों से फिल्म की दुनिया से अलग थीं। किन चीजों ने आपको व्यस्त कर रखा था?**

मैं दुनिया घूम रही थी। यात्रा करने का यह सबसे अच्छा समय था। हवाई अड्डे खाली थे, हवाई जहाज खाली थे। सड़कें लगभग खाली थीं। इमिग्रेशन पर लंबी कतारें नहीं थीं। मैं उन सभी देशों में गयी जो प्रवेश की अनुमति दे रहे थे।

> सैनिटाइज करना हमारे लिए अच्छा है - यह हमें सुरक्षित रखता है, कोविड टेस्ट करना हमारी सुरक्षा के लिए है। यह खुद की कंडीशनिंग करने और उन प्रोटोकॉल का अभ्यस्त बनाने के बारे में है जिनका पालन करना होता है। वास्तव में यह अच्छा है। अब सब कुछ बहुत साफ हो गया है।

**■ यह सब कितना कठिन था?**

यह इतना कठिन नहीं था। सैनिटाइज करना हमारे लिए अच्छा है - यह हमें सुरक्षित रखता है, कोविड टेस्ट करना हमारी सुरक्षा के लिए है। यह खुद की कंडीशनिंग करने और उन प्रोटोकॉल का अभ्यस्त बनाने के बारे में है जिनका पालन करना होता है। वास्तव में यह अच्छा है। अब सब कुछ बहुत साफ हो गया है।

**■ शूट करना कितना कठिन था?**

चुनौती यह थी कि हमें हर दो दिन में कोविड टेस्ट देना था। हमने बहुत सख्त प्रोटोकॉल का भी पालन किया। शूटिंग के दौरान आप सीन में इतना डूब जाते हैं कि आप प्रोटोकॉल भूल जाते हैं, उन्हें ध्यान में रखना और उनका पालन करना चुनौतीपूर्ण होता है। स्टाफ पीपीई किट पहनकर अपना काम कर रहा है। यह कठिन है।

**■ खोजी थ्रिलर में काम करने का अनुभव कैसा रहा?**

मुझे नकाब में मिली भूमिका बहुत पसंद आई, क्योंकि यहां कुछ भी नकली नहीं है। निर्देशक सौमिक सेन चीजों को वास्तविक रखना चाहते थे। मेरा किरदार एक चेन स्मोकर का है। मैंने अपने जीवन में कभी धूम्रपान नहीं किया है। सिगरेट कैसे पकड़ी जाए, इसका मुझे बहुत अभ्यास करना पड़ा। ऐसी भूमिकाएं लिखना कठिन है।

**■ क्या व्यावसायिक और यथार्थवादी सिनेमा के लिए एक बिन्दु पर मिलना संभव है?**

दोनों के लिए मिलन बिन्दू होना असंभव है। व्यावसायिक बॉलीवुड फिल्मों का तयशुदा फार्मूला होता है। जबकि यथार्थवादी फिल्में भारी जोखिम लेती हैं।

नकाब में जोहरा बिना मेकअप के है, उसे इसकी आवश्यकता नहीं है।

**■ मौजूदा महामारी और सामाजिक दूरी को देखते हुए आपने ईशा गुप्ता और गौतम रोडे के साथ किस तरह की भाईचारा साझा किया?**

काफी भाईचारा था। हम पागल नहीं हुए, हमने सामाजिक दूरी बनाए रखी। चूंकि हमने हर दूसरे दिन टेस्ट कराते थे, हमें पता था कि हम सुरक्षित हैं।

**■ यात्रा कैसी रही?**

यह अद्भुत रही है। कल्पना कीजिए, मैं हरियाणा से आयी हूं। बॉलीवुड ने मुझे सब कुछ दिया - नाम, शोहरत और यहां तक कि असफलताएं भी। इसने मुझे सुपरहिट और सुपर फ्लॉप फिल्में भी दी हैं। यह एक शानदार यात्रा का हिस्सा है।

**■ ओटीटी आपके लिए कितना कारगर हुआ है?**

यह अद्भुत रहा है। एक एक्टर के लिए, नए सिरे से आविष्कार करना जरूरी है। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर जिस तरह के रोल लिखे जा रहे हैं, लेखक भी उनके लिए चुनौतीपूर्ण रोल लेकर आ रहे हैं।

**■ आगे क्या?**

मैं रजत कपूर,आरकेआरके... के साथ एक प्रोजेक्ट पर काम कर रही हूं। मैं मुख्य भूमिका में हूं - 1950 के दशक की अभिनेत्री की भूमिका में।

---

# मैं ऐसी कहानी चाहता हूं जो मेरे दिल को छू जाए

राज अर्जुन, जिन्होंने हाल ही में वूट पर नटखट फिल्म में काम किया है, शालिनी सक्सेना के साथ बातचीत में बता रहे हैं कि वे अभिनय में कैसे आएं और उनकी आगामी परियोजनाएं क्या हैं

**❖ थलाइवी में आपकी क्या भूमिका है?**

जिन लोगों ने फिल्म नहीं देखी है, उन्हें बता दूं कि मैं आरएम वीरप्पन की भूमिका निभा रहा हूं, जो एक राजनेता है और एमजीआर का प्रबंधक और निर्माता है। उसकी अपनी विचारधारा और दर्शन है। वह एक सीधा-सादा व्यक्ति है जिसके पास तमिलनाडु की उन्नति का एक बेहद साफ सुथरा विचार है। उसका नजरिया लोगों की मदद करना और एमजीआर की मदद से अपनी पार्टी बनाना है। वह अपने देश से प्यार करता है, खासकर अपने राज्य से।



**❖ आप इस फिल्म का हिस्सा कैसे बने?**

निर्देशक विजय बहुत पुराने दोस्त हैं। उन्होंने मुझे सीक्रेट सुपरस्टार में देखा और तब से मुझ पर उनका विश्वास बढ़ा है। मुझे फिल्म से जुड़ने में कुछ समय लगा क्योंकि बहुत सारे अभिनेता पहले से ही उस भूमिका के लिए लाइन में थे। कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा ने भी मेरा नाम आगे बढ़ाया।

**❖ युध्र में आपकी क्या भूमिका है?**

युध्रा के बारे में बात करना जल्दबाजी होगी। कोई भी प्रोजेक्ट, जिसका मैं हिस्सा हूं, मैं उस प्रोजेक्ट के बारे में शुरुआत में कुछ भी नहीं बताना चाहता। क्योंकि फिर उस भूमिका के लिए कोई रहस्य या उत्साह नहीं रहता है। यह परियोजना से जुड़े लोगों के साथ भी अन्याय है।

**❖ क्या कोई ऐसी भूमिका है जिसे आप पसंद करते हैं?**

मैं अभी उस मुकाम पर हूं जहां मैं जो भी रोल चुनता हूं, मुझे उससे प्यार हो जाता है। पिछले दो-तीन सालों में ऐसा कोई रोल नहीं है, जिससे मैंने प्यार नहीं किया हो, या जिस पर मैं फिदा नहीं हुआ हूं। मैं जो भी भूमिका करता हूं, मुझे लगता है कि उस विशेष क्षण में शायद यह सबसे अच्छी है। फिर मैं उस किरदार के साथ जीने लगता हूं।

सीक्रेट सुपरस्टार के बाद, मैंने जो भी भूमिका निभाई, उसने मुझे अभूतपूर्व संतुष्टि दी और भगवान की कृपा से मुझे हर बार अलग-अलग भूमिकाएं मिलीं। और कभी-कभी मैं खुद भी हैरान होता हूं कि मैं इस भूमिका को करने में कामयाब रहा, अब क्या?

**❖ वो कौन सा रोल था जिसने आपके करियर की दिशा बदल दी?**

सीक्रेट सुपरस्टार, फारुख, वो रोल था जिसने मेरा करियर ही नहीं मेरे जीवन की दिशा, जीवनशैली तक बदल दी। मैं निजी तौर पर इस अपनी पहली फिल्म मानता हूं। इसने मुझे सबकुछ दिया, मैं अस्तित्व, सम्मान, अपनी पसंदीदा भूमिकाएं, बहुत सारा काम और जीवन में संतुलन चाहता था।

**❖ अभिनय में कैसे आए?**

जब मैं स्कूल में था तो मैंने अभिनय में रुचि महसूस की, मैंने स्कूल में नाटकों में भाग लिया और एक बार मुझे राजा दशरथ का रोल दिया गया था जिसमें उसे हिरन को मारना चाहता था लेकिन दुर्भाग्य से श्रवण कुमार को मार देता है। मेरे दोस्तों की हंसी फूट गयी और तभी मैंने महसूस किया जो कुछ भी मैं करूंगा , उसे मैं श्रेष्ठता के साथ करना चाहूंगा। बाद में , मैं भोपाल थिएटर ग्रुप से जुड़ गया। हबीब तनवीर सर के साथ भोपाल में काम करने के बाद, मैं मुंबई चला आया।

**❖ फिल्म को चुनने का आपका पैमाना क्या है?**

मैं ऐसी कहानी चाहता हूं जो मेरे दिल को छूती हो या मुझे प्रेरित करती हो। मैं देखता हूं कि यह तार्किक कहानी है कि नहीं और यह सही राह में जा रही है कि नहीं। फिल्म के लिए जरूरी है कि वो दर्शक से जुड़ने वाली हो, यथार्थवादी हो या उसका कहानी स्वीकार्य लगती हो, जिस पर कि लोग विश्वास कर सकें।

**❖ इसके बाद क्या?**

इसके बाद लव हास्टल, युध्रा, झांसी नामक तेलुगु वेब सीरीज और एक हिन्दी वेब सीरीज भी है।

---

# 'लोग मुझसे पूछते हैं कि क्या मैं हरियाणा से हूं'

शो 'मीत' में मुख्य भूमिका निभाने वाली आशी सिंह ने शालिनी सक्सेना के साथ किरदार की चुनौतियों के बारे में बात की और बताया कि कैसे उन्होंने हरियाणवी उच्चारण को सही किया।

**■ आप इस शो में परफॉर्म करने कैसे आईं?**

मेरे चुने जाने से दो महीने पहले मैंने ऑडिशन दिया था। जब मैंने ऑडिशन दिया तो मुझे यह किरदार बहुत पसंद आया लेकिन मुझे इस बात की कोई उम्मीद नहीं थी कि मुझे चुना जाएगा।

**■ मीत के बारे में सबसे अच्छी बात क्या है?**

सबसे अच्छी बात यह है कि मुझे बहुत कुछ करने को मिलता है और मुझे बहुत सी नई चीजें करने को मिलती हैं जो मैंने आशी के रूप में पहले नहीं की हैं। मैं अभी भी आशी के रूप में उन चीजों को नहीं करती लेकिन मीट उस तरह से काफी अलग है। मुझे बहुत सारे नए प्रयोग करने और बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

**■ उसके चारों ओर नकारात्मकता के बावजूद- उसकी दादी से- उसे क्या प्रेरित करता है?**

यहां मैं मीत से थोड़ा संबंधित हूं क्योंकि अपने वास्तविक जीवन में भी मैं सकारात्मक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने और नकारात्मकता को नजरअंदाज करने की कोशिश करती हूं। इसलिए, जब मैं मीट खेल रही होती हूं, तो ऐसा लगता है कि दादी जो चाहें कह दें, मुझे खुशी होगी। मैं अपने वास्तविक जीवन में भी इसका बहुत अभ्यास करती हूं। मेरे दोस्तों, मेरी पूरी गली मुझसे बहुत प्यार करती है और जो यादें मेरे माता-पिता के साथ हैं, मैं अपना समय दादी के बजाय उन्हें संजोने में बिताती हूं। बेशक दादी जो करती हैं उससे मुझे दुख होता है लेकिन कुछ और चीजें हैं जिन पर मीत ध्यान केंद्रित कर सकता है और आगे बढ़ सकता है।

**■ मीत में किरदार निभाने और हरियाणवी लहजे को सही करने में क्या चुनौतियां थीं?**

मैं आपको चुनौतियों की एक सूची दे सकती हूं। बहुत सी थीं! सबसे पहले, बाइक चलाने और बॉडी लैंग्वेज का अभ्यास करना कठिन था। प्रत्येक दृश्य जो मैं कर रही हूं जैसे खिड़की पर चढ़ना या कुछ भी जिसमें किसी तरह का स्टंट शामिल है, मेरे लिए बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है क्योंकि मैं अपने वास्तविक जीवन में उतनी साहसी नहीं हूं और न ही मैंने पहले ऐसा कुछ किया है। अगर मुझे कुछ करने से डर लगता है तो मैं उसे व्यक्त नहीं कर सकती क्योंकि मेरा चरित्र वह नहीं है। मैंने अपने जीवन में कभी क्रिकेट नहीं खेला, कभी क्रिकेट का बल्ला नहीं पकड़ा क्योंकि मुझे इससे नफरत थी। और अगर मैं हरियाणवी उच्चारण प्राप्त करने की बात करती हूं, तो मैं अभी भी इसे ठीक से बोलने की अपनी क्षमता के बारे में निश्चित नहीं हूं। जब भी मैं हरियाणवी में बोलते हुए अपनी आवाज सुनती हूं, मुझे कभी अच्छा नहीं लगता। लेकिन हरियाणा के कुछ लोगों ने मुझसे पूछा कि क्या मैं हरियाणा से हूं और यह एक बहुत बड़ी तारीफ थी, जिसका मतलब है कि मैंने इसे हासिल कर लिया है। हालांकि मैंने कड़ी मेहनत की है।



**■ मुझे विश्वास है कि ट्रैक आपको आगे ले जाएगा- मीट मैरिज मीत। आगे क्या होता है। क्या आप हमें एक झलक दे सकते हैं?**

हां वह कहानी थी। उसके बाद, ऐसा लगता है कि लड़का लड़की से प्यार नहीं करता। शादी के बाद लड़की पर बहुत सारी जिम्मेदारियां होती हैं। पहले उसके पास देखभाल करने के लिए केवल एक परिवार था, लेकिन अब उसकी थाली में बहुत कुछ है। आपको कोई न कोई फैमिली ड्रामा जरूर देखने को मिलेगा लेकिन यह मीत के अंदाज में होगा। यह अलग होगा। मिलो कोई मासूम लड़की नहीं है जो अगर कोई उसे कुछ कहे तो चुप हो जाए। वह वापस भी बोलती है और चीजों को करने का उसका अपना तरीका होता है। मीत के रास्ते में आपको वह सारा ड्रामा देखने को मिलेगा और यह आगे की एक बेहतरीन कहानी है।

**■ अभिनय में आपका अंत कैसे हुआ?**

मुझे याद नहीं है कि मुझे अभिनय और नृत्य के अलावा वास्तव में कुछ और पसंद है। जब मैं बहुत छोटी थी तब से ग्लैमर इंडस्ट्री ने मुझे हमेशा आकर्षित किया है। मैं हमेशा से एक अभिनेत्री बनना चाहती थी और सितारों ने मेरे पक्ष में काम किया। मैं स्कूली शिक्षा के लिए मुंबई आई थी बाद में मेरे माता-पिता ने मुझे अभिनय का कोर्स करने के लिए प्रेरित किया। लेकिन उन्होंने मुझे रुकने के लिए भी कहा और मैं नहीं रुक सकी क्योंकि उन्होंने मेरी बचपन की इच्छा को जगाया और वह सब खोना काफी कठिन था। इसलिए, मैंने अभी-अभी ऑडिशन देना शुरू किया और सितारों ने मेरे पक्ष में काम किया।

**■ आपने एक नि:शुल्क संगीत वीडियो किया है। कैसा रहा यह अनुभव? कितना मजा आया?**

यह एक अच्छा अनुभव रहा है। वास्तव में संगीत वीडियो की शूटिंग एक या दो दिन की शूटिंग है। मुझे लोगों से मिलना बहुत पसंद है, मुझे बाहर जाना पसंद है।

जब मैं संगीत वीडियो करती हूं, तो मैं बहुत से नए लोगों से मिलती हूं। यह डेली सोप की शूटिंग जैसा नहीं है, जहां आप रोजाना एक ही तरह के लोगों से मिलते हैं, जो अपने आप में एक वरदान भी है क्योंकि वे आपका परिवार बन जाते हैं। केवल कमी यह है कि आप नए लोगों से नहीं मिलते हैं। संगीत वीडियो करते समय, आप बाहर जाते हैं, आप और अधिक एक्सप्लोर करते हैं और आपको नई चीजें सीखने को मिलती हैं। तो, यह एक जीवन अनुभव की तरह है। इसके अलावा, एक संगीत वीडियो के लिए काम करते हुए आप खुद पर प्रयोग कर सकते हैं जो आप हमेशा अपने रूप और चरित्र के मामले में नहीं कर सकते।

**■ आप मीत से कितना संबंधित हैं?**

कुछ चीजें ऐसी भी हैं जिनसे मेरा मीत से बिल्कुल भी संबंध नहीं है। मिलना मुझसे बहुत अलग है, वह जो कुछ भी करती है मैंने असल जिंदगी में कभी नहीं किया या नहीं किया। लेकिन हां, हम एक जैसे सोचते हैं और मैं इस मामले में उनसे काफी रिलेट करती हूं। मैंने महसूस किया है कि यह आशी का किरदार है जो मैंने मीत को सकारात्मक सोच के लिहाज से दिया है।

---

# उत्तम समय निर्धारण करें इसका

टीएचएफएफ एक टूरिंग फिल्म फेस्टिवल है जिसका पहला संस्करण लद्दाख में है और फिल्मों को एक हवादार थिएटर में दिखाया जा रहा है। इसका उद्देश्य महत्वाकांक्षी फिल्म निर्माताओं की प्रतिभा को एक साथ लाना है। विस्तार से बता रही हैं सुप्रिया रमेश...

आपका आइडल मूवी टाइम अपने दोस्तों या परिवार के साथ एक दिन थिएटर जाना हो सकता है। लेकिन क्या आपने हिमालय में फिल्म देखने की कल्पना की है? खैर, हिमालय अब केवल ट्रेकिंग या तारों को निहारना नहीं रह गया है। भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 'आजादी का अमृत महोत्सव' जश्न के हिस्से के रूप में लेह राजधानी शहर में पांच दिवसीय लंबा हिमालय फिल्म महोत्सव हो रहा है।

इसका उद्देश्य महत्वाकांक्षी स्थानीय फिल्म निर्माताओं को बढ़ावा देना है और भारत, तिब्बत और नेपाल के समस्त हिमालयी क्षेत्रों से भाग लेने वाले लोगों के साथ लद्दाख को एक आकर्षक फिल्म गंतव्य के रूप में प्रदर्शित करने हेतु एक इंटरैक्टिव और एक्सपोजर प्लेटफॉर्म बनाना है।

लेह में सिंधु संस्कृति केन्द्र में आयोजित होने वाले इस उत्सव को लेह द्वारा केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय नीत फिल्म समारोह निदेशालय के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

हिमालय में फिल्में? वह भी एक हवादार सिनेमा थियेटर में? यह सुनने में काफी अजीब और रोमांचक भी लगता है। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के प्रशासन ने एक सिनेमागृह में फिल्मों को प्रदर्शित करने के लिए पिक्चरटाइम के साथ सहयोग किया है। यह एक हवादार (वायु या गैस युक्त स्थल) सिनेमा थिएटर कंपनी है जिसने अभी हाल ही में 11,562 फीट की ऊंचाई पर स्थापित लद्दाख में दुनिया का सबसे ऊंचा सिनेमा थियेटर लॉन्च किया है।

भारत में, जहां 10,000 से कम सिनेमागृह हैं, ऐसे नवप्रयोग के साथ, फिल्म दिखाना अब कोई समस्या नहीं है। पिक्चरटाइम डिजीप्लेक्स के संस्थापक और सीईओ सुशील चौधरी कहते हैं, ''जब मैंने यायावर सिनेमा को देखा तो मुझे एहसास हुआ कि काश हम एक ही अवधारणा के बाद एक सिनेमा थियेटर का निर्माण कर पाते, जो निर्माण



सामग्री या डिजाइन का उपयोग करके सिनेमाई अनुभव से समझौता नहीं करे,, मैंने एक एक हवादार सिनेमा थियेटर स्क्रीन डिजाइन किया। हमें इस डिजाइन के लिए पेटेंट मिला है और वर्तमान में, हमारी दृष्टि पूरे भारत में 3000 सिनेमा स्क्रीन स्थापित करने की है।

भारत में कम स्क्रीन क्यों हैं, इस पर चर्चा करते हुए वह कहते हैं, ''भारत में सिनेमा स्क्रीन नहीं होने के दो मुख्य कारण हैं पहला अचल संपत्ति की कीमत बहुत ही ज्यादा होना और दूसरी समस्या है नियमनकारी संस्था द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली बाधा, जो कि सिनेमा थियेटर स्थापित करने की अनुमति देती है।

इस तरह के पर्यटन उत्सवों के लिए वायुदार या इनफ्लेटेबल थिएटर एक भविष्य की तरह लगता है क्योंकि यह सिर्फचार दीवारों वाले थिएटर में अपनी सीट हथियाने और फिल्म खत्म होने तक उस पर टिके रहने से संबंधित नहीं होगा। यह फिल्म देखने के समूचे अनुभव को अगले स्तर तक ले जाता है। हालांकि, सुचारू रूप से देखने के लिए, सही तकनीकी विनिर्देश और सही फिल्म होना जरूरी है। चौधरी कहते हैं, '' भौतिक बुनियादी ढांचा और माहौल बनाया जा सकता है लेकिन सही प्रारूप और सही मानक बहुत महत्वपूर्ण हैं। पिक्चरटाइम में हम उन सभी मानकों का पालन करते हैं और हम सुनिश्चित करते हैं कि दर्शकों को एक सहज अनुभव मिले।''

खैर, इन्फ्लेटेबल थिएटर स्थापित करना आसान नहीं था। पहले तो ऐसे सिनेमा के समूचे विचार को लोगों तक पहुंचाना मुश्किल था। सिनेमा के लिए तरसने वाले स्थानीय लोगों ने इस अवधारणा को काफी अलग पाया और उन्हे इसे स्वीकार करने में कुछ समय लगा। लोगों के लिए यह समझना मुश्किल था कि एक इन्फ्लेटेबल थिएटर कैसा होता है या मोबाइल डिजिटल मूवी थियेटर क्या होता है। चौधरी का कहना है कि जैसे ही वे थिएटर के अंदर कदम रखते हैं तो इस चुनौती का ध्यान रखा जाता है।

बकौल चौधरी, ''एक और चुनौती प्रशासन को आश्वस्त करने की रही है कि यह थिएटर मल्टीप्लेक्स जैसा अनुभव देगा।'' महोत्सव के दौरान यहां हिमालयी राज्यों जैसे असम, सिक्किम, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, मेघालय, नागालैंड, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और लद्दाख की लोकप्रिय फिल्मों के अलावा भारतीय पैनोरमा चयनित फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा।

विष्णुवर्धन द्वारा निर्देशित फिल्म 'शेरशाह' को शुरुआती फिल्म के रूप में चुना गया , क्योंकि इसे उस क्षेत्र में शूट किया गया था और लोग इसके साथ अच्छी तरह जुड़ते हैं। चौधरी बताते हैं, ''फिल्म को शानदार प्रतिक्रिया मिली है और लोग वास्तव में इसे बड़े पर्दे पर देखना चाहते हैं। शेरशाह जैसी फिल्म को बड़े पर्दे पर देखना एक ऐसा अनुभव होगा जिसका कई लोग इंतजार कर रहे हैं। चौधरी आगे कहते हैं कि समारोह की अंतिम फिल्म 'शेफर्डेस आफ द ग्लेशियर्स' है, जो लेह में शूट की गई एक शानदार लद्दाखी फिल्म है। इसका मकसद यह है कि इसके जरिए लद्दाख की प्रतिभा को दुनिया के सामने दिखाना है।

भारत के हिमालयी क्षेत्र में प्रतिभाशाली फिल्म निर्माताओं को पहचानने के लिए लघु फिल्मों और वृत्तचित्रों का एक प्रतियोगिता खंड भी होगा, जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र के लघु फिल्म निर्माता समुदाय से जुड़ना और नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है।

हालांकि राजकुमार हिरानी की '3 इडियट्स', राजा शब्बीर खान की 'शेफर्ड्स ऑफ पैराडाइज', बेदाब्रत पेन की 'चटगांव' और एस नल्लामुथु की 'द वर्ल्ड्स मोस्ट फेमस टाइगर' जैसी कुछ ऐसी हिंदी फिल्में हैं, जिन्हें पिक्चरटाइम थिएटर में दिखाया जाएगा। अन्य क्षेत्रों की फिल्मों को भी दिखाया जाएगा, जिनमें त्रिबेनी राय (नेपाली) द्वारा निर्देशित 'यथवत', संजीव रतन (हिमाचली) द्वारा निर्देशित 'माने दे फेरे', जोसेफ पुलिन्थनाथ (त्रिपुरा) द्वारा निर्देशित 'यारवंग', संग दोर्जी थोंगडोक (अरुणाचल प्रदेश) द्वारा निर्देशित क्रॉसिंग ब्रिज, ,उत्पल बोरपुजारी (असमिया) द्वारा निर्देशित, 'ईशु' - सेसिनो योशू द्वारा निर्देशित नागा वृत्तचित्र - 'द पांगती स्टोरी' और प्रदीप कुर्बा (खासी, मेघालय) द्वारा निर्देशित 'इवदुह' शामिल हैं।

फेस्टिवल के दौरान सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, पिक्चरटाइम ने सरकार द्वारा निर्धारित सभी कोविड-19 एसओपी का पालन करने का निर्णय लिया है। पर्याप्त दूरी बनाए रखते हुए वे हर फिल्म की स्क्रीनिंग के बाद थिएटर को सैनिटाइज करेंगे। अंत में चौधरी ने कहा, ''हम यह सुनिश्चित करेंगे कि लोग पूरे उत्सव में मास्क पहनें। हम उन लोगों को कोई छूट नहीं दे रहे हैं जिन्होंने टीका लगाया है, नियम उनके लिए भी समान हैं। ''